Secondly, the residents of the land acquired villages of Maradapalem, Bollinkapalem, Rellipeta are yet to be shifted to Lingalavalasa and Gudepuvalasa panchayats of Bhogapuram mandal. The Roads and Buildings Department, did not yet commence the initial work like roads and drainage system, etc. Therefore, I request the Government of India to de-notify the un-acquired lands and rehabilitate residents of the displaced persons. I would also

like to know as to when the work on the airport would commence and the status of the greenfield airport.

**(xxiii) Regarding tackling unemployment problem in the country**

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM):** Unemployment has been considered as one of the biggest problems of India. It is impossible to imagine a better India with such a big number of unemployed youths in the country. The reasons for this Unemployment scenario are: high population, defective education system, excessive burden on agriculture, low productivity in agriculture sector combined with lack of alternative opportunities for agricultural worker, unskilled workforce etc. Though education level in the recent years has improved, skill development is still a crucial issue. India has the largest population of youth in the world. Around 65 per cent population of the country is under the age of 35, so the impact of declining financial market and the lack of job opportunities has the worst effect in the country. Government should also encourage and develop Industrialization and agriculture-based industries especially in rural areas so that the rural candidates don't migrate to the urban areas. But the best solution to the unemployment is encouraging entrepreneurship among the youth of country. Entrepreneurs generate employments to many in a country. I urge upon the government to take immediate steps to tackle the unemployment problem of the country; otherwise the youth may get attracted to the anti-social activities for their livelihood.

## (xxiv)Regarding steps to prevent LED light-fishing in the Konkan region of Maharashtra

**SHRI VINAYAK BHAURAO RAUT (RATNAGIRI-SINDHUDURG):** The Union Government has banned fishing by use of LED lights in the Indian EEZ beyond territorial waters. The Indian Coast Guard has been advised by the Government of India for taking necessary steps to prevent use of LED light fishing. However, in spite of ban on use of LED lights for fishing, LED light fishing is continuing unabated in Konkan region especially Raigad, Ratnagiri and Sindhudurg Districts of Maharashtra and LED light fishing vessels from outside Maharashtra State are encroaching in this region even within 12 NM and resorting to illegal LED light fishing at night. This is resulting in heavy loss of fish resources for the next season and adversely affecting the livelihood of local traditional fishermen. Indian Coast Guard and Maharashtra Govt. are not taking any effective and concrete steps to prevent the illegal LED lights fishing and impose strict penalty on the offenders.

I, therefore, urge upon the Central Government to issue instructions to the Indian Coast Guard and Maharashtra Government to take effective steps to prevent LED light fishing in the Konkan region of Maharashtra. Further, punitive action against the offenders is required.

**(xxv)Need to set up a blood bank in Banka district of Bihar**

**श्री गिरिधारी यादव (बांका):** सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बांका में अभी तक ब्लड बैंक के न होने की तरफ दिलाना पड़ रहा है । केन्द्र सरकार की नीति है कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक ब्लड बैंक स्थापित किया जाये । यह बताते हुए खेद हो रहा है कि देश में 79 ऐसे जिले हैं जहां पर ब्लड बैंक नहीं है जिसमें बिहार का मेरा संसदीय क्षेत्र बांका भी हैं। ब्लड बैंक के न होने से दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को समय पर खून नहीं मिल पाता है ऐसी कितनी मौतें मेरे जिले बांका में हुई है ।

सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बांका जिले में जल्द ब्लड बैंक की स्थापना की जाए।

**(xxvi) Regarding desilting of irrigation projects in Odisha**

**SHRI CHANDRA SEKHAR SAHU (BEHRAMPUR):** I am raising a very important issue of my Parliamentary Constituency. In my Parliamentary Constituency in Gazapati district, there exists small and medium irrigation projects which were constructed during pre-Independence era by Maharaja Kruhna Chandra Gajapati for irrigation and drinking water purpose. Sir now it is a burning issue throughout the country. If we don’t conserve water, then we shall face very difficult time in future. All the projects named as Gajapati Sagar, Ram Sagar, Sita Sagar, Krunha Sagar, Zego dam etc. are now full of silts and due to which their capacity has gone down to $1/4^{th}$ of the Ayacut. So, I urge the Hon’ble Minister for ‘Jal Shakti’ to have some special pilot project to repair, renovate and reconstruct the above projects with special grants.

## (xxvii) Regarding plight of tenant farmers in the country

**SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR):** The plight of tenant farmers in the country is pathetic and pitiable and Andhra Pradesh is no exception to that and, for that matter, my Guntur district is also on the same footing. It is all happening because tenant farmers do not get bank credit, they don't get any subsidy, etc. Taking advantage of this, moneylenders thrive on them because their loans cannot be waived. This is resulting in 80% suicides by tenant farmers out of the total farm suicides in the country. There are 3.5 lakh tenant farmers in my Guntur district alone. But, when you see how many IDs issued to tenant farmers, it is just 60,000 to 85,000 only. This clearly indicates that tenant farmers are not only discriminated against in giving loan, etc., but also in issuing identity cards. There is a proposal that if a tenant farmer is issued identity card, he would be given bank loans and other facilities. But, nothing of that sort is happening. Secondly. Kisan Yojana is also not extended to them. The Government is saying that it does not have the data on tenant farmers. In view of the above, I request Government of India to immediately collect and compile data on tenant farmers,extend PM-KISAN to tenant farmers, NABARD should set up Tenant Farmers Development Fund to help tenant farmers and immediately issue IDs to all tenant farmers in the country, including Guntur.

## (xxviii) Regarding setting up of Kendriya Vidyalayas in Tiruppur, Tamil Nadu

**SHRI K. SUBBARAYAN (TIRUPPUR):** Tiruppur is the fourth biggest city in the State of Tamil Nadu having population of over 10 lakh within its corporation limits. The population that depend on Tiruppur for good schools includes the districts of Erode, Karur etc,. which together would make up a population of more than 18 lakh. Though there are quite a number of schools in Tiruppur district, it still does not have a Kendriya Vidyalaya. Tiruppur is a knitwear capital of India. By virtue of its industrial growth, the city is experiencing a swift growth trajectory. Industrial growth, also leads to population expansion which is set to increase in the years to come. The business and employment opportunities have resulted in opening of many bank branches, insurance companies, central government offices, new banks, ancillary industries etc. Mobility of workers in and out of Tiruppur makes it imminent to have KV schools in order to ensure uninterrupted continuity of central syllabus and admission into schools. Population expansion makes a justification for two KV schools in Tiruppur. So ,as a Member of Parliament from this Constituency of Tiruppur, I urge upon the Government to favourably consider this appeal to set up two Kendriya Vidyalaya schools in Tiruppur and have the schools ready for admission for the academic year 2020.

## (xxix) Regarding setting up of Kendriya Vidyalaya in Theni Lok Sabha Constituency, Tamil Nadu

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** I would like to urge upon the Government to expedite establishment of a new Kendriya Vidyalaya in Theni Lok Sabha Constituency, Tamil Nadu. The number of Central Government employees residing in this constituency is more than 15000. Therefore, there is a need for Kendriya Vidyalaya. This proposal has been pending since long. As per the request of the Deputy Commissioner of Kendriya Vidyalaya Sangathan, Regional Office Chennai, an extent of 8.00 acres land in Vadaveernaikenpatti village, Periyakulam Taluk in Theni district had been identified. Necessary requisites for establishment of this school have already been fulfilled by the State Government and proposal has been submitted to Kendriya Vidyalaya Sangathan. Therefore, I request the Government to take necessary action for establishment of Kendriya Vidyalaya in Theni Lok Sabha constituency at the earliest.

## (xxx) Regarding utilization of HPCL property

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** An extent of 27 Acres and 6 Acres of landed property are vested with HPCL at Edapallycottah, Kollam. The property is situated in the prime location adjacent to National Highway. However, the property is not properly protected and there is every chance of its encroachment. It is not fair and proper to give up prime property of HPCL. As we know, Central Public Undertakings are facing many difficulties to find out land for their development. It is highly essential to find out a project for utilisation of the land. If HPCL is not in a position to utilize the land for development, it is reasonable to hand over the land for the development of Central Government project. Hence, I urge upon the Government to implement a project immediately to utilize the land vested with HPCL at Edapallycottah Kollam either through the HPCL or some other Central Government agencies.

**12.07 hrs**

## UNION BUDGET , 2019-20 ...Contd

## DEMAND FOR GRANTS

### Ministry of Road, Transport and Highways

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, please give me one minute.…(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी बोलेंगे ।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, आप एक मिनट मेरी बात सुन लीजिए । …(व्यवधान)

*[*]* **SHRI S.C. UDASI (HAVERI):** I would like to express my views on the demand for grants under the control of Ministry of Road Transport and Highways for the year 2019-20.

This is to bring to kind attention of the Government about long pending issues regarding approval of the following newly upgraded National Highways in Haveri Parliamentary Constituency in Karnataka along with status in chronological order.

The Union Minister Shri Nitin Gadkari Ji has laid Foundation Stone in the year 2018 for augmentation of NH-218 from Bijapur to Hubballi which is being grounded and also announced in Principle approval for New National Highways mentioned below.

While reviewing the progress during the meeting held with the Highway officials and the consultants, it is evaluated that, the approval for these newly upgraded National Highways is not yet accorded but still is in process and decisions and approvals are pending in the Ministry. Since already more than a year is elapsed after announcement by the Union Minister, the publics are repeatedly querying about the status and convincing reply cannot be given due to this delay. The present status of these projects, as submitted by the Consultants and the Highway officials is presented below for kind attention.

[*] Speech was laid on the Table.

MORTH approved in principle the declaration of the Sankeshwar – Yaragatti – Munavalli – Nargund Road Junction of NH-48 (old NH 4) near Sankeshwar connecting Gokak, Yaragatti, Munavalli, Terminating at Junction with NH-52 (Old NH 218) near Nargund.

"Naragund – Belavanki- Gajendragad – Kushtaji – Tavargere – sindhanur on NH 150 ANH Division, Hubballi.

"Naragund-Gadag-Mundaragi-Itagi-Jagalur Road in the State of Karnataka

"Karwar-Kaiga-Mundagod-Savanur-Gadag-Gajendraghad Road in the State of Karnataka.

As already the approval process stretched more than a year, it is time now for some action for actual implementation. It is therefore now to appeal your kind self to look in to the matter and take positive steps and to accord approval for these projects at the earliest.

Request the Government to reduce the length of approach embankment from Ranebennur side to under pass work going on at chainage 313+473 of NH-4(AH-47) near chatra village. In Haveri district, Karnataka state. As per the approved plan the length to approach embankment is now about 1000.00 mts.

Request the Government to construct one underpass of two bays of 12mts width on Hulihalli-Kunbev district road at change 305 Km in Haveri district. Further Ranebennur town APMC Mega Market is also coming up at this chainage. Everyday there will be movement of thousand of heavy

vehicles, tractors, and bullock carts which will come to APMC Mega Market at this point of NH-4. Keeping in mind development within span of six to eight months and also to avoid traffic jam, accidents it is almost necessary to construct one underpass as explained above. It will give connectivity to village and also farmers to go to there fields and marketing centre.

Reconstruction of existing Vehicular Under Pass (VUP) at Chalageri Village, Haveri District (at Km.285+560) to new standards with minimum 5.5m vertical clearance and by raising the present invert level to match with the adjoining side & cross roads level for solving present water logging problem.

Construction of an Underpass at Ejarelkamapur, Devihosur Road, Haveri 335.00 km area (Near J.H. College, Haveri) of NH-4.

I earnestly request the Hon'ble Minister to include above mentioned all works on top priority at the earliest, during the current financial year 2019-20.

***श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर):** वर्ष 2014 से अब तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद से पूरे भारत देश के सभी ग्रामीण, आदिवासी, पहाड़ी और रेगिस्तान जैसे कई विकट मार्गों को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने का काम चल रहा है। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी और माननीया वित्त मंत्री जी के साथ गडकरी जी का भी विशेष रूप से योगदान है, देश में नेशनल हाइवे के साथ मुख्य सड़क मार्ग को प्रत्येक गांव से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है। इसलिए मैं अपने संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से बहुत-बहुत आभार प्रकट करती हूं और हमारे आदिवासी क्षेत्र में भी सड़कों का कार्य चल रहा है और कहीं-कहीं पूरा भी हो चुका है। हमारे लोकसभा संसदीय आदिवासी क्षेत्र में नेशनल हाइवे नहीं है जिसकी कई वर्षों से मांग रही है। मेरा संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर (वडोदरा) गुजरात राज्य का आदिवासी बहुल क्षेत्र है, पावागढ़ स्थित सिद्ध पीठ माता काली का प्रसिद्ध मंदिर और 'स्टेचू ऑफ यूनिटी' पर्यटन की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण है जिसमें देश-विदेश से टूरिस्ट यहां आ रहे हैं। वह दोनों प्रवासन स्थल है। अतः माननीय मंत्री जी से विनती है कि जनता की भारी मांग पर हमारे विस्तार को भी नेशनल हाइवे नंबर 8 से जोड़ दिया जाए।

अंकलेश्वर नेशनल हाइवे नंबर 8 से राजपिपला तक सड़क बन रही है उसे स्टेचू ऑफ यूनिटी सरदार सरोवर होके तंखला कवाट और मध्य प्रदेश का कुक्षी नेशनल हाइवे में जोड़ दिया जाए जो कि 200 कि.मी. है। नेशनल हाइवे 8 हालोल से पावागढ़ शिवराजपुर बोडेली छोटा उदयपुर मध्य प्रदेश का अलीराजपर नेशनल हाइवे में परिवर्तन किया जाए जो कि 200 कि.मी. है। वडोदरा से पादरा सड़क बन गयी है उसमें पादरा से जम्मू तक 35 कि.मी. बाकी है उसके चौड़ीकरण का कार्य बाकी है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। इस रोड पर बहुत सारे बड़े उद्योगों का कार्य चल रहा है इसलिए स्थानीय लोगों और वाहनों का आवागमन ज्यादा है। ऐसी हमारी मांग के

---

* Speech was Laid on the Table.

साथ-साथ सरकार का धन्यवाद करती हूं, आभार अभिनंदन करती हूं। वर्ष 2019-20 का बजट का समर्थन करती हूं। धन्यवाद।

[*]**श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल):** मैं केन्द्रीय बजट 2019-20 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर चर्चा के अधीन विवरण सभा पटल पर रखता हूं। जब से माननीय नरेन्द्रभाई मोदी जी की सरकार बनी है, तब से राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण कार्यों में काफी तेजी आई है। इसके लिए मैं माननीय मोदी जी एवं माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी को बधाई देता हूं एवं सरकार से अपेक्षा करता हूं कि सरकार इस गति को निरंतर जारी रखेगी।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 47 (अहमदाबाद-इंदौर हाइवे) जिस पर अहमदाबाद से गोधरा के बीच में दो टोल प्लाजा कठलाल एवं सेवालिया में होने के बावजूद भी यह राजमार्ग अहमदाबाद से गोधरा के बीच काफी जर्जर स्थिति में है। जिस पर दुर्घटना होने की काफी संभावना रहती है। मैं माननीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी से मांग करता हूं कि जनहित में मरम्मत करवाकर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर पूर्ण विराम लगाने का कष्ट करें । धन्यवाद।

---

[*] Speech was Laid on the Table.

*__श्री हेमन्त तुकाराम गोडसे (नासिक):__ मैं आज आदरणीय पंतप्रधान श्री नरेन्द्र मोदी जी और आदरणीय श्री नितिन गडकरी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि इस साल के बजट में उन्होंने रस्तों से देश जोड़ने के लिए एक अच्छा प्रयास करने की कोशिश की है। पिछले 5 सालों मं श्री. नितिन गडकरी जी ने बहुत तेज रफ्तार से रास्ते बनाए हैं। किसी भी देश का इंफ्रास्ट्रक्चर उस देश के विकास की गति बढ़ाता है और हमें विश्वास है कि निश्चित रूप से हम नए और एक मजबूत भारत की और जा रहे हैं।

मैं अपने क्षेत्र नासिक के बारे में कुछ बातें रखना चाहता हूं। नासिक शहर में के.के. वाघ. कॉलेज से लेकर जत्रा होटल क्रॉसिंग तक का फ्लाईओवर का काम तेज गति से हो रहा है। निश्चित रूप से इससे नासिक शहर में होने वाले अपघात कम होंगे। सिन्नर शिर्डी रस्ते को फोर लेन बनाने की भी मान्यता मिल चुकी है। उसके साथ 59 किमी. पालखी मार्ग पहली बार इतने लंबाई का होने वाला है। उसके लिए मैं माननीय गडकरी साहब को धन्यवाद देता हूं की पूरे विश्व से शिर्डी साईं बाबा के दर्शन के लिए भक्त आते हैं और उनको अधिक सुविधा मिल जाएगी।

नासिक को लेकर जो काम धीमी गति से हो रहा है उसे गति देने का काम रस्ते एवं ट्रांसपोर्ट मंत्रालय करें यह अनुरोध करता हूं।

- वडपे से गोंदे (99 किमी.) यह सिक्स लेन को तीन साल पहले मान्यता दी गयी है। उसका डी.पी.आर. भी बन चुका हैं सिक्स लेन की जगह भी NHAI के पास है। उस काम की शुरूआत जल्द से जल्द हो यह अपेक्षा है।
- द्वारका से दत्त मंदिर तक राष्ट्रीय मार्ग 3 और पुराना राष्ट्रीय महामार्ग 50 इनके मिस्सिंग लेंथ है। श्री. गडकरी जी ने नासिक के एक कार्यक्रम में इस 5.9 किमी. की मिस्सिंग लेंथ को राष्ट्रीय महामार्ग का दर्जा देकर वह फ्लाईओवर बना देने की घोषणा भी की है। इस काम को

---

* Speech was Laid on the Table.

भारत माला कार्यक्रम में प्रायोरिटी में समावेश करके इसे जल्द से जल्द मान्यता दे यह आशा करता हूं।

- सिन्नर-घोटी-त्रम्बकेश्वर-जवहर-मोखाडा-पालघर इस राज्य मार्ग को वर्ग करके इसे राष्ट्रीय महामार्ग 160 की उपमा दी गयी है। इसका भी डी.पी.आर. बन चुका है। इस रास्ते पर राज्य भी काम ठीक से राष्ट्रीय महामार्ग घोषित होने की वजह से मेंटेन नहीं कर रहा है। इसलिए इसके डी.पी.आर. को मान्यता देकर इसका भी काम जल्द से जल्द शुरू होने की उम्मीद करता हूं।

- राष्ट्रीय महामार्ग 848 नासिक-पेठ में बदलाव किया गया है। उसक धागुरगिर्नारे-महिरवनी से वार्डीवर्हे इस राज्यमार्ग 37 का वर्गीकरण राष्ट्रीय महामार्ग 848 में करने की तत्वताः मान्यता मिल गयी है। उसको भी जल्द से जल्द डी.पी.आर. बनाकर मान्यता दी जाए।

- उसी तरह वाडीवर्हे से साकुर-शिंदे-सय्यद पिंपरी को इस राज्य मार्ग 37 को राष्ट्रीय महामार्ग में वर्ग करने का भी प्रस्ताव राजमार्ग और परिवहन मंत्रालय में आ चुका है। उसे भी राष्ट्रीय महामार्ग 848 के रूप में उन्नत किया जाए और मान्यता दी जाए। मांग क्र. 4 और 5 के माध्यम से नासिक शहर की बाहरी हिस्से में राष्ट्रीय महामार्ग 848 का रिंग रोड बन जाएगा। इसकी वजह से नासिक शहर में कोई भी भारी वाहन नहीं आने से ट्रैफिक सही होगा और नासिक शहर में प्रदूषण भी कम होगा।

*[*] **DR. HEENA VIJAYKUMAR GAVIT (NANDURBAR):** I support the Demand for Grants of the Ministry of Road, Transport and Highways, 2019-20.

The Modi 1.0 Government has been the first one amongst all the Governments since Independence which had its focus on road and infrastructure.

Roads are part of an integrated multi-model system of transport which provide crucial links to airports, railway stations, ports and other logistical hubs and act as catalyst for economic growth by playing a crucial role in supply chain management. It is the dominant mode of transportation in India.

For the development of a country, its road network must be strong and each region of the country must have road network.

Ministry of Road, Transport and Highways (MORTH) declared 2018-19 as 'Year of Construction' and has been making constant efforts to expand and upgrade the network of National Highway in the country as a result of which construction in kms grew @ 30 kms per day in 2018-19 as compared to 12 kms per day in 2014-15.

This was possible only because of the visionary leadership of PM Shri Modiji and the skilful leadership of Shri Nitin Gadkariji.

---

[*] Speech was laid on the Table.

While Gadkariji was Minister of Road Transport in Maharashtra, he took the initiative to make roads and bridges in the state which will help in reducing the traffic jams and making road journey comfortable.

My constituency is a tribal area and this Government sanctioned of National Highways in my constituency.

Under Bharatmala project a National Highway is sanctioned which connects Dhule to Nandurbar. I request you to kindly extend this road to the region of Shahada - Dhadgaon - Molgi - Pimpalkhuta - Vadfali -Dediapada - Baroda.

The names and route mentioned hereabove are villages in Satpuda ranges and this area is inhabited by tribals. This road will increase the connectivity and will lead in development of this tribal district which is also an aspirational district.

I also like to request you to kindly sanction Ankaleshwar-Burhanpur road as National Highway since this is a long standing demand of my region. It passes through four blocks of my constituency and the only road which connects Gujrat and Madhya Pradesh with Maharashtra. It is most important road for my constituency and also for Raver, Burhanpur, Bharuch constituencies.

I also like to request you to kindly sanction a four-lane bypass road for Nandurbar city as the National Highway which passes through Nandurbar city is also very busy and has the traffic of more than 15,000/- vehicles.

The biggest problem that we are facing today is traffic of heavy vehicles from the city and daily accidents are taking place. Unfortunately, many people died on this road due to RTAs (Road Traffic Accidents) and those amongst deceased are mostly youngsters, women and college students who ride bike and two wheelers. Therefore, it is my humble request to kindly consider this demand.

The roads which are sanctioned as National Highways during the Modi 1.0 Government in my constituency are today waiting for the approval of SFC meeting so that the road construction can be started. These roads include –

1. Shevali - Nandurbar - Taloda - Ankaleshwar National Highway
2. Visarwadi - Kalamba
3. Kalamba - Kolde
4. Sakri - Pimpalner Satana

All these above mentioned roads are already declared, sanctioned but due to non-inclusion of these roads in the earlier SFCs, the Highway work is still pending. I sincerely request the Government to kindly look into this matter and consider these roads during next SFC.

The Surat-Amravati National Highway work was started three years back and the work was allotted to IL&FS company. From last one year, the construction work is stopped since the IL&FS company has gone bankrupt. The condition of the road is very bad - half is constructed and half is left. In rainy season, there is water logging in the potholes because of which accidents are taking place. I request the Government to kindly solve this issue

at the earliest and kindly ensure that potholes are repaired at least till the work is allotted to some other company.

I also request that kindly sanction roads under Central Road Funds (CRF) scheme in my constituency so that we have good connectivity in Nandurbar constituency.

With these words, I once again congratulate the Minister and Government and support this Budget.

*[*]***DR. SUBHASH RAMRAO BHAMRE (DHULE):** Road transport is vital to India's economy. Road transport has gained its importance over the year despite significant barriers and inefficiencies in inter-state freight and passenger movement compared to railways and air. Road network in India is critical to the country's development, social integration and security needs of the country. Indian road network is administered by various government authorities. India has one of the largest road network of over 54.83 lakh km.comprising of National highways, Expressways, State Highways, Major District Roads, other District Roads and Village Roads. Road sector, mainly National Highways and Transport Sector are the responsibility of the Ministry of Road Transport and Highways. The following announcements were made in the budget in this regard:

- Comprehensive restructuring of National Highways Programme to ensure creation of National Highways Grid of desirable capacity.
- The total expenditure on the Ministry of Road Transport and Highways for 2019-20 is estimated at Rs.83,016 crore. This is 6% higher than the revised estimates for 2018-19. In 2019-20, while revenue expenditure of the Ministry is estimated at Rs.10,957 crore, capital expenditure is estimated at Rs.72,059 crore. In 2014-15, the ratio between revenue and capital expenditure was 50:50. In 2015-16, this ratio changed, with the Ministry spending more funds on capital expenditure. Since then,

[*] Speech was laid on the Table

the Ministry has increased its capital expenditure significantly. In 2019-20, 87% of the Ministry's spending is estimated to be on capital expenditure.

- Also, for resource mobilization for infrastructure sector, it has been proposed to increase special additional excise duty and road and infrastructure cess each by one rupee a litre on petrol and diesel. This will generate more funds for infrastructure investment. A calculation provided by ICRA Ratings suggest that with this, the total Road and Infrastructure Cess is estimated to increase to Rs.1.27 lakh crore in 2019-20 from Rs.1.13 lakh crore in 2018-19, an increase of 12.4%.
- NHAI is also expected to raise equity by monetizing more assets through toll-operate-transfer and Infrastructure Investment Trust routes (by transferring mature assets to SPVs).
- This financial year, allocation has been made to the NHAI for major works under the Bharatmala Pariyojana, entrusted to the organization for execution. The money will come from the Central Road Infrastructure Fund (CRIF), Permanent Bridges Fee Fund (PBFF), and Monetization of National Highways Fund (MNHF).
- The ambitious programme of Bharatmala would help develop national road corridors and highways and these initiatives will improve logistics tremendously, reduce cost of transportation and increase the competitiveness of domestically produced goods.

The Ministry has done following works:

- In FY 2017-18, the Government built 9,829 km; 8,231 km in FY 2016-17; 6,061 km in FY 2015-16; and 4,410 km in FY 2014-15.
- Government is actively addressing policy issues that hinder highway development. It has streamlined the exist policy which will enable developers to invest in new projects, land acquisition has been expedited, and one-time fund infusion scheme has been introduced which aids in resurrecting languishing projects.
- NDA Government did not lack ambition as was evident when the road construction target of 45 km per day was set for the current financial year, from 27 km achieved per day in 2017-18. The average rate of highway construction was also raised from 14 km per day, with the pace of land acquisition improving.
- In the process, the Government has revived the highway sector, which was reeling under stress and lack of private investment. The road ministry under Nitin Gadkari took a raft of measures including terminating projects, de-risking them and introducing the hybrid annuity model (HAM), wherein the government provided 40% of the project cost to the developer to start work, while the remaining investment has to be made by the developer.

- The government has also set ambitious plans, such as the Sagarmala (ports) and Bharatmala (roads), to improve its transport infrastructure. While the total investment for the Bharatmala project was pegged at Rs.10 trillion – the largest ever outlay for a government road construction scheme-the country has envisaged Rs.8 trillion of investment until 2035 under the Sagarmala Programme.

*__श्री संजय सेठ (राँची):__ देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में राष्ट्रीय राजमार्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने पहले दिन से ही बुनियादी ढांचे को बढ़ावा दिया है। पिछले पांच साल में चाहे रेलवे हो, सड़क हो या शिपिंग, सरकार संपर्क बढ़ाने के लिए बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगी है। अपने 5 साल के कार्यकाल में एनडीए सरकार ने लगभग 33,361 किमी. के राजमार्ग बनाए हैं। पिछले दिसम्बर के दौरान 31.87 किमी. प्रतिदिन दर से राजमार्ग बनाने का रिकॉर्ड बनाया गया है। 2014-2019 के कार्यकाल मंप माननीय मंत्री जी द्वारा किए गए कार्य सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय के लिए निश्चित ही मील का पत्थर साबित होंगे।

चूंकि 2019 में भी सरकार द्वारा निर्देशित व प्रस्तावित भिन्न-भिन्न योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाना है। इस हेतु मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र रांची से जुड़े निम्नलिखित राजमार्ग की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं जिससे क्षेत्र के औद्योगिक एवं व्यवसायिक विकास को बढ़ावा मिल सके।

- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के द्वारा एनएच 75 पर रांची से कुडू तक का फोर लेनिंग का कार्य 70 प्रतिशत पूरा हो गया है। अधूरे कार्य को भी जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कुडू से लातेहार, लातेहार से पद्वामोड़, मद्वामोड़ से गढ़वा एवं गढ़वा से विढंमगंज तक फोर लेनिंग बनाने की कृपा की जाए।
- एनएच 75 झारखण्ड को बिहार, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश एवं ओडिशा को सड़क मार्ग से जोड़ती है। अतः आग्रह है कि राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के महत्व को देखते हुए जनहित में इसे चारपथीय सड़क (फोर लेन) बनाने की महती कृपा की जाये।

---

* Speech was Laid on the Table.

- रांची शहर में हेहल से जाकिर हुसैन पार्क तक एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जाए।

- झारखण्ड में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 को चार लेन मार्ग बनाने की प्रक्रिया के कार्य में तेजी लाई जाए ।

अतः आशा है कि झारखण्ड के सर्वांगीण विकास को गति प्रदान करने हेतु उपरोक्त प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करेंगे ।

*** श्रीमती शारदा अनिल पटेल (महेसाणा):** मुझे बोलने का समय नहीं मिला इसलिए मैं निम्नलिखित विचार आपकी इजाजत ले कर रख रही हूं।

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की बागडोर थामते ही इंफ्रांस्ट्रक्चर को सशक्त बनाने का बीड़ा उठा लिया था। सड़क, राजमार्ग, जलमार्ग, वायुमार्ग से जुड़ी परियोजनाओं से लेकर आवास योजना तक में सरकार ने जा तेजी दिखायी है वह एक सक्षम एवं समर्थ भारत का भरोसा देती है। इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास का सबसे ताजा उदाहरण 2 किलोमीटर लंबा जोजिला टनल है जिसका प्रधानमंत्री जी ने शिलान्यास किया था।

3100 मीटर की ऊंचाई पर बनने वाली सुरंग से श्रीनगर-कारगिल एवं लेह-लद्दाख के बीच हर मौसम में संपर्क बना रहेगा जो अच्छी सड़कें, अच्छे इंफ्रास्ट्रक्चर का उदाहरण होती हैं। मोदी जी और उनकी सरकार का हाइवे के निर्माण पर शुरू से ही जोर रहा है। यह इससे पता चलता है कि 2013-14 में यूपीए सरकार के सड़कों के निर्माण का बजट जहां 32,483 करोड़ रुपए था वो मोदी सरकार में 2017-18 में बढ़कर 1,16,324 करोड़ रुपए हो गया।

2013-14 के दौरान राजमार्गों के निर्माण की गति 12 किलोमीटर प्रतिदिन थी जबकि 2017-18 में 27 किलोमीटर प्रतिदिन हो गयी।

नक्सल प्रभावित ऐसी जगहों पर सड़कें बनायीं जा रही हैं जहां अभी तक किसी की भी जाने की हिम्मत नहीं होती थी। भारतमाला 2 के तहत राज्यों के राजमार्गों के विकास पर फोकस किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत अगले 5 सालों में 1,25,000 किलोमीटर सड़कों के विस्तार एवं विकास का लक्ष्य तय किया जाना विकास के प्रति मोदी जी की दृढ़ता को दिखाता है।

---

* Speech was Laid on the Table.

मैं अपनी तरफ से सरकार से दो बातों पर ध्यान देने तथा विचार करने का अनुरोध करती हूं।

1. निर्माण की टेक्नोलॉजी ऐसी हो जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हों।

2. राजमार्गों पर वाहन चालकों के लिए सस्ते, सुव्यवस्थित विश्रामगृह बनाए जाए इससे सड़क दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी हो सकती है।

*__श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज):__ मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुदानों की मांगों का समर्थन करते हुए अपने संसदीय क्षेत्र महाराजगंज बिहार से संबंधित कुछ सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग में जोड़ते हुए, उनके शीघ्र निर्माण कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करता हूं:-

1. पथ-सीवान से पैगम्बरपुर तक के सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग करते हुए, इसका निर्माण शीघ्र कराने का कष्ट करेंगे।

2. मांझी से बरौली पथ को राष्ट्रीय राजमार्ग करते हुए, इसका निर्माण जनहित में शीघ्र कराने का कष्ट करेंगे।

3. ताजपुर से एकमा होते हुए मशरक तक के सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग करते हुए, उसका निर्माण शीघ्र कराने का कष्ट करेंगे।

4. तरैया से पानापुर होते हुए सतजोड़ा तक के सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा देते हुए, शीघ्र निर्माण कराने का कष्ट करेंगे।

5. राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 101 (पुराना नं.) के घटिया कार्य को उच्च स्तरीय टीम द्वारा जांच कराकर संबंधित संवेदक + अभियंताओं के ऊपर कठोर कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे।

* Speech was laid on the Table.

***श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मैं वर्ष 2019-20 के लिए सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय संबंधी अनुदान मांगों पर अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं।

भारत में विश्व का सबसे बड़ा सड़क नेटवर्क है । राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), एक्सप्रेसवे, राज्य राजमार्ग (एसएच), जिला सड़कें, पीडब्ल्यूडी सड़कें और प्रोजेक्ट सड़कें शामिल हैं। भारत में 60 प्रतिशत से अधिक वस्तुओं को लाने-जाने के लिए सड़कों का इस्तेमाल किया जाता है, जबकि 85 प्रतिशत यात्री परिवहन के लिए भी सड़कों का इस्तेमाल किया जाता है । सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय सड़क परिवहन और परिवहन अनुसंधान संबंधी नीतियों को बनाती और प्रबंधित करती है। मंत्रालय राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के निर्माण और रखरखाव में भी शामिल है । वह सड़क परिवहन से जुड़े मामलों जैसे प्रमुख केन्द्रीय कानून, मोटरवाहन एक्ट, 1988 का कार्यान्वयन के संबंध में भी कार्य करता है । तेज और समावेशी विकास वाली मेरी सरकार ने पहले बजट में देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए 100 ट्रिलियन रुपए निवेश करने का ऐलान किया। इसके तहत केन्द्र सरकार का सबसे ज्यादा जोर सड़कों और मेट्रो का जाल बिछाने और रेल नेटवर्क को दुरूस्त करने पर है।

लोकसभा में वर्ष 2019 के लिए बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने कहा कि भारतमाला के दूसरे चरण  में राज्यों को राज्यस्तरीय सड़कों के विकास के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राष्ट्रीय गैस ग्रिड, जल ग्रिड, सूचना-मार्ग और हवाई अड्डों के विकास के लिए खाका तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा की चार सालों में गंगा में माल परिवहन में चार गुने वृद्धि होगी। भारतमाला, सागरमाला और उड़ान जैसी योजनाएं ग्रामीण-शहरी क्षेत्र के बीच के अंतर को पाटने का काम कर रही हैं और परिवहन बुनियादी ढांचे में सुधार कर रही हैं । भारतमाला परियोजना से राज्यों को रोडवेज विकसित करने में मदद मिलेगी । देश में 657 किलोमीटर मेट्रो

---

* Speech was laid on the Table.

रेल नेटवर्क परिचालन में आ गया है और 300 किलोमीटर नई मेट्रो लाइन को मंजूरी दी गई है और इलैक्ट्रिक वाहनों में विशेष छूट भी दी गई है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को 80,250 करोड़ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण तीन के तहत 80,250 करोड़ रूपये की लागत से 1.25 लाख किलोमीटर सड़क को उन्नत बनाया जाएगा। सरकार नेशनल हाइवे प्रोग्राम को पुर्नगठित करेगी ताकि नेशनल हाइवे ग्रीड को उसकी क्षमता के मुताबिक बनाया जा सके। सरकार ने पहले ही एक अप्रैल को 10,000 करोड़ रूपये की फेम-दो योजना को मंजूरी दे दी है। इसके तहत उचित प्रोत्साहनों और चार्जिंग ढांचा उपलब्ध कराकर बिजली चालित वाहनों (ईवी) का चलन तेजी से बढ़ाया जा सकेगा। भारत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 3 ट्रिलयन अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यही नहीं आने वाले कुछ वर्षों में यह 5 ट्रालियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बजट में पूरा जोर भारत आधारभूत ढांचे के विकास और जॉब पैदा करने पर रहा। राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यक्रम का वृहद पुनर्गठन किया जाएगा। इससे एक वांछित क्षमता के राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड का सृजन सुनिश्चित हो सकेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, औद्योगिक गलियारे, समर्पित भाड़ा गलियारे और भारतमाला परियोजना के तहत सड़कों को दुरूस्त किया गया है। सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए जिम्मेदार है और एनएचआई के जरिए इन कार्यों को करती है। राष्ट्रीय राजमार्ग कुछ सड़क नेटवर्क का 2 प्रतिशत हैं, लेकिन कुल सड़क यातायात का 40 प्रतिशत भार उठाते हैं। एनएचएआई के व्यय में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्रोजेक्ट (एनएचडीपी) के अंतर्गत आने वाले प्रॉजेक्ट्स का वित्त पोषण शामिल है। एनएचडीपी के अंतर्गत आने वाले प्रॉजेक्ट्स में निम्नलिखित शामिल हैं : 1. स्वर्ण चतुर्भुज (गोल्डन क्वाड्रिलेटरल), 2. उत्तर-दक्षिण और पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर, और 3. चरण -III के अंतर्गत आने वाले 12109 किलोमीटर राजमार्ग की फोर-लेनिंग ।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली सड़कों की स्थिति का जिक्र करना चाहूंगा। एन.एच.75 जो मेरे क्षेत्र में पडवा मोड़ से लेकर विढ़मगंज तक जाती है कि स्थिति अत्यंत जर्जर है

हालांकि इसे बने हुए मात्र दो वर्ष हुए हैं। उपरोक्त परिस्थिति में मेरा अनुरोध है कि इसकी मरम्मती की अतिशीघ्र व्यवस्था की जाए ।

इसी तरह गढ़वा बाईपास का भी उल्लेख करना चाहूंगा। इस सड़क की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। टेंडर भी निकल चुका है परन्तु पैसे के अभाव में कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा है, अतः अनुरोध है कि इसका शीघ्र निर्माण प्रारंभ कराया जाए ।

एन.एच.98 में सिलदाग से हरिहरगंज तक फोर लेन सड़क निर्माण प्रक्रिया के अंतर्गत अधिगृहित की गई जमीन एवं मकानों के मुआवजा का भुगतान किया जाए। विदित है कि उक्त प्रोजेक्ट को भारत माला प्रोजेक्ट/योजना से अलग कर दिया गया है जिसके चलते उपरोक्त परेशानियों ग्रामीणों को झेलनी पड़ रही है और एन.एच.98 के फोन लेन निर्माण की कार्यवाई बंद पड़ गई है। उक्त परिस्थिति में ग्रामीणों की परेशानियों को एवं प्रोजेक्ट की महत्ता को समझते हुए इसे भारत माला प्रोजेक्ट से अलग नहीं किया जाए एवं इसका शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाए ।

उल्लेखनीय है कि यह अकेली वैकल्पिक सड़क है जो बिहार, यूपी एवं अन्य प्रांतों को झारखंड की राजधानी रांची तथा अन्य जिलों यथा लातेहार, एवं पलामू को जोड़ती है ।

अंत में, मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय संबंधी मांग का अनुमोदन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं। धन्यवाद, जयहिन्द।

[*]**डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर):** सड़क निर्माण देश के विकास में अहम भूमिका निभाता है, यदि मार्ग अच्छा है तो व्यापार और रोजगार के साधन बढ़ेगे, आज देश में हाईवे का जाल चारों तरफ फैल गया है। जहां भी जाओ राजमार्गों पर निर्माण कार्य लगा हुआ है, इस देश के नागरिकों ने इतनी अच्छी सड़कों की कल्पना कभी नहीं की होगी। वर्ष 2014 से देश के राजमार्ग निर्माण में जिस तरह की ऐतिहासिक गति आई है, इसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और माननीय नितिन गडकरी जी को बधाई देती हूं।

आज से पांच वर्ष पूर्व सड़क परिवहन मंत्रालय का नाम सुना था लेकिन राजमार्ग निर्माण का कार्य बहुत ही कम देखने को मिलता था। मुझे खुशी है कि आज हमारा सड़क मार्ग दुनिया के बड़े राजमार्ग नेटवर्क में शामिल है, जिस गति से हमारी सरकार ने सड़क निर्माण करवाए हैं वह अभूतपूर्व है, इससे देश विकास की ओर बढ़ रहा है। मैं माननीय मंत्री जी की आभारी हूं कि उन्होंने मेरे संसदीय क्षेत्र भावनगर में 6 राजमार्ग स्वीकृत किए जिसमें से 1. भावनगर-वेरावल-सोमनाथ, 2. भावनगर-राजकोट, 3. भावनगर- अहमदाबाद तथा 4. तलाजा-पालीताना मार्ग निर्माणाधीन है एवं 5. भावनगर-कोलियाक, 6. अहमदाबाद-बोटाद-ढेसा अभी टेण्डरिंग व्यवस्था में हैं।

मैं केन्द्र के साथ-साथ हमारी गुजरात सरकार को भी धन्यवाद देती हूं जिन्होंने भावनगर के घोघा बन्दर से दहेज रो-रो फेरी (जलमार्ग) का निर्माण करवाया है, भावनगर से सूरत या मुम्बई जाने के लिए लगभग क्रमशः 450-600 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ता है, यदि सरकार भावनगर के घोघा पोर्ट से समुद्री मार्ग (वाटरवे) का निर्माण सूरत और मुम्बई के लिए करवा दे तो यह दूरी मात्र 35 किलोमीटर हो जाएगी, इस क्षेत्र में व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ जाएंगे, समय और धन की बचत होगी इसके साथ ही वाटरवे से देश की सीमा की ओर के पानी का सदुपयोग भी हो सकेगा ।

---

[*] Speech was laid on the Table.

मेरा माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से अनुरोध है कि पूरे देश में राजमार्ग निर्माण का कार्य काफी तीव्र गति से हो रहा है लेकिन मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत भावनगर से सोमनाथ के लिए राजमार्ग निर्माण का कार्य काफी धीमी चल रहा है, इसके लिए मेरा अनुरोध है कि इस राजमार्ग के जल्द निर्माण के लिए संबंधित कंपनी को आवश्यक निर्देश दिया जाए ।

धन्यवाद।

***श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 2019-2020 अनुदानों की मांग का समर्थन करते हुये अपनी बात रखना चाहता हूं। हमारी सरकार ने बजट में सड़कों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यक्रम का बड़े स्तर पर पुनर्गठन करने की कार्ययोजना पेश की है। इससे एक राष्ट्रीय राजमार्ग ग्रिड का निर्माण होगा, जो देश के अलग-अलग हिस्सों को जोड़ेगा। सरकार ने बजट में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 80,250 करोड़ की लागत से 1.25 लाख किलोमीटर सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा है। भारतमाला परियोजना से राज्यों को रोडवेज विकसित करने में मदद मिलेगी। सरकार ने बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों को लोगों के लिए किफायती बनाने के लिए जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी है। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने पर लिए गए लोन पर चुकाए जाने वाले ब्याज पर 1.5 लाख की अतिरिक्त इनकम टैक्स छूट भी दी जाएगी। सड़क क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ाया जायेगा। सड़क के निर्माण की गति का लक्ष्य 40 किलोमीटर प्रतिदिन रखा गया है, जो वर्तमान में 32 किलोमीटर प्रतिदिन है। इस लक्ष्य को सरकार माननीय श्री नितिन गडकरी जी के प्रयासों से अवश्य पूरा करेगी।

मेरा लोक सभा क्षेत्र चतरा भौगोलिक दृष्टि से अत्यन्त विस्तृत एवं दुर्गम क्षेत्र है। यह क्षेत्रफल की दृष्टि से सिर्फ झारखंड राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इस लोकसभा क्षेत्र में चतरा और लातेहार जिला के साथ पलामू जिला का पांकी विधान सभा क्षेत्र भी आता है। इस क्षेत्र के विकास की दृष्टि से पथों की संरचना, उनका उन्नयन, संवर्द्धन, सुदृढ़ीकरण और राज्य स्तरीय और अंतर्राज्यीय जुड़ाव अत्यंत आवश्यक है। भारत सरकार ने पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण क्षेत्रों को जोड़ने वाले पथों को प्राथमिकता देने के साथ ही वामपंथी उग्रवाद (एलडब्लयूई) प्रभावित क्षेत्रों में भी सड़क नेटवर्क के उन्नयन को प्रमुखता दी है।

---

* Speech was laid on the Table.

श्री नितिन गडकरी जी, माननीय केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा लोक सभा क्षेत्र चतरा में सड़कों के निर्माण के लिए बहुत सराहनीय कार्य किया गया है । मेरे लोकसभा क्षेत्र में राष्ट्रीय उच्च पथों की घोषणा, पुलों का निर्माण, नए राष्ट्रीय उच्च पथों की सैद्धांतिक मंजूरी आदि कार्य हुए हैं जिनमें

- दुबियाखांड (एन.एच.75) से बेतला, गारू, महुआडांड, कुसुमी, राजपुर, अंबिकापुर (छत्तीसगढ़) नए एनएच को मंजूरी।
- घाघरा-बिसनपुर-नेतरहाट-महुआडांड, नए एनएच को मंजूरी।
- जसपुर-गोविंदपुर-डुमरी-महुआडांड़ नए एनएच को मंजूरी।
- डाल्टेनगंज (एन.एच.75) - सगालिम-तरहसी-मनातु - चक - रानीगंज - इमामगंज - शेरघाटी (एन.एच.2 बिहार) नए एनएच घोषित।
- बगरा (एन.एच.22) - लावालौंग-रामपुर रिमी द्वारिका पांकी - सगालिम - लेस्लीगंज नए एनएच घोषित।
- चतरा (एन.एच.99) - ईटखोरी-चौपारन (एन.एच.2) नए एनएच घोषित।
- जीहू (एन.एच.22) - ईटखोरी नए एनएच घोषित।
- पांकी - हेरहंज - बालूमाथ तक विस्तार नए एनएच घोषित।
- डाल्टेनगंज (एन.एच.75) - पांडेपुरा - रानीगंज- इमामगंज- डुमरिया- बेला- सुल्तान घाटी एनएच 39 नए एनएच घोषित।
- एनएच22 पर 4 पुलों का निर्माण (जबड़ा ओर गोनिया) तथा एनएच 522 पीरी में पुल का निर्माण
- एनएच 22 पर 2 पुलों का निर्माण (संघरी घाटी) तथा एनएच 22 पर 3 पुलों का निर्माण (हंटरगंज में) तथा एनएच 39 पर 3 पुलों का निर्माण (उदयपुरा एवं लातेहार में) तथा एनएच39 पर 2 पुलों का निर्माण (दोमुहान एवं लातेहार में) तथा एनएच22 पर 3 पुलों का निर्माण तथा एनएच 22

पर जोरी से लमटा वाया चतरा तक सड़क का पुर्ननिर्माण एवं पुलिया का निर्माण तथा एनएच 39 में दुरंगी नाला पर नए पुल का निर्माण आदि प्रमुख है।

उपरोक्त वर्णित परियोजनाओं पर कार्य बहुत धीमी गति से हो रहा है। निर्धारित समय सीमा पर काम पूर्ण नहीं हो रहा है। इसलिए आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में घोषित एन.एच. सड़क परियोजनाओं को ससमय पूर्ण करने की दिशा में ठोस कार्यवाही की जाये।

साथ ही मेरे लोक सभा क्षेत्र के लातेहार जिला में एन.एच.75 पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) द्वारा बाईपास प्रस्तावित है। प्रस्तावित बाइपास रोड औरंगा नदी, खीखीर नदी और माला नदी पड़ती है। उपायुक्त लातेहार द्वारा दिनांक 09.02.2015 तथा मेरे द्वारा भी दिनांक 2.04.2016 को परियोजना निदेशक, एन.एच.ए.आई. रांची को पत्र लिखा गया था। वैकल्पिक प्रस्ताव के अनुसार एन.एच.75 पर कीनामाड से होटबाग तक बाईपास का निर्माण कराया जा सकता है। इसमें कोई बड़ी नदी और रेलवे लाईन नहीं पड़ रही है। अतः मेरा आपके माध्यम से केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी से आग्रह है कि लातेहार में बाईपास निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाये।

इसके साथ-साथ चतरा जिला मुख्यालय पर भी एक बाईपास के निर्माण की आवश्यकता है जिसकी स्वीकृति भी प्रदान की जाये।

इसके अलावा माननीय मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार, के पत्र दिनांक 06.08.2015 द्वारा राज्य की ओर से भेजे गये प्रस्तावों में रांची रिंग रोड रातू- ठाकुरगांव - पिपरवार-टण्डवा-सिमरिया पथ के निर्माण की अनुशंसा की गई थी। परन्तु इसके रूट में बदलाव कर बिजुपारा-खेलारी-टंडवा-सिमरिया मार्ग लम्बाई 101 कि.मी. स्वीकृति किया गया है। इस संबंध में आपको तथ्यों से अवगत करवाते हुये आग्रह होगा कि इस रूट में बदलाव नहीं किया जाये। नये प्रस्तावित पथ बिजुपारा-खेलारी-टंडवा-करेडारी पहले से ही एन.टी.पी.सी. के माध्यम से हजारीबाग तक बनाया जा रहा है। पूर्व में भेज गये रांची रिंग रोड रातू- ठाकुरगांव- पिपरवार- टण्डवा- सिमरिया पथ के निर्माण से दो

लोकसभा क्षेत्रों रांची व चतरा को लाभ मिलेगा। केन्द्र सरकार की नीति के अनुसार ऐसे पथ जिनमें राज्यों की राजधानी व देश की राजधानी से नजदीक रूट तय होता है, उसे प्राथमिकता देना है। इसलिए इस पथ के निर्माण से रांची की दूरी दिल्ली व अन्य राज्यों की राजधानियों से कम हो जायेगी। आपको अवगत करवाना है चतरा में स्टील प्लांट का निर्माण प्रस्तावित हैं। चतरा एवं टण्डवा एक औद्योगिक शहर के रूप में विकसित होने वाला है। इस दृष्टि से भी इस रोड़ का निर्माण आवश्यक हैं। अतः मेरा आग्रह है कि रांची रिंग रोड़ रातू- ठाकुरगांव- पिपरवार- टण्डवा- सिमरिया पथ के रूट में कोई बदलाव नहीं किया जाये। अगर बदलाव किया गया है तो उसे वापस कर पूर्व में प्रस्तावित रूट को ही स्वीकृति प्रदान करें।

एक अन्य महत्वपूर्ण विषय हैं। रेलवे ने जानकारी प्रदान की है कि दिनांक 10.11.2014 को रेल मंत्रालय और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ है। इसके अनुसार वर्ष 2019 तक सभी रेल फाटकों को रोड ओवर/रोड अंडर ब्रिज से बदलने का कार्य सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय/भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण करेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र में पुलों के निर्माण के लिए स्वीकृति एवं राशि मिली हुई है। रेलवे द्वारा भी स्वीकृति हो चुकी है। इसमें विलम्ब के कारण जनता में बहुत आक्रोश है और कई बार उग्र प्रदर्शन हो चुका हैं। यह बहुत व्यस्त मार्ग है। इसके निर्माण को शीघ्र करवाने की आवश्यकता है। परन्तु यह भी ध्यान रखना होगा कि चंदवा बाजार को नुकसान नहीं हो। चंदवा के बाजार का बचाव करते हुये इसका विकल्प तलाश किया जाये। इसके लिए बाईपास का निर्माण, या रेलवे अण्डर पास का निर्माण भी किया जा सकता हैं। अतः लातेहार जिला में टोरी स्टेशन के निकट टोरी-चतरा, डोभी पथ पर रेल ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा किया जाये।

इसके साथ मैं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के 2019-20 अनुदानों की मांग का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

***श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर):** जब से माननीय मोदी जी ने देश के प्रधान सेवक रूप में कार्यभार सम्भाला तब से लगातार देश नई ऊंचाइयां छू रहा है जो काम पूर्ववर्ती सरकारें आजादी के बाद से आज तक नहीं कर पाई मोदी जी की सरकार ने 5 वर्षों में करके सिद्ध कर दिया कि उनकी सरकार का एक मात्र लक्ष्य सिर्फ और सिर्फ भारत को दुनिया में नम्बर एक पर लाना है। मोदी जी के नेतृत्व में सड़क एवं परिवहन मंत्री श्री नितिन जयराम गडकरी जी ने जो कार्य किया वह अकल्पनीय है। श्री गडकरी जी देश में निर्धारित लक्ष्य के विपरीत कई गुना अधिक एन.एच.-एन.एच.ए.आई., स्टेट पी.डब्लयू.डी. एवं एन.एच.आई.डी.सी.एल. की सड़कों का निर्माण कर, कार्य करने की सर्वोच्च क्षमता का परिचय दिया है।

श्री नितिन गडकरी जी की डिक्शनरी में असम्भव शब्द नहीं है, श्री गड़करी जी की कार्यशैली हम सब को कार्य के प्रति समर्पित भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करती है।

माननीय प्रधानमंत्री जी जिस तरह से 18-20 घंटे तक प्रतिदिन कार्य कर हर क्षेत्र में देश को 2013-14 से काफी आगे ले आये हैं, तथा उनके कठिन कार्य-क्षमता को श्री नितिन गड़करी भी बखूबी आगे बढ़ा रहे हैं।

गडकरी जी ने देश के सुदूरवर्ती क्षेत्रों, सीमान्त क्षेत्रों एवं सामरिक महत्व के क्षेत्रों में सड़क पहुंचाने का कार्य किया है, वह अविस्मरणीय है। परिवहन का सही उपयोग, गडकरी जी ने हर क्षेत्र में सफलतापूर्वक करके दिखाया है। कुछ समय बाद हम कैलाश मानसरोवर सड़क मार्ग से जा पायेंगे, जो लोग कैलाश मानसरोवर के पवित्र दर्शन करने की इच्छा मात्र रखते थे तथा कठिन मार्ग के कारण जा नहीं सकते थे, अब सड़क का निर्माण प्रारंभ होने से आशा जगी है कि कुछ समय बाद हम सड़क मार्ग से करोड़ों सनातन धर्मियों के पवित्र स्थल, कैलाश मानसरोवर के दर्शन एवं पवित्र जल से “आचमन” एवं स्नान कर पायेंगे। सड़कों, नदियों, पहाड़ों मैदानी क्षेत्रों में अकल्पनीय पुलों का निर्माण कर सरकार ने लोगों की बरसों की मांग को पूरा किया है।

---

* Speech was laid on the Table.

हमारे प्रदेश उत्तराखण्ड में माननीय प्रधानमंत्री जी ने "आल वैदर" सड़क का कार्य "चारधाम" की सुगम यात्रा के लिए जो नितिन गड़करी जी की देख-रेख में प्रारम्भ किया था, आज तेज गति से चल रहा है। माननीय गडकरी जी ने उत्तराखण्ड की जिन कई सड़कों को एन.एच. बनाने की घोषणा की थी, उनका निर्माण चल रहा है।

आज शहरों में जाम की बड़ी समस्या है, मेरी लोक सभा नैनीताल-ऊधम सिंह नगर के अंदर हल्द्वानी, काशीपुर, रूद्रपुर, लालकुआं, भवाली, भीमताल, नैनीताल में जबरदस्त जाम लगता है। जिसके कारण, जन जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। हल्द्वानी से नैनीताल जहां सामान्यतः 1 से लेकर डेढ़ घंटे तक का समय लगता है, पर्यटन सीजन में 7 से लेकर 8 घंटे तक का समय लगा और जनता पानी एवं लघुशंका के लिए तथा भोजन के लिए परेशान हो गई तथा छोटे-2 बच्चों को दूध एवं बिस्कुट तक नहीं मिले। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि शहरों में जाम न लगे, ऐसी योजना बने और ऐसे शहरों में "बाईपास" बनाने के लिए केन्द्र से सी.आर.एफ. अथवा किसी अन्य मद से धनराशि अवमुक्त की जानी चाहिये, क्योंकि राज्य सरकारों के पास धन की कमी होती है, यद्यपि एन.एच. पर बसे शहरों में "बाईपास" के लिए धनराशि केन्द्र सरकार ही देती है।

कई पर्यटक शहरों में आज पार्किंग की गंभीर समस्या है, इसका उदाहरण मैंने नैनीताल पर्यटक नगरी का ऊपर दिया है जहां पार्किंग न होने के कारण 7-8 घंटे तक जाम लगा रहा।

मैं उत्तराखण्ड की कुछ सड़कों के संबंध में सरकार को अवगत कराना चाहता हूं । धर्मनगरी हरिद्वार के लिए लम्बे समय से बन रही सड़क का मार्ग आज तक पूर्ण नहीं हुआ। जिससे कई बार गंभीर दुर्घटना हो चुकी है, कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इस मार्ग के न बनने से सरकार की काफी बदनामी हो रही है। मेरा आग्रह है कि सरकार ऐसे ठेकेदारों को "ब्लैक लिस्ट" कर दे, ताकि सरकारी धन की एवं समय की बर्बादी न होने पाये।

मैं सरकार को बधाई देता हूं कि भारत में सबसे पहले "ऑलवेदर" रोड़ उत्तराखण्ड को दी गई, आज चार धाम एवं टनकपुर से पिथौरागढ़ तक "ऑलवेदर" रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ हो

चुका है, परन्तु कार्य की गति बहुत धीमी है, सरकार कार्य की गति बढ़ायेगी तो अगले वर्ष चार धाम यात्रा और अधिक सुगमता से हो जायेगी।

उत्तराखण्ड के दो मण्डलों कुमाऊं एवं गढ़वाल को जोड़ने के लिए कार्बेट पार्क से एक कण्डी रोड की मांग लम्बे समय से चल रही है। इसका निर्माण होने के बाद उत्तर प्रदेश से नहीं आना पड़ेगा और रामनगर से सीधे कालागढ़ होते हुए कोटद्वार पहुंच जायेंगे। मेरा अनुरोध है कि सरकार इसकी स्वीकृति जारी करें।

मेरी लोक सभा नैनीताल - ऊधम सिंह नगर के अंतर्गत खटीमा - पानीपत राष्ट्रीय राज मार्ग पर जनपद ऊधम सिंह नगर में स्थित (एन.एच. 74) का निर्माण कार्य गल्फार कम्पनी को मिला था। निर्माण कार्य नहीं किया गया। रूद्रपुर से काशीपुर की ओर स्थित रेलवे क्रासिंग के ऊपर निर्मित फ्लाईओवर के दोनों ओर गल्फार कम्पनी के द्वार कोई सर्विस लेन का निर्माण नहीं किया गय है। इस फ्लाईओवर के दोनों ओर आवासीय क्षेत्र, मॉडल कॉलोनी सूर्या इन्क्लेव, फ्रेड्रान सर्किल, सोढ़ी कॉलोनी एवं अनेक प्रतिष्ठानों के हजारों नागरिकों की आवाजाही मुख्य मार्ग से बन्द है, क्योंकि राष्ट्रीय मार्ग में सर्विस लेन नहीं है।

एलायन्स आवासीय कॉलोनी द्वार से, ग्रीन पार्क सोब्ती कॉलोनी द्वार तक एन0एच0 पर सड़क, गल्फार कम्पनी के द्वारा न बनाये जाने के कारण आये दिन दुर्घटनायें हो रही हैं।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर अत्यंत बड़ा व गहरा नाला होने से अनेक छोटे व बड़े वाहन व नागरिक इन नालों में गिर चुके हैं।

उक्त कम्पनी द्वारा यहां पर नाले पर स्लैब निर्माण व सड़क न बनाने से अनेक वाहन क्षतिग्रस्त हो चुके हैं एवं कई नागरिक घायल हो चुके हैं।

रूद्रपुर के शमशान घाट व दुधिया बाबा मन्दिर से किच्छा मार्ग पर स्थित श्री शुक्ला जी (विधायक किच्छा) आवास तक यानि तीन पानी तक लम्बा मार्ग उपरोक्त कम्पनी द्वारा न बनाये जाने के कारण, भदईपुरा, शान्ति कॉलोनी, विम स्वायर कालोनी, दूधिया नगर, उत्तरांचल कालोनी, पहाड़गंज, अग्रसेन अस्पताल क्षेत्र, रेशम वाड़ी व अन्य क्षेत्रों का जन-जीवन ठप्प हो चुका है। दिन

भर धूल उड़ने से कई लोग फेफड़ों की बीमारी के शिकार हो चुके हैं। साथ ही बड़े-बड़े गड्ढों से दुर्घटनायें हो रही हैं।

किच्छा मेडीसिटी अस्पताल के बाहर पुलिया अत्यंत सकीर्ण होने से हमेशा जाम लगा रहता है। उपरोक्त कम्पनी द्वारा पुलिया का निर्माण आज तक न करने के कारण लम्बे समय तक जाम में फंस कर, लोग मानसिक प्रताड़ना झेल रहे हैं।

यह अत्यंत गंभीर बात है कि ऊधम सिंह नगर में जहां-जहां भी गल्फार कम्पनी द्वारा काम किया गया है कहीं भी पैदल चलने अथवा दुपहिया वाहनों तक के लिए सर्विस लाईनों का निर्माण नहीं कराया है। साथ ही कहीं भी योजनाबद्ध तरीके से नालों का निर्माण न होने से गड्ढों में पानी भरने के कारण कई बार छोटे वाहन उसमें डूब जाते हैं तथा दुर्घटना होती है। इसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाये जा रहे फ्लाईओवर का निर्माण कार्य कम्पनी ने रोक दिया है, जिसमें एक छोटा कच्चा मार्ग से ही वाहन आते - जाते रहते हैं। यह भी गम्भीर बात गल्फार कम्पनी द्वारा सर्विस लेन तो पूरी सड़क में कहीं भी नहीं बनाई है।

अत्यंत कष्ट के साथ सरकार को अवगत कराना है कि गल्फार कम्पनी की घोर लापरवाही एवं अधिकारियों की अकर्मण्यता से एक दर्जन यात्रियों की जान जा चुकी है और कई घायल हो चुके हैं।

यह और भी गम्भीर बात है कि गल्फार कम्पनी घड़ल्ले से इस राष्ट्रीय राजमार्ग किच्छा रोड पर टोल वसूली कर रही है जब 50 प्रतिशत भी काम पूरा नहीं हुआ तो फिर टोल लेने का कोई कारण नहीं होता है। यह अवैध वसूली है।

यह और भी गंभीर बात है कि अधूरी सड़क, जो 50 प्रतिशत भी नहीं बनी है उसको अनापत्ति प्रमाण पत्र किसके द्वारा और क्यों दिया गया।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि इस पूरे प्रकरण की जांच की जाये एवं उन अधिकारियों व संबंधित सभी लोगों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाये, जिनकी वजह से एक दर्जन से भी अधिक लोगों की जानें चली गई हैं।

इस संबंध में स्थानीय जनता एवं स्थानीय माननीय विधायक जी द्वारा अपना रोष व्यक्त किया गया है और हर बार स्थानीय प्रशासन, गल्फार कम्पनी, जनता के बीच में एग्रीमेंट तो हुआ है किन्तु कार्य आज तक नहीं हुआ है इसलिए इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए कठोर कार्यवाही सरकार करे।

रूद्रपुर में ट्रांजिट कैम्प जो बंगाली बहुल इलाका है लगभग दो कि0मी0 सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे बन गये हैं, यह क्षेत्र किसी भी निर्माण एजेंसी के पास न होकर महानगर निगम के अंदर आता है और महानगर निगम के पास धन की कमी के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि ऐसे मामलों में सड़क परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पैसा दिया जाना चाहिए।

इस बजट का समर्थन करते हुए मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

*__SHRI SUNIL BABURAO MENDHE (BHANDARA-GONDIYA):__In this Budget of 2019-20 for Ministry of Road Transport and Highways, the following roads shall be added in my Constituency.

- Bhandaro – Tumsar is now a State Highway which shall be declared as a new National Highway as is very high traffic density road.
- Parni (Sindpur) to Lakhandare Road (MDK) shall be declared as State Highway and shall be constructed (dredged) as three lane road because it is a road connectivity of two new National Highways which are under construction. (Bhandaro-Parni Nilong Fata Road and Sakali – Lakhandare – Wadsee Road).

Please consider the above.

* Speech was laid on the Table.

***श्री अजय टम्टा (अल्मोड़ा):** मुझे वर्ष 2019-20 की सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर अपनी बात रखने का अवसर दिया है, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मोदी जी की सरकार के दूसरे बजट में सबसे ज्यादा जोर सड़कों का जाल बुनने के ऊपर है। इस क्षेत्र में सरकार टॉप गियर पर चल रही है। कभी सोचा करते थे कि विदेशों की तर्ज पर अपने देश में भी राजमार्ग बनेंगे या नहीं, यह सम्भव हुआ और अटल जी की सरकार के समय स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के माध्यम से देखने को मिला। आज पुन: जब मोदी जी की सरकार बनी तो उस कैबिनेट में बहुत अनुभवी मंत्री श्रीमान् नितिन गडकरी जी ने सड़कों और राजमार्गों के प्रति अपनी सोच और दूरदर्शिता प्रकट की और राजमार्गों की स्थिति देखने लायक है, जहां एक्सप्रेसवे जैसे मोटर मार्ग बनें।

जब हम अपने क्षेत्र उत्तराखण्ड से दिल्ली या लखनऊ आते थे तो आने के बाद एक दिन पूरा आराम करना होता था। आज इसके ठीक उलट उत्तराखण्ड से दिल्ली आते वक्त जो राजमार्गों में परिवर्तन देखने को मिला है, सब उसकी वाहवाही करते हैं। कार्य कागजों में नहीं, धरातल पर दिखता है।

मैं अल्मोड़ा संसदीय क्षेत्र से दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुआ हूं जिसमें बहुत बड़ी भूमिका सड़क परिवहन एवं राजमार्ग की भी है। मेरे क्षेत्र का बहुत-सा भू-भाग चीन और नेपाल की सीमा पर आता है। आज वहां भी भारतमाला परियोजना के तहत

**(i)** बैजनाथ-थराली-कर्णप्रयाग मोटर मार्ग - 94 किमी., लागत - 2,000 करोड़ रुपये

**(ii)** बैजनाथ-बागेश्वर-कपकोट-मुनस्यारी मोटर मार्ग - 216 किमी., लागत - 4,500 करोड़ रुपये

**(iii)** अस्कोट-धारचूला-पालपा-लिपुलेख मोटर मार्ग - 147 किमी., लागत - 12 करोड़ रु.

---

* Speech was laid on the Table.

लगभग 7700 करोड़ रुपये की घोषणा एवं कार्यों की स्वीकृति से क्षेत्र में काफी हर्ष व्याप्त हुआ और जनता ने मोदी जी और भूतल परिवहन मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के संबंध में पूर्व से काफी मांगें क्षेत्र से आती रहतीं थीं। मोदी जी की सरकार में माननीय भूतल परिवहन मंत्री जी द्वारा वर्ष 2016-17 में (1) एन.एच. 309 ए, धार-गंगोत्रीहाट-बेरीनाग-बागेश्वर-ताकुला, अल्मोड़ा को और, (2) एन.एच. 309 बी, अल्मोड़ा-पनार 77 किलोमीटर के दो मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया गया।

(1) रानीखेत, भतरौजखान, मोहान, (2) रानीखेत, खैरना, जिसमें सैद्धांतिक स्वीकृति एन.एच. घोषित करने हेतु हुई है। अत: विधिवत स्वीकृति की शीघ्र आवश्यकता क्षेत्र के लिए है। हम आपके आभारी होंगे।

वर्ष 2016-17 में माननीय प्रधान मंत्री जी और भूतल परिवहन मंत्री जी श्रीमान् नितिन गडकरी जी द्वारा चार धाम प्रोजेक्ट में अपना संसदीय क्षेत्र टनकपुर से पिथौरागढ़ एन.एच.-09 पर 1200 करोड़ रुपये से अधिक लागत से सुन्दर ऑलवेदर रोड का निर्माण हो रहा है, जो मेरे संसदीय क्षेत्र के लिए केन्द्र का उपहार है। मैं कहना चाहूंगा कि उक्त ऑल वेदर रोड में तीन बाइपास निर्माण की भी तत्काल आवश्यकता है - चम्पावत बाइपास, लोहाघाट बाइपास और पिथौरागढ़ बाइपास। इसके लागत हेतु प्रस्ताव व डी.पी.आर. भारत सरकार में अभी लम्बित है। इसके लिए शीघ्र ही धनराशि मुक्त होनी चाहिए। उक्त मार्ग में बाइपास का निर्माण आवश्यक है।

मेरे संसदीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 109 में चौंसली से कोसी बाइपास का निर्माण राज्य सरकार द्वारा किया जा चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग 109 में लोधिया से पाण्डेखोला, जहां घनी आबादी के कारण काफी जाम की स्थिति बनी रहती है, जिस कारण उक्त राजमार्ग के कुछ भाग को राज्य सरकार द्वारा निर्मित बाइपास को सम्मिलित करना भी अपरिहार्य होगा।

एन.एच. 309 बी अल्मोड़ा से धार, एन.एच. 109 क्वाख से द्वारसों, एन.एच. 109 चौखुटिया से पाण्डुवाखाल - इन मार्गों के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण के प्रस्ताव व डी.पी.आर. भारत सरकार के स्तर पर लम्बित हैं। इसकी स्वीकृति प्रदान हो।

एन.एच. 121 - रामनगर गर्सिया के पास धनगड़ी नाला और पनोर नाला के स्थान पर पुल की आवश्यकता है क्योंकि नालों में बरसात का पानी आने से हर वर्ष यहां जनहानि हो जाती है। इसका प्रस्ताव भी भारत सरकार को प्रेषित है। इसकी स्वीकृति प्रदान करें।

बजट में हर्ष का विषय है कि अब राज्यमार्गों पर भी राष्ट्रीय राजमार्ग कार्य करेगा । अपने संसदीय क्षेत्र में अनेक ऐसे मार्ग हैं जो काफी जर्जर हो चुके हैं और उनकी क्षेत्र में काफी आवश्यकता है । इस पर केन्द्र द्वारा ध्यान दिया जाना बहुत प्रशंसनीय है। भूतल परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी का आभार कि आपके द्वारा देश में सड़कों के माध्यम से अंतिम छोर के व्यक्ति के विकास की सोच व्याप्त होगी ।

धन्यवाद।

*__SHRI MITESH PATEL (BAKABHAI) (ANAND):__ With reference to the notification Bhavnagar (on NH-51) Dholera-Vataman Junction-Fatehpura-Khamhat-Gambhira Bridge-Karjan (on NH-48) 200 Km. road length is declared National Highway for connecting South Gurjrat to Saurashtra Region.

But, for connecting to Saurashtra Region to South Gujrat is shortest link to connect Vtaman Junction-Fatehpura-Khambhat-Kavi-Jambusar by constructing 8.50 kms. length Heighted Bridge with 1.50 km. Approaches between khambat to kavi. The route distance reduce 46 km. Now a day traffic passing for Saurashtra region to South Gujarat and Mumbai are from Vataman junction – Tarapur Dharmaj – Borsad – Jambusar it is 115 km length.

Otherwise estimating bridge of Khambhat Khadi 8.100 km bridge + 1.50 km approaches the traffic will fly Vataman junction – Fatehpura – Galiyana – Golana – Khambhat – Kavi – Jambusar 69 km.

By the way it reduce the 46 km. travelling and it improve the economy of bhal region and industrial growth and reduce the pollution by constructing the same bridge and highway, it reduce 200 crore fuel consumption per year and reduce the road accident and will grow of the economy of the nation. So the Government is requested to change the route from Khambhat-Kavi-Jambusar instead of Khambhat-Gambhira Bridge-Karjan (on NH 48) and approve the same bridge with a joining coastal highway please.

---

* Speech was laid on the Table.

**[*]श्री राकेश सिंह (जबलपुर):** मैं सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय के बजट अनुदान पर अपनी बात व्यक्त करना चाहता हूं।

आज यदि सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की बात करें तो हम सभी सांसद अपनी सरकार के प्रति गौरवान्वित महसूस करते हैं। इसका कारण है कि देश में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारे विजनरी लीडर और सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी के मंत्रीत्व काल में इस मंत्रालय द्वारा सड़क निर्माण और राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया है।

पूर्ववर्ती सरकारों के कार्यकाल में देश के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत दयनीय थी, यह पता ही नहीं चलता था कि गड्ढे में सड़क है या सड़क में गड्ढे। राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन हेतु सांसदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा आंदोलन किया जाता रहा है, किंतु कांग्रेस की सरकार ने कभी उन आवाजों को तवज्जों नहीं दी।

आज हमें बताते हुए गर्व होता हे कि माननीय श्री गडकरी जी के नेतृत्व में मात्र 5 वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों का कार्य जिस तेज गति से किया जा रहा है , वो बेशक एक ऐतिहासिक और हमारी सरकार की अभूतपूर्व सफलताओं में से एक है।

काम करने वालों के लिए इस देश में संभावनाओं की कमी नहीं है। किंतु उसके लिए एक मजबूत नेतृत्व और राजनैतिक इच्छा शक्ति जरूरी है, जो केवल और केवल इस देश को हमारे प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी के नेतृत्व में देखने को मिला है।

पूर्ववर्ती सरकारों में कार्य तो होते थे, किंतु पार्टी के आधार पर आज मुझे यह कहते हुए गर्व है कि आज देश कोई भी मेरे सांसद मित्र चाहे किसी भी दल से हो, आज निर्भीक होकर और

---

[*] Speech was laid on the Table.

दलगत राजनीति से उपर उठकर हक से अपने क्षेत्र संबंधित विकास कार्यों के लिए मदद मांग सकते हैं।

हमारी सरकार द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण की प्रक्रिया में अभूतपूर्व तेजी लाई गई है। पूर्ववर्ती सरकार में जो प्रतिदिन 10 से 12 कि0मी0 निर्माण कार्य होता था, आज हमारी सरकार के दौरान 28 से 30 कि0मी0 के आसपास प्रतिदिन राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा रहा है। इसके बाद भी हमारी सरकार द्वारा इस लक्ष्य को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

मैं अपनी बात को बहुत विस्तार में न ले जाते हुए अपने संसदीय क्षेत्र जबलपुर से निकलने वाले तीनों राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि जबलपुर से निकलने वाली एन.एच.-7, एन.एच.-12 एवं एन.एच.-12ए के फोर लेन निर्माण प्रगति पर है। आपसे आग्रह है कि समय सीमा के अंतर्गत तीनों सड़कों के निर्माण कार्य को पूरा किया जाये, इस हेतु संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाये और साथ ही मेरे द्वारा संसदीय क्षेत्र जबलपुर की प्रमुख सड़कों के उन्नयन हेतु सी.आर.एफ. फण्ड हेतु आपसे पत्राचार भी किया गया है। अतः उक्त सड़कों के उन्नयन हेतु फण्ड उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

माननीय मंत्री से यह भी मांग करता हूं कि उनके द्वारा मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी रिंग रोड जो 112 कि0मी0 की प्रस्तावित है, को उनके द्वारा पूर्व में स्वीकृत कर दिया गया है। अतः प्रदेश सरकार को निर्देशित किया जाये कि उक्त रिंग रोड की आवश्यक औपचारिकता को पूरा किया जाये ताकि उसके निर्माण की प्रक्रिया को प्रारंभ किया जा सके।

माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि मेरी मांगों पर पुनः विचार कर यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। जयहिन्द।

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री (श्री नितिन जयराम गडकरी):** माननीय अध्यक्ष जी, मेरे विभाग से संबंधित जो फाइनेंशियल डिमांड्स थीं, उनके ऊपर कल करीब 62 सदस्यों ने अपने विचार रखे। …(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** आप मंत्री जी का रिप्लाई सुनिए । …(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** महोदय, आप एक मिनट मेरी बात सुनिए। …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** अनेक माननीय सदस्यों ने अपने सुझाव भी दिए ।…(व्यवधान) मैं उन सभी माननीय सदस्यों को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं और उनका अभिनंदन भी करता हूं। …(व्यवधान) मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट के लिए सबसे ज्यादा प्राइयोरिटी दी है। …(व्यवधान) मैं सदन को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि हमारे पांच साल के कार्यकाल में प्रधान मंत्री जी ने इंफ्रास्ट्रक्चरल डेवलपमेंट को प्राइयोरिटी दी थी, उसके बहुत अच्छे परिणाम निकले हैं । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, मैंने आपसे कहा है कि बजट की प्रक्रिया होने के बाद आपने जो-जो विषय लगाए हैं, उन पर बोलने का मौका दूंगा । अभी माननीय मंत्री जी का रिप्लाई सुनिए ।

…(व्यवधान)

**श्री अर्जुन राम मेघवाल :** अधीर रंजन जी, आप जो मुद्दा उठाना चाहते हैं, वह बहुत सेंस्टिव मुद्दा है, लेकिन मंत्री जी का रिप्लाई शुरू हो गया है, आप इसे सुनिए । …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** महोदय, पिछले पांच साल में हमारे प्रधान मंत्री 21वीं सदी का भारत कैसा होगा और कैसा इंफ्रास्ट्रक्चर होगा, इसकी कल्पना भी इसमें की गई है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी गंभीर वक्तव्य दे रहे हैं। आप सभी ने जो भी सवाल उठाए हैं, माननीय मंत्री जी उनका जवाब देंगे ।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** हम सदन से वॉक आउट करते हैं। …(व्यवधान)

**12.10 hrs**

*At this stage Shri Adhir Ranjan Chawdhary and some other hon. Members left the House*

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** महोदय, इसमें बहुत अच्छे-अच्छे निर्णय भी किए गए हैं। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि कल सम्मानीय सदस्यों ने, जिनमें सभी सदस्य शामिल हैं, उन्होंने मेरे विभाग की और विशेष रूप से सरकार की इन सब बातों के लिए और सरकार के इनिशिएटिव का समर्थन भी किया है । इसके लिए मैं सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं ।

माननीय स्पीकर महोदय, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में काम करने का जो मुझे अवसर मिला है, उसमें केवल मेरे विभाग में करीब 17 लाख करोड़ रुपये के काम पाँच वर्षों में अवार्ड हुए। उनमें से 11 लाख करोड़ रुपये के काम रोड सेक्टर में अवार्ड हुए, जिनमें से कुछ काम पूरे भी हुए। करीब पाँच लाख करोड़ रुपये के काम शिपिंग, पोर्ट्स और इनलैंड वाटरवेज़ में हुए और एक लाख करोड़ रुपये के काम वाटर रिसोर्स में हुए। उस समय मेरे विभाग ने देश की जीडीपी में पौने तीन-तीन पर्सेंट कंट्रीब्यूशन किया।

I am happy to inform you that in the past five years, Ministry of Road Transport and Highways has built around 40,000 kilometres of roads and spent more than Rs. 4,31,000 crore to build a world-class highway network. This is about 60 per cent higher, as compared to the five years during 2009-14, which was 25,000 kilometres only. We have awarded work for 57,000 kilometres during 2014-19, costing approximately Rs. 6 lakh crore, which is almost double of what was awarded in 2009-14, that is 28,500 kilometres. The Ministry has

shown exponential capacity to spend allocated funds in building NH, which are the backbone of the economy.

Today, we spend more than 80 per cent of the allocation on capital expenditure. We are contributing to the growth rate. It is the most important thing which is concerned with the Ministry that we are creating more employment potential. I am only giving you the example. The building construction and highway construction machinery industry's turnover in five years is now double. It is a great achievement.

A lot of a Members were very much interested to ask me questions on Bharatmala. The ambitious programme of Bharatmala Pariyojana will see the development of roads of more than 65,000 kilometres on which my Ministry has already begun work. I want to make one thing very clear that there is no priority. Do not bother about anything. Every project is a priority project. At the time of the Code of Conduct, a circular was issued. When I took charge as the Minister, I immediately rectified that order and there is no priority. It is open for all and we will do it.

In the first phase, there is a plan to upgrade 24,800 kilometres under Bharatmala and in addition, 10,000 kilometres of balance NHDP will also form part of Bharatmala. The Bharatmala was approved at an estimated cost of Rs. 5,35,000 crore, which will be funded through cess, toll revenue, market borrowings, private sector participation, insurance fund, pension funds, masala bonds. Now, we are also thinking of going into the capital market and take the money from the common people like teachers, constables, poor people and

give them good interest. Actually, it is not in my hand, but we will try to give them more than 7.5 per cent to 8 per cent interest and we will use that money for construction of roads. On the one hand, we will construct the roads and on the other hand, we will give good interest to the poor people of this country. With the help of them, we want to build the road infrastructure in the country.

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR):** Have you started the project already?

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** Yes Sir. I am telling you. The cost has undergone a revision, mainly due to increase in land acquisition and increase in the civil cost in the intervening period. The revised cost of the project is about Rs. 8,41,000 crore. The cost has increased. When we started it, when we visualized it, the cost was Rs. 5,35,000 crore.

Now, it has increased up to 8,41,000 kilometres.

**PROF. SOUGATA RAY (DUM DUM)**: But what about money? …(*Interruptions*)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** प्रोफेसर साहब, मैं आपको बता रहा हूं। …(व्यवधान) मैं आज फाइनेंशियल मॉडल पर ही चर्चा करूंगा। …(व्यवधान) मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पैसे की कोई कमी नहीं है। …(व्यवधान) मैं यह पार्लियामेंट के रिकॉर्ड पर बोल रहा हूं। …(व्यवधान) एक भी काम नहीं हुआ तो आप मेरे ऊपर हक भंग लाइए, मैं आपको उसका जवाब दूंगा। …(व्यवधान) मैं हर काम कर के दिखाऊंगा। …(व्यवधान) In order to make optimal

use of resources, multi-pronged strategies have been adopted. Optimisation of land acquisition and green alignment will reduce the cost.

माननीय स्पीकर महोदय, आप राजस्थान से हैं। हम 22 ग्रीन एक्सप्रेस हाइवेज़ बना रहे हैं। मैं इस सदन के सदस्यों को बड़े अभिमान के साथ बताना चाहूंगा कि मेरे विभाग के इंजीनियर्स ने मिलकर जो काम किया है, उसके लिए मैं उनको बधाई दूंगा और आपसे भी कहूंगा कि उन्होंने कितना अच्छा काम किया है। इन 22 ग्रीन एक्सप्रेस हाइवेज़ में से मुंबई-दिल्ली हाइवे उनमें एक एक है। मैं बहुत बार बता चुका हूं कि इन एक्सप्रेस हाइवेज़ के कारण डिस्टेंस कम होगा। यह एक्सप्रेस गुड़गांव से शुरू होगा और सवाई माधोपुर, अलवर से होकर रतलाम, झाबुआ से होते हुए वडोदरा से मुंबई जाएगा। इसकी कीमत अगर हम लोग दिल्ली से अहमदाबाद, वडोदरा और मुंबई के एग्ज़िस्टिंग हाइवे के नज़दीक करते तो इसकी लैण्ड एक्यूज़िशन कॉस्ट 6 करोड़ रुपये प्रति क्टेयर आती। हमारे डिपार्टमेंट के इंजीनियर्स और कंसलटेन्ट्स ने गूगल पर जाकर बहुत अच्छा मार्ग निकाला। उन्होंने बैकवर्ड एंड ट्राइबल एरियाज़ ऑफ राजस्थान, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश के बारे में कहा। सर, यह पहला ग्रीन हाइवे है, जो पूरा ट्राइबल एरिया से जा रहा है।

इसके कारण रतलाम हो, झाबुआ हो, हमारे यहां से अलवर हो, सवाई माधोपुर हो या ठाणे डिस्ट्रिक्ट हो, या वडोदरा का ट्राइबल एरिया हो, माननीय स्पीकर महोदय, मुझे इस बात की खुशी हो रही है कि केवल लैण्ड एक्यूज़िशन कॉस्ट में 16 हज़ार करोड़ रुपये की बचत की गई है। इससे दिल्ली से मुंबई डिस्टेंस 120 किलोमीटर कम हुआ है और 160 परसेंट कॉन्ट्रैक्ट्स अवॉर्ड किये गए हैं। ढाई-तीन साल के अंदर 12 घंटों के अंदर मुंबई से दिल्ली जाना मुमकिन हो जाएगा, यह विश्वास मैं सदन को देना चाहता हूं।

मैंने कल ही हमारे हैवी-इंडस्ट्रीज़ मिनिस्टर सावंत साहब से बात की है। इसमें पहली बार हम एक दस किलोमीटर का पायलट प्रोजेक्ट उनके सहयोग से करने के लिए सोच रहे हैं। यह 80 टन का ट्रक होगा, जिसमें इलैक्ट्रिक केबिल होगी। मैंने वर्ल्ड में प्रेज़ेंटेशन ली हैं। अमेरिका, सैन-

फ्रांसिस्को में यह हुआ है और जर्मनी में भी ऑलरेडी शुरू हो चुका है, स्वीडन में है, मैं देखकर आया हूं। रेलवे के इंजन की तरह उस केबल से ट्रक के ऊपर तक करंट पहुंचेगा। दो ट्रक्स में दो कंटेनर्स 100 किलोमीटर की स्पीड से हाइवे पर एक साइड से दौड़ेंगे। दिल्ली से मुंबई जाने की ट्रांसपोर्ट कॉस्ट, जो आज 85 रुपये का पैट्रोल और 65 रुपये का डीजल है, उसमें 12 से 15 रुपये की बिजली लगेगी और कॉस्ट कम हो जाएगी। उसके बाजू में लॉजिस्टिक्स पार्क बने रहे हैं। वह 20 किलोमीटर तक करंट से चलेगा और फिर बैटरी चार्ज करके फिर दौड़ेगा और करंट से दौड़ेगा। यह बहुत इनोवेटिव मॉडल है। प्रधान मंत्री जी की सोच है कि नए भारत के 21वीं सदी के इंफ्रास्ट्रक्चर में यह रोड होगी।

एक और इंपॉर्टेंट बात है कि लैण्ड एक्यूज़िशन की थोड़ी समस्या है। मैं सम्माननीय सदसयों से एक अनुरोध करूंगा कि हमारे द्वारा कोई भी रोड शुरू करने से पहले आपकी कांस्टिट्यूएंसी में जो रोड हम मंजूर करते है, उसका 80 परसेंट लैण्ड एक्वॉयर किये बिना हम अपॉइंटमेंट डेट नहीं देते हैं। आप मेरे पास आते हैं, मैं भी पीछे पड़ता हूं, लेकिन काम नहीं हो पाता। यह कठोर नियम इसलिए बनाया है, क्योंकि पुरानी सरकार से जब मैंने चार्ज लिया तो करीब 3 लाख 85 हज़ार करोड़ रुपये के 403 प्रोजेक्ट्स बंद पड़े हुए थे। सारा काम बंद पड़ा हुआ था। बैंक्स ने अकाउंट्स सीज़ कर दिये थे, कुछ सदस्य कॉन्ट्रैक्टर्स भी हैं, उनको पता है। …(व्यवधान) इसमें हमारे सम्माननीय सदस्यों का दोष नहीं है, ये हज़ारों-करोड़ों रुपयों की प्रॉब्लम्स में फंसे हुए थे। …(व्यवधान)

स्पीकर महोदय, मुझे इस बात की खुशी है कि हमने 95 परसेंट प्रॉब्लम्स रिज़ॉल्व कीं और भारतीय बैंक्स को तीन लाख करोड़ रुपये के एनपीए से हमारे विभाग ने बचाया। …(व्यवधान) सर, अब ये प्रोजेक्ट्स चलने लगे हैं। …(व्यवधान) आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के बहुत से लोग कॉन्ट्रैक्टर्स हैं, उनको इस बात का पता है। …(व्यवधान) मैं हर्ष से एक बात और कहूंगा। इनके 17 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स के सब काम हुए, लेकिन इस सरकार की यह विशेषता रही कि सरकार पर कोई एक पैसे के करप्शन का आरोप नहीं लगा सकता, सरकार ने पूरी ट्रांसपेरेंसी के

साथ काम किया है। …(व्यवधान) किसी कॉन्ट्रैक्टर को अपने वर्क-ऑर्डर के लिए ऑफिस में नहीं आना पड़ा, एक रुपये का करप्शन नहीं हुआ। एक बात ज़रूर है कि अगर उसने ठीक काम नहीं किया तो उसके ऊपर लाठी चली है और गालियां पड़ी हैं। …(व्यवधान)

These are the assets of our country. We are not going to tolerate any type of bad work. We are very much committed to that. मैं भारतमाला योजना के बारे में एक बात कहना चाहूंगा, जिसका उल्लेख माननीय प्रोफेसर साहब कर रहे हैं। यह थोड़ा सा फाइनेंशियल सब्जेक्ट है, इसलिए मैं अनुरोध करूंगा कि आप लोग भी मुझे सुझाव दीजिए। हमारी टोल से इनकम दस हज़ार करोड़ रुपये है। हम पहले बीओटी, बिल्ट, ऑपरेट एंड ट्रांसफर में प्रोजेक्ट बनाते थे, लेकिन मैं जब मंत्री बना तो बीओटी में काम करने वाले सब कांट्रैक्टर्स कोलैप्स हो गए, खत्म हो गए थे।

**प्रो. सौगत राय :** वे भाग गए थे? …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** सर, वे भागे नहीं थे, उनका दिवाला पिट चुका था। …(व्यवधान) प्रोफेसर साहब आपने अपने कल के भाषण में जिस बात का उल्लेख किया, आप अन्यथा मत लीजिएगा, आपने बंगाल के हाइवे के बारे में कहा था, संजय मित्रा जी चीफ सेक्रेट्री थे, जो मेरे डिपार्टमेंट में सेक्रेट्री बने। वहां अतिक्रमण हटाना था, हाइवे का काम करना था। मैंने खुद कोलकाता में दो बार मीटिंग्स कीं। मैंने एक बार मुख्य मंत्री के साथ भी मीटिंग की, उनका भी दोष नहीं था, क्योंकि वहां पूरी तरह अतिक्रमण था। आखिर तंग आकर - आप जिस प्रोजेक्ट का उल्लेख कर रहे थे - हमने वह प्रोजेक्ट स्टेट पीडब्ल्यूडी को दे दिया कि वह अतिक्रमण हटाए। वह अभी तक नहीं हो पाया है। अगर रोड पर लैण्ड एक्वायर नहीं होगा, अतिक्रमण नहीं हटेगा तो हम क्या आसमान में रोड बनाएंगे?

मैं सभी सदस्यों से प्रार्थना करूंगा कि आप सब मेरे पास आने से पहले अपने डिस्ट्रिक्ट कलैक्टर और एनएचएआई के पीडी के साथ मीटिंग बुलाइए। मीटिंग में आप उनसे पूछिए कि रोड के काम के लिए कितना लैण्ड एक्यूज़िशन हुआ, यूटिलिटी शिफ्टिंग का क्या काम हुआ, फॉरेस्ट

एनवायर्नमेंट क्लियरेंस हुआ या नहीं हुआ, ये सारे स्टेट के काम होते हैं । ये तीनों बातें आपके लेवल पर कर के जब 80 परसेंट लैण्ड एक्वायर होगी और क्लियरेंसेज़ मिलेंगे, तब आप मेरे पास आइए, मैं तुरंत उसको क्लियर कर दूंगा। मेरी प्रॉब्लम यह है कि स्टेट गवर्नमेंट्स सहयोग करती हैं, लेकिन इसमें देरी होती है। इसलिए हमारे सभी एमपीज़ अपनी-अपनी कांस्टिट्यूएंसीज़ में मीटिंग करें । मैं तुरंत ऑर्डर इश्यू कर देता हूं कि आपकी मीटिंग में हमारे पीडी आएंगे । आप अपने डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को भी मीटिंग में बुलाइए, लैण्ड एक्यूज़िशन ऑफिसर को बुलाइए और यह जानिए कि क्या हुआ, काम क्यों नहीं हुआ। अगर आपने वह फेज़ पूरा कर दिया तो आप मेरे पास आइए । मैं तुरंत टेंडर निकालकर वर्क-ऑर्डर इश्यू करने का काम कर दूंगा । इसमें कई दिक्कतें और प्रॉबलम्स हैं।

अब फाइनेंस की बात है। बीओटी - बिल्ट, ऑपरेट एंड ट्रांसफर में ऐसा होता है कि पूरा वर्क प्राइवेट कॉन्ट्रैक्टर करता है, पूरी रोड बनाता है और टेंडर में लिखता है कि वह पंद्रह साल आठ महीने तक टोल लेगा, फिर दूसरा बोलता है कि वह चौदह साल तीन महीने टोल लेगा । जिसकी ऑफर सबसे अट्रैक्टिव होती है, उसको अवॉर्ड मिलता है। यह जो टोल लगता है, आप चाहे मुझे अच्छा कहें या बुरा कहें, इस टोल का जन्मदाता मैं हूं। इसलिए मैं इसके लिए गाली भी खाता हूं। …(व्यवधान) आप मेरी बात को समझ लीजिए। …(व्यवधान) मैं जब मुंबई में मंत्री थी तो मैंने एनएचएआई का महाराष्ट्र का पहला प्रोजेक्ट ठाणे-भिवंडी बाईपास टोल रोड बनाया था। जो लोग मुंबई और ठाणे के बीच में रहते हैं, उनको पता होगा कि कितना ट्रैफिक जाम था। यह मुंबई-नासिक रोड का पार्ट है। उसके बाद मुंबई-पुणे एक्सप्रेस हाइवे, वर्ली-बांद्रा सी लिंक प्रोजेक्ट, 55 फ्लाईओवर्स, ये सब बने। ये सब प्राइवेट इनवेस्टमेंट से हुआ। यह खुशी से नहीं हुआ। हमारी सरकार के पास पैसे नहीं थे। मुंबई में 55 पुलों का काम करने के लिए पैसे कहां से लाएंगे। इस पर मैंने कहा मैं पहला काम महाराष्ट्र के 16 हज़ार गांवों के लिए रोड बनाने के लिए पूरा बजट दे दूंगा। मैं मुंबई शहर के लिए पैसे नहीं दूंगा। मुंबई शहर में जब हमने फ्लाईओवर्स बनाए तो उन पर टोल लगाया। मुंबई-पुणे एक्सप्रेस हाइवे बनाया तो टोल लगाया। आप मुझे बताइए कि मुंबई-पुणे के बीच

जाने के लिए, आप सबको याद होगा कि 8, 9 से 11 घंटे तक लगते थे, अब आप दो घंटे में आते हैं। तटकरे जी यहां बैठे हैं, सुप्रिया जी भी बैठी हैं। आप कितने घंटे में आती हैं? दो घंटे में आती हैं। उस समय सुप्रिया जी छोटी होंगी, तब पवार साहब थे। उस समय मुंबई-पुणे असेंबली में हर समय डिस्कशन होता था कि यह रोड कब बनेगी। हमारे पास उसके लिए पैसे नहीं थे।

अब हमने कर्जा निकालकर पैसे निकाले तो टोल लगाया। मैं पूछता हूं कि जब आप 11 घण्टे के बजाय 2 घण्टे में आएंगे तो आपका डीजल बचेगा और टाइम भी बचेगा। अगर इस सबकी सेविंग होगी तो आप टोल भी दीजिए। आप कुछ भी कहते रहिए, सरकार के पास पैसे नहीं है। If you want good services, you have to pay for them. मैं परसों ताज मानसिंह में एक कार्यक्रम में गया था और मुझे बोला गया कि आप टोल रद्द कीजिए। मैंने कहा आपने मानसिंह में कार्यक्रम क्यों रखा है? अगर आपने मानसिंह में कार्यक्रम रखा है तो आपको पैसा देना पड़ेगा। अगर फोकट में कार्यक्रम रखते तो रामलीला मैदान में बैठ जाते। आपको किसने मना किया है? एक पण्डाल डालो और वहां एक लाउड स्पीकर लगाकर वहां बैठ जाइए। जब आपको अच्छी जगह एयरकण्डीशन में बैठना है, अच्छी चेयर चाहिए तो पैसे देने पड़ेंगे। यह काम फोकट में कैसे होगा? सरकार के पास पैसे नहीं है, चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो। यहां सोशलिस्ट, कम्युनिस्ट और कैपिटलिस्ट तीनों थिंकिंग के आदरणीय मुलायम सिंह जी बैठे हैं। मैं जॉर्ज फर्नांडिस को अपने जीवन का आइकन मानता हूं। मैं डॉ. लोहिया जी के पैर पड़ चुका हूं। मैं यह मानता हूं कि यह सच्चाई भी है और चीन तथा रशिया ने भी कम्युनिज्म को छोड़ दिया है। वे लिबरल इकॉनोमी की तरफ चले गए, क्योंकि किसी को दोष नहीं देना है। वे सब बड़े लोग थे। This is the practical approach. जो दे सकता है, उससे लीजिए। जो गरीब लोग हैं और विलेज कनेक्टिविटी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना आदि पर टोल नहीं लगता है तो वहां ज्यादा खर्च करके गरीबों को न्याय दीजिए। अगर बड़े शहर यानी दिल्ली के रिंग रोड़ को मैं 15,000 करोड़ रुपये से अपने बजट से बनाऊंगा तो हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, त्रिपुरा आदि में जहां टोल नहीं मिलता है, वहां रोड बनाने के लिए पैसा कहां से आएगा? अगर मैं नॉर्थ ईस्ट में 2 लाख करोड़ रुपये खर्च

करना चाहता हूं तो मैं दिल्ली, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद, कोलकाता में टोल लगाऊंगा। सिक्किम में टोल नहीं लगता है। वहां पर वायेबिलिटी नहीं है। प्रोफेसर साहब, इसको इण्टरनल रेट ऑफ रिटर्न कहते हैं। कॉस्ट ऑफ प्रोजेक्ट प्लस इण्ट्रेस्ट कॉस्ट प्लस उसके रिटर्न में आई.आर.आर. निकाला जाता है। आई.आर.आर. तमिलनाडु में अच्छा है, जहां ट्रैफिक डेंसिटी ज्यादा है। आई.आर.आर. गुजरात में अच्छा है, महाराष्ट्र में अच्छा है, तेलंगाना में अच्छा है, आन्ध्र प्रदेश में अच्छा है, पंजाब और हरियाणा में अच्छा, दिल्ली में अच्छा है, राजस्थान में अच्छा है, लेकिन उत्तर प्रदेश और बिहार में अच्छा नहीं है, क्योंकि वहां की प्रोग्रेस अच्छी नहीं है। मैंने पांच साल में सबसे ज्यादा पैसा उत्तर प्रदेश को दिया है।

सर, हमारा काम है जो राज्य कमजोर हैं, उनको ज्यादा पैसा देना और जो राज्य धनवान हैं, वहां से पैसा इकट्ठा करना है। इसमें गलत क्या है? मुलायम सिंह जी कहेंगे कि समाजवादी थिंकिंग तो यही है। जो दे सकता है, उससे लीजिए और जो गरीब है, उसको दीजिए। आप एक बात बिल्कुल समझ लीजिए और मैं बहुत साफ बोलता हूं और कभी-कभी मुझे इससे तकलीफ भी होती है कि टोल जिन्दगी भर रद्द नहीं हो सकता है। उसमें कम-ज्यादा या कंसेशन हो सकता है। हम लोग 22 ग्रीन हाइवे बना रहे हैं। इससे डिस्टेंस कम हो रहा है। आप कटरा से दिल्ली साढ़े चार घण्टे या पांच घण्टे में जाएंगे, हम यह सपना देख रहे हैं। हैदराबाद से बंगलुरु, बंगलुरु से चेन्नई हाइवे का लैण्ड एक्विजिशन पूरा हो गया है। अमरावती से हैदराबाद हाइवे आदि ऐसे बड़े-बड़े रोड बनाए जा रहे हैं तो इनके लैण्ड एक्विजिशन के लिए पैसा कहां से आएगा? निर्मला जी ने हमें 83,000 करोड़ रुपये का बजट दिया है। इसमें उन्होंने 5,000 हजार करोड़ रुपये बढ़ाकर दिया है। लेकिन हम 8 लाख करोड़ या 10 लाख करोड़ का काम कर रहे हैं। ये पैसा हम लैण्ड एक्विजिशन में खर्च करते हैं। स्टेट में जो काम होते हैं, हम कुछ पैसा उनके लिए खर्च करते हैं।

हमारा तीसरा मॉडल बी.ओ.टी. का था। आज देश में वह स्थिति नहीं है, फिर भी हम 3 हजार किलोमीटर बी.ओ.टी. मॉडल में निकालने की कोशिश कर रहे हैं। हमने हाइब्रिड एन्युटी मॉडल (HAM) निकाला। हैम का मतलब है कि हम लैण्ड एक्वीजिशन करेंगे, यूटिलिटी शिफ्टिंग

करेंगे, उसके बाद 40 परसेंट ग्राण्ट इन एड देंगे। हम टोल भी कलेक्ट करेंगे और एन्युटी बेसिस पर जो कॉन्ट्रैक्टर, इन्वेस्टर, 60 परसेंट लाएगा, उसमें से 30 परसेंट उसका होगा तथा 70 परसेंट बैंक कर्ज देगी। वह पैसा एन्युटी बेसिस पर 10 साल,12 साल, 13 साल, 15 साल इण्ट्रैस्ट और उसके प्रॉफिट के साथ, उसमें 11-12 परसेंट इण्ट्रैस्ट प्लस 3 परसेंट प्रॉफिट करके हम 12 साल में बैंक को वापस कर देंगे।

अध्यक्ष जी, मैं सदन में यह कहना चाहूंगा कि 2 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स हैम के अंतर्गत मंजूर हो गए हैं। प्रोफेसर साहब, आश्चर्य की बात यह है कि जब मैं वाटर रिर्सोसेज़ मिनिस्टर था तो मुझे लगा कि मथुरा में हाइब्रिड एन्युटी लानी चाहिए। मुझे लगा नहीं था कि यह सक्सेसफुल रहेगा। वाटर रिर्सोसेज़ मिनिस्ट्री में हाइब्रिड एन्युटी में 17 प्रोजेक्ट्स हो रहे हैं। मथुरा का प्रोजेक्ट त्रिवेणी इंजीनियरिंग कंपनी ने लिया है। वह 80 एम.एल.डी. गन्दा पानी साफ करेगी और इण्डियन ऑयल की रिफायनरी को देगी। वह रिफायनरी इसके लिए 20 करोड़ रुपये साल की रॉयल्टी देगी, यानी गन्दा पानी बेचकर जो पैसा आएगा, वह मेन्टेनेंस में खर्च होगा । उसमें भी हाइब्रिड एन्युटी सक्सेसफुल हुई। हमने उसमें दो लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स किए। यह हाइब्रिड एन्युटी दूसरा मार्ग है।

तीसरा मार्ग है, परसों एक बड़े बैंक के चेयरमैन मेरे पास आए और उन्होंने मुझे 25 हजार करोड़ रुपये का चैक दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि सर आपको जितना पैसा चाहिए, मैं देता हूं, लेकिन आप कॉन्ट्रैक्टर को देने के लिए मत कहिए। अभी ऐसी पॉज़िशन नहीं है। परसों मेरे मन में एक आइडिया आया कि 50 प्रोजेक्ट्स को मोनिटाइज कर दीजिए । फोरेन कंट्रीज में टोल मोनिटाइज 30 साल के लिए होता है, लेकिन हमारे इण्डियन बैंकर्स कहते है कि हम 15 साल से ऊपर नहीं करेंगे। मैंने जो 50 प्रोजेक्ट्स पूरे हैं, उनकी यादी निकालकर भेज दी है। वे मुझे 50 हजार करोड़ रुपये 8-10 दिन में दे देंगे। मैंने यह प्रोजेक्ट मोनिटाइज किया है। हमने टी.ओ.टी. मॉडल निकाला। टी.ओ.टी. मॉडल में पहला मॉडल इतना अच्छा हुआ, जो आस्ट्रेलियन कंपनी ने लिया था। टी.ओ.टी. यानी एक बण्डल था। वह बण्डल अच्छा मिला, जिसमें हमें 6,400 करोड़

रुपये मिलने थे, उसमें हमें 9,400 करोड़ रुपये मिले। वह राशि ओवर मिली, यानी 150 परसेंट मिली। हमने उसको मोनिटाइज किया था। यह टी.ओ.टी. मॉडल था। टी.ओ.टी. मॉडल होता है, जैसे 7-8 प्रोजेक्ट्स का एक बण्डल बनाते हैं। उसमें पूरे बण्डल के रोड्स मेंटेनेंस करने की उसकी जिम्मेदारी है, टोल कलेक्ट करना उसकी जिम्मेदारी होती है। उसको 15 साल का अधिकार मिल जाता है। इसके बदले वह उसको पूरी तरह स्क्रूटिनाइज करके मोनिटाइज करता है और हमें एडवांस में एन.पी.ए. वैल्यू निकालकर देता है। That is TOT Model. इसमें एक गड़बड़ हो गई। जब दूसरा मॉडल निकाला गया तो उसमें बंगाल के 4 प्रोजेक्ट डाल दिए और बाहर के भी कुछ प्रोजेक्ट्स डाल दिए, इसे एक भी आदमी लेने नहीं आया। मैंने उनको कहा कि होशियार लड़कों की एक क्लास खोलिए, सेकण्ड क्लास वालों की अलग क्लास खेलिए और जो फेल हुए हैं, उनको अच्छी ट्रेनिंग देने के लिए अलग से क्लास लगाइए। सबको मिक्स मत कीजिए। हमने दूसरे टी.ओ.टी. मॉडल में कुछ चेंजेज किए। उसके बाद हम मसाला बॉण्ड्स में गए। मैं सिंगापुर और लंदन गया था। लंदन एक्सजेंच में हमें 5000 करोड़ रुपये मिले। हमें फाइनेंस मिनिस्ट्री ने 70,000 करोड़ रुपये के बॉण्ड्स खड़े करने की अनुमति दी है। इसके बाद एन.आई.एफ. है। आपको मालूम होगा कि वर्ष 2014 के बजट में जेटली जी ने इसका ऐलान किया था। कल हमने उनसे एम.ओ.यू. साइन किया है। वह हमको 40 हजार करोड़ रुपये और 60 हजार करोड़ रुपये दिल्ली तथा मुम्बई के लिए देने को तैयार हैं। हमने स्वाभाविक रूप से पैसा खड़ा करने का इनोवेटिव मैथड तैयार किया है। हम एसेट्स को मोनिटाइज कर रहे हैं। यह और सरकार का बजट दोनों जोड़कर काम करते हैं। जो प्रोजेक्ट पूरा होता है, उसको फिर से मोनिटाइज करते हैं और दूसरे प्रोजेक्ट में डालते हैं। उसको पूरा करने के बाद तीसरे प्रोजेक्ट में डालते हैं। ऐसा करते हुए हम बिहार, यू.पी., गुजरात, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश और गुजरात के प्रोजेक्ट्स ऐसे हैं, जब हम वहां जाते हैं तो उनको लेने वाला 300-400 करोड़ रुपये एडवांस देता है। जब हम यू.पी. और बिहार जाते हैं, तो वहां स्वाभाविक रूप से ट्रैफिक डेंसिटी और ग्रोथ रेट कम है। इसमें फॉरेन फण्ड भी आ रहा है। जो प्रोजेक्ट मोनिटाइज हुए, उनमें

ऑस्ट्रेलियन कंपनी आ रही है, यू.के. के फण्ड्स आ रहे हैं, अमेरिकन फण्ड्स आ रहे हैं, पेंशन फण्ड्स आ रहे हैं, सिंगापुर की कंपनी आई, हांगकांग की कंपनी भी आई। मैं थोड़ा नेशनलिज्म फीलिंग्स का हूं। मैंने अपने विभाग को कहा कि फॉरेन वालों को क्यों लाते हो? हमारा गरीब पत्रकार होगा, गरीब टीचर होगा, गरीब कुली होगा, छोटा आदमी होगा वे बैंक में जाते है तो उनको 5.5-6 परसेंट इंट्रैस्ट मिलता है।

आप उसको 8 परसेंट इंटरेस्ट दीजिए। उसको बोलिए कि मंथली चाहिए, तो मंथली इंटरेस्ट, वीकली चाहिए तो वीकली इंटरेस्ट, डेली चाहिए तो डेली इंटरेस्ट, ईयरली चाहिए तो ईयरली इंटरेस्ट मिलेगा। हम टोल का पैसे लेंगे तो उसको देंगे। गरीब आदमी के पैसे से टोल क्यों न बनाएं, काहे के लिए फॉरेन इन्वेस्टमेंट? उसे बाद में लाएंगे। पहले हम अपने लोगों को यह चांस देंगे, तो यह भी मॉडल आ गया। अगर आपको मैं एक बात बताऊं तो आपको आश्चर्य होगा। जब मैं शिपिंग मिनिस्टर था तो कोचीन शिप यार्ड के लिए मैं मुंबई स्टॉक एक्सचेंज गया था। जब साढ़े नौ बजे पहुंचा तो पूरा इंडेक्स 150 प्वाइंट्स से डाउन हो गया था। मेरे एडवाइज़र, इन्कम टैक्स कमिश्नर मेरे पी.एस. थे। उन्होंने बोला कि सर, आज का दिन खराब है, आज पोस्टपोन कर दीजिए। मेरे स्वभाव में एक खोट है, मैने कहा कि एक बार बोला, होगा तो होगा, जो होगा देखा जाएगा, हम जाएंगे। हम गए तो मुझे मुंबई स्टॉक एक्सचेंज के बुल के साथ मेरा फोटो निकालने के लिए बोला गया, तो मैं डर गया। मैंने बोला कि आज तो यह बुल अपने को लम्बा करेगा। मैं साढ़े नौ बजे ऊपर गया, 10:00 बजे मैंने बेल बजाई। प्रोफेसर साहब, यह भारत सरकार की रेपोटेशन है कि 1600 करोड़ रुपये कोचीन शिप यार्ड के लिए मुझे चाहिए थे और 10 बजकर 36 मिनट पर 1600 करोड़ रुपये की बजाय 1 लाख 26 हजार करोड़ मिले, मतलब ओवर सब्स्क्राइब्ड। फिर भी, कोचीन शिपयार्ड की तुलना में एनएचएआई को ट्रिपल ए रेटिंग वर्ल्ड कंपनीज़ से मिली है। इसकी पूरे वर्ल्ड में रिकगनिशन है।

अध्यक्ष महोदय, हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने एनएचएआई पर भाषण देने के लिए मुझे निमंत्रित किया है। इसकी अमरीका में स्टडी हो रही है, इसका मतलब यह एक सक्सेसफुल मॉडल है। यह

स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में शुरू हुआ था। हम धनवान देश नहीं हैं। जो गाड़ी खरीदता है, उससे टोल लेना चाहिए। हम स्कूटर वाले से, ट्रैक्टर वाले से टोल नहीं लेते हैं। मैं भी किसान हूं, मैंने बोला है कि गन्ना रखने वाले ट्रैक्टर से टोल नहीं लेना है, किसान की ट्रैक्टर में अनाज होगा, उससे टोल नहीं लेना है, ऑटो रिक्शा से टोल नहीं लेना है। हम फोर व्हीलर वाले से, ट्रेलर से, ट्रक वाले से टोल टैक्स लेते हैं। इस पर अभी भी विचार चल रहा है। बहुत सारे सुझाव आए हैं। यह निर्णय स्वाभाविक रूप से माननीय प्रधान मंत्री जी, वित्त मंत्री जी के मार्गदर्शन में होगा। जो स्कूल बसें हैं, उनको टोल देना पड़ता हैं, स्टेट ट्रांसपोर्ट की बसें हैं, उनको टोल देना पड़ता है और स्टेट ट्रांसपोर्ट की हालत कैसी है, आपको पता है। मैं आज भी भूल नहीं पाया हूं कि एक बार मैं अपनी गाड़ी के पास खड़ा था, जिसमें पेट्रोल भरवाया जा रहा था। वहां एक छोटा सा बच्चा था, तभी एक स्टेट ट्रांसपोर्ट वाली गाड़ी आई। उसने जोर से हाथ उठाकर कहा कि चलो जाओ यहां से। मुझे काफी आश्चर्य हुआ। मैंने उससे कहा कि तुम्हारे पास डीज़ल है, फिर उसको क्यों भगा रहे हो? उसने कहा कि साहब, इनकी गाड़ी में डीज़ल भरने के बाद ये पैसे ही नहीं देते हैं।

अध्यक्ष महोदय, स्टेट ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों की ऐसी स्थिति है, इसलिए क्या उनको कंसेशन दिया जा सकता है? भविष्य में इस पर विचार होगा। एम.पीज़ के लिए फासटैग की सुविधा है। एक अड़चन सही है, जो आपने इसमें कही है कि टोल नाके पर आपको रुकना पड़ता है। मैंने उनको बोला है कि अगर आप टोल लेते हैं तो रोड अच्छी बनाइए, नहीं तो कॉंट्रैक्टर पर पैनल्टी लगाइए। आप गड्ढे भी रखेंगे और टोल भी वसूलेंगे, तो यह नहीं चलेगा। जो टोल देने वाली बात है, जैसे कि जयपुर वाली एक रोड है, जहां बहुत लाइन लगती है, जो दिल्ली से नजदीक है और कठपुतली से आगे है। वहां बहुत तकलीफ होती है। आज आपके इस डिस्कशन के पहले ही मैंने अपने डिपार्टमेंट को कहा कि बहुत हो गया। 4 महीनों के अंदर हमारे पूरे टोल फासटैग में कनवर्ट होंगे और एक भी व्यक्ति टोल नाके पर नहीं रुकेगा। अब यह समस्या खत्म हो जाएगी। अभी तक हमने 58 लाख फासटैग दिए हैं। मैं आपको भी कहूंगा कि आप अपनी गाड़ी में वह स्टिकर लगवा लें, आपको तो टोल देना नहीं है। इसीलिए अब 4 महीने के अंदर हर आदमी को फासटैग का

स्टिकर खरीदना होगा। यह नई गाड़ियों में लगकर आता है और जो यह स्टिकर 4 महीने में नहीं लेगा, उसकी गाड़ी टोल पार करके नहीं जा सकेगी। यह मैनडेटरी हो जाएगा। अभी यह दिल्ली के हाईवे रिंग रोड पर है कि आप जहां से जाते हैं, और जहां से बाहर निकलते हैं, वहां पर नोटिंग होती है और मोबाइल फोन जैसा यह चार्ज होता है। एक और सिस्टम है कि आपके मोबाइल फोन से आप टोल नाका आने से पहले फोन करिए और बात करिए और टोल नाके का टोल ट्रांसफर कर दीजिए, आपकी गाड़ी का नंबर आएगा, बैरियर खड़ा हो जाएगा और आप आगे चले जाएंगे। यह भी सिस्टम है। जो भी सोफिस्टिकेटेड, बेस्ट सिस्टम्स या टेक्नोलॉजीज़ हैं, उनका उपयोग करके इसमें करेंगे।

सम्माननीय सदस्यों को सबसे महत्वपूर्ण चीज मैं बताना चाहूंगा कि बहुत से लोगों ने सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत सी बातें कही हैं।

Hon. Members have also raised their concerns about road safety. They also suggested to construct safe roads. I would like to inform the hon. Members that we have adopted an approach of project preparation where efforts are made to eliminate possibilities of accidents. मैं इस बारे में एक बात साफ बताना चाहता हूं कि मैं अधिकारियों को चेता चुका हूं। ये लोग जो मर रहे हैं, उसके लिए हमारे रोड जिम्मेदार है, रोड इंजीनियरिंग जिम्मेदार है। इनकी डीपीआर डिफेक्टिव है। मैंने उनको कहा है कि इसके बाद अगर कोई मरेगा तो आाप पर क्रिमिनल केस होगा और आपको पीडीपी जाना पड़ेगा। पहली बार हमने 786 ब्लैक स्पॉट आइडेंटिफाई किए हैं, उसमें से लगभग 300 पूरे हो चुके हैं। आपकी कंसर्न थी कि बहुत कम पैसे हैं। आज 11 बजे वर्ल्ड बैंक के साथ दिल्ली में मीटिंग है। …(व्यवधान) सर, उसके लिए हमने दस टन के ट्रक को साढ़े 12 टन तक अलाऊ कर दिया है ताकि कोई पैसे न ले।

हमने 15 हजार करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट बनाया है और उसे एडीबी और वर्ल्ड बैंक को दिया है। फाइनैंस मिनिस्ट्री ने प्रिंसीपली सपोर्ट किया है। केवल भारत सरकार के ही नहीं बल्कि

राज्यों के रोड के ब्लैक स्पॉट को इम्प्रूव करने के लिए पैसा खर्च करेंगे। मैं कल कह चुका हूं कि तमिलनाडु ऐसा पहला स्टेट है, जिसने 15 परसेंट एक्सीडेंटल डेथ कम की हैं। उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा है। मैं आपसे अनुरोध करूंगा कि आपकी अध्यक्षता में, कुछ माननीय सदस्य नये आए हैं, आप मेरे डिपार्टमेंट से फॉलोअप कीजिए। आपकी अध्यक्षता में अपघात निवारण समिति आपके क्षेत्र में फोर्म की गई है जो एक्सीडेंट्स को रोकने के लिए है। आपको अधिकार दिया गया है और उसमें जिलाधिकारी भी है। आप एक्सीडेंट स्पॉट्स पर जाइए, विज़िट कीजिए कि कौन जिम्मेदार है, उसकी रिपोर्ट तैयार कीजिए। कार्पोरेशन जिम्मेदार होगा, स्टेट गवर्नमेंट या भारत सरकार होगी, एक रिपोर्ट भेजिए कि क्यों नहीं हुआ, उसके लिए आपको अधिकार दिए गए हैं। आप उसकी इनक्वायरी कर सकते हैं। आप इस कमेटी को आप फोर्म कर लीजिए।

मुझे एक बात स्वीकारते हुए दर्द हो रहा है कि हमारे डिपार्टमेंट की हर चीज सक्सैसफुल हो रही है। मैंने कहा था कि पचास परसेंट एक्सीडेंट्स कम करेंगे और मैं 4-4.5 परसेंट कम कर चुका हूं। रोड सेफ्टी के बिल के बारे में मैंने कल भी कहा था कि मैं तैयार हूं। रोड सेफ्टी बिल को 18 राज्यों के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स, जिसमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कांग्रेस राज्य कर्नाटक के उस समय के ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर थे। 18 ट्रांसपोर्ट मिनिस्टर्स ने बिल तैयार करके मंजूरी दी थी। उसके बाद उसे राज्य सभा की सिलेक्ट कमेटी के पास भेजा गया, उसने क्लीयर किया। उसके बाद लोक सभा की स्टैंडिंग कमेटी ने क्लीयर किया। उस समय अनंत कुमार जी थे, मैंने उनसे कहा कि आप इसे देखिए, उन्होंने कहा कि लोग मानते नहीं हैं, फिर उसने भी क्लीयर किया। अब दोनों कमेटियों ने क्लीयर किया, 18 राज्यों के मंत्रियों ने क्लीयर किया तो क्या अब यह करप्शन कम नहीं होना चाहिए? फारुख साहब सही कह रहे हैं कि हमें बाकी बातों में भी सुधार करना है, जिसमें रोड इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, इंटेलिजेंट ट्रैफिक सिस्टम और हमारा एडमिनिस्ट्रेटिव रोल, जिसमें लाइसेंस इत्यादि आते हैं।

महोदय, मैं सम्माननीय सदन को बताना चाहता हूं कि देश में 25 लाख ड्राइवर्स की कमी है। मैंने ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर की एक योजना बनायी है। मैं सभी सांसदों को कहता हूं कि आपके

निर्वाचन क्षेत्र में एक ड्राइविंग सेंटर देने के लिए मैं तैयार हूं। खास तौर से आपका जो ट्राइबल एरिया और बैकवर्ड एरिया है, जहां पढ़े-लिखे लड़के कम हैं, वहां के लिए आप कीजिए। मुम्बई, कोलकता, चेन्नई और बैंगलुरू जैसे शहरों के लिए जरूरी नहीं है। लेकिन जो पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां रोजगार नहीं है वहां के लिए आप करेंगे तो बहुत अच्छा होगा और ड्राइवर्स की कमी दूर होगी।

दूसरी बात, ड्राइविंग लाइसेंस की है। हमने वाहन सॉफ्टवेयर बनाया है और सारा डेटा हमारे पास आ गया है। नेम प्लेट्स का भी हो गया है अब सब पता चल जाता है। लेकिन समस्या यह है कि एक व्यक्ति तीन-तीन, चार-चार लाइसेंस लेता है। अमेरिका और यूके में आप जाएंगे तो ड्राइविंग लाइसेंस नहीं मिलता है। बहुत कठिन है। लेकिन हमारे यहां तो लोग आरटीओ ऑफिस नहीं जाते हैं, परीक्षा नहीं देते हैं और लाइसेंस लेकर आ जाते हैं।

आप मुझे बताइए कि क्या इसी प्रकार से लाइसेंस मिलते रहेंगे? ट्रक का जो ड्राइवर होता है, वह पहले हेल्पर होता है और सामान इत्यादि उठाता है। जब ड्राइवर चलता है तो वह भी बैठ जाता है और ड्राइविंग करता है और ड्राइवर बन जाता है। रात को वह भी चलाता है। आपने सही कहा कि रात को ढाबे के बाजू में रोड पर गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। मैं इसका भुक्तभोगी हूं। हमने तय किया है कि अगर आप नये बिल को मंजूरी देते हैं तो हमें अधिकार मिलेंगे। आज हमारे पास अधिकार ही नहीं हैं। अगर अधिकार मिलेंगे तो हम कुछ कार्रवाई कर पाएंगे और इससे लोग जागरुक होंगे।

अब तो इनोवेशन यहां तक हो चुका है कि अगर कोई दारू पीकर गाड़ी में बैठता है तो उसकी स्मैल से गाड़ी चालू नहीं होती है। बेल्ट नहीं लगाता है तो पुलिस कमिश्नर के ऑफिस में बेल बजती है कि इस गाड़ी का यह नंबर है और इसने बेल्ट नहीं लगाया है। उसके पास तुरन्त चालान पहुंच जाता है। हमें कुछ बातें करनी पड़ेंगी। बहुत से नियमों के बारे में उदासीनता है, नॉन सीरियसनेस है, उसके लिए हमें कहीं न कहीं कठोर होना होगा। अगर हम नहीं होंगे तो लोग मरते रहेंगे। मुझे बताइए कि हमारे देश में डेढ़ लाख लोग साल में मर रहे हैं। क्या वे किसी लड़ाई में मरते हैं, क्या वे आतंकवादी हमलों में मरते हैं? …(व्यवधान)

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर):** सर**,** पॉइंट ऑफ ऑर्डर है। मंत्री जी**,** आप जो बिल ला रहे हैं।**I** do not think anyone of us has any objection. आप बिल जल्दी लाइए**,** फिर देखते हैं कौन साथ है और कौन नहीं?

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** फारूख साहब, आपने बिलकुल सही बात कही है। मैंने कल ही प्रज़ेंट किया है। आपकी बात से मैं सहमत हूं। मैं एक-डेढ़ साल नहीं कर सका, उस इतिहास को भूल जाता हूं। मुझे लगता है कि नई संसद में आप लोग सहयोग करेंगे, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** गडकरी जी**,** पिछले सात सालों में यमुना एक्सप्रेस वे पर सात सौ लोग एक्सीडेंट्स में मर चुके हैं …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, माननीय सदस्य का अभी जवाब मत दीजिएगा, जब क्लैरिफिकेशन्स होंगी, तब जवाब दीजिएगा।

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** हमने टायर्स के लिए स्टैंर्ड्डस तय नहीं किए हैं। अमेरिका में टायर्स में सीलिका एड होती है। हम टायर में हवा भरते हैं, जबकि नाइट्रोजन भरनी चाहिए क्योंकि जब हवा गर्म हो जाती है तो टायर फट जाता है। छोटी-छोटी बातों को करने के लिए उपाय और टेक्नोलॉजी दोनों हैं। अगर लोग नहीं मानते हैं तो लोगों की जान बचाने के लिए इनफोर्समेंट करना होगा। आप बिलकुल सही कह रहे हैं। इसलिए आप जो भी बताएंगे, उसका हम जरूर उपयोग करेंगे।

महोदय, मुरलीधरन जी को मैं बताना चाहूंगा कि सड़क दुर्घटना का मुआवजा मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत दिया जाता है। इसकी प्रक्रिया बहुत जटिल थी और मुआवजा भी बहुत कम था। इस कारण हर पीड़ित को अदालतों में जाकर इंतजार करना पड़ता था। नये बिल में यह प्रोविजन है कि सभी लोगों को कम से कम तीन महीने में पांच लाख रुपये मिलेंगे । यह उनके भलाई की बात है। अगर किसी व्यक्ति को अधिक मुआवजा चाहिए तो वह अदालत जा सकता है। इसी के साथ गोल्डन ऑवर में कैशलेस ट्रीटमेंट का भी प्रावधान किया गया है ।

सम्माननीय सदस्य डॉ. जी. रणजीत रेड्डी, पिनाकी मिश्रा जी और दानिश अली जी ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए केवल दो सौ करोड़ रुपये दिए हैं। एनएचएआई अभी तक इस पर तीन हजार करोड़ रुपये खर्च कर चुका है और 15000 करोड़ रुपये का वर्ल्ड बैंक और एडीबी के साथ करार किया है। वर्ल्ड बैंक के साथ मेरी 11 बजे मीटिंग है। मेरा भाषण समाप्त होने से पहले ही शायद सूचना आ जाएगी कि वह क्लीयर होने की सम्भावना है। वह पैसा भी हम उसमें देंगे। पैसे की हमारे पास कमी नहीं है। नेशनल हाईवेज़ को सुरक्षा की दृष्टि से आईआरसी स्टैंर्ड्डस का पालन करके ही बनाया है। मल्टीलेटरल एजेंसीज के साथ राज्यों में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए हमने प्रोग्राम की रूपरेखा बनाई है।

सर, मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि एडीबी ने सात हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट को इन-प्रिंसीपल आज अप्रूवल दे दिया है।

अगले कुछ दिनों में वर्ल्ड बैंक का भी क्लीयरेंस मिल जाएगा। आपके राज्यों में भी इसका काम हो जाएगा। कुरियाकोस और दामोर जी ने ट्रॉमा सेंटर की बात कही है। मेरे पास ट्रॉमा सेंटर नहीं आता है। वह हेल्थ मिनिस्ट्री में आता है, लेकिन मैं आपकी बात को उन तक पहुंचाऊंगा। हमने एक बात एम्बुलेंस की कही है। अभी मेरे पास रिकार्ड हैं कि कितनी एम्बुलेंस हैं। हम 203 एम्बुलेंसेज़ पहली बार एक महीने के अंदर दे रहे हैं। इससे पहले 350 एम्बुलेंसेज़ चल रही हैं। उन एम्बुलेंसों में कटिंग्स टूल्स भी हैं। तीन लोग हैं, चार पेशेन्ट्स स्ट्रेचर पर जा सकते हैं और दो लोग बैठ सकते हैं। उसको और ड्राइवर को भी ट्रेनिंग दी गई है कि वह दोनों काम करेंगे। वह स्लाइन भी दे सकता है और बस की कटिंग भी कर सकता है। ऐसी 203 एम्बुलेंसेज़ हम लोग लगा रहे हैं।

अभी हमने हिमाचल प्रदेश में रोड साइड में क्रैश बैरियर लगाया है। आपका संरक्षण चाहिए, उसको लोगों ने उखाड़कर फेंक दिया और उसके ऊपर अपनी दुकान और टपरी डाल दी है। अब, इसमें थोड़ा-सा सहयोग चाहिए कि कश्मीर, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, मैंने रेट कॉन्ट्रैक्ट करके कहा कि जितना लगता है, उतना लगाइए, लेकिन एक भी बस नीचे नहीं जानी चाहिए। अब समस्या यह है कि उसमें जनता का भी सहयोग चाहिए और इस अतिक्रमण को भी हटाना होगा।

अगर उसको नहीं हटाएंगे, तो फिर बसें नीचे जाएंगी, फिर लोग मरेंगे। आज कितना बड़ा हादसा हुआ है, उसमें हमारे जवान-सैनिक और सात-आठ लोग मरे हैं, कई लोग जख्मी हुए हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत सीरियस इशू है। इसलिए, मैं इसके बारे में आपकी भावना से बिल्कुल सहमत हूं।

मैं किरण जी को बहुत-बहुत धन्यवाद दूंगा कि मोटर व्हीकल एक्ट बिल पर विलंब की वजह से उन्होंने जो कहा था कि मौतें हो रही हैं, आपने मेरी भावनाएं बताई हैं। मैं आपका बहुत आभारी हूं और मुझे लगता है कि अब सदन की जो भावना बनी है, यहां पर भी और राज्य सभा में भी, यह दोनों सदन में मंजूर हो जाएगा । मैंने कल आपसे यह भी कहा था कि अगर इसके बाद भी आपका कोई सुझाव होगा, तो आप मेरे पास आइए और मुझे बताइए । हम इतने लोगों के सुझावों को लेकर आए हैं, वह भी करेंगे । उसमें कोई अड़चन नहीं आएगी और वह आपके सहयोग से मंजूर हो जाएगा ।

हमारी सरकार की एक सबसे बड़ी अचीवमेंट यह है कि यूरो बीएस फोर के हमारे इमिशन के स्टैंडर्ड हैं। इस पर पांच मंत्रियों ने मीटिंग ली और सभी मैन्युफ्रैक्चर्स हमारे पास आए थे । मैंने कहा कि आप बीएस फोर से जंप मारिए और सिक्स में जाइए । Sir, this is not possible. सब मैन्युफ्रैक्चर्स नाराज हो गए, कहा कि ऐसे डंडा चलाएंगे, तो हम नहीं मानेंगे। मैंने कहा ठीक है। महोदय, हमने जबरदस्ती निर्णय किया। मैंने कहा कि करेंगे, तो तुम्हारे साथ, नहीं आओगो, तो तुम्हारे बिना, अगर नहीं आओगे, तो घिसटते हुए लेकर जाऊंगा, देश में प्रदूषण की स्थिति गंभीर है। अब हमने निर्णय ले लिया है कि किसी भी कीमत पर 1 अप्रैल, 2020 से यूरो सिक्स यानी बीएस सिक्स के इमिशन नार्म्स को अलाऊ करेंगे । मुझे खुशी है कि आज सब लोगों ने इसे अपनाया है और यह सक्सेसफुली हुआ है । आज देश का प्रदूषण कम हो रहा है। दिल्ली में 32 प्रतिशत प्रदूषण कम हुआ है। जब इलेक्ट्रिक बसे आएंगी और नए रोड बन जाएंगे। अभी दिल्ली से 60,000 ट्रक बाहर चले गए हैं। इसके बाद कोई नहीं आएगा । मैं यह भी मानता हूं कि आप सबके सहयोग से दिल्ली को प्रदूषण मुक्त करना है। मुझे लगता है कि यह एक अच्छी बात हुई है । यह हमारे लिए बहुत ही अच्छा है । हमने जो इनोवेटिव स्टैंडर्ड्स तैयार किए हैं, ग्लोबल एनसीएपी

करके है । आप यूरोप में जाइए । फारूख साहब, आप लंदन में डबल डेकर बस में बैठे होंगे, कितनी सुंदर बसें हैं। मुझे समझ में नहीं आया, मैं टेक्निकली कम जानता था। मैं सोचता था कि लंदन की बस अच्छी है, स्वीडन की बस अच्छी है, यूके की अच्छी है, अमेरिका की अच्छी है और हमारे यहां की टीन वाली बसें, इस बस में हार्न छोड़कर सब कुछ बजता है। आप इसको किस स्टैंडर्ड में रखते हैं, मुझे बताइए। मैंने एक दिन कहा कि इसको छोड़ दीजिए, आप यूके का स्टैंडर्ड अलाउ कर दीजिए। क्या होता है कि पंजाब, हरियाणा और मध्य प्रदेश में हथौड़ा और कील लेकर कोई भी बैठ जाता है और बस की बॉडी बनाने लगता है । मैंने उनको कहा कि यह सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है । वह लकड़ी काटता है, ट्रक की चेसिस लाता है, लाइट लगाता है और बॉडी बनाता है । आपके कश्मीर में भी बहुत है । वह सुरक्षित नहीं है। मैंने उनसे कहा कि मैं एमएसएमई का मंत्री हूं । फारूख साहब, मैं उनको लोन देने के लिए तैयार हूं । उनको कहिए कि अब वर्ल्ड स्टैंडर्ड की सुरक्षा के हिसाब से अच्छी बसें होनी चाहिए । आप इससे खिलवाड़ मत करिए । एक बस में कितने लोग मरते हैं । …(व्यवधान)

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला :** 25-25 साल और 30-30 साल पुरानी बसें हैं । …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** इसीलिए, सबसे महत्वपूर्ण चीज यह हुई है कि हम डीज़ल को बॉयो सीएनजी में कन्वर्ड करने की योजना लाए हैं । मैं आप सबको आमंत्रित करूंगा कि मेरे संसदीय क्षेत्र में नागपुर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की 400 बसें हैं, जो गंदा पानी था, उससे मीथेन निकालकर सीओटू अलग करके उसको कन्वर्ड कर रहे हैं। उसका अगले महीने में उद्घाटन है। 400 बसें, 150 कारें और 150 ट्रक्स हैं। ये सब जो स्लज है, मटन-मछली मार्केट और वेजीटेबल्स मार्केट का जो वेस्ट है, उसको बॉयो डाइजेस्टर में डालकर उसे सीएनजी बनाकर प्रदूषण फ्री किया गया है।

इंपोर्ट सब्सिट्यूट, कॉस्ट इफैक्टिव पॉल्यूशन फ्री है। आप अपनी जगहों पर यह सब कीजिए। फ़ारुख़ साहब, ये बसें इतनी सुंदर हैं कि उनमें स्मैल नहीं है, आवाज़ नहीं आती है, ऐसा लगता है कि आप इलैक्ट्रिक बस में बैठे हैं। 20-20 साल पुरानी बसों को हमने नई ग्रीन बसों में कन्वर्ट किया है। यह बहुत जरूरी है । डीज़ल बहुत हानिकारक है। डीज़ल का उपयोग कम करना

चाहिए। इसलिए एलपीजी, एलएनजी, सीएनजी, बायो-सीएनजी, बायो-इथेनॉल, जो किसान तैयार करता है, मुझे बहुत खुशी हुई, क्योंकि मैं 12 साल से इसके लिए काम कर रहा हूँ । दो दिन पहले टीवीएस कंपनी और बजाज कंपनी को मैंने कहा था कि जब तक तुम शत प्रतिशत बायो-इथैनॉल पर बाइक तैयार नहीं करोगे, तब तक मेरे यहां मत आना और न ही किसी काम के लिए बात करना । उस यंग लड़के ने, जो टीवीएस का एमडी है, उसने बाइक बनाई । सर, मैंने उसको लॉन्च किया है । शत् प्रतिशत किसानों के चलाए हुए बायो-इथैनॉल पर वह बाइक चल रही है। अब कोई इंपोर्ट डीजल-पैट्रोल की जरूरत नहीं है । अब इतना ही नहीं है, जो कनाडा, अमरीका और ब्राज़ील में फ्लैक्स-इंजन है, मैने धर्मेन्द्र प्रधान जी को कल ही पत्र लिखा है कि अब इथैनॉल की बाइक आ गयी है कि अब ऐसी वहां चाइस है कि आपकी गाड़ी अगर ले जाएंगे, वहां टोयोटा, फॉर्ड और ह्युंडई आदि सब का यही है । यह फैसिलिटी है कि आप 100 प्रतिशत पैट्रोल डालो या 100 प्रतिशत बायो-इथैनॉल डालो, It is the consumer's choice. मैंने कहा कि इस पॉलिसी के लिए आप पंप खोलने के लिए हमें परमिशन दीजिए। इस देश का किसान भी खुश होगा। पॉल्युशन भी कम होगा। इंपोर्ट भी बचेगा। इकोनॉमी भी अच्छी होगी और रोज़गार का भी निर्माण होगा। यह प्रयोग हम लोग कर रहे हैं, क्योंकि बहुत लोगों ने कहा कि यह भी काम इसके साथ हुआ है। कई माननीय सदस्यों ने वाहन प्रदूषण तथा इलैक्ट्रिक वाहनों के बारे में बताया है। एक बात सच है कि इलैक्ट्रिक हमारे लिए फ्यूचर है। अब इलैक्ट्रिक में काफी गाड़िया आ रही हैं, सभी बसें आ रही हैं। अभी पुणे कार्पोरेशन में डेढ़ सौ बसें इलैक्ट्रिक की खरीदी हैं। मुंबई में बेस्ट द्वारा डीजल की बसें चलती हैं, उसका खर्चा 115 रूपये प्रति किलोमीटर है। 100 प्रतिशत बायो-इथैनॉल पर हम बस चलाते हैं, उसका खर्चा 69 रुपये प्रति किलोमीटर है। यह जो इलैक्ट्रिक एयर कंडीशंड बस है, इसका खर्चा 50 रुपये प्रति किलोमीटर है। हम लोग 25 प्रतिशत टिकट कम कर के देश के सभी गरीबों को इलैक्ट्रिक एयर कंडीशंड बसों में घूमा सकते हैं। अब उसका मॉडल हम लाए हैं । जो लंदन का मॉडल है, जो वर्ल्ड बैंक ने दिया है, उसमें नौ ऑपरेटर्स हैं, वही बसें खरीदते हैं, ड्राइवर उसका होता है, कंडक्टर कॉर्पोरेशन का होता है । 225 किलोमीटर की गारंटी दी जाती है। बसें मॉडल से

सभी देश में जाती हैं । इससे हमारा पब्लिक ट्रांसपोर्ट पॉल्युशन फ्री और कर्म्फटेबल होगा और गरीबों को राहत मिलेगी। यह लंदन ट्रांसपोर्ट के मॉडल को हम पूरे देश में लागू करना चाहते हैं । मैं देश के सभी ट्रांसपोर्ट मंत्री जी को, मैंने प्रधान मंत्री जी को उनकी अनुमति के लिए लिखा है, मैं लंदन ट्रांसपोर्ट का मॉडल उनको दिखाना चाहता हूँ ताकि हमारे देश में सभी जगहों पर इसका उपयोग हो ।

सर, सड़क सुरक्षा के लिए जो इलैक्ट्रिक का डर महसूस किया गया है कि हम लोग गाड़िया बंद कर देंगे। हमारी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री 2,45,000 करोड़ रुपये की है। एक समय हमारी पार्टी ने मारुति का विरोध किया था। आज मैं मानता हूँ कि India is becoming a manufacturing hub of automobile sector. जब मैं मुंबई पोर्ट में जाता हूँ, तूतीकोरिन जाता था, तो मुझे हजारों गाड़िया लाइन में शिप पर चढ़ती हुई दिखती थीं। अब हमारी गाड़ियां इंपोर्ट हो रही हैं। 45 हज़ार करोड़ रुपये का हमारा एक्सपोर्ट है। मैं आज सदन में विश्वास से बताना चाहता हूँ कि आने वाले पांच सालों में हमारा हिंदुस्तान वर्ल्ड में ऑटोमोबाइल्स मैन्युफैक्चरिंग का नंबर वन तो बनेगा ही, परंतु उसके साथ-साथ इलैक्ट्रिक मैन्युफैक्चरिंग ऑटोमोबाइल का भी हब बनेगा । हम देश को लीड करेंगे। हमारे प्रधान मंत्री जी ने इसके लिए, विशेष तौर पर लीथियम-आयन बैट्री के लिए नीति आयोग के साथ एक स्पेशल स्कीम बनाई है । अब इलैक्ट्रिक ऑटो रिक्शा, इलैक्ट्रिक बस, इलैक्ट्रिक कार आदि सपना नहीं है । अब छह महीने के बाद वह गाड़ी आपके पास आएगी और इंपोर्ट सब्सिट्यूट, कॉस्ट इफैक्टिव, पॉल्युशन फ्री और इंडीजीनियस होगी । मुझे लगता है कि अनेक लोगों ने जो शंका व्यक्त की है कि हम एग्जिस्टिंग को बैन लगा कर खत्म कर देंगे, ऐसा हम कुछ नहीं करने वाले हैं । हम लोग अभी यह समझते हैं कि हमारे एक्सपोर्ट हैं, हमारे रोज़गार में उसका योगदान है । परंतु एक बात भी जरूरी है कि जल्दी से जल्दी वह स्विच ओवर हो, और इलैक्ट्रिक, बायोफ्यूल आदि पर जाए तो अच्छा होगा । अगर नहीं जाएंगे तो फिर एक समय ऐसा आएगा कि कंज्यूमर का ही प्रेशर इतना होगा कि उनकी सेल कम होगी ।

**13.00 hrs**

इसलिए नेचुरल कोर्स में यह होगा। मैंने एक पत्रकार को प्रश्न पूछा कि आपके पास पेट्रोल की गाड़ी है, आप महीने भर में 6500-7000 रुपये खर्चा करते हो। कल अगर इलैक्ट्रिक गाड़ी पॉल्यूशन फ्री और आपका खर्चा 1200 से 1500 रुपये होगा तो मुझे आपके पास आकर यह कहने की ज़रूरत है कि आप इलैक्ट्रिक गाड़ी लें। जब 4000-4500 रुपये महीने की सेविंग है तो आप लेने ही वाले हो। इलैक्ट्रिक बाइक में भी यही है। इथेनॉल सस्ता है और इतना ही नहीं, अभी हमारे डॉ. सारस्वत नीति आयोग में हैं। वे कोल बेस्ड मिथेनॉल बनाने की बात कर रहे हैं। हमारे यहाँ असम पेट्रोलियम और आर.सी.एफ. मुम्बई, ये मिथेनॉल बनाते हैं। उनका मिथेनॉल 22 रुपये लीटर है। इजरायल में 12 रुपये लीटर, चाइना में 17 रुपये लीटर है और डीजल 65 रुपये लीटर है तो मिथेनॉल को भी फ्यूल के रूप में विकसित करने का काम कर रहे हैं। मुझे लगता है कि ट्रांसपोर्ट मंत्री के नाते एक तरफ इम्पोर्ट कम हो, दूसरी तरफ पॉल्यूशन कम हो, तीसरी तरफ लोगों की सेफ्टी का ध्यान हो और चौथी तरफ कम्फर्ट अच्छा मिले एवं कॉस्ट कम हो। उसके कारण देश के युवाओं को रोज़गार मिले, यही इसमें हमने किया है।

एक बात जो बहुत से सदस्यों ने कही है, उनके यहाँ 62 लोगों ने प्रोजेक्ट्स रखे। मैं सभी प्रोजेक्ट्स की डिटेल्स नहीं बता रहा हूँ, क्योंकि समय जाएगा। अभी मैंने एक सिस्टम शुरू किया है, कुछ लोग आए भी हैं कि हर स्टेट के एम.पी. क्वेश्चन अवर के बाद मेरे चैम्बर में आते हैं और अधिकारी और वे बैठ कर चर्चा करते हैं। मैंने तीन-चार स्टेट्स पूरे किए हैं। आज मैंने सेक्रेटरी को कहा कि जिन-जिन सदस्यों ने प्रोजेक्ट्स के बारे में कहा है, उन सब के प्रोजेक्ट्स की लिस्ट लेकर 15 दिन के अंदर इस प्रॉब्लम को रिजॉल्व कीजिए और मुझे रिपोर्ट कीजिए। जो आपसे नहीं होता है, वह मुझे दीजिए और विशेष रूप से डिले हो रहे हैं, रूडी जी ने बताया, वे मेरे पास चार बार आए,

वे बोले मंत्री जी चाहते हैं, पर ...* में बैठे हुए लोग नहीं चाहते हैं। ...(व्यवधान) मैंने सुन लिया। इस देश में माहौल ही ऐसा है, कोई तकरार करता है और सीरियस फ्रॉड इनवेस्टिगेशन में कोई कम्पनी जाती है तो हमारे लोग पैसे देने के लिए डरते हैं। कोई बैंक के पास जाता है तो बैंक दिया हुआ पैसा वापस लेकर, वह सब रुक जाता है। There are problems. समस्याएँ हैं, सब आसान नहीं हैं। इसमें फाइनेंशियल तकलीफें हैं, पर रूडी जी से मैं एक बात कहता हूँ कि पॉजिटिव एप्रोच, ट्रांसपेरेंट एप्रोच, टाइम बाउंड डिसिजन मेकिंग प्रोसेस, टीम वर्क, आप सब का सहयोग हम कर पाएँगे ।

मैं बहुत बार एक बात कहता हूँ, आप नाराज मत होइए कि there are some people who convert problems into opportunities, and there are some people who convert opportunities into problems. So, let us accept it as a challenge. इसलिए आप सब की समस्याएँ हैं, वे कठिन हैं।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** आपको वीडियो भी बहुत दिखाया है ।

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** हाँ, दिखाया है। अब आप जिस कम्पनी की बात कर रहे हैं, वह कम्पनी रांची से टाटानगर रोड बनाती थी। फिर एक ने पी.आई.एल. डाली, फिर हाई कोर्ट जज ने उसको बोला कि इनवेस्टिगेशन करो। पचास टके के ऊपर काम हुआ तो मैंने उसका पैसा मंजूर किया। फिर वह सीरियस फ्रॉड इनवेस्टिगेशन में गया। हमारे अधिकारियों ने कहा कि यह उधर गया, हाई कोर्ट ने भेजा, हम पैसा कैसे दें। दिया हुआ पैसा उसने वापस ले लिया। कम्पनी का पूरा बैंड-बाजा बज गया। अब उसके पास पैसे नहीं। आपको पता है कि मैं पी.डी. का एकाउंट खोल कर उससे धीरे-धीरे पैसा लेकर काम करवा रहा हूँ। अब प्रॉब्लम यह है कि किया तो अधिकारी के ऊपर कार्रवाई करो, बैंक ने नहीं दिया तो बैंक के ऊपर कार्रवाई होती है। अब लोग भी बोलते हैं कि दिया तो भी तकलीफ, नहीं दिया तो भी तकलीफ। अब ऐसी स्थिति में we have to find a way out with a positive approach and development-oriented approach to

---

* Not recorded.

resolve the issues. I am confident that we will get a solution for it. इसलिए 3,85,000 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स सॉल्व हो गए तो ये भी निकल जाएँगे । यह आखिरी का है । हाथी निकल गया, दुम बची हुई है । मैं आपको इतना ही कहूँगा कि इन प्रोजेक्ट्स की पूरी डिटेल्स मैंने अपने पास ले ली हैं । आप मुझे 15 दिन का टाइम दीजिए, उसके बाद 15 दिन सेक्रेटरी के, 8 दिन मेरे और एक महीने के अन्दर आप जितने प्रोजेक्ट्स के लिए बोलें, आप मेरे पास आओ, मैं आपको उसका पूरा समाधान करके दूँगा । We will resolve all the issues. ये जो आपकी तकलीफें हैं, मैं ऐसा सेशन एक बार अपने सपने में देख रहा हूँ कि जिस सेशन में मेरे पास कोई एम.पी. अपनी प्रॉब्लम के लिए आए नहीं । पर एक बात ज़रूर है कि जैसा इकनॉमिक्स का सिद्धांत है कि जितने नए नोट छापे जाते हैं, उतने फटे नोट बाजार में दिखते हैं । आप जितना काम करो, उतनी लोगों की अपेक्षा बढ़ जाती है। लोग बोलते हैं कि यह भी कर दो । अभी प्रिंसिपल हाइवे, हमारे मैनिफेस्टो में लिखा है कि हम लोग डबल करेंगे । बीच में फाइनेंस वालों ने कहा कि यह हाइवे हम लोग शायद बढ़ाएँगे तो पैसा कहाँ से आएगा। जैसा आपने शंका व्यक्त की ।

मैंने कहा कि मैं फाइनेंस वाला हूँ, आप चिंता मत कीजिए, लेकिन शायद मैं कॉन्फिडेंस देने में कम पड़ा, तो थोड़ी सी दिक्कतें आई हैं । आप चिंता मत कीजिए, इनको हम डिजॉल्व करेंगे ।

एक बात सीआरएफ फंड की आई। …(व्यवधान) सीआरएफ के संबंध में आप लोग मेरे पास आते हैं। …(व्यवधान)

महोदय, पेट्रोल और डीजल पर जो सेस लगा, उसमें से कुछ पैसा एनएचएआई को जाता है, कुछ हमें सीआरएफ में मिलता है, आप हमारे पास आते हैं, आखिर वह पैसा राज्य सरकारों को ही जाता है, लेकिन उसे मंजूर करने का अधिकार हमें होता है। …(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर**,** अभी तो सीआरएफ फंड खत्म हो गया है। अभी तो रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड हो गया है ।

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** नहीं, वह जो फंड है, अभी वह पूरा फंड फाइनेंस मिनिस्टर ने अपने साथ लिया है, वह बजट में रखा गया था और उसमें एक प्रोविजन किया गया कि वह पूरा पैसा आप राज्य सरकार को देंगे। …(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** सर, आपने 10 हजार करोड़ रुपया उत्तर प्रदेश को दिया है। …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी :** महोदय, जो लोग जो कुछ बोल रहे हैं, एक मेंबर ऑफ पार्लियामेंट होने के नाते मैं उनकी भावना से शत-प्रतिशत सहमत हूँ। मैंने आप सबकी बात निर्मला सीतारमण जी के कान में डाली है। मैं उनसे फिर से बात करूँगा। मैंने स्पीकर से भी बात की है। मैं उनसे अनुरोध करूँगा कि हमारे एम.पी. के अधिकार का यह फंड है, उनके आधे काम इस फंड के कारण होते हैं। इस फंड को एलोकेट आप कीजिए । आपको किसको कितना देना है, उतना परसेंट उसको दीजिए, लेकिन एम.पी. की यह बहुत महत्वपूर्ण माँग है । मैं उनसे इसके लिए अनुरोध करूँगा कि वे इसे फिर से एक बार देखें और आपकी बात को महत्व मिले । मैं इसके लिए निश्चित रूप से उनसे बात करूँगा ।

महोदय, रोड साइड एमेनिटीज के बारे में भी कुछ देरी हुई, कुछ काम नहीं हो पाया। अभी हमने मॉडल बदल दिया है। पहले हम 7 एकड़ जगह लेते थे, अब 10 एकड़ जगह ली, बहुत सुन्दर मॉडल बना है और टू लेन पेव्ड शोल्डर पर किया है। रोड के दोनों तरफ 10-10 एकड़ जगह ली गई है और रोड के बीच में एक ग्लास की बिल्डिंग होगी, 30-40 हजार स्कवायर फीट का एरिया होगा। ऊपर रेस्टोरेंट में लोग खाएंगे, उधर लैंडस्केपिंग होगी, गार्डन होगा, पार्किंग होगी, हेलीपैड होगा, इधर फूड मॉल होगा और 40 परसेंट शॉप्स उस एरिया के फ्रूट्स, वेजिटेबल्स, हैंडलूम, हैंडीक्रॉफ्ट से जुड़ी हुई होंगी । अगर कश्मीर में जाएंगे, तो कश्मीर के अखरोट और शॉल उन हाइवेज की रोड साइड की दुकानों में मिलेंगे, वहाँ के लोगों को काम मिलेगा। हर जिले में हम ऐसा बना रहे हैं। टू लेन पेव्ड शोल्डर के डिजाइन तैयार हो गए हैं, फोर लेन के हो गए हैं, सिक्स लेन के हुए हैं, एक्सप्रेस हाइवे के भी हुए हैं। हम इसके टेंडर निकालेंगे, इससे रोजगार मिलेगा। इसमें बहुत

अच्छी बात हुई है कि हमने हमारी पेट्रोल पम्प की जगह ले ली और मैंने विभाग को कहा कि हमें पैसे मिलने चाहिए। अब हमें मुम्बई-दिल्ली एक्सप्रेस हाइवे पर 300 पेट्रोल पम्प डालने हैं। मैंने कहा कि टेंडर निकालो, जगह हमारी और मशीन आपकी। प्रति लीटर पेट्रोल, प्रति लीटर डीजल आप कितना कमीशन लेते हो बोलिए । वहाँ टॉयलेट को भी मेनटेन करना पड़ेगा और पार्किंग को भी देखना होगा। अब टेंडर निकल रहा है ।

महोदय, हम लोगों को केवल मुम्बई-पुणे हाइवे पर ही 200 करोड़ रुपये पेट्रोल-डीजल बेचकर मिल जाएंगे। एक माननीय सदस्य बोलते हैं कि पैसा कहाँ से आएगा। लोग टॉयलेट में जाएंगे, तो टॉयलेट की साफ-सफाई रखने के लिए उनसे दो-पाँच रुपये लिए जाएंगे, उससे भी हमें दो-चार-दस करोड़ रुपये मिल जाएंगे । वह पैसा रोड के काम में आएगा और उस पैसे का उपयोग फिर से रोड के डेवलपमेंट के लिए होगा । जो दे सकता है, उससे लेना चाहिए और जो गरीब है, उसे फोकट में देना चाहिए । इसी तत्व के आधार पर यह डेवलपमेंट होगा, पैसे की कोई कमी नहीं है। मैंने मास्टर ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट भी किया है, मैं फाइनेंस को भी जानता हूँ। जितना काम करोगे, उतना पैसा मिलेगा। आप मेरी सभी बातों को रिकॉर्ड के रूप में लिखकर रखना और अगर मेरी कही हुई एक भी बात नहीं हुई तो आप मेरे खिलाफ जरूर प्रस्ताव लाइए । मैं विश्वास देता हूँ, वचन देता हूँ कि जो बात कहेंगे, वह हम करके दिखाएंगे। मोदी जी के नेतृत्व में, आप रुक जाइए, अभी लगभग 40 हजार किलोमीटर का काम हुआ है, 96 हजार किलोमीटर नेशनल हाइवे था, अब 1 लाख 37 हजार किलोमीटर नेशनल हाइवे हुआ है और करीब 50-55 हजार किलोमीटर प्रिंसिपल में अटका हुआ है। मैं उसके लिए आपसे बात करूँगा। यह देश बदल जाएगा। देश बदल जाएगा, पर्यटन को महत्व मिलेगा, एम्प्लॉयमेंट पोटेंशियल बढ़ेगा, आप कल्पना नहीं कर सकते हैं जी, जैसे दिल्ली-मुम्बई 12 घंटे में हुआ। मेरठ-दिल्ली, यहाँ मेरठ के हमारे माननीय सदस्य हैं, मेरठ-दिल्ली 4.5 घंटे लगते थे, अग्रवाल जी 3 महीने के अंदर आप 45 मिनट में आएंगे। हम लोग डासना से कानपुर तक हाइवे बनाने वाले हैं और कानपुर से लखनऊ का अभी टेंडर हो जाएगा, तो पूरा दिल्ली से लखनऊ हाइवे बन जाएगा।

माननीय स्पीकर महोदय, मैं आपको विश्वास देना चाहता हूँ कि मोदी जी के नेतृत्व में इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, साइंस, टेक्नोलॉजी, रिसर्च के माध्यम से देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएंगे।

We name it as 'knowledge'. Knowledge and technology are very important, and conversion of technology into wealth is the future of the country. इस देश के गांव, गरीब, मजदूर, किसान का कल्याण करते हुए और बेस्ट टेक्नोलॉजी का यूज करते हुए हम काम करेंगे, जैसे अमेरिका में रोड्स हैं।

कल राजस्थान के हमारे सांसद दुष्यंत जी ने बात कही। मैंने अपने ऑफिस में भूतपूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी का वाक्य लिख कर रखा है। उन्होंने कहा था - "American roads are not good because America is rich, but America is rich because American roads are good." बिल्कुल उसी प्रकार से, प्रधान मंत्री जी की इक्कीसवीं सदी का 'नया भारत' होगा। नए रोड्स, नए एक्सप्रेस हाईवेज होंगे और हवा में चलने वाली डबल डेकर बसेज भी होंगी। इससे नए भारत का निर्माण होगा। रोप-वे केबल कार की टेक्नोलॉजी भी हम लाए हैं।

मैं जब अभी वाटर रिसोर्सेज मिनिस्ट्री में था तो उस समय मैंने वैपकोस का ज्वायंट वेन्चर करके दिया। आप सभी लोग अपने-अपने शहरों में उसे बनाइए। वह बहुत सस्ता है। आने वाले समय में ट्रांसपोर्ट सेक्टर में इलेक्ट्रिक, इथेनॉल, मिथेनॉल, बायो-डीज़ल, बायो-सी.एन.जी. इत्यादि का इम्पोर्ट कम होगा। रोड्स बड़े बनेंगे। रोड्स से जाना एक बहुत अच्छा सुखद अनुभव होगा, ऐसे भविष्य के हिन्दुस्तान का निर्माण ट्रांसपोर्ट मिनिस्ट्री की ओर से लक्षित होगा।

आप सभी लोगों ने बहुत अच्छी तरह से हमें, एक प्रकार से पॉज़ीटिव सपोर्ट दिया है। आप सबका सहयोग और आपका मार्गदर्शन लेते हुए और आपके जो भी सुझाव हैं, उन्हें सीरियसली स्वीकार करते हुए हम आगे जाएंगे, यही हमारा विश्वास है। आप 62 माननीय सदस्यों ने जो-जो कहा है, जो सुझाव दिए हैं, उनके ऊपर हम लोग अपने विभाग में सीरियसली विचार करेंगे। यह

विश्वास देते हुए फिर से एक बार आप सबको बहुत-बहुत धन्यवाद देते हुए मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं और आप इन मांगों को पूरा करें, ऐसी प्रार्थना करता हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मैं माननीय सदस्यों को क्लैरिफिकेशन के लिए अनुमति दे रहा हूं, लेकिन दोबारा से चर्चा करने की अनुमति नहीं दे रहा हूं। इसलिए मुझे टोकना न पड़े। अगर आपके पास कोई विशेष विषय हो तो क्लैरिफिकेशन देने के लिए मंत्री जी सक्षम हैं। आप उनसे क्लैरिफिकेशन ले लें। अधीर रंजन चौधरी जी।

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** गडकरी जी, आप एक इन्नोवेटिव एण्ड इन्फॉर्मेटिव पर्सनैलिटी हैं। हम सब आपको मानते हैं। आप एक मंत्री हैं। हमारी तरफ से जो मांग आपसे की जाती है, उस मांग को पूरा करने में आप कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। लेकिन, मैं अपनी जानकारी के लिए आपसे एक छोटी-सी बात पूछना चाहता हूं। आपने अभी इलेक्ट्रिक वेहिकल्स की बात की है। इलेक्ट्रिक वेहिकल्स की जो बैट्री है, वह बैट्री लीथियम और कोबाल्ट से बनती है। लीथियम और कोबाल्ट, बोलीविया और चिली में मिलते हैं। लीथियम और कोबाल्ट की सारी माइन्स को चीन ने खरीद लिया। अगर अभी हम यहां उसकी बैट्री बनाएंगे तो क्या हमें वह सस्ता मिलेगा या हमें इसके लिए चीन के ऊपर निर्भर करना पड़ेगा क्योंकि सारी इलेक्ट्रिक वेहिकल्स की जितनी बैट्रीज़ हैं, वे ही उसे बनाते हैं, तो क्या ये हमारे लिए एक्सपेन्सिव होंगे या इनएक्सपेन्सिव होंगे?

सर, मेरी दूसरी बात यह है कि इसके लिए जो स्किलिंग होनी चाहिए, वह स्किलिंग कैसे होगी?

सर, इकोनॉमिक सर्वे बता रहा है कि आपकी इंवेस्टमेंट तीन किस्म की हैं - Budgetary support, Internal and external budgetary resources, and Private investment. बजटरी सपोर्ट आपको 48 पर्सेंट मिलता है, इंटर्नल एण्ड एक्सटर्नल बजटरी रिसोर्सेज 39 पर्सेंट है और प्राइवेट इंवेस्टमेंट 14 पर्सेंट है। इस प्राइवेट इंवेस्टमेंट का टारगेट क्या है? आपने तो हमें सुनहरा सपना दिखा दिया। हम सब उड़ने लगे हैं, लेकिन आप इसके लिए पैसे कहां से लाएंगे?

आप कहते हैं कि पैसे की कोई फिक्र मत कीजिए, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट के आपके टारगेट्स क्या हैं? आप प्राइवेट इंवेस्टर्स को क्या इंसेंटिव्स दे रहे हैं, ताकि वे हमारे देश में आएं?

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, आप एक साथ जवाब दे दीजिएगा ।

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** स्पीकर महोदय, यह टेक्नीकल सब्जेक्ट है । मैं भूल जाऊंगा। इसलिए इसके साथ ही जवाब दे देता हूं ।

स्पीकर महोदय, माननीय चौधरी जी ने जो बात रखी, वह सच है । लीथियम आयन हमारे देश में नहीं हैं और इसकी मैन्यूफैक्चरिंग करने के लिए आज टेक्नोलॉजी भी नहीं है । अभी टोयोटा और मारुति ने एक एग्रीमेंट किया है और शायद वे इसे यहां बनाने की बात कर रहे हैं। हम लोग प्रिलिमिनरी स्टेज में हैं और लीथियम आयन हमारे देश में नहीं हैं । हमारा जो सैटेलाइट गया था, तो उस समय मैं हवाई जहाज में पढ़ रहा था तो मुझे मालूम हुआ कि सैटेलाइट में लीथियम आयन बैट्री यूज़ की गई। मैंने वापस आकर इसरो के चेयरमैन और साइंटिस्ट्स को बुलाया। डॉक्टर साहब को शायद इसके बारे में पता है। ये भी उस मीटिंग में आए थे । मैंने उनसे कहा कि जब आप सैटेलाइट के लिए लीथियम आयन बैट्री बनाते हैं तो आप हमारी कारों के लिए क्यों नहीं बनाते हैं? फिर उन्होंने भी रिसर्च करके कुछ मॉडल्स बनाए। फिर ए.आर.ए.आई. ने उसकी टेस्टिंग की और उसके बारे में कोशिश कर रहे हैं ।

स्पीकर सर, सम्माननीय सदस्य जो कह रहे हैं, वह सही है कि लीथियम आयन हमारे देश में नहीं हैं । इसमें बस के लिए उसकी कॉस्ट बहुत ज्यादा है, यह बात भी बिल्कुल सही है। अभी हमने उसके लिए एक नया काम किया है, इसका जो मैन्युफैक्चरिंग है, इसके लिए नीति आयोग ने एक प्रस्ताव दिया है। उस पर हम विशेष ध्यान दे रहे हैं। उसमें बहुत-सी बातें हैं। हमारे देश में इसकी मैन्युफैक्चरिंग शुरू होने वाली है। मैं आपको एक सिम्प्ल उदाहरण देता हूं। जब मोबाइल फोन आया, तो मैंने मुम्बई में पहली बार शायद एरिक्सन का मोबाइल लिया था। उस समय वह सवा लाख रुपये का मिलता था। अब मोबाइल फोन चार हजार रुपये में भी आता है। जब इसका भी प्रोडक्शन काफी बढ़ेगा, तो निश्चित रूप से मुझे लगता है कि इसकी कीमत कम होगी। इसमें

इंडियन मैन्युफैक्चरर्स को एनकरेज करने के लिए सरकार पॉलिसी ला रही है। चार्जिंग स्टेशन में भी ऐसा ही है। कुल मिलाकर, बाद में बैट्री के बारे में ऐसा कहा गया कि यह बैट्री बहुत वजनी है। उससे बस का वजन भी बढ़ता है। अभी इंडिया में स्टार्ट अप है, धीरे-धीरे टेक्नोलॉजी की भी डेवलपमेंट हो रही है, नए-नए लोग आ रहे हैं और हमारे लड़के शोध कर रहे हैं। हमारे यहां प्रॉब्लम्स हैं और आप लोग जो कह रहे हैं, वह भी सही है, परंतु आने वाले तीन-चार साल के अंदर हम लिथियम ऑयन बैट्री की मैन्युफैक्चरिंग भी करेंगे। फिलहाल हमें कुछ क्रुशिअल पार्ट इम्पोर्ट करने पड़ेंगे और यह भी सही है कि चाइना से आने की संभावना ज्यादा है। चाइना ने क्या किया है, आपने जिन देशों का नाम लिया है, वहां की माइन को चाइना ने अक्वायर कर लिया है। अगर हम स्वाभाविक रूप से इसे नहीं कर पाए, तो हमने उसके लिए अवसर गंवाया है। मुझे लगता है कि धीरे-धीरे इसकी मैन्युफैक्चरिंग बढ़ेगी, फॉरेन इन्वेस्टमेंट भी आ रहा है। इससे बैट्री की कीमत धीरे-धीरे कम होती जाएगी।

आज इतनी रिसर्च हो रही है, इतने पेटेन्ट रजिस्टर हो रहे हैं, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल-डेढ़ साल में लिथियम का भी कोई नया विकल्प हमारे भारतीय वैज्ञानिक ढूंढ कर लाएंगे और वह सस्ता हो जाएगा।

सर, दूसरी बात ऐसी है, जिन्होंने इन्वेस्टमेंट के बारे में बात की, It varies from project to project. अभी भारतमाला प्रोजेक्ट 8.5 लाख करोड़ रुपये का है। अब 40 परसेंट हाईब्रिड प्रोजेक्ट है, उसमें 60 परसेंट बैंक लेकर आएंगे। अगर कोई प्रोजेक्ट बी.ओ.टी. में होगा, तो वह 100 परसेंट लगाएगा। अगर हम कोई प्रोजेक्ट ई.पी.सी. में करेंगे, तो पैसा रेज करके उसको देंगे। ओवरॉल सब मेथडॉलजी क्लियर हैं। हमने बैंकों के लिए नया मॉडल तैयार किया है। आठ-दस दिन में ही हमारे पास करीब 50,000 करोड़ रुपये आ जाएंगे। कल पांच बजे एल.आई.सी. के चेयरमैन के साथ मेरी मीटिंग है, उनका भी पैसा मिलेगा। लेबर मिनिस्ट्री के पास पैसा पड़ा हुआ है, वह पैसा हमको मिल सकता है। फिर पेंशन तथा इंश्योरेंस फंड का पैसा मिल सकता है। वर्ल्ड के बहुत से लोग मुझसे बार-बार मिलते हैं। सिंगापुर गवर्नमेंट का फंड मिलता है। फंड लेकर बैंक में

रखना कोई उपयोगी काम नहीं है। जैसे-जैसे हमें जरूरत पड़ेगी, उस फंड का हम उपयोग करेंगे। भारतमाला प्रोजेक्ट 5.35 हजार करोड़ रुपये का था। अभी वह 8.20 हजार करोड़ रुपये का हो गया है। इसमें प्राइवेट इनवेस्टमेंट का जो प्लान है, वह 1,06000 करोड़ रुपये का है। बैंकों तथा फाइनैन्शियल संस्थाओं के साथ हमारा डिस्कशन चल रहा है । अभी भारत सरकार के एन.आई.एफ से जो फंड आया है, वह 60,000 करोड़ रुपये दे रहे हैं। बैंक्स भी पैसे दे रहे हैं। हमारे यहां पैसे की कोई अड़चन नहीं है, बल्कि काम करने की कमी है। If there is a will, there is a way. And if there is no will, there is only survey, discussion, seminar, committee, subcommittee, and research group. The strong political will of hon. Prime Minister and the strong political will of the country is definitely going to help us, and we will achieve our goal and we will be successful.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी, आप एक साथ ही जवाब दे दीजिए। मैं माननीय सदस्यों से भी आग्रह करूंगा कि अभी हमें नए डिबेट पर चर्चा नहीं करनी है। मैं किसी भी माननीय सदस्य को टोकना नहीं चाहता हूं। अगर आपके पास क्लैरिफिकेशन का कोई विषय है, तो आप उसे दें।

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय (कोलकाता उत्तर):** गडकरी जी, आप तो सपनों के सौदागर हैं । …(व्यवधान) आपने बहुत से एश्योरेंस भी दिए हैं। हम लोग अपोजिशन की तरफ से इस पर जरूर नज़र रखेंगे। संसद में जो एश्योरेंस दिया जाता है, उसके ऊपर हम लोग एक एश्योरेंस कमेटी के मार्फत नज़र भी रख सकते हैं। We living in the Eastern region of the country feel that the Eastern region has been the worst sufferer after Independence. आपने कहा कि हम किसी प्लेस को कोई प्राइऑरिटी नहीं देंगे, लेकिन जिस प्रकार से हम लोग रीजनल इम्बैलेन्स के विक्टिम होते हैं, उसमें बंगाल, बिहार, असम, ओडिशा तथा त्रिपुरा स्टेट हैं। ये सभी स्टेट्स डेवलपमेंट के मामले में एक तरफ हो जाते हैं और मुम्बई, पुणे, गुजरात, हैदराबाद दूसरी तरफ हो जाते हैं। यह विषय आपके भाषण में भी आया है।

It is visible that we are far behind from these States. So, I would request you to take care of the eastern region in particular, on priority basis. All the projects you have mentioned here should also be implemented in eastern region, especially in West Bengal.

**SHRI P.V. MIDHUN REDDY (RAJAMPET):** Sir, first of all, I would like to thank our hon. Minister for giving us a lot of hopes. I would like to ask the Minister about hybrid annuity model. It is one of the financial models he has discussed.

The banking system is itself under great stress because of all the NPAs. All the States are also under severe financial pressure. Most of the contractors' rating is really bad. For them to raise this 60 per cent amount in the financial annuity model is very difficult these days. So, how is the Minister going to tackle the situation? The competition is going down for all these hybrid annuity models and compared to EPC, the Government is losing 10 to 15 per cent more.

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला (श्रीनगर):** थैंक यू सर । मैं मंत्री जी से गुजारिश करता हूं कि वह और जनरल साहब जो इनके साथ स्टेट मिनिस्टर हैं, ये हमारे यहां कश्मीर आएं और हमारे साथ वहां बैठें। आजकल दिन भी अच्छे हैं । ये अमरनाथ जी की यात्रा भी कर लेंगे और हमारी मुश्किलात भी दूर करेंगे । मैं इन्हें निमंत्रण देता हूं कि हमारे यहां आएं । हम लोग कई मसले बैठकर वहां पर हल कर सकते हैं । इसके लिए मैं आपको दावत देता हूं ।

**SHRI DAYANIDHI MARAN (CHENNAI CENTRAL)**: Sir, I should appreciate the hon. Minister for his excellent work. I would also like to mention that 2004-09 was a golden period for highways when Shri Baalu ji was there. Tamil Nadu received a lot of good projects but after that, there are no new projects even though, you are trying to bring Green Highways project.

Sir, there is a controversial problem in Tamil Nadu for Chennai-Salem Expressway. We do find that it takes two hours for getting out of Chennai. …(*Interruptions*) Let me finish, Sir. The reason why I am saying this is not because it is a political matter but there is a controversy because the bottlenecks to get out of Chennai are not being handled. Without handling the real issue, we are focusing on other issues.

So, we would like you to consider this and also to focus on Tamil Nadu. Tamil Nadu is being totally ignored. Kindly focus on Tamil Nadu and also to decongest it.

**श्री नामा नागेश्वर राव (खम्माम):** सर, कल से जिस तरह से हाउस में बातचीत हो रही है, अभी मंत्री जी ने उसी तरह हाउस और देश में एक कान्फिडेंस क्रिएट किया। स्पेशियली फाइनेंशियल

मॉडल्स के बारे में, ब्लैक स्पॉट्स के बारे में, रोड सेफ्टी का बिल अभी नहीं आया है, लेकिन पूरा हाउस उसमें मदद करने के लिए रेडी है ।

अगर हम बिगेस्ट सिटीज में देखें, तो इंडिया में एक ही सिटी है। मुंबई में एक साइड सी है, कोलकाता में सी है, मद्रास में भी सी है, नदी है, उसी तरह से दिल्ली में और डिफरेंट स्टेट्स में स्थिति है। केवल हैदराबाद में चारों तरफ सिटी बढ़ने के चांसेज़ हैं। इसके लिए हमने एक रीज़नल रिंग प्रपोज की थी। यह रीज़नल रिंग रोड बहुत ही इंपोर्टेंट है। हर एक हाईवे आकर सिटी में टच कर रहा है । इसकी वजह से पोल्यूशन भी बढ़ता है । तेलंगाना जो नया स्टेट है, उसके लिए मंत्री जी ने काफी रोड्स दी हैं, लेकिन कुछ अभी पेंडिंग हैं । इसके साथ-साथ मैं मंत्री जी से रीजनल रिंग रोड्स के बारे में निवेदन करना चाहता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्लेरिफिकेशन नहीं मांग रहे हैं। आप डिमांड करने लगे।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** अध्यक्ष जी, धन्यवाद। सबसे पहले मैं कहना चाहूंगा कि डिपार्टमेंट के इतने ग्रेशिअस मंत्री यहां पर बैठे हैं, तो सभी माननीय सदस्यों की अपेक्षा रहती है कि उनसे मांगेंगे, तो उनको मिल जाएगा। मंत्री जी ने ट्रामा सेंटर की एक बात कही थी। अपनी बातचीत में मैंने वह इश्यू उठाया था। मेरी कांस्टीट्युएंसी में, गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट में ट्रामा सेंटर बन रहा था। ट्रामा सेंटर में करीब एक करोड़ रुपये का काम भी हो गया था। बाई दि टाइम नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने उसको एक्वायर किया है। वहां पर कार्तिक मेला लगता है। दिल्ली से लखनऊ तक का एनएच 9 ही एक मेन रास्ता है।

अभी इस वक्त जब हम चर्चा कर रहे हैं अभी भी वहां लंबा जाम लगा हुआ है। मेरी मंत्री जी से इतनी ही प्रार्थना है कि गंगा पर एनएच-9 पर एक नया पुल बनवाने का कष्ट करें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** मांग नहीं करना है।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया):** अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार के मंत्री जी ने एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात कही है कि इलेक्ट्रिक मोटर या इलेक्ट्रिक गाड़ी चलेगी। मैं किसान हूं और देश कृषि प्रधान

देश है। मेरा संसदीय क्षेत्र बलिया है। यह दुनिया की सबसे उपजाऊ जमीन है। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि कृषि क्षेत्र में काम करने वाली छोटे-छोटी मशीन जैसे, ट्रैक्टर या पॉवर टिलर है। इसे इलेक्ट्रिक से चलाने की व्यवस्था कंपनी निर्माताओं से कर देंगे। मोटरसाइकिल या अन्य वाहन वालों से कह दें कि इलेक्ट्रिक मोटर बनाओ, इससे खेती की लागत कम हो जाएगी। वर्ष 2022 तक भारत सरकार की किसानों की आमदनी दोगुना करने का संकल्प भी पूरा हो जाएगा। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि मेरे बलिया संसदीय क्षेत्र में आप शुरू करेंगे तो आपकी बड़ी कृपा होगी। दुनिया की सबसे उपजाऊ जमीन करइल से दोआबा मेरे संसदीय क्षेत्र में है। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि इलेक्ट्रिक चालित खेती की छोटी-छोटी मशीनों को बना कर वहीं से शुरू करेंगे तो बड़ी कृपा होगी।

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Hon. Speaker, Sir, Shri Nitin Gadkari is the best performing Minister in the Government and we have no hesitation in accepting the exemplary performance of the hon. Minister and I wish him all the best.

I have already moved 21 Cut Motions. Considering the exemplary performance of the Ministry and the reply given by the hon. Minister, I am seeking the leave of the House to withdraw all the Cut Motions.

I have two clarifications. The first one is regarding the Central Road Fund which is now the Central Road and Infrastructure Fund. In selection of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana, the local Member of Parliament has a specific role. Unfortunately, in the case of the Central Road and Infrastructure Fund, the local Member of Parliament has no role in selection of roads. I would request the hon. Minister to kindly issue the

guidelines in this regard so that the local Member of Lok Sabha can be given a chance or have a role in the selection of roads. We are all seeking the protection of the hon. Speaker in this matter. The Ministers of the State Government are inaugurating the schemes and openly saying that the local Member of Parliament has no role in selection of the road. This is our bitter experience. That is why we are seeking the protection from the Chair also.

My second clarification is that considering the geographical condition and the density of population, land acquisition is a big problem in Kerala. I want to know whether the Government of India will consider sharing the expenditure on land acquisition or make such commitment, considering the situation in States like Kerala and Goa. With these words, I once again congratulate the hon. Minister.

**माननीय अध्यक्ष:** सभी माननीय सदस्यगण को माननीय मंत्री जी ने सदन के माध्यम से कहा है कि एक महीने में आपने जो भी मुद्दे सदन में उठाए हैं या अपने मुद्दों को लेकर आए हैं। उन सभी का जवाब देंगे और उसके बाद भी कोई भी माननीय सदस्य आना चाहेगा तो निश्चित रूप से चैम्बर में आए, सभी की समस्याओं का समाधान करेंगे। आप सुझाव चैम्बर में जाकर दीजिएगा।

…(व्यवधान)

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** With regard to the suggestion given by Shri N.K. Premachandran …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा।

…(व्यवधान) …[*]

**SHRI NITIN JAIRAM GADKARI:** I will resolve your issue….(*Interruptions*) मैं आदरणीय सदस्य प्रेमचन्द्रन जी को एश्योर करना चाहता हूं, मुझे पार्टियों का नाम मालूम नहीं, क्योंकि मैं सोचता नहीं। पिछली बार सीपीएम की एक महिला सदस्य थीं, टीचर जी थीं, उनका सीआरएफ मंजूर नहीं होता था, उस समय कांग्रेस सरकार थी। मैंने उनसे कहा कि अगर इनका मंजूर नहीं होगा तो मैं आपकी लिस्ट मंजूर नहीं करूंगा। मैंने, जितने यहां मैम्बर ऑफ पार्लियामेंट देते हैं, सबका मंजूर कर लिया। अब सीपीएम की सरकार है, जब कांग्रेस के मैम्बर्स को अड़चन आती है, वे मुझे कहते हैं तो मैं कहता हूं कि यह होगा। सीआरएफ में जो सदस्य हैं, उन्होंने कहा और हमने लगभग उनके काम मंजूर कर दिए। आप भी मेरे पास आए, मैंने सीआरएफ मंजूर कर दिया, वहां से बुला लिया।

मैं इतना ही विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इसमें एमपी का रोल होना चाहिए, यह मैं मानता हूं। एमपी का यही तो अधिकार है, स्टेट की कांस्टीटुएंसी में सीआरएफ से चार काम हो जाते हैं। मैं यह बात माननीय वित्त मंत्री जी से करूंगा। गाइडलाइन अंडर फाइनेलाइजेशन, फाइनेंस मिनिस्ट्री के साथ है, उनके साथ जाऊंगा। एलए कास्ट बिग प्राब्लम है। केरल में सबसे ज्यादा है, इसलिए चीफ मिनिस्टर और चीफ सैक्रेट्री से मेरी मीटिंग हुई है। मैंने उनको बुलाया और कहा कि आप थोड़ा शेयर कीजिए, स्टील, सीमेंट, एग्रीगेट पर जो खर्च होता है, रॉयल्टी ऑन एग्रीगेट सैंड, जीएसटी ऑन स्टील एंड सीमेंट एग्जम्प्ट कर दीजिए, नोशनल लॉस होगा, वह आप हमें दीजिए, ऐसे हम वे आउट निकालेंगे। ऐसा मैंने कहा है । उनके साथ मीटिंग करके केरल में निश्चित रूप से मार्ग निकालेंगे।

---

[*] Not recorded.

नागेश्वर जी ने हैदराबाद रिंग रोड के बारे में कहा है, इसमें लैंड एक्विजिशन की बहुत प्राब्लम है। सरकार इसे निश्चित रूप से करना चाहती है। दानिश जी ने कहा है -"Trauma Centre is under construction by the State. Road is acquired by the NHAI for widening." हमने पूरा बाजार भाव से कम्पेनसेशन दिया है। हमने कन्सट्रक्शन के लिए दिया है, अब स्टेट को उसे बनाना चाहिए, यही मैं उनसे कहूंगा। वीरेन्द्र सिंह जी ने कहा है कि ट्रैक्टर इलैक्ट्रिक चले। इस पर रिसर्च चल रही है । योगी जी नागपुर आए थे, वहां बायो सीएनजी पर ट्रैक्टर लांच किया है । इसमें दो प्लास्टिक के सिलेंडर हैं, इस पर संशोधन चल रहा है । आपकी बात सही है, सरकार इसके लिए जरूर प्रयास करेगी ।

सुदीप जी ने कहा कि सपने दिखाए । मैं आपसे अभी भी नम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं, इसका अलग अर्थ न निकले । पिछले पांच साल में मैंने जितने सपने दिखाए और जितने वादे किए, उनमें से जो वादा पूरा नहीं हुआ, वह लाकर मुझे दीजिए, मैं पूरा कर दूंगा। मैं जानता हूं कि केवल बातें करना ठीक नहीं होता, इसलिए मैं कुछ बातें साफ भी कह देता हूं कि यह नहीं होगा । पूर्वी भारत की जो प्राब्लम है, Do not take it politically. सबसे कठिन काम करना बंगाल में है । I am not politically blaming you. अगर आपकी राज्य सरकार रोड के लैंड एक्विजिशन का 98 परसेंट कर देगी, एन्क्रोचमेंट हटाएगी, यूटिलिटी शिफ्टिंग में मदद करेगी, मैं इस सभागार में वचन देता हूं, आप जितने रोड लेकर आएंगे, उतने रोड मैं एनएचआई के पूरे कर दूंगा ।

**श्री सुदीप बन्दोपाध्याय:** महोदय, हमारी राज्य सरकार की किसानों के पेट पर लात मारकर जमीन लेने की नीति नहीं है। हम चाहते हैं किसान ज्यादा रुपये लें, इसके लिए केंद्र सरकार असिस्ट करे।

**श्री नितिन गडकरी:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं बात बताऊंगा तो आपको आश्चर्य होगा कि वर्ष 2014 लैंड एक्विजिशन एक्ट के बाद मेरे पास 150-200 डेलीगेशन आए हैं।

ये इसके लिए नहीं आए हैं कि हमारी लैंड रोड में मत लीजिए, मेरे पास इसलिए आए हैं कि मेरी बाकी आधी लैंड भी ले लीजिए। क्योंकि आज सभी माननीय सदस्य जानते हैं कि जो लैंड

एक्विजिशन की कॉस्ट हम दे रहे हैं, वह मार्केट से डेढ़ गुना ज्यादा है। मेरे डिपार्टमेंट ने इसके ऊपर ऑब्जेक्शन भी उठाए हैं, पर मैं भी किसान हूं, मैं सोचता हूं कि जो गरीब लोगों को मिलता है, उसे क्यों रोकते हो, जाने दो। …(व्यवधान)

**AN HON. MEMBER**: Kerala has a different experience.

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** केरल के बारे में मैं आपको बताता चाहता हूं कि केरल की कॉस्ट ऐसी है कि हजारों करोड़ रुपये की रोड, 700 करोड़ रुपये का लैंड एक्विजिशन, 300 करोड़ का कंस्ट्रक्शन, यह कैसे होगा? इसमें इनकी गलती नहीं है। केरल की एक विशिष्ट स्थिति है। इन्होंने रोड के बाजू में बड़े-बड़े बंगले बना दिये। केरल और गोवा में रोड के साथ कोई मार्जिन छोड़ता ही नहीं है। इसके कारण उनके लैंड एक्वॉयर करने में बहुत खर्च आता है। फिर ये कहते हैं कि एलिवेटेड रोड बनाइए, एलिवेटेड रोड की कॉस्ट सवा सौ कि.मी. जाती है, फिर भी मैं आपको बताना चाहता हूं कि केरल की प्रॉब्लम लेजिटिमेट और जेन्यूइन है। इसमें आप कुछ नहीं कर सकते हैं क्योंकि यह परिस्थितिवश है। इसके लिए आप अपने मुख्य मंत्री जी को कहिए, आप तुरंत आइए, मैं उसमें कुछ सहयोग करके मार्ग निकालूंगा और आपकी प्रॉब्लम को रिजाल्व कर दूंगा।

कश्मीर के बारे में मैं फारूख साहब को बताना चाहता हूं। आप बहुत सीनियर हैं। हमारा डिपार्टमेंट 60 हजार करोड़ रुपये का काम केवल कश्मीर में कर रहा है। जम्मू से श्रीनगर का जो रोड है, इसकी बड़ी-बड़ी टनल, स्टेट ऑफ द आर्ट बनी हैं। जोजिला पास का टेंडर अभी नहीं हो पाया है। 6500 करोड़ रुपये की एक टनल है, जो लद्दाख और लेह को जोड़ रही है, उसका काम हम शुरू करने जा रहे हैं, जहां केवल चार महीने ही काम हो सकता है। प्रधान मंत्री जी के पैकेज द्वारा हमने कश्मीर में इतना काम किया है कि अगर मैं जिम्मेदारी के साथ कहूं, आप इसका हिसाब लगा सकते हैं कि पिछले 25 साल में जितना काम नहीं हुआ उतना पांच साल में हुआ है।

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला:** आपने बहुत अच्छा कमा किया है, इसमें कोई शक नहीं है। अगर, आप जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाइवे को देखें। …(व्यवधान)

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** यह जम्मू की लाइफ लाइन भी है।

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला:** इसमें जो बनिहाल से रामबन का सेक्शन है, अगर एक बारिश हो जाए तो सारा रोड ही गायब हो जाता है। मैंने आपसे इस बारे में पहले भी बात की थी। हिन्दुस्तान कंस्ट्रक्शन कार्पोरेशन इस काम को कर रही थी। उस समय उनको फाइनेंशियल डिफिक्लटीज आ गई थीं। उसमें 9 टनलें थीं, उनको रिड्यूस करके 4 कर दी गई हैं। जब तक ये सेक्शन ठीक नहीं होगा, तब तक हमारे लिए मुश्किल बनी रहेगी।

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** सर, हमने कंक्रीटिंग करना शुरू कर दिया है। अब इसको डेढ़-डेढ़ और दो-दो फीट का बनाएंगे।

**डॉ. फारूख अब्दुल्ला :** इलेक्ट्रिक गाड़ियों का भी एक मसला है। हम लोग उनके साथ बैठकर आपसे बात करेंगे।

**श्री नितिन जयराम गडकरी:** सर, मैं आऊंगा और आपके साथ बात भी करूंगा।

मारन साहब ने तमिलनाडु के बारे में कहा है। हमारे पांच साल में, मैं साहब का सम्मान करता हूं, उन्होंने भी अच्छा काम किया है। हमने अपने राज में अन्याय नहीं किया। हमने तमिलनाडु में 2385 कि.मी. रोड कंस्ट्रक्शन पूरा किया है। अंडर इम्प्लीमेंटेशन अवार्ड, न्यू प्रोजेक्ट 2055 कि.मी. का कार्य ऑलरेडी सिस्टम में है और प्रोजेक्ट अंडर टेंडरिंग 395 कि.मी. का है, डीपीआर अंडर प्रोग्रेस 2000 कि.मी. का है। हमने किसी स्टेट के साथ अन्याय नहीं किया है और न करेंगे।

सुदीप जी को मैं बताना चाहूंगा कि भारतमाला योजना के कुल 9000 कि.मी. में से एक हजार कि.मी. केवल पश्चिम बंगाल में है। आपके साथ अन्याय नहीं होगा। …(व्यवधान) मैं सम्मानीय चौधरी जी को यह आश्वासन देना चाहता हूं कि मैं बंगाल के सांसदों को जैसे क्वेस्चन ऑवर होता तो प्रतिदिन मेरे यहां एक स्टेट की मीटिंग होती है, अभी केरल राज्य की हुई है। मैं आपकी मीटिंग बुलाकर, उस दिन अधिकारी भी वहां से आएंगे, मैं आपके प्रॉब्लम को रिजाल्व कर दूंगा।

मैं प्रो.सौगत रॉय जी को भी बताना चाहूंगा कि 14000 कि.मी. और 21 हजार कि.मी. एनएच-34 It is under the control of PWD. आपके बंगला में जो एनएच-34 है It is under the control of PWD, Government of West Bengal and working on our behalf. अपनी सरकार को थोड़ा-सा गतिशील बनाइए।

सर, एन.एच. 24 424 किलोमीटर का है। अभी 242.7 किलोमीटर पूरा हुआ है, बैलेंस 181.3 किलोमीटर है। यह अण्डर कंस्ट्रक्शन है, 98 किलोमीटर की टेन्डर अवार्ड हो चुका है और स्टेट गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी ऑन ऑवर बिहाफ कर रही है तो मैं उसे गति देने का काम करूंगा। मैं फिर से एक बार माननीय सदस्यों को धन्यवाद दूंगा। इसके बाद आपकी जो भी परेशानियां होगी, उसके लिए आप आइए, सर, आप हमारी मांग को पास करने की कृपा करें, मैं आपसे यही अनुरोध करना चाहता हूं, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन, क्या आप कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत करना चाहते हैं?

**SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** Sir, I withdraw the Cut Motions which are listed in my name against Demand No. 83.

**माननीय अध्यक्ष:** क्या सभा की यह इच्छा है कि श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी कटौती प्रस्तावों को वापस लिया जाए?

*कटौती प्रस्तावों को सभा की अनुमति से वापस लिया गया ।*

**माननीय अध्यक्ष:** अब मैं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांग सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

प्रश्न यह है:

"कि अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 2 में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय से संबंधित मांग संख्या 83 के सामने दर्शाये गए मांग शीर्ष के संबंध में 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष में संदाय के दौरान होने वाले खर्चों की अदायगी करने हेतु अनुदानों की मांगों की सूची के स्तम्भ 4 में दर्शायी गई राजस्व लेखा तथा पूंजी लेखा संबंधी राशियाँ से अनधिक संबंधित राशियों भारत की संचित निधि में से राष्ट्रपति को दी जाएं। "

**Demands for Grants (2019-2020) in respect of the Ministry of Road Transport and Highways submitted to the Vote of Lok Sabha**

| No. of Demand | Name of Demand | Amount of Demands for Grants on Account voted by the House on February 1, 2019 | | Amount of Demands for Grants submitted to the Vote of the House | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | |
| | | Revenue(Rs.) | Capital(Rs.) | Revenue(Rs.) | Capital(Rs.) |
| 83 | Ministry of Road Transport and Highways | 8450,21,00,000 | 55585,67,00,000 | 13169,61,00,000 | 87233,4900,000 |

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ</u> ।

**माननीय अध्यक्ष:** सभा की कार्यवाही दो बजकर तैंतालिस मिनट तक के लिए स्थगित की जाती है।

**<u>13.42 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned for lunch till Forty Three Minutes past Fourteen of the clock.*

______________

**<u>14.45 hrs</u>**

*The Lok Sabha re-assembled at Forty-Five Minutes past Fourteen of the Clock.*

(Shri Bhartruhari Mahtab *in the Chair*)

**<u>UNION BUDGET – (2019-20)...Contd.</u>**
**<u>DEMANDS FOR GRANTS</u>**
**Ministry of Rural Development**
**and**
**Ministry of Agriculture and Farmers Welfare**

**HON. CHAIRPERSON**: The House will take up item No. 16, namely, Demands for Grants relating to the Ministry of Rural Development and Ministry of Agriculture and Farmers Welfare.

The House will now take up discussion and voting on Demand Nos. 1 and 2 and 84 and 85 relating to the Ministry of Rural Development and Ministry of Agriculture and Farmers Welfare.

Honourable Members present in the House whose cut motions to the Demands for Grants have been circulated may, if they desire to move their cut motions, send slips to the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the cut motions they would like to move. Only those cut motions will be treated as moved.

A list showing the serial numbers of cut motions treated as moved will be put up on the Notice Board shortly thereafter. In case Members find any discrepancy in the list, they may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

Motions moved:

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2020, in respect of the head of Demand entered in the Second column thereof against Demand Nos. 84 and 85 relating to the Ministry of Rural Development."

**Demands for Grants (2019-2020) in respect of the Ministry of Rural Development submitted to the vote of Lok Sabha**

| **No. of Demand** | **Name of Demand** | **Amount of Demands for Grants on Account voted by the House on February 1, 2019** | | **Amount of Demands for Grants submitted to the Vote of the House** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | | **4** | |
| | | **Revenue(Rs.)** | **Capital(Rs.)** | **Revenue(Rs.)** | **Capital(Rs.)** |
| 84 | Department of Rural Development | 77256,78,00,000 | 33,33,00,000 | 114513,56,00,000 | 66,67,00,000 |
| 85 | Department of Land Resources | 742,41,00,000 | ----- | 1484,83,00,000 | ----- |

"That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper be granted to the President, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2020, in respect of the head of Demand entered in the Second column thereof against Demand Nos. 1 and 2 relating to the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare."

**Demands for Grants (2019-2020) in respect of the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare submitted to the vote of Lok Sabha**

| **No. of Demand** | **Name of Demand** | **Amount of Demands for Grants on Account voted by the House on February 1, 2019** | | **Amount of Demands for Grants submitted to the Vote of the House** | |
|---|---|---|---|---|---|
| **1** | **2** | **3** | | **4** | |
| | | **Revenue(Rs.)** | **Capital(Rs.)** | **Revenue(Rs.)** | **Capital(Rs.)** |
| 1 | Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare | 43183,50,00,000 | 11,57,00,000 | 87267,01,00,000 | 23,13,00,000 |
| 2 | Department of Agricultural Research | 2692,92,00,000 | ----- | 5385,84,00,000 | ----- |

and
Education

**SHRI UTTAM KUMAR REDDY (NALGONDA):** Hon. Chairman Sir, firstly, I wish to thank you for giving me an opportunity to speak on the Demands for Grants pertaining to the Ministry of Agriculture.

It is a matter of great pride for all Indians that, from a scenario soon after Independence when India was dependent on imports for both food grains and milk powder, today we are one of the global leaders in the production of food grains, milk and horticulture products. Domestic production of food grains went up on an exponential growth post Green Revolution. The White Revolution ensured India's preeminent position in milk production and the Blue Revolution launched in India during the Seventh Five Year Plan rapidly increased the production of fish and marine products.

Speaking on the Demands for Grants for the Ministry of Agriculture, through you, I would like to ask the Government on certain points. The Ministry of Agriculture and Farmers Welfare was expected to spend Rs. 75,753 crore in 2018-19 as per the Revised Estimates. However, the provisional accounts maintained by the CGA suggests that the Ministry's expenditure in 2018-19 was Rs. 53,000 crore which is Rs. 22,000 crore less than the Revised Estimates. It is a shortfall of 29 per cent from the Revised Estimates. I would like the Government to let us know as to how a 29 per cent shortfall could have taken place in the Ministry of Agriculture.

Today, the Indian farmers are facing a serious agricultural crisis and the position is that, every day, nearly 30 farmers are committing suicide in

India. Despite 65 to 70 per cent of our population directly or indirectly dependent on agriculture, the present Government's low priority to agriculture, inadequate support price, inefficient procurement systems and flawed crop insurance mechanism have resulted in the Indian farming community being pushed into an existential crisis.

It is very sad that we have to discuss the issue of farmers' suicides. Over the last few years, 11,000, 12,000, 13,000 farmers' suicides have been taking place every year. This Government, instead of addressing the issue of farmers' suicides, prevented NCRB from giving data on farmers' suicides after 2016. The NCRB was merged with the Bureau of Police Research and Development, and after that, from 2017 onwards, there are no authentic figures of farmers' suicides available. It shows the wisdom of the Government. The NCRB was merged with the Bureau of Police Research and Development, and it was de-merged 10 months later. Since then, NCRB has not been giving any data on this. Through you, I would like to bring to the notice of the Government that the worst sufferers in this scenario are the tenant farmers. In States like Telangana, there are 30 per cent of tenant farmers, and in the rest of the country, there are 15 per cent of tenant farmers. Today, in India, there are 2.1 crore tenant farmers and almost all of them have no access to bank and institutional finance. So, they have to go to the moneylenders.

The PM-Kisan Samman Nidhi is not applicable to them. Most of them do not go for crop insurance. So, the tenant farmers are going for high cost money lending and also for commercial crops. When the crop fails, there are a large

number of suicides. In the combined Andhra Pradesh State, in 2011-12, to give a legal sanctity to the tenant farmers, we had brought in a new law - Andhra Pradesh Land Licensed Cultivators Act – which made the tenant farmers eligible for institutional finance. Through you, we would urge the Central Government to protect crores of tenant farmers. If you have to give them a legal sanctity, you have to bring in a law like that so that the tenant farmers can be eligible for bank and institutional finance.

The other point is regarding doubling of farmers' income. The Government, in its Budget of 2016-17, promised that they will double the farmers' income by 2022. This has been repeatedly spoken by the hon. Prime Minister. Now, three years have passed, and we have reached the mid-point. Has the Government prepared any Report on what is the increase of farmers' income in India in these three years? To achieve this goal, the incomes of farmers should have grown by 13 per cent every year for a period six years. The Economic Survey of 2018 shows that the incomes have remained flat with almost no growth. The Economic Survey of January 2018 analysed the issue of farmers' income. They said that "in the last four years, the level of real agricultural GDP and real agricultural revenues has remained constant." I have quoted the Economic Survey of January 2018. So, the growth rate in agricultural incomes, in the first four years of NDA Government, was almost zero. We request the Government to tell us how they will be able to double the farmers' incomes in the balance three years. This reflects the real situation

being faced by farmers in the country. Without implementing any concrete solution, this Government is talking about doubling farmers' incomes by 2022.

Regarding Minimum Support Price, the BJP, in 2014, had categorically stated that if they are elected and would come to power, they would implement the Swaminathan Commission formula for MSP – basically, Cost C2 plus 50 per cent margin. Very surprisingly, in 2015, this BJP Government filed an affidavit in the Supreme Court saying that it is not possible to give 50 per cent margin over the cost of production.

In fact, the words they used were: "prescribing an increase of at least 50 per cent on cost may distort the market."

Then on 22nd May 2017, the then Agriculture Minister totally denied that they ever made an election promise of implementing Swaminanthan Committee Report. Again, taking a U-turn, in the Budget Speech of 2018-19, the then Finance Minister announced that they will implement Swaminanthan Committee Report and went a step further and said they already implemented it for a majority of rabi crops. But what they actually did was to use a lower definition of cost, so that they do not have to give the high MSP which they promised. In reality, the rise in MSP in kharif in 2018-19 was not even as high in percentage terms as the MSP rise in 2008-09, 10 years back, given by the then UPA Government. In fact, during UPA-2, the average profit margin over cost of production was higher in almost all the crops compared to the so-called high MSPs of last year. But the most important question is this - whatever MSPs were announced, did the farmer get them?

I would like to ask the Government, through you, everywhere in India, I am quoting the Government's report, be it paddy in Uttar Pradesh or West Bengal, or red gram in Maharashtra or Karnataka, or groundnut in Rajasthan or Andhra Pradesh, most of these crops are selling below MSP. Once again, the farmers are asking: what did you promise and what are you delivering? I also wish to bring to the notice of the Government, through you, the Commission which decides the agricultural products pricing had come to Hyderabad and had extensive discussions with the Government officials and others. The MSP recommended was a much higher figure than what is finally approved by this Government. I will give you a simple example. The Minister may also be interested to know. I myself was there on Saturday and Sunday in my constituency. The MSP at the present cost of production of cotton is not 50 per cent; it is not even 25 per cent. It must be borne in mind that the largest number of farmers' suicides happen in cotton and chilly crops. The then Finance Minister in his 2018-19 Budget Speech promised that the Government will make sure that every farmer will be able to sell at MSP or more than that.

Due to the collective result of all the above measures and many others, there has been a record production of cereals, vegetables, fruits, milk and fish.

Rural India is suffering from chronic economic distress, high rate of unemployment, and farmers' suicide continue to rise. In many of the rural areas, no one is willing to marry farmers, thereby creating huge social distress along with economic distress. Agriculture growth had been slow and has been accompanied by serious dip in wage growth. Rural wages grew at an estimated 3.8 per cent year on year in December 2018. Due to inflation, it drops down to a paltry 2.3 per cent, the lowest ever in the past 15 years. This has led to widespread protests across the country.

Minimum Support Price was increased by one-and-a-half times in 2017 Budget, however, the method of calculating the MSP has flawed. It does not count the rent of land and management cost, which means the measure could not provide full remunerative prices to the farmers. However, in the past, MSP was available for only wheat and paddy. Under the PM-AASHA Scheme, MSP has been fixed for 23 commodities like pulses, oilseeds, millets, cotton, and jute. In the last four years, the Government has transferred Rs.75,000 crore to

the farmers by procuring these 23 commodities, minus wheat and paddy, and to that extent, it has worked.

The Government wanted to provide water to every field. It has introduced the Pradhan Mantri Krishi Sinchayi Yojana and has proposed to allocate Rs.50,000 crore. However, in the last five years, actual allocation made was only Rs.9,050 crore.

While the reforms are generally considered good and a welcome step, most of the time, they have failed to achieve the objectives because they did not connect the last mile of tenant farmers and farm labourers. They form an important backbone of agriculture in India due to skewed ownership of land because of the historical reasons. Some of the reforms of this Government have, no doubt, helped the agriculture sector, but India is a unique country and it requires unique solutions. One-size-fits-all approach of the Western world will not work for India. If really farmers' income is doubled, their children will not have to look for jobs outside and thus migration will be reduced.

I hail from Rayalaseema, which is a drought prone and rain shadow area with insufficient water resources.

I am an agriculturalist by education and profession and I have a first-hand experience of rural and countryside areas in India. In Rayalaseema, young people are migrating to other States as there is a huge shortage of drinking water and irrigation water. There are many irrigation canals built over a period of time which require modernisation. I would request the Government to allocate PMKSY funds to modernise canal and construct Siddeswaram weir

to provide water facility so that the distressed migration and crisis can be reduced.

KC Canal is one of the oldest canals in India and is providing irrigation and drinking water facilities to a part of Rayalaseema. Of late, the canal is not getting adequate water. I request the Government to sanction funds under PMKSY to build a reservoir at Gundrevula in Kurnool district with a capacity of 20 tmc on Tungabhadra River. It will help ease some problems. Hon. Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Y.S. Jagan Mohan Reddy Garu and hon. Chief Minister of Telangana, Shri K. Chandrashekar Rao Garu have embarked on a gigantic activity of linking Godavari river to Krishna river so that the scarcity of water in Krishna River can be bridged with surplus water of Godavari. I request the Central Government to actively support both the Governments and share the cost of such a great humanitarian activity which will solve the water problem in both the States for a very long time to come and benefit upper riparian States like Karnataka and Maharashtra too.

Our beloved former hon. Chief Minister, late Dr. Y.S. Rajasekhara Reddy, fondly called YSR by people, had embarked on the journey of *Jalayagnam* and took up huge projects like Polavaram, Handri-Neeva lift irrigation, Galeru Nagari lift irrigation, Pothireddypadu head regulator and many more to provide water to the parched regions of Rayalaseema. All those projects are at various stages of completion. I request the Central Government to provide additional grants to those projects.

Hon. Chairperson, Sir, the Centre has constituted Krishna River Management Board to manage the allocation of water. I request the Central Government to locate their office in Kurnool.

Hon. Chairperson, Sir, my constituency, Nandyal, is one of the biggest seed production centres in India. I am a Post Graduate in Agriculture and being a farmer, I am running my own seed farm successfully and am helping small and marginalised farmers in my own way. I have built private storage godowns facility as a part of Grameen Bhandar Yojana. I am happy to inform you that it was implemented nationwide after a team has covered it in their documentary.

Rayalaseema is blessed with all diverse kinds of soils and crops and with the help of Centre, we can do wonders in seed production. My teacher and a great international scientist, Shri Ravindra Nath Garu developed a new cotton seed called 'Narasimha', named after our former hon. Prime Minister late Shri P.V. Narasimha Rao Garu. 'Narasimha' has become most famous and sought-after seed in India, in no time. The famous Kurnool Sona Masoori Rice is from our region.

Hon. Chairperson, Sir, there are nearly 1000 acres of land available in my constituency. We want an agriculture college and a research centre.

Finally, before thanking you for giving me this opportunity, I would suggest immediate, short and long-term measures to ease the agricultural crisis: Establish agriculture universities as many as possible and development of short-term diploma courses like seed production, pest control, soil testing,

apiculture, sericulture, etc., along with regular under-graduate courses; provide monetary and economic support to students willing to study agriculture as a subject and encourage them with investments; on-time credit facility to farmers; strict control of middlemen and horse-play games of the traders; provide free transportation facility to farming community; highly effective and pragmatic Minimum Support Price for the major crops; provide support to agro-based industry so that agriculture can be connected to industry; quick completion of ongoing irrigation projects and build as many irrigation projects as possible at the same time with effective water management techniques; and build post-harvest godowns to store the agriculture produce safely. Israel has done very well in water management. We have a huge space industry and the Government should consider commissioning agriculture specific satellite to help pest monitoring, NPK monitoring and yield monitoring and forecasting.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI POCHA BRAHMANANDA REDDY** : Hon. Chairperson, Sir, thank you once again. I would like to thank the people of my constituency and our hon. Chief Minister of Andhra Pradesh for giving me the opportunity.

***श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर):** ग्रामीण विकास विभाग पर चर्चा में भाग लेने का अवसर देने के लिए आपका आभार प्रदर्शन करते हुए मुझे इस बात का परम संतोष और प्रसन्नता है कि प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठित एनडीए-1 की सरकार ने भी प्रथम वर्ष और प्रथम दिन से गांव, गरीब और किसान की बेहतरी, खुशहाली और विकास को अपनी सोच और कार्य प्रणाली को केन्द्र में रखा है यह इसलिए और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि हम इस वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयन्ती मना रहे हैं ।

बापू कहा करते थे कि भारत की आत्मा इसके गांवों में बसती है इस तथ्य पर विचार करते हुए कि देश की अधिकांश जनता अभी भी गांव में रहती है और कृषि तथा पारम्परिक उद्योगों पर ही निर्भर है इसलिए हमें खेती के साथ साथ ऐसे उद्योगों को उन्नत बनाकर उत्पादकता और लाभ की उस अवस्था तक ले जाना है जिससे वह रोजगार के पर्याप्त और स्थाई माध्यम सृजित करने में सक्षम हो सके।

इस बात में कोई शक नहीं है कि नरेन्द्र मोदी की लोकप्रिय सरकार के अधिकांश कार्यक्रमों और योजनाओं का सीधा लाभ गांव और वहां बसे लाभार्थियों तक पहुंचने से 7 लाख गांव की सूरत और सीरत बदल रही है मसलन उज्ज्वला योजना को ले तो ग्रामीण भारत के सात करोड़ से अधिक परिवारों को एलपीजी कनेक्शन देकर उन्हें स्वच्छ और स्वस्थ रसाई उपलब्ध कराई गयी है वहीं सौभाग्य योजना के अन्तर्गत गांव के 100 प्रतिशत गरीब परिवारों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं।

ग्रामीणों की दशा बदलने में दूसरा सर्वाधिक कारगर कदम प्रधान मंत्री आवास योजना के जरिये 1.5 करोड़ से अधिक ग्रामीणों को पक्का घर मुहैया कराना रहा है। इतना ही नहीं प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्रों को बहुत से सामाजिक और आर्थिक लाभ मिले हैं।

---

* Speech was laid on the Table.

हकीकत के इस श्वेत पक्ष के साथ-साथ कुछ श्याम पृष्ठ भी हैं मसलन रोजगार के अभाव में बड़ी संख्या में ग्रामीण युवाओं का शहरों और महानगरों का पलायन हुआ है।

कानपुर देहात का प्रतिनिधि होने के नाते मैंने गांव की इस पीड़ा को बहुत शिददत से महसूस किया है पलायन की यह स्थिति दिनोदिन विकाराल रूप लेती जा रही है इसके बहुत दूरगामी दुष्प्रभाव सामाजिक, आर्थिक जगत को झेलने पड़ सकते हैं ग्रामीण पलायन के कारण पैदा होते जन सांख्यिकीय असंतुलन से जहाँ शहर की व्यवस्थाएं और आधारभूत संरचनाएं चरमराने लगी हैं और राजधानी दिल्ली समेत देश के अधिकांश शहरों और महानगरों पर बढ़ते जनसंख्या दबाव के कारण परिवहन, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में लगभग अराजकता जैसी स्थिति पैदा हो रही है वहीं भारत की आत्मा कहे जाने वाले गांव सन्नाटे में हैं कई घरों में ताले लटक रहे हैं तो कुछ एक में वृद्ध माता-पिता महज चौकीदार की भूमिका में देहरी द्वार की इज्जत बचाये हुए हैं।

इस स्थिति से निपटने के लिए और सच्चे अर्थों में विकास को गांव तक पहुंचाने के लिए हमें कृषि को उसके लाभप्रद स्वरूप में लाना पड़ेगा। उसके साथ ही साथ हमें रोजगार के अन्य वैकल्पिक क्षेत्रों मसलन पशु और मत्स्य पालन जेसे क्षेत्रों को लाभप्रद कृषि व्यवस्था का सहभागी बनाना पड़ेगा। हालांकि ग्रामीण डिजटलीकरण, ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के अंतर्गत अभी तक 2 करोड़ से अधिक ग्रामीण भारतीयों को डिजिटल रूप से साक्षर बनाया गया है लेकिन ग्रामीण शहरी डिजिटल अंतर को पाटने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना है क्योंकि यही एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ से रोजगार और स्वावलम्बन की डगर खुलती है।

बहुत कुछ किया गया है किया जा रहा है और किया जाना बाकी है हमें इस बात का संतोष है कि गांव के प्रति सरकार की नीति और नियत में कोई खोट नहीं है। हम उम्मीद रखते हैं कि भ्रष्टाचार और लाल फीताशाही के अवरोधों को मिटाकर हम ग्रामीण भारत को भी नए भारत का हमसफर बना सकेंगे।

मैं अपने संसदीय क्षेत्र समेत निकटवर्ती जिलों की बेहद गंभीर एवं ज्वलंत जनसमस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कर माननीय मंत्री जी से मांग करता हूं कि आगरा, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, फतेहपुर और इलाहाबाद जनपदों के यमुना के तटवर्ती भू-भागों की प्राकृतिक, भौगोलिक, वानस्पतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियां बुन्देलखण्ड के समान हैं । यहां पर मिट्टी की किस्म, जल स्तर, फसले और वनस्पतियां बुन्देलखण्ड से निम्नस्तरीय है। उत्तर प्रदेश के सीलिंग एक्ट में भी उक्त क्षेत्रों की समानता बुन्देलखण्ड जैसी होने के कारण कृषि की जोत सीमा से यमुना की गहरी धारा से 16 किमी उत्तर की ओर बुन्देलखण्ड के समान ही रखी है। सूखा राहत व अन्य सुविधाओं के आवंटन में इस क्षेत्र को बुन्देलखण्ड के समतुल्य तो क्या दशमांश भी सुविधाएँ नहीं मिली हैं । मैंने दिनांक 23.04.2015 एवं 02.12.2015 के अंतर्गत लोक सभा अधिनियम 377 के तहत उक्त क्षेत्रों को बुन्देलखण्ड के समान सुविधाएं दिलाये जाने हेतु मांग की थी जिसके संबंध में माननीय गृह राज्य मंत्री जी द्वारा पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि उक्त प्रकरण को कार्यवाही हेतु प्रदेश सरकार को प्रेषित किया गया है। उक्त प्रकरण कानपुर मंडल के मंडलायुक्त, जिलाधिकारी कानपुर नगर एवं जिलाधिकारी कानपुर देहात द्वारा क्षेत्र को बुन्देलखण्ड के समान मानते हुए सुविधाएँ प्रदान करने के संबंध में सहमति प्रदान की थी किन्तु उक्त क्षेत्र को अभी तक बुन्देलखण्ड की श्रेणी में नहीं करके लाभ से वंचित रखा गया है ।

हमारे क्षेत्र की उक्त जायज एवं जरूरी मांग पर गंभीरता से विचार करते हुए ऊपरवर्णित जनपदों को बुन्देलखण्ड के समान सुविधाएँ प्रदान करने की कृपा करें ।

सादर।

***श्रीमती दर्शना विक्रम जरदोश (सूरत):** श्री नरेन्द्र भाई मोदी सरकार की देश की प्रथम महिला वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने बजट के माध्यम से अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार कृषि क्षेत्र होगा यह स्पष्ट कर दिया है । सरकार अन्नदाता को उर्जादाता बनाने का प्रयास करेगी । किसानों को जीरो बजट कृषि के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाने का और अपनी जमीन का स्वास्थ्य सुधारने का प्रयास एवं एक सफल कोशिश सरकार द्वारा की जा रही है।

सरकार के द्वारा 2022 तक किसानों की आय दुगनी करने हेतु दूरदृष्टि के साथ योजना बनाकर ठोस कदम उठाने की पहल की जा चुकी है। जिसके परिणाम आने वाले दिनों में मिलेंगे। सरकार द्वारा कृषि बजट में 1,51,518 करोड़ जितनी राशि का आवंटन यह बताता है कि सरकार कृषि को कितना गंभीरता से ले रही है। सरकार की नई योजना तथा तकनीक का कृषि में उपयोग किसान की आमदनी बढ़ाने में, जमीन का स्वास्थ्य बनाने में बहुत कारगर साबित होगी। नए कृषि उत्पादक संघों का बड़ी मात्रा गठन करने से किसान को अपने उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध होगा। यह पहली सरकार है जिस ने दलहन के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प पूर्ण किया है। कृषि उत्पादकों के क्षेत्र में सरकार उद्योग साहसिको को बढ़ावा देकर युवाओं को नये क्षेत्र में कार्य करने का मौका देने जा रही है।

असली भारत गांव में बसता है। ऐसा आजतक कहा जाता था परंतु उस हेतु सुव्यवस्थित प्रयास आज तक नहीं किए गए हैं। वर्तमान सरकार ने यह प्रयास शुरू किए हैं जिसके लिए वर्तमान सरकार माननीय प्रधान मंत्री जी, वित्त मंत्री जी एवं सरकार बढ़ाई के पात्र हैं। वर्तमान सरकार ने 7 मंत्रालयों को एकत्रित करके जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया है। जिससे किसानों की सिंचाई की समस्याओं को सुलझाने में आसानी रहेगी । सरकार द्वारा 2024 तक हरघर नल हरघर पानी योजना, उज्जवला योजना एवं सौभाग्य योजना से गांव में बड़ा परिवर्तन आने वाला है । जिससे अपनी संस्कृति को संजोये रखने में एवं अपनी पहचान कायम रखने में बड़ सफलता मिलेगी । हर

---

* Speech was laid on the Table

परिवार को घर इस विचार के साथ माननीय प्रधान मंत्री जी ने गुजरात के मुख्य मंत्री के नाते जो स्वप्न देखा था उसका फलक आज पूरा देश हो गया है। आवास बनाने की समय मार्यादा को 314 दिनों से 140 दिन करने की संकल्प शक्ति सरकार ने जताई है । ग्रामीण डिजिटल साक्षरता के तहत 2 करोड़ गांवों में डिजिटल शिक्षण का वास्तविक रूप में भारत को अंदरूनी तौर पर जोड़ने में सहायक होगा ही परंतु साथ-साथ विश्वस्तर पर हमारे गांवों को जोड़कर क्रांति लाने में भी सहायक होगा ।

*[*] **श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू):** मैं ग्रामीण विकास एवं कृषि कल्याण मंत्रालय के अनुदान मांगों 2019-20 पर अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं । भारत कृषि प्रधान देश है। राजस्थान वर्तमान में भारत का सबसे बड़ा राज्य है। जिसमें देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 10.4 प्रतिशत भू-भाग है। राज्य की लगभग 65 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। राज्य में भू-जल की स्थिति बहुत ही विषम है। जल की स्थिति पिछले दो दशकों से बहुत ही तेजी से बिगड़ती जा रही है इसके बावजूद भी राज्य में अनाज उत्पादन 2.5 गुणा से अधिक तथा तिलहन उत्पादन 3.5 गुणा बढ़ी है। राई और सरसों, बाजरा, गवार मोठ, धनिया, जीरा, मेथी, इसबगोल आदि के उत्पादन में राज्य का देश में पहला स्थान है। दलहन उत्पादन में देश में दूसरे स्थान पर आता है।

सरकार की कार्यनीति खेती को व्यवहार्य बनाकर किसानों के कल्याण में फोकस करना हैं कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण की अधिकतर योजनाएं विभिन्न कार्यकलापों और योजनाओं के माध्यम से सीधे किसानों को लाभ प्रदान करने पर फोकस करती है। जैसे :- किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण की प्रमुख योजना का कार्यन्वयन करना ताकि उर्वरकों का इष्टतम उपयोग किया जा सके ।

2. प्रति बूंद अधिक फसल पहल जिसके तहत जल के इष्टतम उपयोग के लिए ड्रिप/स्प्रिंकलर सिंचाई को प्रोत्साहित किया जा रहा है ।

3. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई) जिसके अन्तर्गत जैविक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है ।

4. राज्य सरकारों के माध्यम से मंडी सुधार करना ।

5. मॉडल संविदा खेती अधिनियम को लागू करके राज्य सरकारों के माध्यम से संविदा खेती को बढ़ावा देना।

---

[*] Speech was laid on the Table.

6. ग्रामीण हाटों का एकत्रीकरण केन्द्र के रूप में कार्य करने और किसानों से कृषि जिंसों की सीधी खरीद का उन्नयन किया जाना है ।

7. किसानों को इलेक्ट्रॉनिक ऑनलाइन व्यापार मंच उपलब्ध कराने के लिए ई-नाम की शुरूआत।

8. जोखिम कम करने के लिए फसलों को बेहतर बीमा कवरेज प्रदान करने के लिए सरकार ने खरीफ 2016 मौसम से एक फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) शुरू की है। यह योजना विशेष मामलों में फसलोपरांत जोखिमों सहित फसल चक्र के सभी चरणों के लिए बीमा प्रदान करती है। "हर मेढ़ पर पेड़" के अंतर्गत कृषि वानिकी को बढ़ावा दिया जा रहा है । भारतीय वन अधिनियम, 1927 में संशोधन करके बांस को वृक्षों की परिभाषा से हटा दिया गया है। गैर-वन्य सरकारी भूमि के साथ-साथ निजी भूमि पर मूल्य संवर्धन और उत्पाद विकास पर बल के साथ बांस रोपण को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2018 में पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन की शुरूआत की गई है।

किसानों की आय को बढ़ाने के लिए सरकार ने मौसम 2018-19 से सभी खरीफ और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को उत्पादन की लागत से कम से कम 150 प्रतिशत तक बढ़ाने की मंजूरी दी है।

किसान अनुकूल कार्यकलापों को गति प्रदान करने के लिए सरकार में नई क्षेत्रक योजना प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा) का अनुमोदन किया है। योजना का उद्देश्य केन्द्रीय बजट 2018 में की गई धोषणा के अनुसार किसानों के उत्पाद के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना है। किसानों की आय को संरक्षित करने के लिए भारत सरकार द्वारा उठाया गया यह एक अभूतपूर्व कदम है और यह किसानों के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

परागण के माध्यम से फसलों की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय के अतिरिक्त स्रोत के रूप में शहद उत्पादन को बढ़ाने के लिए समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के तहत मधुमक्खी पालन को बढ़ावा दिया जाता है।

गोवंशीय दूध उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि और किसानों के लिए दूध उत्पादन को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन कार्यान्वित किया गया है ।

पशुधन की उत्पादकता को बढ़ाने और आनुवांशिक सुधार के लिए राष्ट्रीय पशुधन मिशन कार्यान्वित किया गया है।

मात्स्यिकी क्षेत्र में उच्च क्षमता को देखते हुए अंतर्देशीय और समुद्री मत्स्य उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित करके बहु आयामी कार्यकलापों के साथ नीली क्रांति का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

इस लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रयोजनार्थ किसानों को अधिक से अधिक संस्थागत ऋण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। सरकार 3 लाख रूपए के अल्पावधि फसल ऋण पर किसानों को ब्याज में 3 प्रतिशत की छूट देती है। इस समय किसानों को प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध है जो शीघ्र अदायगी पर 4 प्रतिशत कम हो जाता है।

इसके अलावा, ब्याज स्कीम 2018-19 के तहत प्राकृतिक आपदा होने पर किसानों को राहत दिए जाने के लिए पुनसंरचित राशि पर एक वर्ष के लिए बैंकों को ब्याज पर 2 प्रतिशत छूट देने की व्यवस्था जारी रहेगी। किसानों द्वारा अपने उत्पादों को मजबूरी में बेचने से रोकने और परक्राम्य रसीदों पर गोदामों में अपने उत्पादों को भंडारित करने संबंधी बढ़ावा देने के प्रयोजनार्थ किसान क्रेडिट कार्ड धारक छोटे व सीमांत किसानों को अगले 6 माह की अवधि हेतु इसी दर पर फसलोपरांत ऋण उपलब्ध होंगे ।

सरकार ने पशुपालन मात्स्यिकी से संबंधित कार्यकलाप करने वाले किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा देने का अनुमोदन किया है और ऐसी श्रेणियों के किसानों को भी ब्याज छूट सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है ।

सरकार ने कृषि क्षेत्र को ऋण के प्रवाह के लिए वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया है, बैंक लगातार वार्षिक लक्ष्य को पार कर रहे है । वर्तमान वर्ष का कृषि ऋण प्रवाह लक्ष्य 13.50 लाख करोड़ रूपये निर्धारित किया गया है ।

सरकार ने देशभर के सभी किसानों को आय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार ने एक नई केन्द्रीय क्षेत्रक योजना तथा प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) शुरू की है ताकि उन्हें अपनी घरेलू जरूरतों के साथ-साथ कृषि और संबद्ध कार्यकलापों से संबंधित खर्चों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। इस योजना का लक्ष्य उच्च आय वर्ग से सबंधित कतिपय अपवर्जनों के अध्यधीन किसानों को 2000 रूपये की चार मासिक तीन किश्तों में 6000 रूपये प्रतिवर्ष का भुगतान करना है। इस योजना के तहत लगभग 145 करोड़ किसानों को कवर किए जाने का अनुमान है ।

सरकार ने छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने के प्रयोजनार्थ इन किसानों को वृद्धावस्था पेंशन प्रदान करने के लिए एक अन्य नई केन्द्रीय क्षेत्रक योजना कार्यान्वित करने का निर्णय लिया है क्योंकि उनके पास ऐसी कोई बचत नहीं होती है कि वे अपनी आजीविका का साधन समाप्त होने पर वृद्धावस्था में अपनी जरूरतें पूरी कर सकें। इस स्कीम के तहत 60 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर पात्र लघु और सीमांत किसानों को प्रतिमाह न्यूनतम 3 हजार रूपये की निर्धारित पेशन दिए जाने का प्रावधान किया गया है । इस योजना में पहले तीन वर्षों में लगभग 5 करोड़ लाभार्थियों को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। यह एक स्वैच्छिक और अंशदायी पेंशन स्कीम है, इसमें शामिल हाने की आयु 18 से 40 वर्ष है। सरकार ने मार्च 2022 तक इस योजना के लिए 10774.50 करोड़ रूपये के बजटीय प्रावधान को मंजूरी दी है।

जो बजट किसान हितकारी में 2019-20 का दिया है , उसके लिए मैं प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी व कृषि मंत्री जी श्री नरेन्द्र तोमर का बहुत-बहुत आभार व धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ। 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठनों का अगले पांच साल में गठन किया जाएगा ।

शून्य बजट खेती पर जोर, बुनियादी तरीकों पर लौटना इसका उद्देश्य है। इसी से किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य पूरा होगा।

खाद्यान्नों, दलहनों, तिलहनों, फलों और सब्जियों की स्व-पर्याप्तता और निर्यात पर विशेष रूप से जोर दिया गया।

- ग्रामीण रोजगार के लिए स्फूर्ति (स्किम ऑफ फंड फार अपग्रेडेशन एंड रीजरेशन ऑफ ट्रेडिशनल इंडस्ट्रीज) योजना की शुरूआत। इसके तहत अगले 5 साल में 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे।
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मात्स्यिकी ढांचे की स्थापना होगी।
- किसानों का जीवन और व्यवसाय आसान बनाने के लिए काम किये जाएंगे। सरकार कृषि अवसरंचना में निवेश करेगी।
- किसानों के उगाए फसलों में मूल्यवर्धन के लिए निजी उद्यम को बढ़ावा। बांस, लकड़ी और ऊर्जा के क्षेत्र में किसानों की बड़ी मदद की जाएगी ।

किसान की आय दुगुनी करने के संबंध में (2022) निम्न सुझाव किसान हितकारी में देना चाहता हूँ।

- न्यूनतम समर्थन मूल्य MSP प्रदेश में उगाने वाली सभी फसलों का समर्थन मूल्य घोषित हो
- समर्थन मूल्य फसल बुवाई से पहले घोषित हो ताकि किसान फसल के मूल्य के अनुरूप बुवाई करने का निर्णय करे।
- MSP क्रय करने की प्रक्रिया को सरल बनाया जावे। क्रय करने में अनेकों दस्तावेजों के स्थान पर केवल जमाबन्दी ही पर्याप्त है।
- क्रय की गई जिन्स का भुगतान किसानों को समय पर मिले।
- MSP से नीचे दामों पर क्रय करने वाले क्रेता पर दण्डात्मक कार्यवाही करने का प्रावधान हो।

- खरीफ वाली फसलों में (बाजरा, मक्का, ज्वार, मूंग, मोठ, ग्वार, तिल, मूंगफली आदि) बुवाई से पूर्व एवं किसानों की मांग के अनुसार प्रमाणित एवं गुणवता युक्त बीज समय पर उपलब्ध नहीं होता । सुनिश्चितता हो ।
- झुंझुनू में खाद का रैक पांईट बनाया जावे जिससे खाद बुवाई से पहले उपलब्ध हो।
- वर्तमान में बीजों के ऊपर अनुदान का प्रावधान सिर्फ राजस्थान राज्य बीज निगम (RSSC) एवं राष्ट्रीय बीज निगम NSC को ही है जबकि बीज उत्पादन के क्षेत्र में निजी बीज उत्पादक संस्थायें एवं गांव बीज योजना के अन्तर्गत भी बीज का उत्पादन बड़ी मात्रा में किया जा रहा है। निजी क्षेत्र को भी बीज के ऊपर अनुदान देने का प्रावधान किया जाना उचित होगा जिससे बाजार में बीज दर की समरूपता बनी रहे।

***श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर):** मैं कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के डिमान्ड ऑफ ग्रान्टस पर अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूँ।

मैं सबसे पहले देश के सिद्ध पुरूष प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी एवं माननीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र जी तोमर एवं श्री कैलाश जी चौधरी को बहुत-बहुत बधाई एवं धन्यवाद देना चाहता हूँ। इनकी दूरदृष्टि और विकासशील सोच की वजह से ही भारत आज 5 ट्रीलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। राष्ट्र को आगे बढ़ाने के लिए दृढ़निश्चय और जनता के लिए कुछ करने की भावना के कारण ही यह संभव है। देश के इस बजट में बाकी सेक्टर के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी किसानों और ग्रामीण लोगों के लिए सरकार ने ध्यान दिया और उनके लिए आगे की योजनाएं बनाई हैं, जो कि एक बहुत ही अच्छी बात है क्योंकि भारत की 70 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या गांवों में निवास करती है और उसके 80 प्रतिशत ग्रामीण जनता कृषि कार्यों से अपना जीवनयापन करती है। किसान रूपी अन्नदाता को उर्जादाता बनाने के लिए आजादी की 75वीं वर्षगांठ के दौरान 2022 तक किसानों की आय दुगुनी करने के लिए सरकार लगातार प्रयासरत है जिसके तहत किसान सम्मान निधि योजना, पी.एम. आशा योजना, किसान पेंशन योजना, मृदा कार्ड योजना, प्रधनमंत्री फसल बीमा योजना, जीरो बजट फार्मिंग योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, पशुधन बीमा योजना, एम.एस.पी. योजना आदि शामिल है।

केसीसी पर सरकार द्वारा 2 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी के साथ समय पर भुगतान करने वाले किसानों के लिए 3 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान किया गया है, जो किसानों के लिए बहुत ही लाभदायक है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में खरीफ और रबी की 22 फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य में डेढ गुणा वृद्धि करना किसानों के लिए हितकारी होगा।

---

* Speech was laid on the Table.

मेरे लोक सभा क्षेत्र के किसानों द्वारा मूंग, मोठ, ग्वार व तिलहन की खेती मुख्य व्यवसाय है, जो एम.एस.पी. में शामिल नहीं किये गये हैं, उनको एम.एस.पी. में शामिल किया जाए।

किसान के हर खेत को पानी व हर हाथ को काम देने की जो योजना तय की गई यह बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है। पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी ने देश की नदियों को जोड़ने की जो योजना तैयार की थी, उसको यू.पी.ए. सरकार ने ठण्डे बस्ते में डाल दिया, जो बहुत ही दुर्भाग्य की बात है। अब माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दुबारा अलग से जल शक्ति मंत्रालय का गठन कर प्रत्येक खेत को पानी व हर हाथ को काम देने का लक्ष्य तय किया है, जो एक बहुत ही बड़े सौभाग्य की बात है। किसान के खेत में पानी की आवक का जो जरिया है, वो बंद हो गया है। इसके लिए देश की नदियों को जोड़कर प्रत्येक किसान के खेत में पानी देने के लिए नहरों की व्यवस्था की जावे ताकि देश विकास की ओर अग्रसर हो सके।

राजस्थान में किसान के खेतों एवं बाड़े में किसी प्रकार की आग लगने या अन्य दुर्घटना पर बहुत भारी नुकसान होने संबंधी मामले सामने आये हैं, ऐसे प्रकरणों पर किसान द्वारा आपदा राहत कोष स्कीम के तहत आवेदन करने पर सरकार द्वारा नाममात्र की सहायता दी जाती है, जबकि अन्य क्षेत्रों में नुकसान का पूरा भुगतान किया जाता है, जो किसान के साथ बहुत ही अन्याय है। किसान की आय के मात्र दो ही साधन हैं जो कृषि एवं पशुधन है। राजस्थान में अधिकांश समय अकाल की छाया बनी रहती है, ऐसी स्थिति में पशुधन के लिए किसान द्वारा चारे का खुले में भण्डारण किया जाता है। उस दौरान चारा भण्डार में आग लगने से किसान की हालत बहुत ही दयनीय हो जाती है। ऐसी विषम परिस्थितियों में आत्महत्या जैसी घटनायें घट रही हैं। हाल ही में विधान सभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी जी ने राजस्थान के किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ करने की घोषणा की थी, जो किसानों के साथ धोखा एवं छलावा किया। ऐसा करने से अन्नदाता रूपी किसान का सरकारों व राजनेताओं से विश्वास घटने लग गया है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि:- मोठ, ग्वार, तिहलन, मैथी का समर्थन मूल्य घोषित किया जाए। एम.एस.पी. पर जो खरीद की जाती है उसकी न्यूनतम सीमा समाप्त की जाए । खाद एवं बीज पर किसानों को जो अनुदान राशि प्रदान की जाती है वो सीधा किसान के खातों में डाली जाए। खाद्य प्रसंस्करण तंत्र को मजबूती से विकसित किया जाए। सोलर पम्पों पर अनुदान एवं लक्ष्यों को बढ़ावा जाए । राजस्थान में टिड्डी दलों द्वारा फसलों के नुकसान पर नियंत्रण किया जाए। प्रत्येक किसान के ट्यूबवैल पर निर्मित जलहोज एवं डिग्गी पर अनुदान एवं लक्ष्यों को बढ़ाया जाए। राजस्थान में किसानों को बिजली कनेक्शन शीघ्र देने एवं प्रक्रिया को सरल किया जाए एवं किसानों को प्रति बिल अनुदान दिये जाने की घोषणा की पालना की जाए एवं अनुदान बढ़ाया जाए ।

[*]**श्रीमती रंजनबेन भट्ट (वडोदरा):** हमारा भारत देश एक कृषि प्रधान देश रहा है। विश्व में कृषि क्षेत्र के उत्पादनों में हमारा दूसरा क्रमांक है एवं कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थतंत्र की आधारशिला की तरह है और कृषि क्षेत्र का कुल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अहम योगदान प्रदान करता रहा है। फरवरी 2018 के आंकड़ों के मुताबिक 58 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र के लोग अभी भी जीवन निर्वाह के लिए कृषि पर निर्भर करते हैं।

इस वर्ष केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्रालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कृषि मंत्रालय के लिए 1,30,485 करोड़ रूपये का आवंटन किया गया है। 2019-20 के लिए कृषि मंत्रालय के आवंटन 2018-19 के मुकाबले से 140 प्रतिशत अधिक है जिसमें मुख्य रूप से पीएम-किसान के लिए वित्तीय आवंटन 75,000 करोड़ रूपये शामिल हैं। उर्वरक सब्सिडी के लिए आवंटन 70,090 करोड़ रूपये से बढ़ाकर 79,996 करोड़ रूपये किया गया है एवं उर्वरक निर्भरता कम करने के लिए 'जीरो बजट खेती' के अभिनव पायलटों को देश भर में क्रियान्वित किया जाएगा। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के लिए इस बजट में 3,737 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं, इसमें से अवसंरचना, आधुनिकीकरण, पारगम्यता, उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता नियंत्रण सहित मूल्य श्रृंखला में महत्वपूर्ण अंतराल को संबोधित करने के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) को 805 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं।

हमारी सरकार अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने और आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों को फसल का उचित मूल्य देना हमारी प्राथमिकता है। इस बजट में अगले पांच वर्षों में अर्थव्यवस्थाओं में सुधार के लिए 10,000 नये कृषि उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के निर्माण एवं कृषि ग्रामीण उद्योग क्षेत्र में 75,000 कुशल उद्यमियों को विकसित करने के लिए 80 आजीविका व्यवसाय इन्क्यूबेटरो (एलबीआई) और 20 प्रौद्योगिकी व्यवसाय इन्क्यूबेटरो (टीबीआई) की

[*] Speech was laid on the Table.

स्थापना पर भी ध्यान केन्द्रित किया गया है। यह बजट पूर्ण रूप से गांव, गरीब और किसान केन्द्रित बजट है।

मुझे यह बताते हुए गौरव और आनंद होता है कि मेरे संसदीय मतक्षेत्र वडोदरा में वर्ष 2017-18 में कुल 28 किसानों को 79523 रूपये की और वर्ष 2018-19 में कुल 4 किसानों को 28,223 रूपये की प्रतिपूर्ति प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत की गयी है। मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि मेरे संसदीय क्षेत्र वडोदरा के 1 लाख 42 हजार किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जुड़ चुके हैं और करीब 90 हजार किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत दो किस्त प्राप्त हो चुकी हैं।

मैं आदरणीय कृषि मंत्री से मांग करना चाहूंगी कि वड़ोदरा लोक सभा सीमांकन में, वडोदरा शहर विस्तार के अलावा, वडोदरा ग्राम्य, सावली तालुका (ब्लॉक), डेसर तालुका (ब्लॉक) और वाघोडिया तालुका (ब्लॉक) सम्मिलित है जबकि वडोदरा जिलाधीश के महसूल/राजस्व सीमांकन में अन्य 03 और तालुका (ब्लॉक) जैसे कि करजण तालुका (ब्लॉक), पादरा तालुका (ब्लॉक), डभोई तालुका (ब्लॉक) भी सम्मिलित हैं पर यह जिलाधीश के महसूल/राजस्व सीमांकन के, 03 तालुका (ब्लॉक) मेरे वडोदरा लोक सभा सीमांकन में नहीं आते।

मेरे वडोदरा लोक सभा सीमांकन में ऑर्गेनिक युनिवर्सिटी प्रदान कर, वडोदरा के सर्वंगीण विकास में बहुमूल्य योगदान दें।

*__SHRI K.SUBBARAYAN (TIRUPPUR):__ I would like to place my views on Demands for Grants on the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare and the Ministry of Rural Development.

The Union Budget 2019-20 has failed to address the looming drought situation in the country and deep crisis in the agriculture sector. There is no mention even about the rural credit, remunerative prices for crops, farmers suicides etc. in the budget speech. 50 per cent of our population depends on agriculture but their contribution to GDP is steadily declining due to the slow growth rate of agriculture.

Though the allocation for agriculture ministry shows an increase to Rs.1,30,485 crore, Rs.75,000 crore i.e. more than half of this, is for the much publicized PM-Kissan Samman Scheme, which is the same as in the interim budget. Now the scheme is extended to cover all the farmers, but the allocation is not being increased. Moreover, the tenant farmers who do not own land are not covered under this scheme. It is these tenant farmers who cultivate most of pulses, oil seeds etc. But they are not benefitted by the PM-Kissan Scheme, nor they have access to low interest loans from Public Sector banks. The small and tenant farmers take loan from local money lenders and institutions like NABARD, Co-operative societies etc. So the loan waiver scheme should be applicable for the loans taken from such institutions also, so

---

* Speech was laid on the Table.

that the small and tenant farmers are also benefitted. Like wise the PM-Kissan Scheme should be applicable for tenant farmers also.

The Minimum Support Price (MSP) for crops should be fixed as per the recommendations of the M.S. Swaminathan Committee Report. The present Crop Insurance Scheme is not helping the farmers in distress due to the various restrictions in calculating the extent of area and damages to the crops caused by the disasters. So the scheme should be reviewed and revised so as to benefit the farmers and not the Insurance companies.

Another problem the farmers are facing is laying of the high-voltage power lines over the farm lands. This affect the productivity as well as the value of the land. It should not be allowed and alternate methods should be adopted like laying underground cables through National Highways.

Then, the Government seems to be encouraging corporate farming creating land banks due to the problem of small land holdings. This is very dangerous move because in future the Corporate would grab all the agricultural lands belonged to the small and marginal farmers in the country.

The budget allocation for the ministry of Rural Development is Rs.1,17,647.19 crore, same as in the interim budget. Out of this, the allocation for MGNREGA is only Rs.60,000 crore which is Rs.1000 crore less than the revised estimate for 2018-19. The Government has increased the days of work by 50 days for the drought affected areas, but without proportional increase in allocation, how the scheme can effectively be implemented?

Rural development means improving the quality of life of the rural families, enhancing the economic status and empowering the people of rural India.

But what we see is the increasing rural distress. The government is keen to project growth not development. The government is eager to showcase its schemes but not bother about the implementation. Unfortunately only rhetorics remain. In reality rural India is not developing. It remains alienated from the development process. Rural wages are lowering. Rural employment is shrinking. Government has no policies to create jobs in the rural India.

The Finance Minister in her budget speech said that 100% electrification is achieved. Sorry Madam. No. The fact is the opposite. I show you a village in my constituency in the T.N. Palayam Union, Punchai duraiyam Palayam Panchayaath, Erumai Kuttai Puthuk colony, 65 families are there which has till today not see the 'house light'. I am sure there are still thousands of such villages which are still not provided with electricity in their houses. The community services like street lights, lighting schools, hospitals, health centers, anganwadi centers all remain unconnected with electricity. How can there be real growth then?

About road connectivity, our government is too keen about laying 4 lane, 6 lane, 8 lane and 10 lane roads to serve the interests of MNCs and big corporate. But rural connectivity in India is still a far dream. More than 50% of the villages do not have road connectivity with the cities.

Without good roads no economic activity can take place. I have in my constituency villages in Anthiyur and the nearby forest areas where there are no roads.

Many villages in India do not get good potable water. Open is still a reality in India.

Therefore, I appeal that instead of celebrating only the schemes as achievements the government allocates adequate funds and create infrastructure for the implementation of the schemes. Without the growth and development of the rural India, growth of India only remains a farce.

Overall, this budget is anti-farmer. There is no concrete measures in the budget to realize the government's promise to double the farmers' income by 2024, to solve the crisis in agriculture and to reduce the ever increasing farmers' suicides in the country.

With these words, I conclude.

*SHRI S. GNANATHRAVIAM (TIRUNELVELI): I express my gratitude and indebtedness to our immortal Leader Dr. Kalaigner Karunanithi and the guidance and leadership of our leader Thalapathi Stalin; I present my views on the Discussion on Agriculture in the General Budget 2019-20.

India is an agricultural country. Agriculture is a backbone of our country. Farmers form the basis of the equitable economy of our country. More than 70% of our population is dependent on agriculture and its related industries. Our country can become a Super Power in the comity of nations, only when the livelihood, economy and social status of farmers are improved upon. With utmost priority the Union Government should strive in that direction. It is pertinent to say that our farmers face hardships while they want to avail Bank Loans. I urge the Union Government to improve the prevailing situation. Otherwise farmers may be compelled to go to private money lenders to get loans at exorbitant rates of interest. It is unfortunate that as a result of their inability to repay their loans which were taken by them from private money lenders, these farmers commit suicides. Normally the big landlords and farmers with larger landholding will get their agricultural loans easily. But the small, medium and micro level marginal farmers do not have such support. I request the Hon'ble Minister to issue strict orders to the Banks to provide loans for every farmer in this country irrespective of their level and status.

* Speech was laid on the Table.

Therefore, it should be the topmost priority of the Union Government to ensure hassle-free bank loans for farmers. The Government has announced a plan for doubling the income of farmers in the next 5 years. But the practical difficulties, which are plenty, should be identified and rectified. For example if we get 20 bags of paddy harvest from one acre of land, we may try to increase the harvest up to 25 bags. But due to several reasons like continuous drought, depletion of ground water table, inadequate supply of water from neighbouring state at the appropriate time of cultivation, the harvest has come down, in real terms to 10 bags instead of 20 bags. Keeping in view of this stark reality, the announcement of Union Government to double the income of the farmers should not remain as a mere announcement. The Union Government should take necessary action for ensuring that the income of farmers is doubled, if not, it would be a distant dream. Last year Tamil Nadu was affected due to floods and incessant rain. This year it has been affected due to severe drought. It is really unfortunate that the Union Government has not paid any attention to the Tamil Nadu as a relief measure to protect the interest of farmers of Tamil Nadu.

It is a timely help to the farmer. Water is necessary for cultivation. It should be the primary duty of the Union Government to ensure that farmers get adequate supply of water for cultivation in all the seasons. There should be adequate allocation of funds enabling us to reach the target of doubling the income of farmers in the next five years. Besides providing fertilizer subsidy and farm equipment, there should be availability of water resources for

cultivation. All the rivers of the country should be interlinked. The interlinking of peninsular rivers and the nationalization of rivers would be the permanent solution for problems arising out of inter-state water disputes in the great, grant country like India.

The Union Government has to allocate more funds for the proper maintenance and use of existing dams and water reservoirs in the country. The deepening and de-silting of local water bodies and the lakes is crucial for growth of agriculture. The Union Government has to allocate more funds for the river restoration projects in the country and also to increase and enhance the water catchment capacity in the country. The development of social forestry and increase of green cover in the country is also part of the agro development activity only.

Due to adverse crop patterns, agricultural land in several areas has become infertile. This could have been avoided if pulses and coarse grains are cultivated through *inter-cropping* methods. In order to stop farmers from committing suicides, similar to Dearness Allowance being paid to Government Employees, on the basis of price rise there should be pricing of agricultural produce on the basis of their production. It is unfair to import agricultural produce in large scale. Cooking oil and pulses are imported of our needs. We should bring down this import by way of increasing or domestic production.

The major and perennial problems of our farmers can be listed as under: The cost of their inputs is ever increasing; they don't get remunerative price for their produce; they don't have the wherewithal to invest in irrigation and allied

investments; they are torn under the frequent vagaries of droughts, crop failures, soil erosion and hostile market mechanism; and they suffer from indebtedness due to non-availability of credit from nationalized and commercial banks.

The age old professions like cattle rearing, dairying, poultry farming, and fishing are as important as any important profession. In fact, for feeding and keeping more people in peace and economic sufficiency, these fields should be focused more. There is an urgent need to protect the interests of people engaged, in all these above said professions and improve their subsistence pattern in the country.

I would like to draw the attention of the Government that unless there is substantial push in public investment towards this sector/community, who actually feed the nation, our future will be bleak.

I urge the Union Government to take all possible steps to improve the socio economic status of farmers in the country and make them happy to continue with agriculture and farming to make our country self sufficient in agriculture and its related fields.

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा):** सभापति महोदय, आज मैं यहां पर अपनी मातृभाषा मराठी में बोलना चाहता हूं।

*(Hon. Chairman Sir, our country India is known as an agriculture dominated country. Around 65-70% population of our country is dependent on farming and agriculture related activities for their livelihood. While speaking on the demands for grants pertaining to the Ministry of Agriculture, I must mention here that under the leadership of Hon. Prime Minister Narendra Modi ji, this NDA Government has brought some very innovative and far-sighted schemes for the betterment of our farmers. Government has also made greater allocations for it.)* क्या ट्रांसलेट नहीं हो रहा है? मैंने इसके लिए लेटर दिया था। मैं हिन्दी में अपनी बात यहां रखता हूं।

सभापति महोदय, इस कृषि प्रधान देश में किसानों के लिए जो बजट सम्माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी एनडीए सरकार यहां पर लाई है, उसमें किसानों के लिए बहुत सारी योजनाएं लाई गईं। उन्होंने किसानों के अच्छे दिन लाने के लिए, अलग-अलग योजनाओं में पैसे देने का काम किया है। सरकार के माध्यम से किसानों के लिए जो काम हो रहा है, उनके लिए अच्छी योजनाएं बनाई गई हैं। हम यहां बैठ कर जो योजनाएं तैयार करते हैं, वे निचले स्तर, किसानों तक पहुंचने में जो तकलीफ होती है, उसकी समीक्षा करने की जरूरत है।

सभापति महोदय, मैं यहां पर कहना चाहता हूं कि किसानों को फसल ऋण मिलना, उनका अधिकार है, लेकिन यह ऋण कब मिलना चाहिए, इसके लिए बैंकों के ऊपर कोई बंधन नहीं है, बैंक के ऊपर हमारा कोई कंट्रोल नहीं रहता है। यहां तक कि बुआई होने के बाद जब फसल हमारे घर

*....* English translation of this part of speech was originally delivered in Marathi.

में आती है तब भी बैंकों द्वारा लोन देना शुरू रहता है। मैं कृषि मंत्री जी से विनती करूंगा कि हम किसानों को जो भी फसल ऋण देते हैं, वह उनको बुआई के पहले मिलना चाहिए, ताकि वे अपनी इच्छा से खाद और बीज के साथ वहां पर बुआई कर सकें। मैं महाराष्ट्र राज्य के बुलढाणा संसदीय क्षेत्र से चुन कर आया हूं। हमारी पूरी बुआई जून महीने में हो गई। शुरू में बरसात भी अच्छी हुई थी। अभी तक किसानों को जो फसल ऋण दिया गया है, वह केवल 12-13 प्रतिशत है, यानी 100 किसानों में से सिर्फ 12-13 किसानों को ही फसल ऋण मिला है, बाकी किसानों को अभी तक ऋण नहीं मिला है, लेकिन उनको रोज बुलाया जाता है, जिससे किसानों को वहां बहुत तकलीफ होती है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर किसानों को समय पर फसल ऋण मिल गया तो किसान अच्छी तरह से अपनी खेती करेंगे, उनका उत्पादन बढ़ेगा। हमें किसानों के उत्पादन को 2022 तक दोगुना करना है, उसके लिए सरकार की तरफ से किसानों को मदद मिलनी चाहिए।

सभापति महोदय, पिछले दो-चार साल से मराठवाड़ा, विदर्भ के क्षेत्र में बहुत बड़ा सूखा पड़ा। वहां की सरकार ने भी सूखा घोषित किया, लेकिन सूखा घोषित होने के बाद में बैंक को किसानों की फसल ऋणों का पुनगर्ठन करना चाहिए और पुनगर्ठन करके उन्हें फिर से खेतों में बुआई के लिए ऋण देना चाहिए। अभी तक तीन-चार प्रतिशत किसानों के ऋणों का ही पुनर्गठन हुआ है। यह कृषि और किसानों के लिए अच्छी बात नहीं है।

सभापति महोदय, यह कहा जाता है कि महाराष्ट्र, कर्नाटक एवं अलग-अलग राज्यों में बहुत सारे किसान आत्महत्या कर रहे हैं। इसके लिए सरकार प्रयास भी कर रही है कि किसानों को आत्महत्या नहीं करनी चाहिए। कल के जवाब में भी बताया गया था कि वर्ष 2009 में किसानों को कर्ज से मुक्ति देने के बावजूद भी आत्महत्याओं में कमी नहीं आई है, बल्कि आत्महत्याएं बढ़ी हैं।

सभापति महोदय, मै यह कहना चाहूंगा कि बहुत सारे लोगों ने इसमें संशोधन किया, उसकी रिपोर्ट भी सरकार की तरफ से आई है, लेकिन मैं एक किसान हूं और मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से इतना ही कहूंगा कि किसानों को ज्यादा मदद देने की जरूरत नहीं है । उनको अच्छी तरह से तीन चीजें मिलें।

किसानों को सिंचाई के लिए पानी, बुआई के लिए अच्छे बीज और उनकी फसल के अच्छे दाम यदि ये तीन चीजें मिल जाएंगी, तो सरकार को किसानों के लिए कोई मदद या पैकेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। खेती और किसानी ऐसा क्षेत्र है जहां हमारे देश के अनस्किल्ड लेबर को सबसे ज्यादा रोजगार मिलता है । अनस्किल्ड लोगों को रोजगार देने के लिए भारत सरकार की एक योजना मनरेगा है। मैं कृषि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि मनरेगा स्कीम को खेती और किसानों से डायरेक्ट जोड़ा जाए और सौ दिन रोजगार देने की जो गारंटी दी है, वह रोजगार सीधे किसान से यदि मजदूर को मिले, तो सुविधा होगी। यदि किसान सौ दिन ही मजदूर को काम देता है और हमने दोनों को जोड़ दिया, तो वह 200 दिन मजदूरों को काम देगा। इससे खेती के काम अच्छे होंगे और खेती में सुधार होगा तथा लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

महोदय, मैं नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद दूंगा कि उन्होंने किसानों के लिए एक अच्छी फसल बीमा योजना बनाई है। योजना बहुत अच्छी है, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि इस योजना की समीक्षा करने की जरूरत है । टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में मैंने पढ़ा कि फसल बीमा योजना से किसानों की बजाय बीमा कम्पनियों को ज्यादा फायदा हो रहा है। अगर वर्ष 2017-18 का हिसाब देखा जाए, तो बीमा कम्पनियों ने 85 प्रतिशत मुनाफा कमाया है। इसका मतलब है कि बीमा कम्पनियों ने 15 प्रतिशत भी क्लेम नहीं दिए। खरीफ फसल का सीजन जुलाई से अक्तूबर तक चलता है । प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के पैनल में लगभग 17 कम्पनियां शामिल हैं, जिसमें से पांच सरकारी कम्पनियां हैं और बारह प्राइवेट कम्पनियां हैं। इन कम्पनियों ने 15029 करोड़ रुपये का शानदार मार्जिन हासिल किया है, लेकिन इन कम्पनियों ने किसानों को सिर्फ 2767 करोड़ रुपये बीमा फसल के मुआवजे का भुगतान किया है, जबकि इन्होंने बतौर प्रीमियम

17796 करोड़ रुपये जुटाए। इस वजह से किसानों में बहुत असंतोष है। हमारी यह योजना बहुत अच्छी है, लेकिन इसका लाभ किसानों को नहीं मिल रहा है। यहां किसानों की फसलों का जोखिम स्तर केवल 70 प्रतिशत ही कवर किया है। मैं सदन में विनती करूंगा कि यह जोखिम स्तर 90 प्रतिशत तक यदि बढ़ाया जाए, तो अच्छा होगा।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री प्रतापराव जाधव :** महोदय, मैं अपनी पार्टी की तरफ से एक ही सदस्य बोल रहा हूं। जब भी एमएसपी से नीचे किसानों की फसल के दाम होते हैं, तो नाफेड की खरीदी शुरू होती है, लेकिन नाफेड द्वारा जो पेमेंट दी जाती है, उसमें दो से तीन महीने का समय लग जाता है। यदि इस मद में कम से कम 50 हजार करोड़ रुपये रखे जाएं, तो किसानों को जल्दी पैसा मिल सकता है।

महोदय, प्रधान मंत्री जी की 'आयुष्मान भारत' योजना बहुत अच्छी योजना है। यह योजना गरीब लोगों के लिए है। मेरी विनती है कि किसानों को भी यदि 'आयुष्मान भारत' का कार्ड दिया जाता है, तो बहुत सारे किसानों की आत्महत्याएं रोकी जा सकती हैं। किसानों के घर में भी लोग बीमार होते हैं। उनके इलाज में चार-पांच लाख रुपये का खर्चा वे नहीं कर सकते हैं। 'आयुष्मान भारत' योजना से किसानों को जोड़ना चाहिए।

महोदय, सूखे में हमें किसानों की मदद करनी पड़ती है। पीने के पानी की दिक्कत होती है। अभी नया जल शक्ति मंत्रालय बनाया गया है। यदि इस मंत्रालय के माध्यम से नदी जोड़ प्रकल्प के काम हो जाएं कि जिन नदियों का पानी समुद्र में बह जाता है, वह पानी यदि लिफ्ट करके सूखे एरिया में छोड़ा जाए, तो उससे किसानों को भी लाभ होगा और सरकार को भी ज्यादा पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा।

**माननीय सभापति :** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री प्रतापराव जाधव:** मेरे क्षेत्र में नदी जोड़ प्रकल्प के तहत वैनगंगा से नलगंगा के सर्वेक्षण का काम चालू है। मेरी विनती है कि अगर यह पैनगंगा तक ले जाया जाए, तो हमारे मराठवाड़ा और विदर्भ के सात जिलों को इससे फायदा हो सकता है और ये सातों जिले सूखे की चपेट से बाहर निकल सकते हैं। इसके बाद वहाँ पर ज्यादा मदद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

किसान सम्मान योजना के तहत बहुत-से किसानों के एकाउंट नम्बर गलत हुए। बहुत-से किसानों के पैसे आते हैं, लेकिन उनके खाते में जमा नहीं हो पा रहे हैं। उसके लिए एक समीक्षा की जाए ताकि ये पैसे किसानों के खाते में जाएं।

एक आखिरी मुद्दा यह है कि जो किसान पेंशन योजना है, उसके लिए किसानों को इंस्टॉलमेंट भरना पड़ता है। अगर किसान सम्मान योजना में से ही परस्पर उनके इंस्टॉलमेंट काटकर उनके खाते में पैसे दिये जाएं, तो आगे चलकर उनको भी उसका लाभ मिलेगा क्योंकि किसान इतने तत्पर नहीं होते हैं कि वे हर साल अपना इंस्टॉलमेंट भर सकें। अगर एकाध इंस्टॉलमेंट नहीं भरी गई, तो उनको इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। इसलिए किसान सम्मान योजना में से ही कुछ पैसे बढ़ाकर या इसमें से कम करके उसके लिए देना चाहिए।

**माननीय सभापति:** अब आप समाप्त कीजिए। अपना आखिरी वाक्य बोलिए।

**श्री प्रतापराव जाधव :** महोदय, किसानों को जो मिट्टी का परीक्षण करके सॉइल हेल्थ कार्ड दिये जाते हैं, मेरी विनती है कि यह उनके स्थानीय भाषा में दिए जाएं ताकि वे किसानों की समझ में आ सकें। वे अंग्रेजी में होते हैं। इसमें जो माइक्रो सर्वेक्षण किया जाता है, किसान उतना नहीं पढ़ते हैं। एनपीके में बताया गया है कि कहाँ पर कौन-सा खाद देना आवश्यक है।

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालन्दा):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे वर्ष 2019-20 के लिए केन्द्रीय बजट के तहत ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालयों के अनुदानों की माँगों पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

भारत एक कृषि प्रधान देश है। देश की आत्मा किसानों में बसती है। देश के गाँवों में लगभग 72 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित काम करते हैं। देश के माननीय प्रधान मंत्री का प्रयास है कि किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो, इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने पिछले पाँच वर्षों में कई कार्य किए हैं। आज जो इसके रिजल्ट आ रहे हैं, उनमें आपने देखा होगा कि संसद में भी जिस तरह से माननीय प्रधान मंत्री जी ने 72 पर्सेंट किसानों के लिए काम किया, उसी तरह से आपने भी 72 से 75 पर्सेंट भागीदारी प्रधान मंत्री जी के लिए दी है। इसके लिए मैं देश के प्रधान मंत्री को धन्यवाद देता हूँ।

किसानों के हाथ कैसे मजबूत हों, किसानों की आमदनी कैसे दोगुनी हो, इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी लगातार प्रयासरत हैं। चाहे किसानों को पेंशन, सब्सिडी, अच्छे किस्म के बीज, खाद पर सब्सिडी की उपलब्धता आदि देने की बात हो, उपज की बाजार तक पहुँच, ई-मण्डी की व्यवस्था, भण्डारण आदि तमाम चीजों के लिए प्रधान मंत्री जी ने प्रयास किये हैं। आज किसानों के प्रति उनकी जो प्रतिबद्धता है, वह साफ दिखाई पड़ रही है। पिछले पाँच वर्षों में सरकार ने जो कार्य किए हैं, वे साफ-साफ नजर आ रहे हैं। लेकिन इतने प्रयासों के बावजूद भी आज किसान बेहाल हैं, बदहाल हैं।

हमारे देश की कृषि प्रकृति पर निर्भर है। अगर मानसून अच्छा रहा, तो फसल अच्छी होती है। अगर मानसून खराब रहा, तो फसल भी खराब होती है। अभी बिहार में जो बारिश हुई है, खास करके उत्तरी बिहार के 14-15 जिलों में नेपाल से जो पानी छोड़ा गया है, उसके कारण ये जिले उसके प्रभाव में आ गए हैं और लगभग 46 व्यक्तियों की मृत्यु तथा काफी जान-माल की क्षति भी हुई है। इससे काफी लोग परेशानी में हैं। लगातार तीन दिनों से पेपर और मीडिया के माध्यम से

आपने देखा होगा कि बिहार के 12-13 जिलों में फसलें नष्ट हो गई हैं। इससे वहाँ के सभी लोग परेशान हैं।

राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है और भारत सरकार ने भी एनडीआरएफ की टीम भेजी है। मैं कृषि मंत्री जी से विशेष रूप से चाहूंगा कि वे आपदा प्रबंधन के प्रति विशेष रूप से ध्यान दें। असम के भी करीब 25 जिले बाढ़ की चपेट में हैं। मैं समझता हूं कि ऐसी परिस्थिति में माननीय प्रधान मंत्री जी को विशेष रूप से बिहार और असम पर ध्यान देने की ज़रूरत है। देश में कृषि क्षेत्र में विकास की गति धीमी हुई है। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2018-19 में कृषि विकास दर 2.9 प्रतिशत के आसपास है। अगर देश की ग्रोथ रेट, जिसकी परिकल्पना 7 प्रतिशत से अधिक की जा रही है, इसके लिए कृषि विकास दर को बढ़ाना ही होगा, तब ही माननीय प्रधान मंत्री जी का सपना देश को वर्ष 2024 तक पांच लाख अरब डॉलर की इकोनॉमी बनाने का सपना पूरा हो सकता है। इसके लिए कृषि क्षेत्र को उद्योग के दर्जे पर विकसित करने की ज़रूरत है। अब परंपरागत खेती से काम नहीं चलने वाला है। सरकार को इस ओर कदम बढ़ाने होंगे। किसान की सबसे बड़ी समस्या सिंचाई की है। दिन प्रतिदिन भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है।

सभापति महोदय, मैं बिहार के नालंदा से सांसद हूं। बिहार के लगभग 8 से 10 जिलों में कम बारिश होने से भू-जल स्तर बहुत नीचे चला गया है। इससे पीने के पानी और किसान को सिंचाई के लिए पानी न मिलने के कारण लगातार परेशानी बढ़ रही है। मैं देश के माननीय प्रधान मंत्री जी से भी अनुरोध करूंगा कि अटल जी के समय में नदियों को आपस में जोड़ने का जो प्रस्ताव था, उस प्रस्ताव को भी इसमें लाना चाहिए। जब तक नदियों को आपस में नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक किसानों की हालत  ठीक नहीं होगी। जब नदियों को आपस में जोड़ने का काम शुरू किया जाए, तो मैं समझता हूं कि देश में जल स्तर, जो नीचे जा रहा है, उसका ज़्यादा से ज़्यादा स्तर ऊपर आएगा।

सभापति महोदय, मैं सरकार के सामने एक प्रश्न और रखना चाहता हूं। जिन किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिलता है, उसकी फसल के तैयार होते ही मंडी में उस फसल का रेट कम हो जाता है। बिचौलिये औने-पौने दाम पर फसल खरीदते हैं। सरकार को इसकी भी व्यवस्था करने की ज़रूरत है। किसानों को इस समस्या से मुक्ति दिलानी होगी, ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। भंडारण की भी कमी है। इसे भी देखने की ज़रूरत है। गांव-गांव के छोटे से छोटे आबादी वाले कस्बों को भी सड़क मार्ग से शहरों तक जोड़ना होगा। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में भी जो गांव अभी छूट गए हैं, उन्हें भी पायलट प्रोजेक्ट में शामिल कर के एक वर्ष के अंदर जोड़ने का प्रयास करने की ज़रूरत है। इस वर्ष के बजट में मत्स्यपालन और इस क्षेत्र से जुड़े सभी वर्गों के लिए अधिक बजट का प्रावधान किया गया है। इससे ग्रामीण मछुआरों को काफी फायदा होगा। इससे उनकी आमदनी बढ़ेगी, जिससे उनके पास खुशहाली आएगी।

फसल बीमा योजना को बिहार में अच्छी तरह एवं सुव्यवस्थित ढंग से लागू करने की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने वहां क्षतिपूर्ति किसान फसल योजना लागू की है। इसी की तर्ज पर भारत सरकार से मेरा अनुरोध है कि आप जो फसल योजना लाए हैं, इसे क्षतिपूर्ति फसल योजना करने की ज़रूरत है। किसानों का इंश्योरेंस में ज़्यादा पैसा लगता है, खासकर बिहार में अन्य राज्यों से चार गुना ज़्यादा पैसा लगता है। मैं इसके लिए माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि आपको फसल बीमा पर ध्यान देने की ज़रूरत है। बिहार में बीमा की दर अन्य राज्यों से ज़्यादा है। देश तिलहन के लिए भी आयात पर आत्मनिर्भर होने के लिए प्रयासरत है। प्रति वर्ष करीब 75 हज़ार करोड़ रुपये तिलहन के आयात पर खर्च हो रहे हैं। सरकार इस क्षेत्र में मदद करे तो किसान दलहन की तरह तिलहन के क्षेत्र में भी देश को आत्मनिर्भर कर सकता है। सरकार द्वारा

किसान और कृषि मज़दूरों को तीन हज़ार की मासिक पेंशन की योजना काफी सराहनीय है। मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूं। इस वर्ष कृषि बजट 1,30,485 करोड़ रुपये का है। इन्हीं शब्दों के साथ जद (यू) की ओर से मैं इस अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

***SHRIMATI POONAMBEN MAADAM (JAMNAGAR):** First and foremost, I would like to congratulate the Hon'ble Finance Minister Smt. Nirmala Sitharaman Ji for presenting a Budget that focuses on 'gaon, gareeb and kisan.' As we all know, agriculture and rural India-both still remains the backbone of our nation and the agriculture sector contributes to around 17-18 per cent to the country's GDP while employing more than 50 per cent of the total workforce in India.

In the words of Gandhiji, soul of India lives in its villages and the Budget reflects the same where the total allocation for agricultural and allied sectors for 2019-2020 is Rs.1,51,518 crore. This comes about an increase of 72-75 per cent in budgetary allocation over the interim budget.

Notably, there has been real action in agriculture, as the expenditure budget for the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare, has jumped from Rs.6,78,00 crore in 2018-19(revised) to Rs.1,30,485 for 2019-20 (budgeted), a jump of more than 92 per cent. And this is mainly coming from PM-Kisan, which jumps from Rs.20,000 crore to Rs.75000 crore. This is the biggest policy shift, a move towards direct income transfer, which was the Hon'ble PM's election promise.

The Government has won the 2019 general elections with such a decisive mandate only because they fulfil the promises. The Government is

* Speech was laid on the Table.

committed to the people of the nation and slogans are no just restricted to election propagandas from ‘gareebi hatao’ to ‘NYAY’. The decisive mandate in favour of a single largest party lies in the commitment of “Sabka Saath Saath Vikas” which the Government has fulfilled to its maximum potential.

90 million toilets have been built across rural India. Infrastructure has long been a priority and considered a critical path to prosperity. In 2000, the BJP-led National Democratic Alliance (NDA-I) launched the Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY), a central scheme providing funds for states to connect villages to all-weather roads. PMGSY continued, with slight changes, during both terms of the United Progressive alliance (UPA) governments.

However, under NDA-II, rural road building has picked up tremendous speed. The government has, over the last five years, spent more than Rs..80,000 core on building and upgrading rural roads across the country.

The focus of the Government has always been on the last mile delivery; so that we can connect the last man on the margin to Government schemes and for this connectivity is of utmost importance. Whether it is delivery of LPG gas cylinders or RCS or opening of passport sewa kendras across small towns the Government has been connecting Indian towns and villages in this era of global village.

Rural development and farmer’s welfare are intrinsically linked to each other और कृषि के क्षेत्र में स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत 75000 करोड़ रुपये का प्रबंध किसानों के लिए किया गया है । नीम कोटेड यूरिया किसानों को उपलब्ध कराना, MSP में बढ़ोतरी और 13 करोड़ soil heath cards का

वितरण हमारे किसानों की आर्थिक उन्नति की दिशा में उठाए गए कुछ ठोस कदम हैं । Investment has been made wide in agricultural infrastructural and rural development. PM's promise of supplying piped water to every home by 2024 and formation of Jal Shakti Ministry are all in sync with overall development of the rural, agriculture and allied sectors.

I would like to highlight some of the many takeaways from the Budget for the agriculture and the farmer's welfare and rural development.

The agriculture sector in India employs more than 90 million people and contributes 17-18 per cent to the Indian economy. The performance of the agriculture sector in the past has remained inconsistent due to low productivity that is driven by lack of access to basic inputs and lack of government's will to do anything in the interest of the farmers. Further, this was accentuated by the poor socio-economic condition of the farmers and suicide. This reflected the gap between policy making and implementation. Recognising the gap, the present Government has come up with mechanisms to change ground realities as well as introduce new policy paradigms in the interest of farmers and their welfare.

As far as changing realities are concerned, Pradhan Mantri Awas Yojana is one such scheme that seeks to make housing affordable to the common man. The execution in the first phase has been fairly promising and in the second phase of this scheme (PMAY-G). the government is planning to build 1.95 crore houses for the eligible beneficiaries. The 3 year target appears realistic and achievable, considering that more than 1.5 crore rural homes

have been completed in the past five years. यह योजना उन लोगों के लिए है जिनका बस इतना ही सपना है कि उनका एक छोटा सा अपना घर हो और उस घर में दोनों वक्त चूल्हा जले, जो आजादी के सत्तर बरस बाद नहीं हो पाया; वह हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने 3 बरस में करके दिखाया । हर गरीब को एक सपना दिया है, एक हक दिया है के उनके पास भी अपना घर हो ।

Such schemes of the government only aims at improving infrastructure in rural areas, but also focuses on improving their daily lifestyles by providing basic facilities such as toilets, electricity and LPG connections to the masses and strengthening the Indian economy, making it sustainable and not susceptible to uncertain weather.

Enabling access to micro-irrigation the present Government has given considerable push to the initiatives like Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana (PMSKY) leveraging MGNREGA for water conservation measures and Long Term Irrigation Fund. As for demands for grants, I would request the Ministry to invest more funds for agriculture based states like Gujarat which are affected by drought. In Narendrabhai Modi who was at that time the chief minister of Gujarat had launched the SAUNI Scheme. The project involved filling up 115 dams in the region with excess water from the Sardar Sarovar Dam. It was dream scheme of the then CM who conceived this idea to solve Saurashtra's irrigation and drinking water problems. In the first phase, around 10 dams and reservoirs of Jamnagar, Rajkot and Morbi will be fixed with water from Narmada river. Nearly 10, 22, 589 acres of farming land would benefit once the project is completed. Even though the opposition had lobbied that

this was an unrealistic plan and would only be limited to paper, this was made possible under the leadership of the then CM. This dam has built despite all odds – World Bank withdrew financing. However, that this dam stands today and feeds the parched land of Gujarat through the Sauni Yojana – is testimonial to the efforts of our Government and our Hon'ble Prime Minister. I would be happy to share that the SAUNI Yojana implemented by our Hon'ble PM, Shri Narendra Modi Ji has given a new lease of life to a parched Saurashtra region.

यह सरकार हमेशा देश के हित के बारे में पहले सोचती है, और जो सोचते हैं और करके दिखाते हैं और पिछले 2-3 बजट की यह खासियत रही है कि extensive focus कृषि क्षेत्र में किया गया है ।

Enhancing the access to inputs like soil, water, neem coated area and fertilizers as a part of the green revolution. However, there is a need to shift focus from basic input oriented factors to other factors like technology, allied income opportunities, etc., which can enhance the productivity levels of agriculture sector as well as make it a more sustainable and attractive sector for the youth.

As farming sector was not prioritized by the previous UPA Government, there were a lot of youth who wanted to move away from the sector and there was a need to create more jobs in the non-agro sector. This created a vaccum in the system as these youth could neither continue with their traditional profession nor get employment in any manufacturing or service sector. However, under the new Government new initiatives have been taken up and

the sector is being expanded like never before. Technological intervention through 'Digital India' is playing a new and pivotal role through e-NAMs; where 585 mandis have been linked with e-NAM and 22,000 mandis across the country will be linked by FY 22. Further, the Prime Minister's flagship program e-NAM has achieved another milestone by commencing inter-state trade between mandis of two different States very recently. Scientific, sustainable and technological interventions will make agriculture a coveted profession and very soon there will be a time when the sector will be so lucrative that a farmer's son will want to be a farmer and he will take pride in his profession.

भारत सरकार ने बजट 2019 में किसानों की आय को दुगना करने के लक्ष्य के तहत किसानों के लिए PM-KISAN योजना शुरू की है । ऐसे किसान जिनके पास 2 हेक्टेयर तक की जमीन है उन्हें प्रतिवर्ष 6000/- रुपये तक का direct benefit दिया जाएगा । यह 6000/- रुपये उनके bank account में सीधे transfer किए जाएंगे । The scheme is being implemented efficiently and the first installment are released expeditiously. Till March 2019, the benefit has already been released to more than 2 crore small and marginal farmers. It is continuous scheme and the aim of the Department is to cover all eligible small and marginal farmer families.

Talking about my constituency Jamnagar in Gujarat, my constituency has received 70200 applications for this scheme in Jamnagar itself and another 58687 from Devbhoomi Dwarka district for Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) since its inception. A total of 2,57,394 applications were received which is an indication that farmer's are getting

benefitted from Government schemes and also Government schemes are largely reaching the common man.

We all know that most parts of the country is witnessing drought like situation with the delayed monsoons and water in reservoirs had dropped to critical levels. Among the 6 states that were issued drought advisories, Gujarat was one of them. With this I would like to bring to the notice of the hon'ble Minister that the total cultivable land in Jamnagar district is 3,61,533 hectors; out of which only 1,29,925 hectors has been productive due to the scarcity of rains. In Dwarka Devbhoomi district only 1,32,127 hectors could be used for cultivation out of 2,38,247 hectors of land due to the delayed rains and monsoon. Only around 50% of cultivation of crops could be carried out as most parts of the State remained dry and barren. Under these circumstances, I request the Hon'ble Minister to consider the situation and compensate the farmers for their lack of crop production. Thus, I urge the Government to release subsidy through the State Government to assist farmers in times of distress.

Besides the focus on soil and water initiatives, the government realized the need for insuring the risk of crop failures and launched 'Prime Minister Fasal Bima Yojana (PMFBY) to provide crop insurance to the farmers. सबसे बड़ी ताकत PMFBY के तहत मिली है । यह बीमा योजना पहले भी थी । पर पहले एक fixed premium किसान को भरना होता था । हर किसान वो premium भर नहीं पाता था और इसलिए there were not many takers of this insurance. लेकिन माननीय PM Narendra Modi ji की सरकार ने इसको किसान friendly बनाया; 90% premium सरकार

भरती है । Timeline भी नहीं है । कभी भी वो premium भर सकते हैं और Rabi और Kharif के अलग-अलग rates हैं ।

इस रूप में adoption of new technology and best practices in agriculture- यह सारे स्टेप्स किसानों के हित में लिए गए हैं और हमारे देश के जो प्रथम नागरिक हैं उसको मजबूत करने का प्रयास किया गया है । Hon'ble Prime Minister rightly refers to the budget as "Green Budget" with focus on reforms in agricultural sector.

As we talk through the PMFBY, I would like to move towards concluding my speech with a few suggestions.

First, मैंने स्वयं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की इम्प्लीमेंटेशन सौराष्ट्र में देखी है । इसमें कई सुधार की आवश्यकता है । जैसे कि प्राइवेट इंशोरेंस कंपनी पर नियंत्रण लाना और किसानों के हित में प्रीमियम का भार कम करना ।

My second suggestion would be to focus on R&D, Technology and Innovations. The budget should provide ecosystem support and incentivize the universities and companies that are willing to focus on R&D and innovations in the agriculture sector. Similar focus is required in the deployment of IT and technology based solutions for procurement, development of high-quality seeds, efficient modes of irrigation, better farming practices and online platform to connect farmers and consumers.

Swami Vivekananda ji ने कहा है "चिंतन करो, चिंता नहीं, नए विचारों को जन्म दो" और इसी मार्ग पर हम चल रहे हैं । हमारे माननीय PM जी देश की प्रगति और उन्नति का चिंतन करते हैं और शायद इसीलिए उन्हें चुनाव के परिणाम की चिंता करने की जरूरत नहीं होती और इसी चिंतन ने एक नई विचारधारा का बीज बोया है जिससे एक नए भारत का जन्म हुआ है ।

A new India – A new India is rapidly moving towards occupying its rightful place in the world community today. India has acquired a new image in the last 5 years and our relations with other countries have become stronger. There is a new respect and admiration. It is indeed a matter of pride for all the citizens of this Country that India will host the G-20 Summit in 2022.

हम इस विशाल जनादेश एवं जीत को लोगों की आशाओं, अपेक्षाओं और विश्वास के रूप में देखते हैं । ये विशाल जनादेश हमारे लिए बोझ नहीं अपितु एक विशेष जिम्मेदारी है और इस जिम्मेदारी को हम माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आप सब के सहयोग से निष्ठापूर्वक निभाएंगे, और हम सब की परिकल्पना का भारत "NEW INDIA" सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को एक साथ परिपूर्ण करेंगे ।

**डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा):** सभापति महोदय, ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा हो रही है, उस पर आपने मुझे बोलने का अवसर प्रदान किया है, मैं उसके लिए आपका आभार व्यक्त करता हूं। किसान की बात आती है और ग्रामीण विकास की बात आती है तो हम सब जानते हैं कि भारत की पहचान गांव से जुड़ी है। जब गांव की बात करते हैं तो किसान उससे जुड़ा हुआ है। हम कह सकते हैं कि भारत की आत्मा के रूप में हम किसान को देखते हैं। पूरा देश यह मानता है कि किसान अन्नदाता है। यह बात सच है कि जब किसी तरह की कोई समस्या खड़ी होती है तो देश का किसान उस समस्या के निपटारे के लिए सामने आता है, जिसके कारण वह समस्या खड़ी नहीं होती। कभी परिस्थित बनी थी और हमारे देश के प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी को यह आह्वान करना पड़ा था कि लोगों को एक समय का व्रत रखना होगा। लेकिन आज हमारे देश के किसानों के परिश्रम, मेहनत और सरकार की योजनाओं से देश के सामने यह चुनौती नहीं है। मैं याद दिलाना चाहता हूं कि बहुत चर्चा होती थी और अभी भी चर्चा हो रही है कि देश के प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी ने इन पांच सालों में जो वादा किया था, वह वादा अभी पूरा नहीं हुआ है। ये बातें वे लोग कहते हैं, जिन्होंने देश में 50 सालों तक शासन किया और केवल किसान की बात करते रहे। मुझे ध्यान है कि पांच साल पहले सेंट्रल हॉल में जब माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी भारतीय जनता पार्टी की तरफ से नेता चुने गए थे, तब नेता के रूप में उन्होंने बोलना शुरू किया तो पहला संदेश था कि हमारी सरकार पूरे 5 साल तक गांव, गरीब और किसान के कल्याण के लिए काम करेगी।

सभापति महोदय, सेंट्रल हॉल में उन्होंने जो कुछ बोला था, यदि हम 5 साल का हिसाब आपके सामने रखे और बहुत सारी योजनाओं के बारे चर्चा करें तो बहुत समय लगेगा, लेकिन यदि मैं दो-चार योजनाओं की भी चर्चा कर दूं तो आपको लगेगा जो कुछ बोला था और जो कुछ इन 5 सालों में हुआ है, वह गांव, गरीब और किसान की तरक्की के लिए हुआ है। आज यह देश नए

भारत की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। आज गांव में जो परिवर्तन की मुहिम है, उसमें हमें परिवर्तन का प्रभाव दिखाई दे रहा है।

सभापति महोदय, अभी बात आ रही थी कि प्रधान मंत्री जी ने किसान की दोगुनी आय की बात की। केवल बात ही नहीं की है, यह एक नई शुरुआत हुई है। इन पांच सालों में जो कुछ हुआ है, उसके कारण आज गांव का किसान मजबूत हुआ है। हम केवल एक-दो योजनाओं की बात नहीं करते हैं। उन्होंने 6 हजार रुपये दिये हैं, लेकिन 6 हजार रुपये का सवाल नहीं है। किसान के स्वाभिमान और सम्मान को बढ़ाने की दिशा में इससे पहले किसी भी सरकार ने इस तरह का कदम नहीं उठाया था, लेकिन जो कदम उठाया गया है, जिसकी शुरुआत हुई है, उसकी सराहना पूरे देश के किसान कर रहे हैं। मैं भी प्रधान मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि जिस नीयत से उन्होंने बोला था, उस नीयत की अच्छे मन से शुरुआत की है। मैं आपको यह भी कहना चाहता हूं और मुझे ध्यान है कि किस तरह से किसानों की बात होती रही और लम्बे समय तक होती रही। जब हम सिंचाई के बारे में बात करते हैं तो प्रधान मंत्री जी ने इस देश में सिंचाई योजना की घोषणा की थी, वह घोषणा ही नहीं थी, बल्कि उसकी व्यवस्था भी की है और आज उसका परिणाम दिखाई दे रहा है।

उसके कारण किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि पिछली  सरकारों में काम तो हुआ है, लेकिन यदि हम अपने प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के गांव और किसान की बात करें तो जो न्यूनतम समर्थन मूल्य है, उस मूल्य में जो कुछ हुआ है, चाहे आप दालों की चर्चा करें या अन्य की। मैं कहना चाहता हूं कि कुछ समय पहले जब यह समस्या आई कि दालों में कमी का संकट आ रहा है, तो प्रधान मंत्री जी ने आह्वान किया। पूरे देश के किसान खड़े हो गए और आज देश के अंदर दालों की कोई भी समस्या नहीं है। यह शोर मचता था कि दाल की कीमत 100 रुपये से 200 रुपये हो गई है, लेकिन आज किसी भी तरह की समस्या नहीं खड़ी हो रही है। यहीं पर कभी-कभी किसानों के आलू और टमाटर फेंके जाया करते

थे, लेकिन आज प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किसान की फसल की बरबादी का कोई उदाहरण दिखाई नहीं दे रहा है ।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि इस सरकार ने केवल यही नहीं किया, बल्कि कृषि के क्षेत्र में, अनुसंधान के क्षेत्र में उसको बढ़ावा देने के लिए आज किस तरह के अनुसंधान की जरूरत है, किस तरह के हमारे कृषि वैज्ञानिक खड़े होने चाहिए, किस तरह की नई-नई फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़नी चाहिए, इस दिशा में भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है । हम जानते हैं कि 14 करोड़ किसानों को सौर हेल्थ कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को यह कल्पना भी नहीं थी कि वे अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण करके उसमें कौन सी फसल उगाएं और उसमें कितना पानी दिया जा सकता है। हमारी सरकार ने एक नई कल्पना किसानों के अंदर पैदा की और किसान इस दिशा में तेजी से आगे बढ़े हैं।

सभापति महोदय, पहले बिजली की समस्या थी, लेकिन आज बिजली की समस्या के समाधान की दिशा में माननीय प्रधान मंत्री जी ने कदम उठाए हैं। 17.5 लाख सिंचाई पम्प और सौर ऊर्जा से चलने वाले ये पम्प आज गांव-गांव में तेजी के साथ विकसित हुए हैं और किसान अपने-आप सोलर पम्प लगाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुझे याद है कि जब मैं वर्ष 2009 में इस सदन में चुनकर आया था, उस समय सदन में यूरिया, खाद की जैसी स्थिति थी, वह हमें पता है। मैं आगरा में सांसद था तो वहां पर आए दिन लाठी चार्ज हुआ करता था। खाद कहां चली गई, खुलेआम ब्लैक मेलिंग होती थी, खुलेआम खाद पता नहीं कौन सी फैक्टरियों में जाती थी, लेकिन कहीं कोई रोकथाम नहीं थी। किसान चिल्लाते थे, उन पर लाठीचार्ज होता था। यह भी सच्चाई है कि माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी आए और किसानों की जो सच्ची नीयत थी, उसे ध्यान में रखते हुए नीम कोटेड यूरिया के आधार पर खाद विकसित की और केवल यही नहीं किया, जो फैक्टरियां बंद थीं, उनको चालू करने का काम यदि किसी ने किया, तो वह माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने किया।

महोदय, मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में गन्ना पैदा करने वाले किसानों की बड़ी समस्याएं हैं। आप तो मेरठ से हैं, वहां पता नहीं कितने आंदोलन हुआ करते थे। मुझे लगता है कि आज किसानों को जो दाम मिलने चाहिए, वह दाम भी दिये गए और वर्षों से जो कर्ज उन पर था, उस कर्ज से किसानों को मुक्त भी किया गया। मैं ऐसे प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि किसानों के जागरण की दिशा में, किसान उन्नति मेला हुआ जो पहले मैंने कभी सुना ही नहीं था कि किसान उन्नति मेला क्या होता है? प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि किसान जागरूक हों और वर्ष 2018 में विभिन्न प्रदेशों में लगभग 26000 किसान कृषि उन्नत मेला में जो जागरूकता अभियान चलाया गया, उसमें शामिल हुए। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि जब हमारा किसान मजबूत होगा, तो निश्चित रूप से हिंदुस्तान मजबूत होगा।

महोदय, मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूं कि मैं लोक सभा के संसदीय क्षेत्र इटावा से आता हूं। पिछली सरकारों में पहले ऐसा हुआ करता था कि यदि कोई एक काम की योजना होती थी, तो उसकी एक साल तक घोषणा हुआ करती थी। मैं बहुत गर्व के साथ कहता हूं कि हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो घोषणाएं की हैं, उनका पालन किया है। मैं आपको कहना चाहता हूं कि हमारे इटावा लोक सभा क्षेत्र में एक पंचनद स्थान है, जहां पांच नदियां मिलती हैं। पंचनद विश्व का पहला ऐसा स्थान है जहां पर चंबल, यमुना और तीन अन्य नदियां मिलती हैं ।

मैं आपको कहना चाहता हूं कि वर्ष 1976 में हमारे देश की बहुत ही यशस्वी प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी इटावा गई थीं और उन्होंने इटावा में घोषणा की कि इस पचनद परियोजना का शुभारम्भ होगा और पचनद परियोजना के शुभारम्भ के पीछे यह भावना थी कि पूरा का पूरा पारपट्टी का क्षेत्र सिंचाई से वंचित है और वहां का किसान पूरी तरह से परेशान है। मैं यह कहना चाहता हूं कि पिछली सरकारों में एक बार घोषणा होती थी, तो पांच साल का चुनाव जीत कर आते थे। एक साल में घोषणा करते थे और दूसरे साल कोई इंजीनियर उस परियोजना की शुरूआत करता था और चूना डाल आता था और पता चला कि इस वजह से दूसरा चुनाव भी जीत गए। तीसरे साल में कहीं उस जगह में विजिट होता था और पता चला कि तीसरा चुनाव भी जीत गए। हमारे यहां

ऐसा नहीं है। पांच-पांच चुनावों में सिर्फ घोषणाओं में पिछली सरकारें जीतती रहीं, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी ने जो घोषणाएं कीं, उन घोषणाओं को पांच साल में पूरा करके दिखाया। मैं आपको बताना चाहता हूं कि कैसे ग्रामीण सशक्त हुआ है। मैं आपको एक गांव की कल्पना बताना चाहता हूं। गांव में एक सामान्य गरीब, जो झोपड़ी में रहता है और बरसात के मौसम में यदि उसके पास पक्का मकान नहीं है, तो उसे बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ता है। मुझे कल एक परिवार ऐसा भी मिला, जिसे बरसात के समय अपने बच्चों के साथ दूसरे घर में जाना पड़ता है। बरसात में उस परिवार की क्या हालत होगी, जिसका कच्चा मकान या झोपड़ी हो, इसका अंदाजा आप स्वयं लगा सकते हैं। जब बरसात होती है और तीन-तीन दिन पानी बरसता है, वह आदमी अपने बच्चों को लेकर दूसरों के घर में जाता है, तो आप सोचिए कि उसकी क्या हालत होती होगी। हमारे प्रधान मंत्री जी ने जैसा कहा था कि गांव, गरीब के कल्याण के लिए हम काम करेंगे। प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत देश में जो मकान बनाए गए, गरीबों के कल्याण के लिए कदम उठाये गये, ये ऐतिहासिक कदम हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जो पिछली सरकारें केवल शिलान्यास, चूना डालकर और इंजीनियरों की विजिट में सरकारें बना लेती थीं, हमारे प्रधान मंत्री जी ने जिन-जिन परियोजनाओं को शुरू किया है, वे एक-एक योजना ऐसी है, जिनके आधार पर पांच साल के लिए एक योजना नहीं बल्कि एक-एक योजना पांच-पांच साल के लिए सरकार बना सकती है। हम उज्ज्वला योजना की बात कर सकते हैं। घर-घर में माताओं की क्या स्थिति थी, यह हम अच्छी तरह से जानते हैं । मुझे मालूम है, हम गांव से आते हैं। गांव की महिलाएं दो-तीन महीने होने वाली बरसात से बचने के लिए गर्मियों में लकड़ी, कंडा उठाकर अपने मकान में चूल्हा जलाने के लिए भरती थीं । उज्ज्वला योजना सामान्य योजना नहीं है। गांव की गरीब महिला, जिसके तीन बच्चे स्कूल जाते हैं, वह जब लकड़ी से चूल्हा जलाती है और समय पर खाना नहीं बन पाता, तब उसे दर्द होता है । अब गैस सिलेंडर से उसके मन में स्वाभिमान का भाव जगता है और समय से अपने बच्चों को स्कूल भेजकर स्वयं मजदूरी पर चली जाती है, तब गैस सिलेंडर की महत्ता हमारी समझ में आती है ।

केवल यही नहीं किया है। अब घर-घर में जल देने की बात है। यह सही बात है कि देश में जल का संकट है, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने हर घर में जल देने की बात कही है। मैं प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं और बहुत-बहुत अपेक्षा और उम्मीद करता हूं कि हमारा गांव कैसे मजबूत हो, इस दिशा में भी ज्यादा काम करने की जरूरत है। गांवों को मजबूत करने के लिए बहुत सारी योजनाएं हैं और यदि उन सारी योजनाओं की चर्चा करेंगे, तो काफी समय लग जाएगा। बहुत से माननीय सदस्यों ने चर्चा की भी है, लेकिन मैं निश्चित रूप से एक बात आपको जरूर कहना चाहता हूं कि इस सरकार में और पिछली सरकारों में जो अंतर था, वह स्पष्ट रूप से दिखाई देता है । मैं वर्ष 2009 में इसी सदन में था और अपने आपको एमएलए या सांसद कहने में बड़ा संकोच लगता था, क्योंकि वर्ष 2009 में तो ऐसी लूट मची थी कि एक-एक योजना कहीं से भी निकल पड़ती थी और उसी में भ्रष्टाचार हो जाता था। मुझसे गांव में लोग कहते थे कि हमारे … * हैं । एमएलए और एमपी कहने में … * आती थी । लेकिन आज मैं कह सकता हूं कि नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में लोगों की सोच में राजनीति के लिए परिवर्तन हुआ है कि हम जनता के प्रतिनिधि हैं, जनता के लिए काम कर रहे हैं । पहले नेता की परिभाषा यह हो रही थी कि नेता मायने – ये । लेकिन अब नेता जनता के सेवक के रूप में काम कर रहे हैं और आज नेता की परिभाषा बदली है। यह परिवर्तन नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में आया है ।

**17.00 hrs**

मैं अंत में एक विनती करना चाहूंगा कि आज किसान तेजी के साथ बढ़ रहा है। हमारे गांव के मजदूरों के लिए तीन हजार रुपये पेंशन की बात है। गांव में मजदूर रहता है । आज यह बात ठीक है कि मजदूरी के कारण लोग गांव से जा रहे हैं, कुछ मजबूर होकर जा रहे हैं, कुछ मजबूती के लिए भी गांव से शहर में जा रहे हैं । गांव मजबूत बना रहेगा, गांव की शिक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहेगी, स्वास्थ्य ठीक बना रहेगा, ऐसा काम प्रधान मंत्री जी ने किया है । आयुष्मान भारत, आप कल्पना नहीं कर सकते हैं कि जिस गरीब के घर में कैंसर हो जाता है, जिसका बेटा बीमार हो जाता

---

* Not recorded.

है, उससे पूछिए। उसके पास दो हजार रुपये नहीं होते हैं। वह अस्पताल में अपने बच्चे या पत्नी का इलाज करवाकर उसको ठीक देखता है तो श्री नरेन्द्र भाई मोदी का स्मरण करता है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उसका बेटा, पत्नी और उसकी बच्ची बच गई। मैं कहना चाहता हूं कि आज किसान मजबूत हो रहा है । मैं इसके लिए प्रधान मंत्री जी को बधाई देता हूं। धन्यवाद।

***श्री सुधाकर तुकाराम श्रृंगरे (लातूर)** : मैं कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों की अनुदानों की मांगों जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखना चाहता हूं । यह अत्यधिक प्रसन्नता की बात है कि 2019-20 के कृषि मंत्रालय के बजट अनुमानों को साल 2018-19 तुलना में 140 प्रतिशत बढ़ा दिया गया है। सरकार ने इस बजट में कृषि तथा उससे संबंधित आधारभूत ढांचे में भारी मात्रा में निवेश किया है तथा साथ ही साथ कृषि उत्पादों के मूल्य को बढ़ाने वाले खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने हेतु निजी उद्यमियों से सहयोग की आशा की है। सरकार ने 2018-19 के 86,602 करोड़ रूपयों के पुनरीक्षित बजट अनुमानों की तुलना में साल 2019-20 के बजट में 1,51,518 रूपयों का प्रावधान किया है । सरकार के इस दिशा में किए जा रहे ईमानदारी के प्रयासों के कारण पिछले पांच सालों में कृषि क्षेत्र की विकास दर 2.9 प्रतिशत हो गई है।

हमारे आदरणीय प्रधानमंत्री जी ने ठीक ही कहा है कि अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का एकमात्र तरीका यह है कि हम किसानों को देश की सम्पदा उत्पादक के रूप में देखें न कि मात्र खाद्यान्न उत्पादनकर्ता के रूप में। हम किसानों को निर्यातक बनाना चाहते हैं तथा इस दिशा में अत्यधिक संभावनाएं हैं। प्रधान मंत्री जी की इसी नीति का अनुसरण करते हुए आदरणीय वित्त मंत्री जी ने इस बजट में "गांव, गरीब और किसानों" पर अपने बजट को केन्द्रित किया है तथा बजट में कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहलू का ध्यान रखा है।

मत्स्य क्षेत्र की कमियों को समाप्त करने हेतु मछुआरों के लिए प्रधान मंत्री मत्स्य संपदा योजना घोषित की गई है। सरकार ने अलग मत्स्य, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय का गठन किया है तथा योजना के लिए 805 करोड़ रूपयों का प्रावधान किया है ताकि इस क्षेत्र की उत्पादन मूल्य

* Speech was laid on the Table.

वृद्धि, इसके आधारभूत ढांचे का आधुनिकीकरण, उत्पादकता तथा गुणवत्ता जैसी गंभीर समस्याओं को सुलझाया जा सके।

वित्त मंत्री जी ने कहा है कि वह चाहती हैं कि "जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग' की दिशा में लौटा जाए और इस हेतु कृषि ढांचे में बजट में भारी निवेश किया है। इस तरीके में खेतों की उर्वरता को बढ़ाने के लिए रासायनिक खाद की बजाय गाय के गोबर, मूत्र और शीरे को मिलाकर खाद बनाई जाती है। मेरा मानना है कि जीरो बजट नेचुरल फार्मिंग की नीति से किसानों को बहुत अधिक फायदा होगा तथा वे उधार के जंजाल से मुक्त होगें तथा साथ ही साथ अधिक फसल का उत्पादन संभव होगा। आजादी की 75वी सालगिरह के अवसर पर उठाये गए इस कदम से किसानों की आमदनी को दुगना करने में निश्चय ही सहायता मिलेगी।

बजट में किसानों के लिए 10000 उत्पादक संघ बनाने के सरकार के निर्णय से किसानों की खेती के लिए सामान खरीदने तथा फसल कटाई के बाद अपने उत्पाद को बेहतर मूल्य पर बेचने के लिए सौदेबाजी करने की क्षमता में सुधार होगा।

सरकार के समक्ष किसानों की आमदनी को 2022 तक दुगनी करने की चुनौती का सामना करने के लिए सरकार ने इस बजट में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। बजट में किसानों पर वित्तीय बोझ कम करने तथा उनकी आय के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में अनेक प्रयास किए गए हैं। किसानों को हर साल 6000 रूपयों की सीधे सहायता देना इस दिशा में पहला कदम है। साथ ही साथ सरकार किसानों की बड़े बाजारों तक पहुंच, शीतगृहों तथा प्रसंस्करण सुविधाओं की स्थापना की दिशा में भी काम कर रही है ताकि किसानों को फसल कटाई के मौसम के बाद उनके उत्पाद का बेहतर मूल्य मिल सके।

बजट में सीतारमण जी ने चारा उत्पादन हेतु ढांचे के विकास, दूध प्रसस्करण आदि पर ध्यान देते हुए किसानों को प्रोत्साहित किया है कि वे खेती के साथ ही साथ डेयरी कार्य, गोबर गैस संयंत्र आदि भी अपनाएं ताकि किसानों को अन्नदाता की बजाय उर्जादाता के रूप में जाना जाए।

जहां तक ग्रामीण विकास का संबंध है, उसका ध्यान रखते हुए बजट में इस हेतु बजट आबंटन को 2018-19 के 1,35,109 करोड़ रूपयों की तुलना में बढ़ाकर 2019-20 के लिए 1,40,762 करोड़ रूपए कर दिया गया है। ग्रामीण सड़कों के लिए भी इस बजट में 80,250 करोड़ रूपयों का प्रावधान किया गया है। प्रधान मंत्री सडक योजना के तहत बजट में 2019-20 में 1.25 किलोमीटर सड़क निर्माण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यही नहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इस साल ग्रामीण क्षेत्रों में 1.95 करोड़ मकानों का निर्माण किया जाएगा। यही नहीं 2022 तक सभी ग्रामीण परिवारो को बिजली तथा घरेलू गैस कनेक्शन दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार के इन साहसिक कदमों से सरकार का किसानों तथा ग्रामीण विकास हेतु समर्पण स्पष्ट झलकता है।

दरअसल 2019-20 के बजट की आत्मा है "रिफार्म, परफार्म और ट्रांसफार्म' तथा इस मंत्र का अनुसरण करते हुए अगले कुछ सालों में नए भारत के लिए एक ताकतवर अर्थव्यवस्था निर्माण किया जाएगा। ग्रामीण भारत में रहने वाले लोगों जिंदगी में बदलाव लाने के लिए तथा एक स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार कई योजनाओं पर एक साथ काम कर रही है जिनमें किसानों, मछुआरों और ग्रामीण शिल्पकारों का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। इससे हमारा देश न केवल आत्मनिर्भर होगा अपित ग्रामीण अर्थव्यवस्था का बकाया मिलेगा तथा ग्रामीण रोजगार के अवसरों में वृद्धि के साथ ही साथ खेती व्यवसाय का अपनी महत्ता वापस मिल पाएगी।

बजट में जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी ग्रामीण आवासों में पेयजल आपूर्ति करने का लक्ष्य रखा गया है तथा इस हेतु राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन हेतु आबंटन में 81.8

प्रतिशत की वृद्धि की गई है। स्वच्छ भारत मिशन को चालू रखते हए अब प्रत्येक गांव में सॉलिड वेस्ट प्रबंधन की व्यवस्था की जाएगी। नेशनल लाइवलीहुड मिशन के आबंटन को भी बढ़ाकर 3481 करोड़ कर दिया गया है।

यहां एक बात पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रधान मंत्री किसान योजना, जिसके तहत किसानों को हर साल 6000 रूपयों की सीधे सहायता देने का निश्चय किया गया है, पर कुछ राज्यों में इस पर बहुत धीमी गति से काम हो रहा है। अभी तक इसके लिए सिर्फ 27 प्रतिशत लाभार्थियों की पहचान की गई है। मेरा सभी राज्य सरकारों से अनुरोध है कि लाभार्थियों की पहचान हेतु प्रक्रिया में तेजी लाई जाए ताकि सभी किसान लाभार्थियों को समय पर सहायता पहुंचाना सुनिश्चित किया जा सके।

देश में कृषि क्षेत्र के भारी बदलाव की दिशा में ले जाने वाला यह बजट वास्तव में 'नए भारत' का बजट है तथा इसमें खेती, किसान कल्याण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के प्रत्येक पहल का ध्यान रखा गया है। ऐसा महत्वपूर्ण बजट पेश करने के लिए मैं वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को एक बार पुनः बधाई देता हूं । मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बजट से ग्रामीण जनता के जीवन में अभूतपूर्व बदलाव आएगा तथा एक ताकतवर 'नए भारत' के निर्माण में सहायता मिलेगी।

इन शब्दों के साथ मैं एक बार पुनः कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्रालयों की अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूं।

धन्यवाद।

*__श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर):__ वर्ष 2019-20 के लिए ग्रामीण विकास तथा कृषि कल्याण मंत्रालयों के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों का समर्थन करता हूँ। भारत कृषि प्रधान देश है । तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण के उपरांत भी हमारे देश की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी गांवों में निवास करती है, व कृषि पर निर्भर है । खुशहाल किसान खुशहाल भारत की गारंटी है। कृषि व ग्रामीण विकास के लिए माननीय मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार ने गत पाँच वर्षों में उल्लेखनीय कार्य किये हैं। देश में पहली बार लगभग मूल्य के डेढ़ गुणा समर्थन मूल्य किसानों को देने का काम मोदी जी की सरकार ने किया है । अनेकों फसलों को हम दायरे में लाकर किसानों को उनके परिश्रम का सही मूल्य देने का कार्य सरकार ने किया । किसानों की आमदनी दोगुना करने की दिशा में प्रस्तुत बजट सहायक होगा इससे इसमें कोई शंका नहीं है । कृषि के साथ-साथ ग्रामीण रोजगार सृजन हेतु बजट में किये गये प्रावधानों का स्वागत किया जाना चाहिए। बैंबू, शहद, व खादी से संबंधित उत्पादों के विकास व प्रशिक्षण हेतु 100 क्लस्टर्स स्थापित करना प्रशंसनीय कार्य है । किसान सम्मान निधि व पेंशन योजना से किसान लाभान्वित होगा। गाँव-गरीब व किसान को मिली इस राहत से खपत बढ़ेगी व रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा ।

अनुदानों को खुशहाल बनाने व किसान को सम्मान दिलाने हेतु किये गये प्रावधानों के लिए मोदी जी की सरकार बधाई की पात्र है ।

---

* Speech was laid on the Table.

***श्री अनुराग शर्मा (झांसी):** कृषि एक ऐसा क्षेत्र है जो देश की पचास प्रतिशत आबादी को रोज़गार प्रदान करने के साथ साथ सौ प्रतिशत आबादी को भोजन प्रदान करता है, और साथ साथ कृषि क्षेत्र हमारे देश के सकल घरेलू उत्पाद यानि GST को 18 प्रतिशत का योगदान प्रदान करता है।

मैं अपने अनुभव से दावे से कह सकता हूँ कि हमारे प्रधानमंत्री जी इस देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सालो उपेक्षित किसानों के बारे में सोचा है जो हर संभव कोशिश कर रहे हैं कि किसी भी तरह से किसानों के आय दोगुनी हो सके और इसके लिए उन्होंने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाये हैं जैसे minimum support price की घोषणा, किसानों को soil card प्रदान कराया, नयी मंडियों का निर्माण कराया, e-mandi की स्थापना जिसके माध्यम से किसान अपनी उपज का सबसे बेहतर मूल्य पता कर सकता है, कृषि बीमा योजना को लागू करना, प्रधानमंत्री किसान योजना को लागू करवाया जिससे हर किसान को हर वर्ष बीज, आदि खरीदने के लिए हर साल छः हज़ार रूपये दिए जाते हैं। इसके अतिरिक्त सिंचाई के साधनों पर अनुदान प्रदान किया जाना, इन सब से आने वाले समय में किसानों की आय दोगुनी होने में बहुत मदद मिलेगी। माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस क्षेत्र के विकास के लिए जिन योजनाओं की घोषणा की हैं उनका असर अब इस क्षेत्र के विकास में महसूस किया जाने लगा है ।

जैसा कि हम सब जानते हैं हमारा देश अनाज, चावल, दाल, साबुत और पिसे मसालों का सब से बड़ा उत्पादक है, उसके साथ फलों और सब्जियों का ये विश्व में दूसरे नंबर का उत्पादक है और इसमें लगातार वृद्धि दर्ज देखने को मिल रही है जो कि भारत की आर्थिक व्यवस्था के लिए बहुत अच्छे संकेत प्रदान करती है।

---

* Speech was laid on the Table.

धान, गेंहू, दलहन, मूंगफली, सरसों, तिल आदि जैसे तिलहन, सब्जी, गन्ना, कपास, तम्बाकू आदि उत्पादों की पैदावार में भारत विश्व के तीन बड़े उत्पादकों में शुमार है। इन सबके बाद भी कृषि को निम्न स्तर का व्यवसाय माना जाता है, आज भी अधिकतर कम पढ़े लिखे या अनपढ़ लोग ही हैं जो व्यवसाय के तौर पर अपनाते हैं। ये क्षेत्र आज भी भारी असंभावनाओं से गुज़र रहा है, आधी अधूरी जानकारी, अज्ञानता, तकनीक की जानकारी न होना धनाभाव, सिंचाई की अपर्याप्त सुविधाएं, पानी की कमी जैसी गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। देश का बहुत बड़ा क्षेत्र आज भी कृषि के लिए बारिश के पानी पर निर्भर रहता है और असामान्य या न के बराबर बारिश के कारण आज देश के किसानों के लिए कृषि अलाभकारी क्षेत्र बन गया है।

जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है और आर्थिक व्यवस्था है यहाँ की लगभग पचास प्रतिशत जनसँख्या कृषि या कृषि आधारित क्षेत्र जैसे पशुपालन, मछलीपालन, पोल्ट्री, मांस व्यवसाय आदि पर अपनी आजीविका चलती है, आन्तरिक खाद्यान्न की पूर्ती के साथ बहुत सा देश में उत्पादित अनाज सब्जी, मांस मछली आदि विदेशों को निर्यात भी होती हैं। देश में कुल अनाज उत्पादन लगभग 300 मिलियन टन का होता है।

किसानों को सिंचाई के अतिरिक्त जिन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है वो है :

अच्छे बीज की उपलब्धता की कमी। बीज खाद, खरीदने के लिए पैसे की कमी । सही सिंचाई एवं वर्षा की कमी । खेती में उपयोग होने वाले यंत्रों की कमी । मृदा की सही जांच की कमी। खेती के नवीन वैज्ञानिक तरीकों के प्रशिक्षण की कमी। उत्पादों के भण्डारण यानि storage की कमी । लगातार बिजली आपूर्ति न मिल पाना । उत्पाद को मंडी तक ले जाने की समस्या। खेती के उत्पादों को बेचने में बिचौलियों की समस्या । कषि उत्पादों का सही मूल्य न मिल पाना।

इन कारणों से किसान कड़ी मेहनत कर के भी गरीब ही रह जाता और क़र्ज़ के भार को आजीवन ढोता रहता है ।

मैं बुन्देलखण्ड के जिस झाँसी ललितपुर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूँ वह इस देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में शुमार होता है, यहाँ की पठारी भौगोलिक स्थिति, यहाँ की मिटटी की गुणवत्ता, यहाँ का extreme climate, वर्षा जल पर खेती की निर्भरता इस क्षेत्र को किसानों को खेती छोड़ कर मजदूरी करने पर मजबूर कर देती है, यहाँ उचित सिंचाई के अभाव में किसान कर्ज के फेर में उलझता जाता है,

हमारे यहाँ औसत जलवर्षा लगभग 800 mm के आसपास होती है मगर कुछ वर्षों से तो इतनी इतनी बारिश भी नहीं हो रही और बुंदेलखंड का किसान अत्यंत दयनीय हालत में है । पानी की कमी के कारण किसानों को भारी समस्याएँ उठानी पड़ती हैं।

मेरे संसदीय क्षेत्र में 9,42,742 (नौ लाख बयालीस हज़ार सात सौ बयालीस) हेक्टेयर कृषि भूमि है जिसमें से सिर्फ 584151 (पांच लाख चौरासी हज़ार एक सौ इक्यावन) हेक्टेयर भूमि ही सिंचित है बाकी की कृषि भूमि असिंचित है और वर्षा जल पर आधारित है।

अगर यहाँ के किसानों को उन्नत बीज निःशुल्क या कम दाम पर यदि उपलब्ध कराया जाए और उसे जीरो बजट खेती की ओर प्रेरित किया जाये तो उनकी खेती का मूल्य उन्हें पहले से अधिक मिल सकता है इसके लिए आवश्यकता है बीज के साथ इनको उचित प्रशिक्षण प्रदान कराने की और उनमें ये विश्वास जगाने की कि जीरो बजट खेती अधिक लाभकारी होने के साथ साथ उनकी मिट्टी को भी खेती के लिए सदैव जीवित रखती है।

मेरे क्षेत्र ललितपुर में कृषि विकास के लिए एक कृषि अनुसंधान केंद्र की आवश्यकता है जिससे इस क्षेत्र के किसानों को नयी वैज्ञानिक खोज, नये अनुसन्धान, उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक प्राप्त हो सके।

ग्राम स्तरीय लोक सेवक किसानों की समस्या के प्रति अधिक संवेदनशील होकर सोचें और किसानों को सरकारी योजनाओं और मदद को उन तक पहुंचाएं ताकि वे समृद्ध हो सकें ।

बुन्देलखण्ड में बहुत आवश्यक है यहाँ के किसानों को शिक्षित करने की कि उनकी भूमि किस फसल के लिए उपयुक्त है तथा उनकी मृदा जांच यानी soil test कर उनको उनकी जल उपलब्धता, मिटटी की गुणवत्ता के मुताबिक फसलों का चयन बताया जाए ।

किसानों के क्षेत्रीय उत्पादों को क्लस्टर बना कर यदि उनका उत्पादन एवं मार्केटिंग की जाए तो छोटे किसान भी आर्थिक रूप से सशक्त हो सकेंगे एवं उनके पलायन पर रोक लगेगी।

आयुर्वेदिक खेती जैसे तुलसी, हल्दी, अदरक, गिलोय, सफ़ेद मूसली, अश्वगंधा, अर्जुनाह, आंवला, महुआ, नीम, गूलर, जामुन, कड़ी-पत्ता आदि का उत्पादन करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया जाए तथा उनकी मार्केटिंग के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

सभी कृषि यंत्रों एवं नवीन सिंचाई के तरीकों में प्रयुक्त यंत्रों की खरीद में जैसे स्प्रिंकलर, सोलर पम्प, ड्रिप इरीगेशन, पौली हाऊस आदि में किसानों को 90% तक का अनुदान दिया जाए ।

धन्यवाद।

**श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर):** आदरणीय अधिष्ठाता महोदय, मुझे आपने रूरल डेवलपमेंट और एग्रीकल्चर एंड फार्मर्स वेलफेयर की ग्रांट्स पर बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मान्यवर, कृषि क्षेत्र पर बोलने से पहले मुझे आदरणीय मुरलीधर शर्मा तालिब जी का एक शेर याद आता है-

"सितम की दास्तान किस रोश्नाई से रकम होगी,
लहु की धार से दफ्तर का दफ्तर लिख दिया है।
किसानों को मयस्सर नहीं जब दो वक्त की रोटी
तो ऐसे खेत को बेसुध और बंजर लिख दिया है।"

मुझे कृषि क्षेत्र में इस सरकार को यह कहना है कि ये बेसुध और बंजर हो गए हैं, क्योंकि इन्होंने किसानों के लिए कोई बड़ा काम नहीं किया है। बेसुध और बंजर होने की इस स्थिति के बारे में मैं बताना चाहता हूं कि कृषि और किसान कल्याण में सरकार ने एक बहुत बड़ी रकम को बढ़ाने का काम किया है। इन्होंने 1,38,564 करोड़ रुपये का बजट दिया है।

**17.02 hrs** (Shri Kodikunnil Suresh *in the Chair*)

देखने में पिछले साल के मुकाबले इसमें 82 परसेंट की बढ़ोतरी की गई है। लेकिन अंदर से यह पूरी तरह से खोखला है। आपने बड़ी-बड़ी कल्याणकारी नीतियों के वायदे चुनाव में किए, उनमें आपने धन देने का काम किया, लेकिन जिससे किसानों का भला होना चाहिए, उस क्षेत्र में कोई भी पैसा देने का काम नहीं किया है। कृषि में अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में बजट में मात्र 1.6 परसेंट की बढ़ोतरी की गई है। यह एक ... *आंकड़ा है । मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि इकोनॉमिक सर्वे ऑफ इंडिया और सरकार द्वारा गठित किसानों की आय दोगुनी करने वाली समिति ने यह

---

* Not recorded.

बताया है कि भारत की जो एग्रीकल्चर जीडीपी है, उसका मात्र 0.37 परसेंट यह सरकार अनुसंधान और विकास पर खर्च करती है। वहीं आप चीन को देख लीजिए। तमाम लोग कहते हैं कि हमें चीन और अमेरिका से आगे बढ़ना है। यह सरकार एक सशक्त भारत की बात करती है। सशक्त भारत कैसे होगा, जबकि हमारे देश का 40 परसेंट किसान खेती में लिप्त है। वहीं चीन में कम लोग खेती में हैं, लेकिन वहां के बजट में करीब 0.62 परसेंट कृषि अनुसंधान पर खर्च किया जाता है। अमेरिका में 2.8 परसेंट एग्रीकल्चर पर जीडीपी का खर्च किया जाता है। ब्राजील में 1.8 परसेंट एग्रीकल्चर पर जीडीपी का खर्च किया जाता है। मैक्सिको में 1.05 परसेंट और मलेशिया जैसे छोटे देश में भी एक परसेंट खर्च किया जाता है और भारत में ... * तरीके 0.37 परसेंट खर्च करता है, यह हमारे लिए बहुत ... * की बात है। कृषि की संसदीय स्थायी समिति की 2016 की रिपोर्ट के अुनसार भारत ने अपने कृषि और अनुसंधान पर निर्धारित बजटीय कोष को भी पूरा खर्च नहीं किया है, उसको भी खर्च नहीं कर पाते हैं। यह हमारे लिए कितनी ... * स्थिति है। मैं आज आपके माध्यम से सरकार को यह उजागर करना चाहता हूं।

मान्यवर, अगर सरकार की मंशा है कि किसानों की आय दोगुनी हो तो कुछ बड़ी चुनौतियां हमारे सामने हैं, जिन्हें सरकार को बड़ी गम्भीरता से लेने की जरूरत है। उन चुनौतियों में से सबसे प्रमुखता पर शहरीकरण और औद्योगीकीकरण से कृषि भूमि की कमी हो रही है।

मान्यवर, भू-जल में भारी गिरावट आ रही है, जलवायु परिवर्तन हो रहा है और कृषि में बेरोजगारी फैल रही है। लेकिन इन सब चीजों पर ध्यान देने के बजाय अगर वह कृषि अनुसंधान के ऊपर पैसा देते, तो शायद आप इन सब चीजों के ऊपर ध्यान देकर किसानों के लिए एक बेहतर दिन लाने का काम कर सकते थे। लेकिन उस पर ध्यान नहीं दिया गया। कुछ ऐसी जन-कल्याणकारी योजनाएं हैं, जो सिर्फ और सिर्फ चुनावी फायदों के लिए हैं। उसके ऊपर सरकार एक बड़ा बजट, हजारों-करोड़ रुपयों का बजट दे रही है, जिससे किसानों के अच्छे दिन नहीं आने वाले हैं। उनसे सिर्फ और सिर्फ किसानों के दुर्दिन आने वाले हैं, क्योंकि आप क्षणिक लाभ के लिए,

---

* Not recorded.

चंद दिनों के लाभ के लिए, उनको भारी फायदा पहुंचाने का काम करते हैं। प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, जिससे आजकल किसानों को कोई फायदा नहीं हो रहा है, वे अपना बीमा तो करवाते हैं, लेकिन उनको बीमे का पैसा नहीं मिलता है। कृषि ऋण एवं उर्वरक इत्यादि के ऊपर बड़ी-बड़ी छूट दी जाती है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि अगर आप सिर्फ उर्वरकों के ऊपर ही छूट को ले लें, तो उर्वरकों के ऊपर दी जा रही छूट को हाल ही में इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन्स…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON :** Please conclude.

**SHRI RITESH PANDEY**: I have 10 minutes time. I have not yet finished.

मान्यवर, इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशन्स की नीति का पत्र, 2017 जिसका शीर्षक है, Supporting Indian Farms the Smart Way के हिसाब से उर्वरक के ऊपर एक रुपये की छूट पर…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude now.

**SHRI RITESH PANDEY** : Yes, Sir, I am going to conclude.

मान्यवर, एक रुपये की छूट के ऊपर सरकार को करीब 12 प्रतिशत का नुकसान होता है। अगर यही एक रुपये कृषि अनुसंधान और विकास के ऊपर खर्च किया गया होता, तो किसानों और सरकार को 11 गुना फायदा होता। इसलिए, मैं यह कहना चाहता हूं कि रिसर्च और डेवलेपमेंट के ऊपर उचित खर्च करना बहुत जरूरी है।

मान्यवर, मेरा एक अंतिम बिन्दु है। इसी क्षेत्र में पशु पालन और डेयरी विभाग भी जुड़ा हुआ है। इसमें हाल ही में सबसे ज्यादा मॉब लिंचिंग की वजह से मवेशियों का बाजार पूरी तरह से टूट गया है।…(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude now.

**SHRI RITESH PANDEY**: Yes, Sir, I am going to conclude.

मान्यवर, जिससे सबसे ज्यादा नुकसान गांव के गरीब किसान को होता है, जो एक-दो मवेशी को अपने पास पालने के लिए रखते है।...(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude now.

**SHRI RITESH PANDEY** : Let me conclude. Please give me one minute more. I am going to conclude. This is my last point.

मान्यवर, इसी के साथ ही साथ यह जो 2 प्रतिशत का टीडीएस नकदी के ऊपर बढ़ाया गया है, इसका सबसे बड़ा नुकसान डेयरी के क्षेत्र में होने वाला है। जो लोग गाय और भैंस की खरीद करते हैं, उनसे दुग्ध का उत्पादन करते हैं, वे लोग नकदी में खरीदते हैं। उसको बड़ी-बड़ी डेयरी कंपनियां खरीदती हैं, जब वे एक करोड़ रुपये के ऊपर 2 प्रतिशत टीडीएस देंगी, तो कितना बड़ा नुकसान होगा। इससे बाजार और टूटेगा और किसानों को काफी समस्याएं आएंगी। यह सरकार पूरी तरह से विफल है और किसान विरोधी है। इन्हीं सब बातों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा) :** सभापति महोदय, मेंबर ने बोलते हुए कहा है कि भारत... * है। भारत कभी... * नहीं हो सकता है।...(व्यवधान)

**श्री रितेश पाण्डेय :** महोदय, वह भारत सरकार भी हो सकता है।...(व्यवधान)

**डॉ. निशिकांत दुबे :** सभापति महोदय, वह अनपार्लियामेन्ट्री है। आप उसको निकलवा दीजिए।...(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: I will go through the record and check this.

... (*Interruptions*)

* Not recorded.

**SHRI RITESH PANDEY**: That is not unparliamentary.

**HON. CHAIRPERSON:** We will find out from the record. We will go through the record.

***श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** आज मैं ग्रामीण विकास एवं कृषि तथा किसान कल्याण की अनुदान मांगों के समर्थन में अपनी बात कहना चाहता हूं। हमारी सरकार ने किसान केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने का निश्चय किया है। प्रधान मंत्री श्री मोदी जी ने सत्तारूढ़ होने के बाद पहला संकल्प लिया था कि हमारी सरकार किसानों, गरीबों, नौजवानों एवं महिलाओं के लिए समर्पित सरकार होगी। सरकार ने किसानों की आय को दो गुना करने के लिए एक स्पष्ट नीति तैयार की, जिससे किसानों को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। किसान बिचौलियों के शिकार न हो, इसके लिए सरकार ने अभियान चला कर सभी किसानों को बैंकों से जोड़ने का निर्णय किया। श्री मोदी जी के निर्देश पर किसानों सहित, देश में 35 करोड़ जन-धन खाते खोलने का निर्णय लिया गया। आम किसानों को, केंद्र की किसी भी योजना की सब्सिडी सीधे उनके खाते में हमारी सरकार ने भेजने का निर्णय लिया। किसान अपने जन-धन खाते से पांच हजार रुपये का ओवर ड्रॉफ्ट भी ले सकता है। किसान को स्वावलंबी बनाने के लिए समर्थन मूल्य में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। पहले किसानों को यूरिया के लिए दर-बदर चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन मोदी जी ने किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए नीम कोटेड यूरिया उपलब्ध कराने का निश्चय किया। अब आम किसानों को उनकी आवश्यकतानुसार खाद उपलब्ध है।

किसानों की न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए इस बजट में 75 हजार करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है। पहले 12 करोड़ किसानों की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, उन्हें उधार रुपये लेने से बचाने का निर्णय किया था। कोई भी किसान हो, चाहे वह मंडी का किसान हो अथवा दो हेक्टेअर से ऊपर जोत का किसान हो, उन सभी किसानों के लिए,

* Speech was laid on the Table.

जो किसान की परिभाषा में आता है, उसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 6 हजार रुपये प्रति परिवार प्रत्येक वर्ष उनके खाते में देने का निर्णय लिया है।

हमारी सरकार ने मनरेगा में पिछले वर्ष के परिव्यय 55 हजार करोड़ रुपये की जगह इस वर्ष 60 हजार करोड़ रुपये निर्धारित किया है जिससे ग्रामीण इलाकों में पिछले वर्ष की तुलना में अधिक मानव दिवस सृजित होंगे। इस बार पीएमजीएसवाई के लिए 19 हजार करोड़ रुपये का परिव्यय निर्धारित किया है। हमारी सरकार का संकल्प है कि देश के सभी गांव पक्की सड़कों से जुड़ जाएं, जिससे गांवों में किसानों को अपना उत्पाद मंडी तक ले जाने के लिए सड़कें उपलब्ध हों। इस तरह से वहां किसानों की आय में वृद्धि होगी।

सर, एक और बात, जिसके बारे में मुझे लग रहा है कि हम लोगों ने इसे बजट में टच नहीं किया, उसमें एनवायरनमेंट से संबंधित करीब-करीब सारे इश्यूज रह गए हैं क्योंकि जो क्लाइमेंट चेंज हो रहा है, जो सिनैरियो में फास्ट चेंज हो रहा है, मेरा ख्याल है कि हमें उस पर बात करने की बहुत जरूरत है। मॉनसून का पैटर्न बदल रहा है। पेस्ट्स का इस्तेमाल कहीं ज्यादा हो रहा है, कहीं कम हो रहा है। टेम्परेचर कहीं बढ़ रहा है, कहीं कम हो रहा है। This issue needs to be tackled in a very scientific way.

फार्म सेक्टर्स की जिस तरह की समस्याएं हैं, मुझे लग रहा है कि इसमें सभी को, केन्द्र सरकार को और राज्यों को, सभी को मिल कर काम करना चाहिए। Agriculture is a State subject. इसलिए इसके लिए सभी को मिल कर काम करना चाहिए। मेरा सुझाव है कि इसमें एग्रीकल्चर रिफॉर्म्स कमीशन बनाएं, जिसकी अध्यक्षता प्रधान मंत्री जी करें और उसमें सारे राज्यों के मुख्य मंत्री हों। रूलिंग पार्टी से विनती है कि पिछले दिनों एन.डी.सी. की एक कमेटी बनी, उसमें पंजाब के मुख्य मंत्री जी को छोड़ दिया। जो स्टेट नेशनल किट्टी में 40 प्रतिशत देती है, उसके मुख्य मंत्री को छोड़ कर तो काम नहीं चलेगा। इस तरह की पार्शिएलिटी नहीं होनी चाहिए।

इन्हीं बातों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं। बहुत बहुत धन्यवाद।

**श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद):** सभापति महोदय, पिछले लगभग ढाई घंटे से कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास विभाग के अनुदानों की मांगों पर चर्चा चल रही है। मैं अपनी पार्टी की तरफ से इन अनुदानों की मांगों वर्ष 2019-20 के समर्थन में खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, जब से इस देश की बागडोर माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में आई है, तब से गांव, गरीब और किसान की चर्चा शुरू हुई है। हिन्दुस्तान में पहली बार ऐसा हुआ है कि किसान जब लोक सभा चैनल खोलता है, तो उसको लगता है कि इस देश के सर्वोच्च सदन में उसकी बात हो रही है। ग्रामीण विकास मंत्री जी यहां पर नहीं हैं, लेकिन मैं उनके बारे में कहना चाहता हूं कि बड़े लंबे अनुभव के बाद वह मध्य प्रदेश में ग्रामीण विकास मंत्री रहे, भारत सरकार में भी ग्रामीण विकास मंत्री रहे और अब कृषि मंत्रालय का काम देख रहे हैं। उनका अनुभव इस बजट में स्पष्ट रूप से नजर आता है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस देश में जब तक कृषि और ग्रामीण विकास पर चर्चा नहीं होगी, उस पर फोकस नहीं किया जाएगा, तब तक यह देश तरक्की नहीं कर सकता। इस बात को सामने रख कर हमारी एनडीए की सरकार ने काम करना शुरू किया है। अभी कई वक्ताओं ने कहा कि किसान ओरिएन्टेड जो स्कीम्स हैं, उन पर सरकार फोकस नहीं कर रही है। मैं कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना किसके लिए बनाई गई है? यह योजना किसानों के लिए बनाई गई है। कृषि कौशल योजना भी किसानों के लिए बनाई गई है। फसल बीमा योजना का सीधा संबंध किसान से है। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना किसान से जुड़ी हुई है। किसान सम्मान निधि भी किसान से जुड़ी हुई है। अगर ये योजनाएं किसानों से संबंधित नहीं हैं, तो फिर ये किसके लिए हैं? स्वाभाविक रूप से इन योजनाओं पर जो बजटरी एलोकेशन हुआ है, वह भी इस बात को दर्शाता है कि हमारी सरकार किसानों के लिए कितनी चिंता कर रही है और किसानों पर फोकस करके ही काम कर रही है।

सभापति महोदय, कृषि के लिए पिछले साल 67,000 करोड़ रुपये का बजट था। इस साल उसे बढ़ाकर 1,30,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। यह स्वाभाविक रूप से इस बात को दर्शाता है कि सरकार ने किसानों की चिंता की है। ग्रामीण विकास के लिए 1,84,000 करोड़ रुपये का बजट था, जिसे इस बार बढ़ाकर 1.91 हजार करोड़ रुपये किया गया। इन दोनों विभागों के लिए बजट बढ़ाने का काम हमारी सरकार ने किया है।

महोदय, मनरेगा के अंदर वर्ष 2017-18 में 60,000 करोड़ रुपये का बजट था, उसे भी इस बार बढ़ाने का काम किया गया। हमारे जो दूध उत्पादक किसान हैं, हम ह्वाइट रिवोलूशन की बात करते हैं, हमारी सरकार ने उस पर काम किया है। पिछले साल 1574 करोड़ रुपये का बजट था, उसे बढ़ाकर 2240 करोड़ रुपये किसानों के हित में किया गया है। हमारी जो गाय और भैंस हैं, इनके द्वारा हमारे देश में दूध का उत्पादन बढ़े, इसके बारे में भी हमारी सरकार ने फोकस करके बजट में एलोकेशन दिया है। हमारे वित्त मंत्री जी ने इस बार प्रधान मंत्री सिंचाई योजना के लिए 18 फीसदी बजट बढ़ाया है। 6600 करोड़ रुपये बढ़ाकर सीधे 9600 करोड़ रुपये का बजट प्रधान मंत्री सिंचाई योजना के लिए दिया गया है। हमारे किसान के लिए जो सब्सिडी है, उसमें भी 20 परसेंट का इजाफा हुआ है। इसे 13,000 करोड़ रुपये से सीधे 18,000 करोड़ रुपये किया गया है। जब किसान सम्मान निधि की बात चलती है, तो कई लोग कहते हैं कि इस देश के किसान को छह हजार रुपये देने से क्या होगा। मुझे लगता है कि वे किसान नहीं है, जो इस प्रकार से किसान की बात करते हैं। इस देश में 25 फीसदी ऐसे किसान हैं, जिनके लिए 500 रुपये भी अहमियत रखते हैं। जब उनके पास 500 रुपये आते हैं, तो उस किसान को लगता है कि वह उससे अपने परिवार को शाम का भोजन दे पाएगा, छह हजार रुपये तो उनके लिए बड़ी कीमत होती है। जब एक एकड़ जमीन वाले किसान को छह हजार रुपये की राशि मिलेगी, तो मैं इस बात की कल्पना कर सकता हूं कि उसके परिवार को कितनी खुशी मिलेगी और वह कितनी दुआएं इस देश के प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी को देगा। उन्होंने कम से कम किसान को सम्मान निधि देने का काम किया है।

आप 75,000 करोड़ रुपये की कर्ज माफी की बात हमेशा करते हैं । यूपीए सरकार ने 75,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया, उसके लिए हम धन्यवाद देना चाहते हैं, लेकिन हमारी जो किसान सम्मान निधि है, हम हर साल 78,000 करोड़ रुपये देंगे । आप कल्पना कीजिए कि पांच साल में किसान की जेब में कितना पैसा जाएगा ।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं । हमारी सरकार ने लगातार किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही है । लोग कहते हैं कि किसानों की आय दोगुनी नहीं हो रही है । यह तुरंत नहीं हो सकता है ।

वर्षों की व्यवस्था में लगी जंग को हटाने में समय लगता है । किसान को फोकस करके काम करने का काम सरकार ने पहली बार किया है ।

जब जीरो बजट फार्मिंग की हम बात करते हैं, तो उसमें दुग्ध उत्पादन भी जुड़ता है । जीरो बजट फार्मिंग में हमारे बैलों के माध्यम से खेती भी उसमें आती है । जब हम जीरो बजट फार्मिंग की बात करते हैं, तो उसमें जैविक खेती भी जुड़ती है । गोबर की खाद से हमारा खेती का उत्पादन बढ़े, इस बात को भी हम जोड़ते हैं । जीरो बजटिंग में जो नीम कोटेड यूरिया है, पहले यूरिया बाजार में आधा ब्लैक मार्केटिंग में चला जाता था, लेकिन अब नीम कोटेड होने के बाद उसका 100 फीसदी उपयोग किसान के हिस्से में आ रहा है । मैं बहुत जिम्मेदारी से इस बात को कह सकता हूं कि नीम कोटेड यूरिया होने के बाद, जहां वर्ष 2015-16 में 30 लाख टन की खपत होती थी, वह वर्ष 2017-18 में 28 लाख टन हुई है और आगे यह खपत और घटने वाली है । नीम कोटेड यूरिया होने से यह लाभ हमें मिला है ।

महोदय, इस देश में किसानों की आय दो गुनी हो, इसके लिए दस नए किसान उत्पादन केन्द्र खोलने का काम किया है । हमारी सरकार ने दूध खरीदने की व्यापक व्यवस्था की । दूध खरीदने  का सरकार ने पूरा एक प्रोग्राम बनाया है कि कहां से हम दूध खरीदेंगे, कैसे दूध खरीदकर किसान को लाभ देने का काम करेंगे?

फिशरीज के ऊपर पहले कभी कोई सरकार बात नहीं करती थी। हमारी सरकार ने मछली उत्पादन के ऊपर फोकस किया है। मुझे यह बताते हुए खुशी होती है कि हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 पर्सेंट योगदान फिशरीज में लगे हुए किसानों का है।

स्फूर्ति योजना के बारे में मैं बताना चाहूंगा। लोग कहते हैं कि किसानों के लिए हम क्या कर रहे हैं? स्फूर्ति योजना में, वर्ष में 2019-20 में हमारी सरकार ने 100 क्लस्टर्स बनाए। 50 हजार ग्रामीण शिल्पकारों को, जो हमारी आर्थिक वैल्यू चैन है, इसमें शामिल किया जाएगा। उद्योग क्षेत्र में 75 हजार कुशल उद्यमियों को विकास के लिए चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 में ही 80 आजीविका इनक्यूबेटर और 20 बिजनेस इनक्यूबेटर स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगारी एक बड़ी समस्या बनती जा रही है। ग्रामीण उद्योगों के खत्म होने से रोजगार के हालात और खराब हुए हैं। सरकार ने प्रधान मंत्री कृषि सम्पदा योजना के मार्फत कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए योजना शुरू की है। इसे रफ्तार देने की कोशिश की जाएगी। मुझे लगता है कि क्लस्टर बेस्ड अगर काम होगा, तो भविष्य में इसका लाभ भी हमारे देश में मिलेगा।

किसान, मजदूर की पेंशन – महोदय, यह छोटी स्कीम नहीं है। एक किसान से हर महीने हम 200 से लेकर 500 सौ रुपये एक निर्धारित एज ग्रुप के अंदर लेंगे, लेकिन जब वह साठ वर्ष का हो जाएगा, तो उसे हर महीने तीन हजार रुपये मिलेंगे। 50-55 रुपये की कीमत पर 3,000 रुपये उसकी बुढ़ापे में मदद होगी। वह किसान जब 60 वर्ष का होगा, उस समय भले ही हम यहां इस सदन में न हों, लेकिन वह किसान उस समय हमारी तत्कालीन सरकार को दुआएं देगा कि उस सरकार ने हमारे भविष्य को बनाने के लिए एक बड़ी योजना इस देश में लाई थी।

मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि किसान की आय दो गुनी करने के लिए सरकार का जो संकल्प है, वह गांव की प्रगति और बिजली की उपलब्धता पर आधारित है। हमारी सरकार पहली ऐसी सरकार है, जिसने गांव को फोकस करके बिजली के क्षेत्र में भी काम किया है। बिजली राज्य का विषय है, लेकिन भारत की सरकार ने लगातार फंड जेनरेट करके राज्यों को बिजली के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने का काम किया है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि किसानों की जोत घट रही है। किसान को केवल इस बात की चिंता है कि उसकी जोत लगातार घट रही है। जोत इसलिए घट रही है, क्योंकि जनसंख्या लगातार बढ़ रही है। जनसंख्या बढ़ेगी, तो स्वाभाविक रूप से जोत घटेगी। यह हमारी चिंता का विषय है। मैं चाहूंगा कि इस सदन में सामूहिक रूप से इस बात की चिंता होनी चाहिए। अब समय आ गया है, जब इस देश में जनसंख्या पर कानून बने। पूरा देश एकमत हो। इस देश में जनसंख्या नियंत्रित हो। जाति, धर्म, सम्प्रदाय से ऊपर उठकर किसान, गरीब, व्यापारी दो बच्चों का पालन-पोषण करे, तो उससे कम से कम किसानों की जो छोटी जोत हो रही है, उसमें मदद मिलेगी।

महोदय, हमारे मंत्री महोदय यहां उपस्थित हैं। किसान के नाते मेरे कुछ सुझाव भी हैं। हमारे यहां 70 दिन की मूंग लगती है, उसका एमएसपी 6,975 रुपये है। हम अरहर लगाते हैं, तो वह 180 दिनों में आती है। उसका समर्थन मूल्य 5,675 रुपये है। चने की फसल लगाते हैं, वह 120 दिनों में आती है। उसका समर्थन मूल्य 4,620 रुपये है। …(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदय, 302 सदस्यों की पार्टी है और मैं तीसरा वक्ता हूं। मैं पांच-सात मिनट के लिए आपसे आग्रह करूंगा। समय के आधार पर जो फसल कम दिन की है, उसका समर्थन मूल्य कम हो। दलहन जैसी फसल, जो ज्यादा समय लेती है, उसका समर्थन मूल्य ज्यादा हो। इस पर भी सरकार थोड़ी चिंता करे।

इस पर सरकार चिंता करेगी, हम जो जैविक खेती कर रहे हैं इसे बढ़ाने की जरूरत है। हालांकि हमारी सरकार ने 115 जिलों को मॉडल जिले के रूप में चिन्हित किया है, जहां समावेशी समाज का निर्माण किया जाएगा, गोबर और जैविक खाद से खेती की जाएगी, इसे बढ़ाने की जरूरत है। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं, इस देश में समर्थन मूल्य चिंता का विषय है। जब बाजार में माल जाता है तो उस समय किसानों को समर्थन मूल्य नहीं मिल पाता है। देश में ऐसा कोई मैक्निजम डेवलप होना चाहिए कि हर हाल में उत्पाद समर्थन मूल्य पर ही बिके। जब व्यापारी माल लेकर आता है, उस पर एमएसपी लिखा रहता है, उससे नीचे उसका माल नहीं

बिकता है। जब अनाज पर एमएसपी निर्धारित की गई है तो यह भी उसी आधार पर बिके, इसके लिए हमको चिंता करने की जरूरत है।

सभापति महोदय, यह रोग पिछले चालीस सालों से चल रहा है। हमारे देश के बहुत सारे व्यापारियों ने नेपाल में ऑफिस खोले हुए हैं, नेपाल में दलहन और अनाज का व्यवसाय करते हैं, दुनिया के दूसरे देशों से दलहन और अनाज मंगाते हैं। चूंकि नेपाल में कोई पोर्ट नहीं है, पोर्ट कोलकाता में है, पूरा माल कोलकाता बंदरगाह पर उतरता है। व्यापारी हिन्दुस्तान के हैं और उनके ऑफिसेज नेपाल में है। वह माल नेपाल जाने की बजाय कोलकाता और बंगाल में ही खप जाता है। यह हमारे देश के किसानों को कमजोर करने का काम करता है। सरकार इस बात की भी चिंता करे।

आज हम वाजपेयी जी का स्मरण करते हैं। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की चर्चा हो और पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की चर्चा न करें, शायद यह उचित नहीं होगा। हमारी सरकार ने 83 हजार करोड़ रुपये प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क के लिए दिए हैं। हर दिन पूरे देश में 130-135 किलोमीटर सड़क बन रही है। मैं अपने संसदीय क्षेत्र के बारे में बताना चाहता हूं। हमारे क्षेत्र में 2700 में से केवल सात गांव बचे हैं, जहां सड़क नहीं बना पाए हैं। 2693 गांवों को सीधा सड़क से जोड़ने का काम किया गया है। यह इतनी महत्वपूर्ण योजना है। यह योजना सीधे गांव, गरीबों और किसानों से जुड़ी हुई है।

सोलह हजार करोड़ रुपये ग्रामीण बिजली के लिए सरकार ने दिया है, इससे गांव में बिजली सिस्टम को अपग्रेड करने में मदद मिलेगी। हम गांव को डिजिटलाइज कर रहे हैं। मनरेगा के ऊपर साठ हजार करोड़ रुपये, आवास योजना में उन्नीस हजार करोड़ रुपये। अभी हमारे साथी कह रहे थे कि आवास योजना पर काम ठीक से नहीं हो रहा है। माननीय प्रधान मंत्री जी की फ्लैगशिप स्कीम है। वर्ष 2020 में 70 लाख घर बनेंगे, 2021 में 70 लाख घर बनेंगे, 2022 में 60 लाख घर बनाकर आवास योजना को पूरा करने का काम करेंगे। इस योजना को हमारी सरकार ने आगे बढ़ाया है।

अंत में, मैं जिस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि देश के किसान का उत्पादन बढ़े, किसान मजबूत हो, इसके लिए एक सामूहिक प्रयास और चिंतन करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि सबसे पहले जनसंख्या पर चिंता करनी चाहिए, उसके बाद पर्यावरण पर फोकस करके काम करने की जरूरत है। कृषि उत्पाद का नगद भुगतान हो, इस बात के लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की जरूरत है। जल संरक्षण के लिए काम करने की आवश्यकता है।

मैं आपके माध्यम से देश की सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। मेरी कंस्टीट्यूएंसी में मोहानी एक जगह है जहां हजारों एकड़ जमीन सरकार की है, वहां सरकार एक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी बनाए। स्टॉप डैम यानी जल प्रबंधन का जो कन्सेपट लेकर आए हैं, आठ-नौ प्रमुख नदियों पर स्टॉप डैम बने, मैं इसके लिए भी सरकार से आग्रह करना चाहता हूं।

*[*] **SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH):** Since Independence, Indian agriculture continued to be the backbone of the country's economy. Shri Lal Bahadur Shastri famously proclaimed "Jai Jawan, Jai Kishan". Today, we hold high esteem for our Jawans. But the condition of the farmers in India is deplorable. The country has 119 million farmers and 144 million agricultural labourers directly involved in agriculture.

Farmers are at huge risk due to the extreme weather conditions which has an impact of climate change. There is a slow implementation of Government schemes which do not reach even to all small and marginal famers. There should be effective implementation and proper follow-up and evaluations of the schemes so that they reach to every farmer.

Since jute is the main cash crop, the farmers have to sale jute in order to meet family needs. The low market price affects the jute farmers. During sowing period, price of high yielding variety jute seed becomes high and goes beyond the purchasing capacity of small farmers. In my Parliamentary Constituency, jute farmers face a lot of problems.

Under the Pradhan Mantri Jan Dhan Yojana launched in 2014, 33 crore back accounts were opened across India. However, 65 per cent of women still lack a bank account.

---

[*] Speech was laid on the Table.

Government wishes to encourage and facilitate the role of *gramin* women, but it has not specified and suggested how to eradicate malnutrition and anaemia from which Indian mothers are suffering a lot in rural India. In MGNREGA, personday of SC is 20.69 per cent, in 2018-19, personday of SC is 22.69 per cent in 2015-16 and 18.88 per cent in this Budget 2019-20.

As per the report of NABARD, West Bengal provided credit to 97,535 self-help groups in the cooperative sectors, leading huge creation of employment and income generation mostly among women.

In West Bengal, we have successfully implemented 'Bangla Fasal Bima Yojana' to safeguard the poor farmers. Bengal is the first State in India where Government subsidy is directly credited into farmers' 'Kisan Credit Card'.

'Matir Katha' has been launched to address farm-related problems using hand held tablets, PCs and a dedicated portal.

In our country, we have a very limited people who are doing aquaponic farming. They are planting crops using organic fertilizer with fish cultivation. These technologies are developed in American or European countries.

Since 2016, in India, Cherai, a small coastal village near Kochi in Kerala is aquaponic village. The Government has to take initiative towards adaption and mitigation strategies in the mind of farmers and they get price for their production.

Bengal is ranking first in production of inland fresh water fisheries. The Government should set up Export Research Hub in West Bengal from Centrally sponsored scheme towards Blue Revolution in the country as the

small fishermen are going through the worst crisis of their time throughout the country.

I suggest that through a plan manner with combination of health, rural, animal and MSME Ministers, we should first come forward to vitalize the women power of the rural India through house-oriented domestic productivity employment like animal husbandry development, fisheries, conservation and management of natural resources, seed production process, post-harvesting training program and export-oriented project also.

All these are need to set up block-wise hub with an expert team of women comprising technologists and trained experts.

The entire process will not only develop the rural India but also generate employment in the country rapidly.

**SHRI HASNAIN MASOODI (ANANTNAG):** Hon. Chairperson, the Budget, as it relates to agriculture and farmers' welfare, is a second most disappointing feature of the Budget. The first being the unwarranted and unjustified increase in prices of diesel and petrol. Whatever name you give it, irrespective of colour and costume for a common man, and particularly the farmer, it is the increase in prices of petrol and diesel which is going to create the worst effect. It is, in real terms, a stab in the back.

Sir, this increase is going to have a spiral and cascading effect and is going to adversely affect every segment of the society including the farmers.

चेयरपर्सन साहब, बजट सिर्फ एक गोशवारा नहीं है खर्चे और आमदनी का, यह एक आईना है तमन्नाओं और आरजुओं का। अगर सोसाइटी के किसी सैगमेंट को सबसे ज्यादा हक है अपनी आरजुएं और तमन्नाएं देखने का तो वह हमारे अन्नदाताओं और किसानों को है। यह बजट उन्हीं के लिए ही सबसे ज्यादा डिस्एपाइंटिंग है। वे जिस पीड़ा से पिछले दो साल से गुजर रहे हैं, जो मेनिफेस्टो बनाया गया था, उससे यह तवक्को की जाती थी सबसे ज्यादा तवज्ज़ोह किसानों की तरफ होगी, उसकी भलाई की तरफ होगी, उसकी बहबूदी की तरफ होगी। But a closer look at the Demands and allocation disappoints one. The statistics are depressing. About 22 crore people of our country are directly or indirectly engaged in agriculture but very little has been done to ameliorate their lot, for their welfare. As I said, their status is depressing.

The growth rate as per the Economic Survey has come down to a meagre 2.9 per cent. Share in economy continues to be at 19 per cent but the actual allocation for agriculture and welfare of farmers has come down.

Rashtriya Krishi Vikas Yojana witnesses a mere increase of four per cent. It camouflages the actual downslide in the allocation on agriculture. Out of Rs.1,30,485 crore earmarked for agriculture and farmers' welfare, Rs.75,000 crore are to be eaten up by PM-KISAN Yojana. If we segregate it, the real allocation comes down from Rs.67,800 crore to Rs.55,485 crore. If we even go to the PM Kisan Samman Yojana, it was intended to benefit 14.5 crore people but in real terms the benefit has reached only 3.3 crore people. The amount spent is only about Rs.12,450 crore. It has not reached the beneficiaries.

The benefit under PM Kissan Samman Yojana is still linked with the land. Over the years, the number of actual cultivators has come down. About 55 per cent of farmers engaged in agriculture do not have any holding at all. So, in real terms, however much noise we make about this Rs.75,000 crore, it is going to avoid 55 per cent of the farmers. A comment was made by hon. Finance Minister that we are going to bring them within the fold of this scheme. But in actual terms that was an off the cuff remark. It does not touch the lives of 55 per cent of the farmers. Hon. Sir, 54 per cent of the Budget is taken away by this PM Kissan Samman Yojana or whatever name is given to it. But the benefit does not reach those who are engaged in agriculture.

The MSP is restricted to 23 crops but the market intervention is restricted to a few crops. So, in real terms, fixing MSP has no meaning at all. When you are not ready to intervene and come to the rescue of the farmer, how will the farmer be benefited?

As regards loans to farmers, 68 per cent of our farmers have less than one hectare of land and so, they depend on moneylenders for loans.

There is no plan to rescue these 68 per cent of farmers from the clutches of money-lenders. There is no plan to provide an alternative mechanism and extend loan facilities to them at reasonable rates. So, they are left at the mercy of private money-lenders.

There is a failure in respect of Fasal Bima Yojana also. What is the number of actual farmers covered under this Scheme? It is restricted to only 27 per cent of non-loanee farmers who are getting the benefit. Those who do not take loans are not benefitted under this Scheme.

In case of failure of crop, one has to prove that the crop of the entire area, taluka or village has failed. Premium is a different thing. Unless and until the farmer proves that the entire crop of the entire area has failed, he does not get any benefit of insurance and he does not get any compensation.

Irrigation is restricted to only 49 per cent of the entire land. Nothing has been done to increase the area of irrigation. Surprisingly and shockingly, there is a decrease of 3.7 per cent in the allocation for ICAR. If we want to come to the rescue of the farmers, we have to focus on thrust areas like, seed improvement, mechanisation of farming, intensive farming, irrigation and research, etc. We should take the results of research from lab to land. All those sectors are ignored in this Budget.

Sir, shockingly, only 0.3 per cent of the Budget has been earmarked for research. We have 2.22 crores of farmers whereas the United States of America has only 10 per cent of this number. Still, their production is much more than ours. What is the reason? It is because they employ new methods and new inputs. Everything is missing here.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI HASNAIN MASOODI :** Incorporating new techniques, new research results in farming is needed.

Now, I come to Jammu & Kashmir. Sir, please allow me to say something about Jammu & Kashmir. We produce 2.5 million metric tonnes of fruits. We have facilities for only one per cent commercial processing of commodities. We can only preserve five per cent of commodities in cold-storage. No arrangement are being made. The recent developments have compounded our problem. There are now restrictions on fruits. We are not able to transport fruits. Our fruit industry is right now confronted with a loss of Rs. 2,000 crore. We are not able to export fruits because of the restrictions on the Highways. Nothing is being done to have cold-storage facilities. As I said, only five per cent of the fruits can be preserved in cold-storage. Rest of the fruits, that is, six million tonnes, rot. So, the Government was expected to focus on it. Saffron, our best cash crop is on a downslide. The production has come down to 10 per cent because of failure of Prime Minister's Saffron Mission. Nobody is bothered about looking into the failure of the Mission. What were the causes? How did it fail? What was required to be done?

It is not that fruits are only the source of income for the people of Kashmir. Fruits and Saffron would earn foreign exchange for the country. There is 90 per cent downslide in the production. Only five per cent of the production can be preserved in cold-storage facilities and we have facilities for only one per cent commercial processing of these commodities. These are the areas where the Government was expected to focus.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI HASNAIN MASOODI :** But what is being done? Failures are camouflaged. It is false hike, false upswing in the Budget allocations. It is not real. The reality is that it has come down from, as I said, Rs. 6,000 crore to Rs. 5,000 crore. So, much more is expected to be done. Thrust areas are to be identified. The Government has miserably failed to focus on that and to give some kind of relief to the farmers, who clamour for relief, who are the marginalised, unaided section of the society. Thank you.

[*]**श्री अशोक महादेवराव नेते (चिमुर-गड़चिरोली) :** देश के माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय मोदी जी एवं वित्त मंत्री जी का मैं हृदय से धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि एन.डी.ए. सरकार द्वारा देश का यह वित्तीय बजट लीक से हटकर दिखायी दिया है, जिसमें लोक-लुभावन घोषणाओं के स्थान पर बजट को कृषि एवं किसानों, गरीब एवं मध्यम वर्गीय लोगों पर केन्द्रित किया गया है तथा अंतरिम बजट में समाज के गरीब तबकों का विशेष ध्यान रखा गया है।

हमारा देश किसानों का देश है तथा हमारे देश की 70 प्रतिशत आबादी खेती पर ही निर्भर है। गांववासियों का आज भी मुख्य कार्य खेती करना है। यह प्रसन्नता की बात है कि हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट में 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का प्लान तैयार किया गया है, जो अति प्रशंसनीय है।

चूंकि, गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए सरकार ने अपने बजट में ज्यादा जोर गांव गरीब और किसानों पर दिया है। यह किसी से छिपा नहीं है कि अब से 5 वर्ष पहले किसानों की आर्थिक स्थिति बहुत ही दयनीय हो गयी थी और उनको उनकी फसल का वाजिब मूल्य भी नहीं मिल पा रहा था।

लेकिन, आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्रीत्व कार्यकाल के दौरान विगत 5 वर्षों में किसानों की स्थिति में काफी हद तक सुधार हुआ है और सरकार उनके कल्याण हेतु हर संभव प्रयास कर रही है।

चूंकि, कीटनाशक, रासायनिक खाद और हाईब्रिड बीज, जिनका उपयोग किसानों के लिए अत्यधिक महंगा साबित हो रहा है और इनके उपयोग से उन्हें उनकी उपज का उचित मूल्य भी नहीं मिल पाता है, सरकार इस स्थिति से निबटने के लिए इस बजट में "जीरो बजट खेती" यानि

---

[*] Speech was laid on the Table.

पूरी तरह से प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर पारम्परिक खेती को बढ़ावा दिए जाने की घोषणा की है, जो किसानों के हित में है।

इस "जीरो बजट खेती" का उद्देश्य खेती के बुनियादी तरीकों पर लौटना है। इसी से किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य पूरा होगा। खाद्यानों, दलहनों, तिलहनों, फलों और सब्जियों की स्व-पर्याप्तता और निर्यात पर विशेष रूप से जोर दिया गया है।

यह भी प्रशंसनीय है कि हमारी सरकार ने अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने पर बल देते हुए उनका जीवन और व्यवसाय आसान बनाने के लिए काम करने पर जोर दिया है और कृषि अवसरंचना में निवेश करके आजादी की 75वीं सालगिरह तक किसान की आय दोगुनी करने की बात कही है।

सरकार ने इस वित्तीय बजट में किसानों के लिए 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाने का प्रावधान किया है, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में काफी हद तक मदद मिलेगी। बजट में कृषि अवसंरचना में व्यापक निवेश की भी व्यवस्था की गयी है, जिससे आने वाले समय में किसानों की आर्थिक स्थिति में बेहतर सुधार होगा।

इस प्रकार से यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि हमारे देश की लोकप्रिय सरकार ने किसानों की आर्थिक दशा सुधारने और उन्हें सशक्त करने के लिए बजट में पर्याप्त प्रावधान किए हैं।

कृषि हमारे देश की अर्थ व्यवस्था का मूल आधार है। जब खेती में उपज अच्छी होती है, तब किसान फसल को लेकर बाजार में जाता है और प्राप्त पैसों से ट्रैक्टर खरीदने, मकान खरीदने, बेटे-बेटी को उच्च शिक्षा के लिए भेजने, वाहन खरीदने आदि का कार्य करता है, जिससे बाजार में मांग बढ़ जाती है। मांग बढ़ने से उद्योग-धंधों के कल-कारखानों के पहिए तेजी से घूमने लगते हैं एवं

देश औद्योगिक विकास की ओर बढ़ने लगता है। लेकिन, फसल अच्छी नहीं आने पर जब किसान मायूस होकर बैठ जाता है तो अर्थ व्यवस्थ के विकास का पहिया थम जाता है।

सरकार ने इसी भावना को ध्यान में रखकर बजट को कृषि एवं ग्रामीण अर्थ व्यवस्था पर केन्द्रित किया है, जिसमें किसानों के साथ ही साथ ग्राम पंचायतों को भी विकास की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब शहर ही नहीं गांव भी स्मार्ट और समृद्ध बने, वहां पर अच्छी सड़कें हों, स्वच्छ पानी हो, साफ-सुथरे स्कूल हों, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन हों तथा मनरेगा के माध्यम से रोजगार के अवसर भी गांव में उपलब्ध हों, इससे गांव का पूरा कायाकल्प तो होगा ही साथ ही गांवों से लोगों का पलायन भी रूकेगा और गांव सर्व सुविधा सम्पन्न भी होंगे।

मैं यह तथ्य भी सरकार के ध्यान में लाना चाहूंगा कि आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों का अविकसित होना ही है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके वहां के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाए तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

यह विदित ही है कि महाराष्ट्र राज्य का गड़चिरोली-चिमूर जनजातीय संसदीय क्षेत्र नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित है। इस क्षेत्र में मैगनीज, लोह, अभ्रक (मायक) हीरा इत्यादि खनिज पदार्थ प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। यहां पर खनिज आधारित और अन्य छोटे-बड़े उद्योग स्थापित करके गरीब आदिवासी लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है। ऐसा करने से आदिवासी युवकों को केवल रोजगार उपलब्ध होगा, बल्कि इस क्षेत्र का विकास भी हो और वे राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे।

अतः नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित अति दुर्गम, पिछड़े आदिवासी एवं उद्योग रहित गड़चिरोली-चिमूर क्षेत्र के लिए टैक्स होलिडे पैकेज घोषित करके केन्द्रीय स्तर से छोटे-बड़े उद्योग

स्थापित कर उसी प्रकार से केन्द्रीय करों में छूट प्रदान करें, जैसे - उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों के विकास हेतु टैक्स होलिडे पैकेज के अन्तर्गत दी गयी है, ताकि इस क्षेत्र के गरीब आदिवासी युवकों को रोजगार मुहैया हो सके और नक्सलवाद की समस्या निजात मिलकर वे देश की मुख्यधारा में शामिल हो सके।

मेरा संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली-चिमुर एक बहुत ही पिछड़ा आदिवासी बाहुल्य दुर्गम क्षेत्र के अन्तर्गत आता है तथा महाराष्ट्र के विशेषतः विदर्भ क्षेत्र में गड़चिरौली, चन्द्रपुर, गोंदिया और भंडारा जिले के किसान इस समय भारी संकट से गुजर रहे हैं। विदर्भ में महाराष्ट्र राज्य का गड़चिरोली संसदीय क्षेत्र भी आता है, जो आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ-साथ अत्यधिक दुर्गम और अविकसित क्षेत्र है।

मेरे संसदीय क्षेत्र के गरीब आदिवासी किसान एक तरफ भारी वर्षा की मार से गुजरते हैं तथा दूसरी ओर सूखे की स्थिति में भी उनकी फसल बेकार हो जाती है। इसलिए, ऐसी स्थिति में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के किसानों की मदद किए जाने की तत्काल परम आवश्यकता है ताकि वे आर्थिक संकट से उबर सके। लेकिन, यह तभी संभव है जबकि केन्द्र सरकार इन किसानों के लिए आर्थिक अनुदान उपलब्ध कराए।

अतः महाराष्ट्र राज्य के विशेषतः गड़चिरोली आदिवासी बाहुल्य आत पिछड़े क्षेत्र के धान प्रभावित किसानों को आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराए जाने हेतु अंतरिम बजट में अलग से प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है।

देश के जनजातीय बाहुल्य क्षेत्रों में जनजातीय लोगों को जीविकापार्जन के लिए कृषि उपज हेतु वन भूमि का आवंटन किया गया है, लेकिन उनके लिए भूमि के सिंचन हेतु जल की कोई सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है, जिस कारण जल के अभाव में आदिवासी लोग अपनी भूमि को कृषि उपज के लिए उपयोग में न लाकर बेकारी की स्थिति में है। जब तक आदिवासी लोगों को

आवंटित की गई भूमि के सिंचन हेतु जल की व्यवस्था नहीं कराई जाती है, तब तक वह भूमि उनके किसी उपयोग की नहीं है।

आज देश नक्सलवाद से बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसका एक प्रमुख कारण इन क्षेत्रों को अविकसित होना ही है। यदि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास करके वहां के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने का सतत प्रयास किया जाए तो नक्सलवाद की समस्या से काफी हद तक निपटा जा सकता है।

अतः देश के जनजातीय क्षेत्रों में विशेषकर महाराष्ट्र राज्य के आदिवासी गड़चिरोली-चिमूर संसदीय क्षेत्र में आवंटित की गई भूमि के लिए केन्द्रीय स्तर पर एक कार्यक्रम तैयार करके धन का आवंटन कर भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध करवाया जाए, जिससे नक्सलवाद से प्रभावित लोग केन्द्रीय योजना से लाभान्वित होकर राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ सके।

महाराष्ट्र राज्य के नक्सल प्रभावित तथा जनजातीय पिछड़े संसदीय क्षेत्र गड़चिरोली जिले के आदिवासी किसान कारवाफा, चेन्ना, तुलतुली, दर्पनगुड्रा, उपसा जल सिंचन योजनाओं के बंद होने के परिणामस्वरूप कृषि उपज सुचारू रूप से नहीं कर पा रहे हैं | यह क्षेत्र अति पिछड़ा हुआ है और यहां के गरीब आदिवासी किसान पूरी तरह से खेती पर ही आश्रित हैं, लेकिन वे अपनी खेती को पानी के अभाव में सिंचित न कर पाने की वजह से बेकारी की स्थिति में है। अत: आदिवासी गड़चिरोली-चिमूर संसदीय क्षेत्र में केन्द्रीय स्तर पर एक कार्यक्रम तैयार करके भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध करवाया जाने हेतु अंतरिम बजट में धन का आवंटन किया जाए।

देश में विशेषकर अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के ऐसे लोगों की संख्या बहुत अधिक है, जिनके पास रहने के लिए अथवा अपनी जीविका चलाने के लिए खेतीबाड़ी हेतु एक ईंच भी भूमि नहीं है। लेकिन दूसरी ओर देश में लगभग आठ करोड़ एकड़ भूमि सरप्लस है। यदि फोरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट में आवश्यक संशोधन करके इस अतिरिक्त भूमि को भूमिहीन लोगों में वितरित कर

दिया जाये तो इससे न केवल अतिरिक्त भूमि का समुचित उपयोग किया जा सकेगा, बल्कि देश के गरीब अनुसूचित जाति व जनजाति के भूमिहीन लोगों को अपना सिर छिपाने के लिए भी स्थान मिल सकेगा और वे खेतीबाडी के जरिए अपना जीवन निर्वाह कर राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़कर देश के उत्थान में अपना सहयोग प्रदान कर सकेंगे।

अत: फोरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट में जरूरी संशोधन करके अतिरिक्त भूमि को देश के गरीब एवं दलित आदिवासी समुदाय के भूमिहीन लोगों में भूमि आवंटित किए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं।

गड़चिरोली जिले की तालुका धानोरा में कारवापा और तालुका मूलचेरा में चन्ना लघु सिंचाई प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार के पास वन संरक्षण अधिनियम के अधीन क्लियरेंस न मिलने के कारण स्वीकृति हेतु लंबित है, जिसकी वजह से गड़चिरोली जिले का आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र, जो पूरी तरह से खेती पर ही आश्रित हैं, में आदिवासी किसान अपनी खेती को पानी के अभाव में सिंचित न कर पाने की वजह से बेकारी की स्थिति में है। अतः कारवापा व चन्ना लघु सिंचाई परियोजनाओं को पर्यावरणीय स्वीकृति शीघ्र प्रदान करके नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों को भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध करवाए जाने हेतु अंतरिम बजट में धन का आवंटन किया जाए।

महाराष्ट्र राज्य के चन्द्रपुर, नागपुर, भण्डारा इत्यादि क्षेत्रों की भूमि को सिंचित किए जाने के उद्देश्य से विदर्भ क्षेत्र के अन्तर्गत भंडारा जिले में गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना वर्ष 1981 में प्रारम्भ की गई थी। इस परियोजना का निर्माण कार्य बहुत ही धीमी गति से होने के कारण अब तक पूर्ण नहीं हो सका है, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्र का विकास अवरुद्ध होना स्वाभाविक है। जिस समय यह परियोजना प्रारम्भ की गई थी, उस समय इसकी अनुमानित लागत 372.22 करोड़ रू. थी, जो आज 15.21 गुना बढ़कर 5659.10 करोड़ रू. हो गई है। परियोजना का निर्माण कार्य

समय पर पूरा न होने का एक प्रमुख कारण इस परियोजना के लिए आवंटित धनराशि को दूसरे कार्यों में व्यय करना है।

गड़चिरोली चिमुर एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है। इस क्षेत्र के चन्द्रपुर जिले के तीन विधान सभा क्षेत्र जो अति पिछड़े हुए हैं और खेती पर ही आश्रित हैं, को भी गोसीखुर्द सिंचाई परियोजना से जल प्राप्त होना था। लेकिन परियोजना का कार्य समय पर पूरा न होने के कारण किसान अपनी भूमि को पानी के अभाव में सिंचित नहीं कर पा रहे हैं। अतः इस परियोजना को शीघ्र पूरा किये जाने हेतु अंतरिम बजट में धन का आवंटन किया जाए।

गड़चिरोली चिमुर जिले की तालुका आरमोरी की कोसरी लघु सिंचाई प्रकल्प, डॉगरगांव-ठाणेगांव ऊपरी सिंचाई योजना, कुरखेड़ा तालुका की येंगलखेड़ा लघु सिंचाई प्रकल्प, चामोर्शी तालुका की हल्दीपुरानी ऊपरी सिंचाई योजना, तहोधी (मोकासा) ऊपरी सिंचाई योजना, पिपरी रीठ लघु सिंचाई प्रकल्प, गणपुर उपसा सिंचन योजना, कढोली ऊपरी सिंचाई योजना, अनखोड़ा ऊपरी सिंचाई योजना, पोहार नाला प्रकल्प, गड़चिरोली तालुका की कोटगल ऊपरी सिंचाई योजना, कोटगल बॅरेज, अहेरी तालुका की महागांव गर्रा ऊपरी सिंचाई योजना, देवलमारी ऊपरी सिंचाई योजना, सिरोंचा तालुका की रेंगूठा ऊपरी सिचाई योजना, धानोरा तालुका की पुलखल लघु सिंचाई योजना केन्द्र सरकार के पास वन संरक्षण अधिनियम के अधीन क्लियरेंस न मिलने के कारण स्वीकृति हेतु लंबित है, जिसकी वजह से गड़चिरोली जिले का आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र, जो पूरी तरह से खेती पर ही आश्रित हैं, में आदिवासी किसान अपनी खेती को पानी के अभाव में सिंचित न कर पाने की वजह से बेकारी की स्थिति में है।

अतः गड़चिरोली आदिवासी जिले की उपर्युक्त सभी परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति प्रदान करके नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों को भूमि सिंचन हेतु पानी उपलब्ध करवाने हेतु बजट में धन का आवंटन किया जाए।

अंत में, मैं प्रस्तुत बजट का पूरजोर समर्थन करते हुए सरकार को धन्यवाद देता हूं और साथ ही यह भी विनम्र विनती करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित उपरोक्त सभी मुद्दों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उनके निराकरण हेतु इस बजट में धन व आवंटन हेतु समुचित कदम उठाने की कृपा करेंगे।

धन्यवाद।

**श्री अरविन्द कुमार शर्मा (रोहतक):** सभापति जी, धन्यवाद। मैं सबसे पहले बताना चाहूंगा कि मेरा भी जन्म एक छोटे से गांव में हुआ था। जब हम छोटे थे तो देखते थे, सुनते थे कि करीब 80 फीसदी आबादी गांवों में और 20 फीसदी आबादी शहरों में रहती थी। उसके बाद धीरे-धीरे लोग अपने कारोबार के लिए, बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य लाभ के लिए और बहुत सी सुविधाओं के लिए गांव से शहरों की तरफ बढ़ने लगे। यह आंकड़ा प्रतिदिन बढ़ता गया। वर्ष 2011 का सेंसस अगर देखेंगे तो आपको पता लगेगा कि गांव से शहर की तरफ कितने लोगों ने पलायन किया, लेकिन वर्ष 2014 में माननीय नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद यह सिलसिला रुका और काफी धीमा हुआ। उसका कारण यह था कि जो गांधी जी कहते थे, बातें थीं कि भारत गांव में बसता है उसे माननीय मोदी जी ने समझा। गांव, गरीब और किसान के बारे में मोदी जी की जो सोच बनी। उस सोच को मोदी जी ने और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने योजनाओं को क्रियान्वित किया।

सभापति जी, गरीब की सेवा गरीब कर सकता है, किसान की सेवा किसान कर सकता है, व्यापारी की सेवा व्यापारी कर सकता है, लेकिन मोदी जी की जो सोच थी उन्होंने उसको योजनाओं में दिखाया जैसे जब रेलवे के बारे में चर्चा हो रही थी तो पीयूष गोयल जी ने बताया कि किस तरह माननीय प्रधान मंत्री जी ने चाय बेची और उन्होंने गरीबी देखी। तो आप देखेंगे कि मोदी जी की जो सोच है कि जिसने गरीबी देखी हो वह गरीबों के बारे में सोच सकता है, वही प्रधान मंत्री जी ने करके दिखाया। जितनी योजनाएं प्रधान मंत्री जी ने गरीबों को दी हैं वह प्रधान मंत्री जी की ही सोच है कि किस तरह गरीबों को आगे बढ़ाना है। हमने पहले भी सरकारें देखी और आज भी हम सरकार देख रहे हैं। पहले की सरकारों में प्रधान मंत्री जी तक किस तरह की बातें करते थे कि अगर एक रुपया किसी योजना के लिए जाता है, चाहे ग्रामीण योजनाएं हो, चाहे देश की कोई भी योजना हो तो 15 पैसे ही लोगों तक पहुंच पाते थे, लेकिन वर्ष 2014 के बाद माननीय

प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आपने देखा कि अगर एक रुपया भी किसी योजना के लिए दिया जाएगा तो एक रुपया ही सीधा लोगों के हित के लिए जाएगा, उसमें कोई बिचौलिया नहीं होगा और कहीं भी कोई कटौती नहीं हो सकती है।

आदरणीय सभापति जी, आपने देखा कि जिस तरह से सरकार का नारा है 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास'। सबका विश्वास का मतलब है कि हम चुने हुए जनता के नुमाइंदों को लोगों का दिल जीतना है, हम सभी को लोगों का विश्वास जीतना है, जिस विश्वास के साथ लोगों ने हमें बनाया है, उस विश्वास के साथ हमें आगे बढ़कर उनके दुख-सुख में, उनकी उन्नति के लिए किसान, गरीब, खेतिहर मजदूर, दलित, मजदूर, बेकवर्ड, नौजवान, कर्मचारी, व्यापारी सबके साथ मिलकर हमें काम करना है और इसी को 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' कहते हैं। हम नुमाइंदों को लोगों का दिल जीतकर के विश्वास पैदा करना है। हमारी सरकार की 'प्रधान मंत्री आवास योजना' है। हर गरीब का सपना रहता है कि मुझे घर मिले। हमारे एक साथी ने बताया कि किस तरह से जब बारिश आती है तो गरीब आदमी जो कच्चे मकान में रहता हैं, उसे डर लगता है कि अगर इस बार बारिश हुई, तो कहीं वह मकान के नीचे दब न जाए। माननीय प्रधानमंत्री जी और हमारी सरकार ने वर्ष 2022 तक 1 करोड़ 95 लाख पक्के आवास बनाने का निर्णय लिया है।

**18.00 hrs**

आप देखें कि सरकार ने हर परिवार को एलपीजी कनेक्शन, बिजली और शौचालय मुहैया कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पिछले पांच वर्षों में एक करोड़ 54 लाख ग्रामीणों को सरकार ने आवास प्रदान किए हैं।

**HON. CHAIRPERSON:** Hon. Members, it is now 6 o'clock. I have a long list of Members to speak. If the House agrees, I may extend the time of the House till 10.00 p.m.

**SEVERAL HON. MEMBERS:** Yes, Sir.

**HON. CHAIRPERSON:** The time of the House is extended up to 10.00 p.m.

**श्री अरविन्द कुमार शर्मा:** अगर गुड गवर्नेंस की बात करें, तो प्रत्येक आवास के निर्माण की प्रगति को आज जियो टैगिंग तकनीकी से मॉनिटरिंग किया जा रहा है। कल माननीय पेट्रोलियम मंत्री जी ने बताया है कि प्रधान मंत्री उज्ज्वला योजना का देश में कितना अच्छा प्रभाव देखने को मिला है कि उज्ज्वला योजना के तहत जिन लोगों को एलपीजी कनेक्शन दिए गए, उनमें से करीब 20 प्रतिशत लोगों की सांस की बीमारी ठीक हो गई है। कल ये आंकड़े माननीय पेट्रोलियम मंत्री जी ने दिए हैं। यह कितनी बड़ी बात है कि प्रधान मंत्री की उज्ज्वला योजना के तहत, पहले गरीब आदमी को जो सांस की बीमारी हो जाती थी, क्योंकि वह लकड़ी यूज करता था, जिसके धुएं के कारण जो सांस की बीमारियां होती थीं, उसमें उसे कितना रिलीफ मिला है। आप देखेंगे कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांवों को शहरों से कितने अच्छे तरीके से जोड़ दिया गया है, आज सड़क परिवहन मंत्री गडकरी जी ने बताया कि कितने अच्छे तरीके से काम चल रहा है कि दिल्ली से मेरठ पहुंचने में जहां चार से साढ़े चार घण्टे लगते थे, दो-तीन महीने बाद करीब 45 मिनट में आप दिल्ली से मेरठ पहुंच जाएंगे। पहले जो हर गांववासी शहर की तरफ आता था, आज हमारी सरकार की नीतियों की वजह से वह शहर में आता जरूर है, शहर में पढ़ने के लिए भी आता है, नौकरी के लिए भी आता है, स्वास्थ्य लाभ के लिए आता है, लेकिन सड़कों का जाल इतना अच्छा बिछ गया है कि वह शाम को अपने घर पहुंच जाता है। आप देखेंगे कि नेशनल कैपिटल रीजन और दिल्ली में लाखों की तादाद में लोग आते हैं लेकिन इतनी सुविधाएं हैं, रेल की सुविधा है, ट्रांसपोर्ट की सुविधा है, कनेक्टिविटी ऐसी है कि वे शाम को अपने ही गांव में, अपने घरों में पहुंच जाते हैं। गांवों में, घरों में सरकार ने इतनी अच्छी सुविधाएं दे रखी हैं। बिजली, कनेक्टिविटी, कम्युनिकेशन और स्वास्थ्य सुविधाएं भी गांवों के आस-पास हैं। जो छोटे शहर हैं,

आप देखेंगे कि लोग पांच मिनट या दस मिनट के रास्ते में गांव से वहां पहुंच जाते हैं। सरकार ने लोगों को सुविधाएं देने के लिए कितनी अच्छी कनेक्टिविटी दी है।

पिछली सरकारों में अनदेखी झेल रहे 100-100 की आबादी वाले छोटे-छोटे गांवों में कोई विकास नहीं हुआ था, लेकिन हमारी सरकार ने 100-100 की जनसंख्या वाले गांवों में भी सड़क पहुंचाने का बहुत बड़ा काम किया है। स्वच्छ भारत मिशन में सुंदर भारत मिशन को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक गांव में सॉलिड वेस्ट के लिए भी उचित प्रबन्धन की व्यवस्था की गई है। किसान और कृषि गांव की आत्मा हैं, गांव की रीढ़ हैं, बगैर किसान की उन्नति हुए गांवों का विकास संभव नहीं है। इसलिए देश के अन्नदाता के लिए, माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में इस बार एक लाख 38 हजार करोड़ रुपये का रिकॉर्ड प्रावधान बजट में किया गया है। किसान सम्मान योजना के अंतर्गत हर साल 6,000 रुपये किसानों को दिए जाएंगे। कृषि के लिए ज़ीरो बजट फार्मिंग की बात है। किसानों के लिए कम लागत, कम पानी, कम बिजली और जमीन की फर्टिलिटी भी कमजोर न हो, सरकार इस पर पूरा ध्यान दे रही है। सरकार की पूरी कोशिश है कि किसानों की आमदनी दोगुनी हो। सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है।

माननीय सभापति जी, मैं आपसे एक निवेदन करूंगा कि किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीज पानी है। जब से हरियाणा बना है, 1 नवम्बर, 1966 को हरियाणा पंजाब से अलग हुआ, तब से सतलुज-यमुना लिंक कैनाल का एक मुद्दा है। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहूंगा कि कल हमारे मुख्य मंत्री जी ने भी रोहतक में कहा है कि केन्द्र सरकार को इसमें हस्तक्षेप करना चाहिए, क्योंकि पानी किसानों की जीवन रेखा है। सुप्रीम कोर्ट में 30 सितम्बर को इसकी सुनवाई है। केन्द्र सरकार इस मुद्दे को सुलझाने की भरपूर कोशिश करे क्योंकि यह किसानों की लाइफ लाइन है, हरियाणा की लाइफ लाइन है। हरियाणा का आम आदमी चाहता है कि इस मुद्दे को सुलझाया जाए। मुझे पूरी उम्मीद है कि अगर केन्द्र सरकार इसमें थोड़ा-सा भी हस्तक्षेप करेगी तो यह बात बन सकती है। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: You have got only one minute. Please conclude. There are several hon. Members who also have to speak.

**श्री अरविन्द कुमार शर्मा:** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने स्किल डेवलपमेंट का जो प्रोग्राम शुरू किया है, हरियाणा सरकार ने उसको बड़े पैमाने पर लागू किया है। हरियाणा के पलवल में विश्वकर्मा जी के नाम से स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी का भी निर्माण किया गया है। जिसमें करीब 800 छोटे-छोटे कोर्सेज रहेंगे। जो बेरोजगार नौजवान युवक नौकरियों के लिए परेशान रहते हैं, वे छोटे-छोटे कोर्सेज करके रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। उनको सरकार की तरफ से लोन भी मिल सकता है और काम भी मिलेगा। हरियाणा सरकार ने लगभग 25 हजार से 35 हजार बेरोजगार नौजवान युवकों को छोटे-छोटे कोर्सेज करा कर बहुत बड़ा काम किया है, उनको नौकरियां दी हैं, उनको काम दिया है, उनको किसी न किसी तरीके से लोन दिला कर, उनको काम पर लगवाया है। मैं इस बात के लिए माननीय मनोहर लाल जी को धन्यवाद देता हूं कि यह केन्द्र सरकार की योजना है और हरियाणा सरकार केन्द्र सरकार की हर योजना को सबसे पहले हरियाणा में लागू करती है।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि भारत सरकार और हरियाणा सरकार इस बात पर ध्यान दें और मैंने जो एसवाईएल केनाल की बात की है, उस पर भी ध्यान दें। धन्यवाद, जय हिन्द।

[*]**KUMARI SHOBHA KARANDLAJE (UDUPI CHIKMAGALUR):** I would like to express my views on the Demands for Grants under the control of Ministries of Rsural Development and Agriculture and Farmers' Welfare for 2019-2020.

India remains a low per capita income economy since decades with agriculture recording a contribution of just 15 per cent to the GDP in 2017, which is lower than what the manufacturing and service sectors contribute. As economies mature, the asymmetrical contribution of agriculture to GDP is a healthy and expected outcome. However, a proportionate lowering in the share of our dependence on agriculture as a livelihood needs to happen from the current 45 per cent in order to come closer to the global average of 26 per cent in the long-term. Come June, the most anticipated news in India is the arrival of monsoons and the promise it holds for the country's 119 million farmers and 144 million agricultural labourers directly involved with agriculture.

No other Government in India's have done so much for agriculture as the Narendra Modiji led NDA Government. From doubling farm incomes by 2022, renaming the Ministry of Agriculture, the Agriculture and Farmers' Welfare Ministry, transferring Rs.6,000 per year directly into the bank accounts of small and marginal farmers guaranteeing Minimum Support Price (MSP) with 50 per cent additional payment, issuing soil health cards, setting up eNAMs and GrAMs to revamping 99 big incomplete canal irrigation projects, the list of agricultural reforms the NDA Government have undertaken is long.

---

[*] Speech was laid on the Table.

Simultaneously, there has been record farm production of cereals, vegetables, fruits, milk and fish. Yet, the rural countryside is afflicted with economic distress. The slow agricultural growth has been accompanied by serious dips in wage growth. Rural wages grew at an estimated 3.8 per cent year-on-year in December 2018.

India remains a low per capita income economy since decades, with agriculture recording a contribution on just 15 per cent to the GDP in 2017, which is lower than that the manufacturing and service sectors contribute. As economies mature, the asymmetrical contribution of agriculture to GDP is a healthy and expected outcome. However, a proportionate lowering in the share of our dependence on agriculture as a livelihood needs to happen from the current 45 per cent in order to come closer to the global average of 26 per cent in the long-term.

The present Government has been more than sensitive in its response to rural concerns, having provisioned Rs.2.2 trillion in subsidies on fertilizer, power, crop insurance, seeds, credit, irrigation and massive Programmes of procurement of grains at above market prices. The Indian Government continues to subsidise food grains for 75 per cent of the rural population; has continued with the guaranteed employment under MGNREGA for 100 days to one adult in each rural household; tried to improve on the payment to a premium ratio of the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana; and set up e-markets for the benefit of farmers.

However, much more needs to be done by successive regimes and this is just as a crisis response? Solutions do not lie in band-aid measures like farm loan waivers, which only tend to disrupt the credit discipline of loans. Long-term solution lies in helping the farmers exit from agriculture and absorbing them into the manufacturing and services sector; acceleration of food processing industries, which would reduce distress selling as perishable produce is channelised for value-add through processing; a continued focus on employment generation programmes like 'Make in India' and Startup India'; retaining the thrust on larbour-intensive construction and infrastructure; hastening building of smart cities; and greater provisioning for MSME dispersal.

Given the three options to address farmer distress through either a loan waiver a price support scheme, or an income support scheme, the bet mid-term solution seems to be the Quasi-universal Basic Income (QUBI) proposed by senior agri-economists. The second option of a price support scheme (gap between MSP and market prices getting reimbursed) has been tried but could not deliver desired results as trader groups exploited it by artificially depressing prices to be paid to farmers. Also, as India is self-sufficient in food grains, increasing productivity and output is not the solution either as it would pose a marketing challenge and depress prices; while exporting the surplus would attract countervailing duties.

Looking at Universal Basic income (UBI) beyond being just a pre-election measure, the option of modelling the scheme on the lines of Telangana's Rythu Bandhu Scheme is seen as most doable. If implemented on a pan-India level, it is estimated to cost more than Rs.2.5 lakh crore. One way proposed is to implement a scaled down version where marginal and small farmers are rewarded individually, instead of per acre. So as per the cost calculated per person, it lowers drastically to Rs.60,000 – 70,000 crore. The State's adoption of the successful Rythu Bandhu DBT Scheme launched in 2017, which benefitted 57 lakhs farmers, is deemed as a proactive policy and not a last minute populist measure as economists define it as an "investment rather than welfare policy." Every farmer gets Rs.4000 per acre per sowing season, therefore, Rs.8000 per acre is in his bank account, whether he cultivates his land or not. This is the first farm income support Scheme that complies with the World Trade Organisation (WTO) guidelines, which discourages input-based support Schemes to farmers and instead gives out direct benefit transfers.

Suggestions to better the Scheme include that aid should be linked to inflation, cost of production and risk in cultivation. Second, this Scheme was viable because the Revenue Department took up a massive upgradation of land records after a gap of 60 years. Only states, that have a bank of land records, can implement such a Scheme. Digitisation of records is, therefore, the key to such a Scheme. Pilot studies on Universal Basic Income (UBI) in

eight villages in Madhya Pradesh showed that outcomes were encouraging as villagers used the money allocated judiciously.

While it is an egalitarian motive, in order to implement the UBI, existing welfare programmes would have to be terminated to free up the resources as UBI will then subsume all other welfare provisions. Consequently, the Government's multiple welfare programmes such as the food subsidy or Public Distribution System (PDS) and subsidies on fuel, fertilizers, electricity and interest subventions, would have to be ultimately merged with the UBI in future. Current social welfare schemes cost India about 3.7 per cent of GDP, but UBI is expected to cost 4.9 per cent of GDP. The question is : Where will this extra funding come from?

One answer lies in re-thinking the idea of taxing the rich farmer. Because in India, the agriculture sector is hugely unequal, both in terms of land holdings and incomes. While small agricultural households have to rely on non-farm wages to supplement their subsistence level income, those holding 10 plus hectares of land, while being only 0.4 per cent of all agricultural households, gain most from agricultural income being tax-free.

By taxing the incomes of the top 4.1 per cent of the total agricultural households, it is estimated that Rs.25000 crore could be collected as agriculture income tax. At present, all agricultural income is exempt from income tax. While the provision is meant to protect small farmers, non-agricultural entities sometimes use it as a route to evade taxes by declaring agriculture as source of income. Land being a State subject, State

Governments can impose appropriate taxes after determining the cut-off threshold, as the Centre has Constitutional restrictions. It's time both the Centre and States make a distinction between the rich and the poor farmers so that the welfare spending needed to fund the latter is partially offset by taxing the former.

Indian farmers have generally shown a tendency to bear a lot stoically, come drought or flood but in real terms, their incomes grow at a snail's pace. But of late, farmer distress across the country has increased so rapidly that politicians and Governments at every level has been forced to sit up and worry. The problem is that for too long, the solution favoured by most politicians while wooing farmers has been either the Minimum Support Price (MSP) or the loan waiver. Both make for grand announcements but help relatively few farmers, while also wrecking Government budgets.

The problem was that the Government could not buy everything that every farmer produced at MSP – and there were few takers among traders who would be willing to pay MSP when there were enough sellers willing to take any price they offered during a bumper crop year. The other problem was that MSP could not help every farmer – it would be of little use to the guy who grew a lot of vegetables.

Loan waivers, though full of good intentions, are even worse though they helped win elections in the short run. The problem with loan waivers is that it works only for farmers with their own land who have also managed to access bank loans.

For cultivators who have taken land on rent, it does not work – they typically borrow from moneylenders, no banks. Worse, loan waivers create a moral hazard – a farmer who has seen his loan waived once would tend to wait and delay repayment if he thought the Government would announce a waiver again. Similarly, those who have managed to pay off their loans on time would feel cheated.

The current thinking of a Direct Benefit Transfer – a sort of minimum income – instead of a loan waiver is probably more targeted but it does not solve the real issues – that of making farming more remunerative and also making sure that the budget of the Government does not take a major hit.

Agricultural credit is a good idea in principle but it really helps too few farmers in India who are marginal cultivators. That is why other ideas like Kisan Credit Cards, Crop Insurance etc have actually not helped change the lot of the Indian farmer in any great way.

I think that the problems in Indian farming can never be solved unless the Centre and the States come together in a show of cooperative federalism as they did for GST. That is the first step. The other steps all require lots of political will, as most of them go against entrenched interests. For one, the Mandi/APMC model needs to be supplemented with other methods. This is difficult because State Governments have often become shaky when they tried to dismantle APMC even partially. Many have blinked and rolled back their reforms and gone back to the bad old system.

The problem is that while the original APMC methods was supposed to aid local farmers who did not have the wherewithal to sell directly or transport their produce to far off markets, it has over time become prone to abuse. Over the years, different Committees have proposed many solutions and the Government could start by looking at all of them and see which are the most practicable.

Contract farming, farming cooperatives and others are all parts of the solution, but for that different States and the Centre need to come to a common understanding. And though they may heartily dislike it, even organized retail, including e-commerce in groceries and fruits and vegetables, is a good way forward to making sure the farmer gets the right kind of price for his produce.

**SHRI JAYADEV GALLA (GUNTUR):** Thank you, Sir. Since I have very little time, I am going to start with a few issues of my Parliamentary Constituency in Guntur and then, I will get on to a few of the other general topics.

The first one is the Duggirala and Kollipara Mandals in my Guntur Parliamentary Constituency which are well-known for turmeric production. Every year, the market yard in Duggirala receives five lakh turmeric bags and turmeric is a source of direct income for 50,000 farmers in Andhra Pradesh.

The most important component of turmeric is 'curcumin'. The higher the curcumin, the better is the quality and the farmer will get a good price for that. The best quality turmeric will have five to six per cent curcumin. But the turmeric grown in Duggirala and Kollipara contains about two to three per cent of curcumin. So, setting up of a Turmeric Research Centre in Duggirala will help increase the curcumin levels to five to six per cent. I have been requesting this for the last five years and hence, I request the hon. Minister to consider setting up of a Turmeric Research Centre in Duggirala.

Secondly, I have also been urging, requesting and demanding for setting up of a Chilli Board in Guntur because Guntur is the leading producer of chilli in the entire country. We produce about 25 per cent of the global output of chilli just in Guntur district alone. It is the largest chilli yard in the entire world. To address various issues, there is a need to set up a Chilli Board in Guntur and I request the hon. Minister to take necessary steps to implement this.

Thirdly, due to drought conditions in the country, the Kharif crops have not been planted so far. So, I request the hon. Minister to identify the drought-affected districts in the country and to provide financial and other support to farmers without fail.

Finally, regarding Guntur, the tobacco farmers of AP are facing serious problems as they are not getting the right price for their low-grade tobacco. They are getting just Rs. 65 to Rs.70 per kg which is a loss to them. So, I request the Hon. Minister of Agriculture and Farmers Welfare to consider giving them at least hundred rupees per kg for their low-grade tobacco, the sales of which have started in April of this year.

Sir, now I would like to refer to some other topics and I will not take much time. The first is regarding MNREGA. The hon. Prime Minister may recall his first reply to the Motion of Thanks to President's Address in 2014 when he said that even after 70 years of Independence the UPA Government, through MNREGA, has made the people of this country to dig ditches for their livelihood. The situation has not changed even after 5 years of NDA's rule. Instead, this Government gave MNREGA a flagship scheme status and is continuing to make the poor dig the same ditches for their livelihood without improving their living standards. The Ministry of Rural Development has got the fourth highest allocation in this Budget. But if you look at the hike, it is just about 4.7 per cent of the Revised Estimate of last year. The allocation has gone up from 1.12 lakh crore to 1.17 lakh crore, an increase of just Rs. 5,474

crore for 70 per cent of the population living in the rural areas. This is highly unjustified.

Sir, if you look at allocations for all the flagship schemes, shockingly most of them have come down. For example, the allocation for MNREGA has come down from Rs. 61,084 crore in 2018-19 to Rs. 60,000 crore this year. I am saying this because the Government has reduced the allocation by Rs. 11000 crore this year. So, I would like to request the hon. Minister to explain this.

Secondly, my State of Andhra Pradesh is suffering from drought situation in more than 300 *mandals*. The State Government requested for additional man days under MNREGA for the drought affected districts. I would like to request the hon. Minister to provide additional man days under the Scheme to the State of Andhra Pradesh.

Thirdly, the Government has reduced allocation where expenditure is more. The expenditure on MNREGA was 125 per cent of Budget in 2016-17, 115 per cent in 2017-18 and 111 per cent in 2018-19. So, reducing the allocation by the Finance Minister is not justified. If one looks at asset creation under MNREGA, it has also come down. From 99 per cent in 2013-14 to 90 per cent in 2016-17 and has reached an all time low of 72 per cent in 2017-18. So, I can only request the hon. Minister to kindly address this problem before it goes out of hand.

Sir, the next point is about suicide by farmers in the country. Between 1995 to 2013, you will be shocked to know that 2,95,500 farmers committed suicide in India. I have separate figures released year-wise by NCRB. From 2012 to 2016, there is roughly about 12,000 farmers who are committing suicide every year. Data on farmers' suicide has not been published after 2016. This clearly indicates that farmers' suicide is unabated and that may be the reason why the Government is not publishing data on this for the last three years.

Sir, a new trend has started of giving money to farmers in two to three instalments, be it under the PM *Kisan* Scheme or schemes launched by various States. For the PM *Kisan* Scheme, a sum of Rs. 75,000 crore or 57 per cent of the agriculture Budget has been allocated for the Scheme. But the amount received by each farmer, irrespective of the area of land owned by them, is Rs. 6000 per year. That works out to about 12 crore beneficiaries. Are all these 12 crore farmers in distress? What about the tenant farmers? They are the most affected and they are in distress and they have been left out. This is a massive populist scheme to buy goodwill and to buy the votes of farmers. What will a sum of Rs. 6000 for a farmer contemplating suicide do for him? Maybe, he will go for a last round drinks before he goes home and hangs himself.

Sir, I would like to ask what is the research that was done before arriving at this figure. What is the cost of seeds and other input costs? Indeed, the PM *Kisan* Scheme is now being positioned as a direct cash assistance scheme to

improve rural consumption. Instead of focussing on farmers' distress, the Government is only worrying about rural consumption.

Coming to R&D, other hon. Members have already spoken about it, but the Government needs to go from 0.37 per cent to at least one per cent of the GDP. This should be considered. More than half of the Budget is being given as cash transfers to improve consumption. But the real issues being faced by farmers are being under-served in this Budget. Unviability of farmers is the real problem and that needs to be solved instead of spending 57 per cent on giving money away to farmers who are not affected, I would like the hon. Minister to focus on improving the viability of farmers and making them viable. That is what they need and not Rs. 6000 a year.

Thank you.

**श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़):** माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे एक महत्त्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ।

कई माननीय सदस्यों ने इस महत्त्वपूर्ण विषय पर चर्चा की है । मैं इस मौके पर देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी और माननीय वित्त मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूँ कि देश के करोड़ों दिलों पर राज करने वाले यशस्वी प्रधान मंत्री जी ने गाँव, गरीब और किसान को केन्द्रित रखकर इस बजट का निर्माण किया। मेरे से पूर्व के कई वक्ताओं ने कहा कि किसान इस देश का अन्नदाता है। धरती माता का सीना चीरकर अपने खून-पसीने से मिट्टी में से सोना उगाने की ताकत अगर कोई रखता है, तो वह इस देश का किसान रखता है। कई वर्षों से सिर्फ नारों से इस देश के किसानों को गुमराह किया जा रहा था। लेकिन देश में पहली बार कोई प्रधान मंत्री आया, जिसने गाँव, गरीब और किसान को केन्द्रित करके इस बजट को बनाने का काम किया है।

मैं कह सकता हूँ कि यह सरकार राष्ट्र-निर्माण की सोच के प्रति संकल्पित है, जिसकी नींव वर्ष 2014 में रखी गई और एक समृद्ध, शक्तिशाली और समावेशी बजट का निर्माण किया गया। इस देश में कई लोग हैं, जिनसे किसानों को अपेक्षाएँ थीं कि कोई सरकार आएगी और हमारा भला करेगी। यह देश एक कृषि प्रधान देश है। एक विशाल जनसंख्या वाले इस देश की अधिकतम आबादी गाँवों में निवास करती है। गाँवों में निवास करने वाली आबादी का संबंध प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से कृषि और कृषि-आधारित व्यवसायों से होता है। इस देश में आप और हम सब लोग देखते हैं, कई लोगों ने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना का क्या हुआ, लेकिन 60 वर्षों में पहली बार इस देश के किसानों के खाते खुलवाकर उनमें छह हजार रुपये डालने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है।

किसान कैसे बीज डालते हैं, कैसे निराई-गुड़ाई होती है, कैसे हकाई होती है, यह किसान का दर्द समझने वाला व्यक्ति ही कर सकता है। आलू से सोना बनाने वाला व्यक्ति यह दर्द नहीं समझ सकता है। मैं आपके सामने यह कह सकता हूँ कि आज किसान, गाँव और खेती की बातें

होती हैं, तो मन में एक दृश्य आ जाता है कि हरियाली होगी, बड़े-बड़े खेत होंगे, फसलें लहलहा रही होंगी, कई बड़े हरे-भरे पेड़ होंगे और किसान तपती धूप में खेत पर काम कर रहा होगा, बच्चे गाँव के मैदान में खेल रहे होंगे, शुद्ध और ताजी हवा होगी। मन में एक ऐसा दृश्य आता है, एक परिकल्पना आती है कि गाँव और गाँव के किसान कैसे होंगे। हम लोग इस देश के गाँव, संस्कृति और संस्कार को देखें, तो किसान और इस देश की संस्कृति एक-दूसरे की पूरक हैं। आज किसी गाँव की बात करें, यदि गाँव में एक छोटी-सी शादी भी होती है, तो पूरा गाँव मिलकर उस कार्यक्रम को ऑर्गेनाइज करता है, आने वाले मेहमान की आवभगत करता है और सारा काम सम्पादित करता है।

कई लोगों ने कई योजनाओं के बारे में कहा, किसान सम्मान निधि के बारे में भी कहा। क्या आपने 60 वर्षों में एक भी किसान के खाते में एक रुपया भी डाला? जब प्रधान मंत्री जी ने चुनाव से पहले देश में इसकी घोषणा की थी, तो कुछ लोगों ने कहा कि यह एक चुनावी घोषणा है। लेकिन दो किश्तें चुनाव से पहले चली गईं और सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली मीटिंग में ही यह निर्णय लिया गया कि अब केवल छोटी जोत के किसानों को ही नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक किसान के खाते में छह हजार रुपये डालने का काम होगा। इसके लिए 75 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। आज मजदूर और किसान की बात की जाती है, इस देश में सरकारी मुलाज़िम को पेंशन मिलती है, यह पहली सरकार है, जिसने इस देश के मजदूरों और किसानों का बीमा कराने का निर्णय लिया।

यहाँ फसल बीमा योजना पर बड़ी लम्बी चर्चा हुई। कहा गया कि इसमें यह खामी है, वह खामी है, लेकिन मैं कहना चाहता हूँ कि आज इस देश में फैक्ट्रियों का बीमा होता है, बड़े-बड़े शो रूम का बीमा होता है।

देश में पहली बार अटल बिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने फसल का बीमा कराने का निर्णय किया। उस बीमा योजना से आप और हम सब लोगों ने देखा है कि करोड़ों किसानों की फसल का बीमा हुआ। उसमें कुछ कमियां, खामियां थीं, उसका 15-16 प्रतिशत प्रीमियम लगता था। इस सरकार ने वह प्रीमियम 1.5-2 प्रतिशत किया। आज फसल कटने के बाद भी 14 दिनों तक अगर

वह फसल जल जाती है या खराब हो जाती है तो उसके बाद भी सरकार किसान को उसका मुआवजा देती है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कृषि ऋण के बारे में निवेदन करना चाहता हूं। अगर आज कोई कार खरीदता है तो वह उसे सस्ते लोन पर मिल जाती है, लेकिन यदि कोई ट्रैक्टर खरीदता है या कृषि उपकरण खरीदता था तो उसका इन्ट्रेस्ट रेट बहुत ज़्यादा रहता था। यह पहली सरकार है, जिसने इस दिशा में सोचा है। मैं किसान क्रेडिट कार्ड की बात करता हूं। फैक्ट्रीज़ के लिए कोई भी बैंक लोन दे देता है, लेकिन किसान को खाद्य और बीज लाने के लिए, इस देश के अन्नदाता को किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े, अटल बिहारी वाजपेयी जी ने उसका स्वाभिमान बढ़ाया। देश में पहली बार किसान क्रेडिट कार्ड योजना लागू की। न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात सामने आई। ये देश की आजादी के बाद के पहले प्रधान मंत्री होंगे, जिन्होंने सीना ठोककर कहा कि मैं समर्थन मूल्य के आधार पर किसान की आमदनी को दोगुना करने का काम करूंगा और लागत का डेढ़ गुना किया। खाद्यान और कई फसलें जैसे, मक्का और कई चीज़ों को लगभग दोगुना कर दिया गया।

मैं सॉइल हैल्थ कार्ड के बारे में बोलता हूं। किसी भी मनुष्य की शरीर की जांच के बगैर कोई डॉक्टर उसको दवा नहीं देता, लेकिन आज इस दिशा में इस देश भर में कई सॉइल हैल्थ कार्ड योजना की कई लैब्स खोली गईं। वहां ज़मीन की मिट्टी का परीक्षण होता है। कम से कम लागत पर किसान को कैसे ज़्यादा से ज़्यादा मुनाफा हो, इस प्रकार की चिंता इस सरकार ने की। नीम कोटेड यूरिया की कई बातें की जाती हैं, लेकिन इतने वर्षों में क्या कभी देश के उस अन्नदाता की चिंता हुई? इस देश का अन्नदाता दस कट्टे खाद के लिए कई घंटों तक सड़क पर खड़ा रहता है, उस पर लाठी चार्ज होता है, तब जाकर उसको कट्टे मिलते थे। उसके परिवार के दो, तीन और चार सदस्य दो-दो खाद के कट्टों के लिए खड़े रहते थे। इस सरकार ने नीम कोटेड यूरिया के माध्यम से इस देश के करोड़ों किसानों की इस चिंता को दूर किया।

सभापति महोदय, अभी तक इस देश का किसान कर्ज़ में जन्म लेता था, कर्ज़ में बड़ा होता था और कर्ज़ में ही मर जाता था। उसके मन में यह अपेक्षा रहती थी मैं कभी पैसा कमाऊंगा, मकान बनाऊंगा, बच्चों को अच्छी पढ़ाई कराऊंगा। आज़ादी के बाद यह पहली सरकार होगी जिसने राष्ट्रीय राहत आपदा कोष के माध्यम से संसद में कानून को बदला। पहले 50 परसेंट से ऊपर फसल खराब होती थी, तब ही उस किसान को फसल खराबी का पैसा मिलता था, लेकिन इस सरकार ने इस कानून को संसद में बदलकर इस नियम को 33 परसेंट किया। इसका फायदा यह हुआ कि अकेले मेरी लोक सभा, चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र के अंदर 600 करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजने का काम हुआ। महोदय, इतना ही नहीं, उस लागत को डेढ़ गुना करने का भी काम किया।

सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी के लिए कहना चाहूंगा :

नेकी जिनके दिल में है, उस पर जहां के बादशाह भी सिर झुकाते हैं,

आप के कार्य आम जन तक पहुंचे, इसीलिए मोदी जी आपकी मिसाल दी जाती है।

वह व्यक्ति जिन्होंने इस देश के किसानों के लिए सोचा। प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के माध्यम से इस देश में बहते हुए पानी को रेंगना और रेंगते हुए पानी को रोकना सिखाया। इससे गांव का पानी गांव में और खेत का पानी खेत में पहुंचा। इस देश में कई सिंचाई योजनाओं को, जो वर्षों से लंबित थीं, उनके लिए पैसा देकर इस देश की सिंचित ज़मीन को बढ़ाने का काम किया, ताकि देश में कृषि उत्पादन बढ़े और यह देश आत्मनिर्भर बने। इस दिशा में कई काम हुए। इस देश में कई कृषि विज्ञान केन्द्र भी खोले गए। मेरे संसदीय क्षेत्र में भी एक कृषि विज्ञान केन्द्र खोला गया है। जिन केन्द्रों के पास भवन नहीं थे, उन्हें भवन देने का भी काम इस सरकार ने किया है। सॉइल हैल्थ कार्ड योजना के माध्यम से उन भवनों में लैब्स खोलने का काम हुआ है। 'आत्मा योजना' के माध्यम से उस किसान को देश, प्रदेश और पूरी दुनिया में हो रही अच्छी खेती देखकर वह अपने यहां भी उसको लागू करें, इस दिशा में भी सरकार ने नवाचार किया है। किसान टीवी के माध्यम से

किसानों को कृषि आधारित सारी योजनाओं की जानकारी मिल सके, यह काम भी इस सरकार ने करने का काम किया है। ग्रामीण विकास के लिए भी महत्वपूर्ण काम किया गया है। कई वर्षों से लोग इंतज़ार कर रहे हैं कि क्या उनके गांव में भी विकास होगा।

यह गांवपरस्त बजट लाया गया है, जिसके माध्यम से सरकार ने कई योजनाएं गांव, गरीब और किसान के लिए दी हैं। इस देश में अटल बिहारी वाजपेयी जी थे। उन्होंने अपने 75वें जन्मदिन पर यह नहीं देखा कि यह गांव कांग्रेस का है या इस गांव में बी.जे.पी. के वोट हैं अथवा इस गांव में किसी पार्टी के वोट हैं, उन्होंने अपने 75वें जन्मदिन पर एक हस्ताक्षर करके एक हजार की आबादी से लेकर 250 तक की आबादी को सड़कों से जोड़ने का काम किया। किसान अब अपनी फसल, दूध को लेकर शहर में जा सकता है। कोई बीमार हो जाता है, तो उसको खाट पर डालकर ले जाते थे। बच्चे पढ़ाई के लिए शहर में नहीं जा सकते थे, लेकिन उसका समाधान करने का काम इस सरकार ने किया है। इस सरकार ने 1 लाख 25 हजार किलोमीटर का कदम आगे बढ़ाया है।

HON. CHAIRPERSON: Please conclude.

**श्री सी.पी. जोशी:** सर, मैं बस दो मिनट में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। प्रधान मंत्री आवास योजना के माध्यम से आवास बने हैं। इन्दिरा आवास 40-45 हजार रुपये में बनते थे। उसके बाद यह राशि 70 हजार रुपये कर दी गई। उससे मकान की नींव भर जाती थी और दीवारें खड़ी करके छोड़ दी जाती थीं। वह मकान खण्डहर बनकर रह जाता था। देश के यह पहले प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने 1.5 लाख रुपये मकान के लिए दिए हैं।

सभापति महोदय, मैं एक किस्सा सुनाता हूं। मेरे यहां भारत सरकार की एक टीम आई थी। वह प्रधान मंत्री आवास योजना को देखने के लिए आदिवासी आबादी में गई। उन्होंने वहां देखा कि डेढ़ लाख रुपये का मकान बना हुआ है। उसमें शौचालय और किचिन बना हुआ था। वहां के अधिकारियों को वहां के लोगों ने कहा कि आइए बैठिए। जब शाम हो गई तो उन्होंने लाईट जलाई। अधिकारियों ने पूछा इतनी दूर लाईट कैसे आ गई? उन्होंने कहा कि पण्डित दीन दयाल उपाध्याय

ग्राम ज्योति योजना में 35 खम्भे लगाकर नि:शुल्क बिजली पहुंचाने का काम इस सरकार ने किया है।

**HON. CHAIRPERSON:** Please come to last point.

**श्री सी.पी. जोशी:** सभापति जी, मैं थोड़ी देर में अपनी बात खत्म कर रहा हूं। उस आदिवासी ने उस टीम से कहा कि आप चाय पीकर जाइए। अधिकारियों ने कहा कि आप चाय कहां से लाओगे**?** आदिवासी ने कहा कि मैं दो मिनट में लाता हूं, क्योंकि मुद्रा योजना में मैंने बकरी पालन किया है। वह दूध निकालकर लाया, उज्ज्वला योजना में उसको गैस मिली थी, उसकी वजह से उसने दो मिनट में चाय पिला दी। टीम ने पूछा कि इसके अलावा क्या करते हो**?** आदिवासी ने कहा कि मैंने वर्मी कम्पोस्ट का गढ्ढा खोदा है और मुझे कैटल शेड भी मिला है।

सभापति जी, एक व्यक्ति को इतनी सारी योजनाओं का लाभ मिल सकता है। राजस्थान में कुछ राजनीतिक पार्टियों ने विधान सभा चुनाव में फायदा लेने के लिए कहा था कि अगर हमारी सरकार आई तो दस दिन के अंदर समस्त कर्ज माफ कर देंगे।

**HON. CHAIRPERSON:** You have covered all the points.

**श्री सी.पी. जोशी:** सभापति जी, आज राजस्थान का किसान उस दिन का इंतजार कर रहा है कि मेरा कर्ज कब माफ होगा। कहा गया था कि एक घण्टे में अगर कर्ज माफ नहीं हुआ तो मैं मुख्य मंत्री को एक घण्टे में बदल दूंगा, लेकिन आज तक वह एक घण्टा नहीं आया है।

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude now.

**श्री सी.पी. जोशी:** सभापति जी, मैं अपनी बात एक मिनट में खत्म कर रहा हूं। नरेगा योजना के लिए मेरा सजेशन है।

**HON. CHAIRPERSON:** Your Party has a long list of speakers. If you continue, your Party Members will lose their time.

**श्री सी.पी. जोशी:** सभापति जी, जैसे उपभोक्ता का राशन कार्ड पूरे देश के लिए एक होता है तो नरेगा योजना का जॉब कार्ड भी पूरे देश के लिए एक ही बन सकता है, ताकि कोई भी मजदूर पूरे देश में कहीं भी जाकर मजदूरी कर सके।

**HON. CHAIRPERSON:** You have already taken more than the allocated time.

**श्री सी.पी. जोशी:** सभापति जी, प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के अंदर हमारे यहां किसान को दो दिन का वक्त दिया जाता है, उसको कॉल करने के लिए कि अपने यहां फसल खराब हो गई, लेकिन किसान नहीं कर पाता है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि इसमें कृषि विभाग को भी जोड़ा जाए, ताकि किसान को फसल बीमा योजना का पूरा लाभ मिल सके। मेरे क्षेत्र में अफीम की खेती होती है, जो किसान से संबंधित है। वह वित्त मंत्रालय के अधीन आती है। …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि अगर वह खेती नहीं होगी तो दवाइयां नहीं मिलेंगी और मरीज ठीक नहीं हो पाएगा। अभी हमारे क्षेत्र में मार्फीन कम हुई है, उसमें औसत और मार्फीन मांगा जाता है। मेरी आपके माध्यम सरकार से मांग है कि या तो मार्फीन कम किया जाए या औसत के आधार पर उस किसान को लाइसेंस बचाने का अधिकार दिया जाए। यही निवेदन करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।

* **श्री राकेश सिंह(जबलपुर):** देश के कृषि एवं ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार रखना चाहता हूं।

किसानो, कृषि क्षेत्र और ग्रामीण भारत पर ध्यान केन्द्रित करना भारत के चौतरफा विकास के लिए नया मंत्र है। इस बात को महसूस किया जा रहा है कि अगर भारत को एक उच्च विकास पथ पर आगे बढ़ाना है तो कृषि के क्षेत्र में क्रांति लाना बेहद महत्वपूर्ण है और एक नई कृषि पर्यावरण प्रणाली बनाये बिना, ऐसा करना संभव नहीं है। हमारी सरकार द्वारा जो कृषि बजट लाया गया है वो इस वक्त की जरूरत थी, इसमें कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहन दिया गया है और किसानों व ग्रामीण गरीबों के जीवन सुधार लाने के उद्देश्य से कृषि क्षेत्र को पुनर्जीवित करने का लक्ष्य रखा गया है। उच्च विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सबसे महत्वपूर्ण है 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य, जो अब पहुंच से बाहर दिखाई नहीं देता और यह कृषि क्षेत्र के साथ-साथ लाखों करोड़ों किसानों के जीवन के बदलने के लिए तैयार है।

हमारी सरकार और हमारे प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी की न्यू इंडिया की परिकल्पना में 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुनी करना सबसे प्रमुख लक्ष्य है। यह बजट पिछले बजटों में उठाए गए कदमों को और अधिक मजबूत करते हुए इस दिशा में आगे बढ़ाता है और एक व्यापक व समावेशी कृषि पर्यावरण व्यवस्था बनाने की दिशा में आगे बढ़ाना सुनिश्चित करता है।

फसलों की लागत का डेढ़ गुना न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का निर्णय किसानों का जीवन बदलने और भारतीय कृषि अर्थव्यवस्था के आधार को मजबूत करने के साथ-साथ कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन के लिए तैयार है।

---

* Speech was laid on the Table.

हमारी सरकार द्वारा पहली बार बांस की खेती को कृषि से जोड़कर ऐसे किसान जो अन्न उपजाने के योग्य भूमि न होने के कारण निराश हो जाते हैं और कृषि क्षेत्र और अपनी उपजाऊ भूमि से दूर हो जाते हैं उनके लिए सरकार द्वारा बांस की खेती कर आय अर्जित करने हेतु प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है।

हमारा यह मानना गलत होगा कि हमारे देश के नीति निर्माता इस बात से अनजान थे, कि देश की ज्यादातर जनसंख्या कृषि पर निर्भर थी और विभिन्न सरकार अच्छी तरह से स्थापित किए गए महत्वाकांक्षी और प्राप्त किए जा सकने वाले लक्ष्यों के साथ इस क्षेत्र को प्राथमिकता देने का प्रयास करती दिखाई देती रही है।

कृषि राज्यों का विषय होने के बावजूद केन्द्र सरकार द्वारा बहुत से लोगों का जीवन सुधार लाने के लिए केन्द्रीय क्षेत्र और केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से हस्तक्षेप करना चाहिए। भारत की प्रगति ग्रामीण भारत के विकास पर निर्भर है, जहां अधिकांश लोग रहते है और अपनी आजीविका की तलाश करते है।

पूर्ववर्ती सरकारों का दृष्टिकोण शहरी क्षेत्र के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने का रहा है, जिससे अर्थव्यवस्था में असंतुलन और ग्रामीण क्षेत्र की उपेक्षा हुई, और कृषि संकट व किसानों की आत्महत्याएं इसके परिणाम है। कृषि, किसान और ग्रामीण क्षेत्रों के प्रति दूरदर्शी दृष्टिकोण की कमी का परिणाम यह हुआ कि कृषि को लाभहीन मानकर बड़ी संख्या में लोगों ने खेती छोड़ दी और नौकरियों की तलाश में शहरों का रूख कर लिया।

अर्थव्यवस्था केवल तभी आगे बढ़ सकती है जब समाज में सबसे अधिक वंचित और पिछड़े लोगों को सशक्त बनाया जाएगा। शायद इसी दृष्टिकोण के साथ मोदी सरकार ने बजट में कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण प्रावधानों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में भारी निवेश करना शुरू कर दिया है। देश के किसान भाईयों ने पहली बार लगभग 30 लाख टन फलों और सब्जियों के साथ लगभग 275 मिलियन टन का रिकार्ड अनाज उत्पादन हासिल किया है, लेकिन किसानों को

ऐसे रिकार्ड उत्पादन का ज्यादा से ज्यादा लाभ हो, यह सुनिश्चित करने के लिये सरकार के प्रभावी कदमों की आवश्यकता है।

देश में आजादी के बाद पहली बार हमारी सरकार द्वारा किसानों को किसान सम्मान निधि के रूप में प्रतिवर्ष 6000/- रू. दिया जा रहा है।

हमारी सरकार द्वारा किसानों में खासकर लघु और मध्यमवर्गीय किसानों में यह विश्वास जताने का प्रयास किया गया है कि सरकार जनता द्वारा चुनी गई और जनता के लिये काम करने वाली है।

लोकसभा चुनाव 2019 में यह देश के सामने आया है कि जहां हमारी पार्टी बहुत अच्छी स्थिति में नहीं थी वहां भी जनता ने पुरजोर साथ देकर भाजपा और एनडीए के प्रत्याशियों को भारी मतों से जिताया है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस चुनाव में हमारी पार्टी का प्रदर्शन बहुत बेहतर रहा है, मतलब किसानों और ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों ने हम पर और हमारी सरकार की योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकारों की योजनाओं और कार्यशैली से बेहतर माना है। किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ किये बिना देश को किसी भी रूप में विकसित करना नामुमकिन है। हमने किसानों को वही माहौल देना होगा जब वे अपनी कृषि भूमि एक कृषि को अपना गर्व का विषय समझते थे।

आज देश के विभिन्न क्षेत्रों से कृषक और हमारे किसान भाई कृषि को छोड़कर, गांव को छोड़कर छोटी-मोटी नौकरी के लिये शहरों के लिये पलायन कर रहे हैं। हमें जरूरत है कि उन कृषक भाईयों को फिर से वही संसाधनों और फसल पर उचित समर्थन मूल्य देकर उन्हें वापस कृषि के प्रति प्रोत्साहित किया जाये, ताकि वे कृषि के माध्यम से अपनी आमदनी बढ़ाकर देश और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अपना योगदान दे सके।

पूर्ववर्ती सरकारों में हमने बहुत करीब से देखा है कि कैसे हमारे किसान भाई अपने फसल का उचित समर्थन मूल्य न मिलने की दशा में अपने उपज को सड़कों पर फेंक कर प्रदर्शन करते थे या कुछ कालाबाजारी करने वालों के चंगुल में फंसकर अपने उपज का कम मूल्य प्राप्त करते थे और

बाद में उन ही फल सब्जियों का कुछ मुनाफाखोरों द्वारा मुनाफाखोरी की जाती रही है। किन्तु आज देश में माननीय मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे मुनाफाखोरों और कालाबाजारी करने वालों की कमर तोड़ दी गई है।

माननीय केन्द्रीय कृषि, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर मध्यप्रदेश के मुरैना लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। पिछले वर्ष कांग्रेस के झूठे वायदों के आधार पर हमारे किसान भाईयों, ग्रामीणों ने अपना मत कांग्रेस को दिया और लगभग 15 वर्षों के वनवास के बाद कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता में लौटी, किन्तु उनके किसानों के कर्जमाफी के वायदे का कुछ नहीं हुआ। आज प्रदेश में किसानों के बीच हाहाकार मचा है, ग्रामीण अर्थव्यवस्था चौपट होती जा रही है। प्रदेश की जनता भाजपा के स्वर्णिम शासन को वापस याद कर रही है और पूरी प्रदेश सरकार और उसकी मशीनरी ट्रांसफर उद्योग में व्यस्त है।

कांग्रेस ने इस देश में परोक्ष रूप से कम से कम 55 वर्षों तक इस देश में अपना शासन चलाया है। यदि उनके द्वारा कृषि और किसानों के सुदृढ़ता के बारे में थोड़ा भी प्रयास किया होता तो आज कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की यह हालत न होती। किन्तु चुनाव आते ही लोक लुभावन वायदे करना, जनता का समर्थन प्राप्त करना, सरकार बनाना और बाद में किसानों और ग्रामीण विकास को उनके हाल पर छोड़ देना, ऐसा कांग्रेस की कार्यशैली का हिस्सा रहा है।

मैं आखिर में सरकार से यही आग्रह करूंगा कि देश में 545 लोकसभा क्षेत्र हैं, कृषि के मामले में सभी 543 सीटें/ संसदीय क्षेत्रों में विभिन्नता है । सरकार द्वारा राज्यों को निर्देशित कर किसानों का रियलटाईम डाटा को निकालने का प्रयास किया जाये और भविष्य में उसी आधार पर कृषि बजट का प्रावधान किया जाये ताकि किसानों के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत किया जा सके और भारत को सशक्त किया जा सके।

आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात रखने का मौका दिया उसके लिए आपको पुनः धन्यवाद ।

*SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** I would like to express any views on the Demands for Grants of Rural Development and Agriculture and Farmers Welfare for 2019-20. First I would discuss on the demands of Ministry of Agriculture Cooperation and Farmers' Welfare. This Ministry has been allocated Rs.1,304,855 crore in 2019-20 which is an increase of 92.5% over the revised estimate of 2018-19 of Rs.62,685 crore. More than 77% of the Ministry's budget is proposed to be spent on three schemes under this Department. PM-KISAN is 54%, the interest subsidy scheme 13% and Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana is 10%.

The PM-KISAN Scheme was launched in February this year to provide income support of Rs.6000 per year to farmer families with the aim of supplementing their financial needs in procuring inputs for appropriate crop health and yields. Earlier, only small and marginal landholder farmer families i.e. families with total cultivable landholding of up to 2 hectares, were eligible for the scheme. In May this year, the Union Cabinet approved extension of the scheme to all farmer families irrespective of their size of landholdings. With this increase in coverage, expenditure on the scheme is estimated to increase from Rs. 75000 crore to Rs.87218 crore in 2019-20. However, allocation to the scheme in the budget remains at Rs. 75,000 crore for the year 2019-20. Initially the scheme was expected to cover 12.5 crore beneficiaries. With the

---

* Speech was laid on the Table.

increase in coverage, the estimated beneficiaries would be 14.5 crore. Farmer families which own cultivable landholding are eligible for receiving income support under the scheme. The scheme does not cover landless agricultural labourers who form 55% of the agricultural workers in the country. Agricultural workers include cultivators and labourers working in the agriculture sector. The share of agricultural labourers in total agricultural worker has increased over the years from 28% in 1951 to 55% in 2011. The share of cultivators has reduced from 72% to 45% during the same period. Here I would like to remind this House again and again that the share-cropper, landless farm labourers do not get any benefit from this scheme, whereas Odisha Government is providing Rs.10,000 to farmers for Kharif and Rabi. This scheme for the welfare is benefitting 50 lakh small and marginal farmers and 25 lakh landless agricultural household. This scheme has 06 components which includes support to cultivators, livelihood support for landless agricultural households, life insurance, interest free crop loans, scholarship for students and financial assistance to vulnerable agricultural households.

As livestock, fishery and horticulture – based activities are the key drivers of economic growth in rural areas particularly for landless households, financial assistance of Rs.12,500/- is provided to them in three tranches for enhancing their income and well being. This particularly benefits the Scheduled Caste and Scheduled Tribe population of our State. About 36 lakh farmers and 15 lakh landless agricultural households have already been provide financial assistance under the KALIA Scheme. We welcome PM-

KISAN, however we strongly suggest inclusion of landless labourers, sharecroppers and vulnerable agriculture households under PM-KISAN. Rural prosperity and reduction of poverty cannot be achieved without adequate focus on these weaker sections of agriculture economy.

Agriculture credit at a subsidised cost is provided to framers through the Interest Subsidy Scheme. Under the scheme interest subsidy of 2% is provided to farmers on their short-term crop loan of upto 9 lakh rupees. An additional interest subsidy of 3% is provided to farmers repaying their loan on time, within a year. I would remind this house about what an Internal Working Group under RBI had observed. It said interest subsidy scheme has distorted the agricultural credit system. It said bonus grant loans without establishing that the loans are for agriculture and claiming interest subsidy as well. The RBI Committee observed that owner of the land is often not the cultivator even in the case of small and marginal holdings. At times he becomes the moneylender to his actual cultivator. The Committee had recommended that agricultural credit must flow to the actual cultivator for which substantial reform is necessary. I would like to know from the Government, what steps have been taken in this regard.

On this issue of credit, landless farmers one can say sharecroppers do not get credit leading to limited penetration by formal financial institutions. This leads to dependence on informal channels for credit which results in agrarian stress. Therefore, there is a need to channelize short-term credit through Joint-Liability Groups on a wide scale. Odisha government has proposed in

the NITI Aayog Governing Council that a CGTA (Credit Guarantee Fund Trust for Agriculture) be formed which can provide credit guarantee on the outstanding term loans specially to landless farmers, sharecroppers.

Crop insurance is provided to Farmers under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana. It covers all farmers, including tenant farmers and sharecroppers, who are growing notified crops and in notified areas. In 2019-20 the schme has been allocated Rs.14,000 crore, an 8% increase over the 2018-19 revised estimate.

In 2017-18, 5.18 crore farmers were insured under the scheme. It should be noted that PMFBY is mandatory for farmers with loans and optional for those without loans. Majority, of about 73% of the farmers had to compulsorily enroll under the scheme, whereas 27% were non-loaner farmers. This shows large number of farmers are not being covered under this PMFBY. Major problem is timely settlement of claims. The Standing Committee on Agriculture in 2017 had recommended that an institutional mechanism be put in place to monitor faster settlement of pending claims. I would urge upon the government that claims under the insurance scheme must be settled within two months from the crop harvest. After the revised guidelines came into operation both State governments and insurance companies have to pay penalties in case of delay in settlement of claims if the delay is beyond two months upto 12% interest.

PMFBY is being implemented across the country to cover various pre and post harvest crop risks leading to crop loss. However, crop loss due to

attack by wild animals has been left at the discretion of the concerned State government as an add-on-coverage. Therefore, either the farmers have to pay extra premium for it or the State Government has to bear the cost of such extra premium. Odisha Government has been bearing 100% of such extra premium to provide additional coverage of crop loss due to attack by wild animals to its farmers. It is high time that the Government should include the risk of crop loss in the PMFBY without any extra cost of premium or to share the fifty percent cost of such extra premium. Such step will protect farmers of the country from such crop loss without any extra cost of premium.

Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana was launched in 2015 to increase the coverage of irrigated area. In 2019-20, Rs.3500 crore has been allocated for the Scheme. It is an increase of 18% over the revised estimates of 2018-19. As on 2014-15, 49% of the country's net sown area was under irrigation. Now more stress is being given on micro-irrigation. But not much work has been done in this regard. Further I may add that allocation to the scheme has been increasing over the years, no doubt, but it is revised down at later stages. Allocation to the scheme in 2018-19 has been revised down by 26% from Rs.4000 crore (BE) to Rs.2955 crore in Revised Estimate.

Now coming to the Demands for Grants for Rural Development one can say it has the fourth highest Ministry-wise allocation in this year's Budget of 2019-20, a budget of Rs.1,19,874 crore. Department of Rural Development implements many major schemes in rural areas. Most of the schemes are targeted at poverty reduction, provision of basic services, employment

generation, rural infrastructure and habitation development. MGNREGA which was launched in 2005 was to provide guaranteed 100 days of wage employment per year to every rural household whose adult members volunteer to do unskilled manual work. This scheme covers all districts. When we analyze the budgeted versus actual expenditure on finds expenditure has been more than 50% of the Department's budget. Last year the RE was Rs.61,084 crore and this year the BE is Rs.60000 crore. Over the last few years, the utilization of funds under the scheme has steadily grown. Till 2014-15, the actual expenditure was lower or similar to the budget estimates. However, post 2014-15, the actual expenditure of the scheme has always exceeded the budget estimates. MGNREGA is a demand driven scheme. It is found that there is decrease in receiving employment between 2012-13 to 2018-19 from 97% in 2012-13 to 84% in 2018-19. Though the scheme guarantees 100 days of employment, it is 45.5 days in an average of days of employment during past six years, with maximum of 49 days of employment in 2015-16.

Major issues are delayed payment and minimum wage rate. MGNREGA stipulates wage payments must be made within 15 days of the date of closure of the muster roll. It is found from record that the proportions of delayed payments have increased from 39% in 2012-13 to 73% in 2014-15, but has reduced since then. In 2018-19 has started that the implementation of Direct Benefit Transfer has helped in reduced delays in payments. Minimum Wage Rate under this scheme is fixed by Central government. But there is a

necessity to have a robust mechanism of inspection and monitoring of fund utilization by the Centre.

Pradhan Mantri Awaas Yojana Gramin has got the second highest allocation in the Department's budget in PMAY-G the cost of unit assistance is being shared between the Centre and the State in the ratio of 60:40. It is Rs. 120000 per unit today. Yet the allocation towards the scheme is decreasing since last year. Odisha Government has requested to provide at least 5 lakh PMAY-G houses as a special case to be given to cyclone FANI affected people and a waiverment to the previously tabulated list of PMAY-G. The problem of kutcha houses is acute in Odisha. There is a demand more number of PMAY-G to help people build a pucca shelter.

Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana was launched in 2000 and seeks to provide all weather road connectivity to all eligible unconnected habitations in rural areas. This has got the second highest allocation in the Department budget this year, the same as PMAY-G. Yet I would say the tends in allocation and actual estimates of expenditure shows there has been underutilization of funds which is turn affects the construction of rural roads under the scheme. The pace of work under the scheme has been really slow. As on January, 2018, the connectivity and completion of road length against the sanctions given by the Ministry is low in States like Assam, Bihar, Jharkhand, Madhya Pradesh, Rajasthan, West Bengal and even in Odisha.

There are many more schemes that the being undertaken by this Ministry and I have mentioned some. Basically rural development

programmes have to be conducted by respective State governments but the monitoring and review of all those programmes have to be done meticulously by the Union Government. With this age of internet and digitization, providing utilisation of funds certificate cannot be an issue. I would urge upon this Government to take urgent steps for proper utilization of allocated funds in a time bound manner.

*श्री गणेश सिंह (सतना) : श्री मोदी जी की सरकार 2014 में जब बनी तब देश गम्भीर समस्याओं से जूझ रहा था, चारों तरफ निराशा के बादल छाये थे, भ्रष्टाचार चरम पर था, लोग निराश थे, समस्यायें विकराल रूप ले रही थीं। ऐसे समय में श्री मोदी जी की सरकार ने समयबद्ध कार्यक्रम शुरू करके देखते देखते समस्याओं पर काबू पा लिया और देश आगे बढ़ा हुआ दिखायी देने लगा। ।

वित्तीय वर्ष 2019-20 में कृषि के लिए 1,38,568 करोड़ की राशि आबंटित की गयी है जोकि पिछले वित्तीय वर्ष से 82.9 प्रतिशत अधिक है।

| | 2014 से पूर्व | 2014 के बाद |
|---|---|---|
| खाद्य सुरक्षा | 1.2 लाख करोड़ रुपये | 1.8 लाख करोड़ रुपये |
| पेटेंट की संख्या | 4000 | 13,000 (2017-18) |
| न्यूनतम समर्थन मूल्य | 89,740 करोड़ रुपये | 1,71,127.48 करोड़ रुपये (2018-19) |

किसानों के लिए अर्थव्यवस्था का मान सुनिश्चित करने के लिए अगले पांच वर्षों में 10,000 नए किसान उत्पादक संगठन बनाया जायेगा।

किसानों को सम्मान निधि जिसमें हर वर्ष 78 हजार करोड़ रूपये हर साल किसानों के खाते में पहुँचेगा, इसका लाभ साढ़े चौदह करोड़ (14.5 करोड़) किसानों को और 5 करोड़ लघु एवं मध्यम कृषकों को 3 हजार रूपये मासिक पेंशन मिलेगी। छोटे व्यवसायियों, असंगठित क्षेत्र को

* Speech was Laid on the Table.

लगभग 30 लाख कामगार जिनकी उम्र 60 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है उनको प्रतिवर्ष 3 हजार रूपये का प्रावधान किया गया है।

ई-नाम से किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए यह सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर काम करेगी। कृषि उत्पाद विपणन सहकारिता (एपीएमसी) अधिनियम से किसानों को अपनी फसल के लिए उचित मूल्य प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। व्यवसाय करना आसान बनाना और जीवन आसान बनाना दोनों किसानों के लिए भी लागू होना चाहिए। हम उस स्थिति में वापस आ जाएगें जिसमें किसानों के लिए बजट आवंटित करने की आवश्यकता नहीं होगी। (जीरो बजट फार्मिंग) हमें इस नवाचार मॉडल को दोहराने की जरूरत है जिसके माध्यम से कुछ राज्यों में इस कार्य के लिए किसानों को पहले ही प्रशिक्षित किया जा रहा है। ऐसे कदम उठाने से स्वतंत्रता के 75वें वर्ष तक हमारे किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी।

हमारी सरकार ने 1592 ब्लॉकों की पहचान की है जहां स्थिति दयनीय है और उनका अत्यधिक दोहन किया गया है। ये ब्लाक जल शक्ति अभियान के लिए 256 जिलों में फैले हैं। विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध निधियों का प्रयोग करने के अलावा, सरकार इस उद्देश्य के लिए प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) के अंतर्गत उपलब्ध अतिरिक्त निधियों का प्रयोग करने की संभावना की भी तलाश करेगी। इससे भी किसानों को पूरा लाभ मिलेगा।

कृषि के लिए जल की जरूरत सबसे अधिक होती है। जल जीवन मिशन के तहत 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को और हर घर जल (पाइपलाइन जल आपूर्ति) सुनिश्चित करने हेतु राज्यों के साथ मिलकर कार्य करेगा| यह मिशन, पेयजल और स्वच्छता विभाग के तहत, स्थानीय स्तर पर जल के प्रबंधन की समेकित मांग और आपूर्ति पर ध्यान केंद्रित करेगा जिसमें वर्षा जल संचय, भूमि जल संभरण और परिवारों के अपशिष्ट जल का कृषि के लिए पुनःप्रयोग जैसे साधनों

को बनाए रखने हेतु स्थानीय अवसंरचना का निर्माण/स्थापना शामिल हैं। जल शक्ति अभियान के लिए 256 जिलों के 1592 ब्लॉकों की पहचान किया गया है।

मध्य प्रदेश के 24 जिलों को भूजल संकटग्रस्त घोषित किया गया है जिसमें मेरा लोक सभा क्षेत्र सतना का रामपुर बघेलान, सोहावल और मैहर विकास खण्ड शामिल है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.सतना जिले का विकास खण्ड | 7. उज्जैन | 13. छतरपुर | 19. शिवपुरी |
| (क) रामपुर बघेलान<br>(ख) सोहावल<br>(ग) मैहर | | | |

सरकार से मेरी मांग है कि किसानों के 'कृषि भूमि की सिंचाई करने के लिए भूजल संकट का समाधान किया जाए।

कृषि मंत्रालय से अपने लोक सभा क्षेत्र सतना की निम्नलिखित महत्वपूर्ण मांगों की तरफ ध्यान दिलाना चाहता हूं : पूरे जिले में एक मात्र कृषि विज्ञान केन्द्र मझगवां में 7 है। एक और कृषि विज्ञान केन्द्र अमरपाटन के पास असरार नर्सरी में खोला जाए। सतना एक कृषि प्रधान जिला है वहां कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये।

प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के तहत जिले के सभी पुराने जलाशयों का जीर्णोद्धार करके जल संचय किया जाये साथ ही बरगी बांध दायी तट नहर का कार्य तत्काल पूरा कराया जाये। सिंचाई हेतु पहाड़ी क्षेत्रों में नये बांध बनाये जाने हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार के पास विचाराधीन है उनकी स्वीकृति करायी जाये।

जिले में शीत भण्डारण की कमी है जैसा कि बजट में घोषणा की गयी है कि ग्रामीण भण्डार खोलने की, उसे हमारे जिले में अवश्य शुरू कराया जाये। आवारा पशुओं से किसानों की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। अतः पंचायत स्तर पर काजी हाउस या गौशालाएं खोली जाये। आत्मा परियोजना के तहत बड़ी संख्या में हर जिला में किसान मित्र तथा दीदियों की नियुक्ति की गयी है, उन्हें जो मानदेय दिया जा रहा है, वह अत्यन्त कम है, जबकि उनसे कृषि जागरूकता के सारे कार्य कराये जाते हैं। अतः उन्हें रेगुलर किया जाये।

देश के सभी किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जो प्रतिवर्ष 6000 रूपये दिया जाना है उसका में स्वागत करता हूं। इसी तरह किसान पेंशन योजना का भी बहुत बहुत स्वागत है।

मेरे जिले में मैहर, इटमा टमाटर मंडी गांव को मैंने सांसद आदर्श ग्राम के रूप में विकसित किया है। इस पूरे क्षेत्र में बड़ी मात्रा में सब्जियों तथा फलों की खेती होती है। किन्तु किसानों को उचित दाम नहीं मिल पाता, मेरी मांग है कि खाद्य प्रसंस्करण के उद्योग स्थापित किया जाए।

जिले में कृषि को बढ़ावा देने हेतु राष्ट्रीय स्तर के कृषि मेलों का आयोजन किया जाए। जिले के उन क्षेत्रों जहां पर सिंचाई की नहर नहीं है वहां सौर ऊर्जा के पंप किसानों को दिये जाये। अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने की योजना व तत्काल शुरूआत की जाये। मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने मेरे जिले के एक किसान श्री बाबूलाल दाहिया को पुराने बीजों के संरक्षण के लिए पद्मश्री अवार्ड दिया, यह मेरे जिले का सौभाग्य है। फसल बीमा योजना के तहत बीमा का हर जिला मुख्यालय में कार्यालय खोला जाना आवश्यक है, किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय का ध्यान निम्नलिखित बिन्दुओं की ओर दिलाना चाहता हूं ;

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर 500 आबादी के सभी गांव सड़क मार्ग से जोड़े जा चुके हैं लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में गांव जो सड़कविहीन हैं, हर चुनाव में सड़क नहीं तो वोट नहीं के नारे लगते रहते हैं । ऐसे सभी गांवों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री सड़क से जोड़ा जाए । इस बजट में 1.25 लाख किमी सड़कों को पुनर्निर्माण करने का जो प्रावधान किया गया है उसी के तहत सितपुरा से छीन्दा होते हुए रैगांव, नारायणपुर होते हुए कोठी तक का सड़क निर्माण कराया जाए । जिगना गोरसरी से बड़ा इटमा पहाड़ के नीचे से सड़क निर्माण यह सभी गांव आदिवासी बाहुल्य हैं। रामस्थान, खम्हरिया रोड से ठाकुरदीन के अहरी से डूड़ी तालाब से ग्राम पंचायत खम्हरिया तक सड़क निर्माण कराया जाये। सेजवार से भैरोबाबा मंदिर से गुप्त गोदावरी तक सड़क निर्माण कराया जाये । छिबौरा, गाजन रोड से देउमउ बरछा टोला से बाबूपुर तक सड़क निर्माण कराया जाये ।

बिरसिंहपुर सेमरिया रोड से करौंदी भठिया से हलावन से विजयपुर, प्रतापपुर टीकर जमुआनी तक सड़क निर्माण कराया जाये। रामपुर से चोरमारी जनार्दनपुर रोड का उन्नयन कराया जाये । गजगंवा रेहुटा रोड से गढ़वाकला से गढ़वाखुर्द खोहर सड़क निर्माण कराया जाये ।

मैंने लगातार माननीय मंत्री जी से केन्द्रीय सड़क निधि से सुदूर अंचल की सड़कों के निर्माण की स्वीकृति की मांग करता हूँ। मैहर डेल्हा मोड, हरदासपुर, पहाड़ी, वंशीपुर, अमिलिया, पथरहटा, नरहटी, छोटी करही, बड़ी करही, पोंड़ी गरादा, खरवाही, डुड़हा होते हुये चकेरा, गुडुहरू, सज्जनपुर। कोलगढ़ी, अमदरी, सितपुरा, छींदा, रैगांव, नारायणपुर होते हुये कोठी सड़क निर्माण बिरसिंहपुर, सेमरिया रोड से बहेरा, डांड़ी हलावन, करौदी, भठिया टोला, विजयपुर, प्रतापपुर, ओरमानी सड़क निर्माण; जिगना से पहाड़ के नीचे से गोरसरी से पहाड़ के नीचे से बड़ा इटमा तक

रोड निर्माण; एन०एच० 7 से मौहारी कटरा, देउ, जोधपुर, सन्नेही, विगौड़ी, ताला, छतुरिहा टोला से कोतर, मुकुन्दपुर, धोबहट, आमिन, पटेल टोला होते हुये आनंदगढ़ रोड निर्माण किया जाए।

*[*] **श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल) :** मैं कृषि के समर्थन में माननीय प्रधानमंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री जी, माननीय वित्त राज्य मंत्री जी, माननीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र तोमर जी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने आज कृषि किसान एवं आम आदमी की चिन्ता की है। कृषि ऋण का लक्ष्य 1100,000 करोड़ रू. निर्धारित किया गया जो सराहनीय कदम है।

भारत सरकार द्वारा 3.00 लाख रू की फसल ऋणों के लिए जो आज सहायता योजना कार्यान्वित की जिसमें बैंकों को संसाधनों का उपयोग करने के लिए 2 प्रतिशत आज सहायता के रूप में दी ऋण का पुनर्भुगतान करने पर किसानों को 3 प्रतिशत प्रोत्साहन दिया जाता है जिसमें ब्याज दर कम होकर 4 प्रतिशत हो जाता है जो कि सराहनीय कदम है।

प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए बैंकों को फसल ऋण पर ब्याज सहायता उपलब्ध रहेंगी। राष्ट्रीय ष्टीय आपदा प्रबन्धन के अनुसार फसल नुकसान पर 5 प्रतिशत के स्थान पर 33 प्रतिशत कर दिया। उर्वरकों के प्रभार का अनुपात लगातार घट रहा है, जीरो बजट सहित जैविक और प्राकृतिक खेती की तकनीक सिंचाई जल के इस्तेमाल और मिटटी की उर्वरता को बढ़ाने में मदद कर सकती है। लघु और सीमांत किसानों के बीच संसाधनों के इस्तेमाल को न्याय संगत बनाने के लिए आई.सी.टी. को लागू करना कस्टम हायरिंग सेंटर के जरिए सक्षम प्रौद्यौगिकी के इस्तेमाल को बढावा दिया गया।

कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों का समग्र विकास करने की बात की गई, दुनिया में दूध के उत्पादक को भारत में डेयरी को बढ़ावा देना, दुनिया में मछलियों के उत्पादक को भारत में मत्स्य पालन के रूप में बढ़ावा देना।

---

[*] Speech was laid on the Table.

प्रगतिशील कृषि मण्डी सुधारों की हिमायत, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय सरंक्षण अभियान नई अम्बरेला स्कीम को अनुमोदन, इस योजना से किसानों के कल्याण की दिशा में दूरगामी लाभ होगा।

न्यूनतम समर्थन मूल्य लागत को कम से कम 150 प्रतिशत बढाना।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत किसानों के उत्पाद के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करना।

बागवानी मधुमक्खी पालन को बढावा देना।

गौवंशीय दूध उत्पादन/ उत्पादकता में वृद्धि । राष्ट्रीय गोकुल मिशन क्रियान्वित करना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन|

सरकार 3.00 लाख रू. के फसल ऋण पर किसानों को ब्याज में 3 प्रतिशत की छूट देने का काम, किसानों को प्रतिवर्ष 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराना।

छोटे और सीमांत किसानों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किए जाने के लिए वृद्धावस्था पेंशन, 60 वर्ष की आयु के बाद किसान सम्मान पेंशन।

किसान जब जवान रहेगा तो फावडा,बेल्चा, कुदाल चलाएगा और जब वृद्ध हो जाएगा तब क्या करेगा इसलिए उसकी आजीविका के लिए 3 हजार रू. पेंशन की व्यवस्था प्रधानमंत्री जी ने किया है।

सभी किसानों को आय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि शुरू की है तीन किस्तों में 6 हजार रू. प्रतिवर्ष भुगतान की व्यवस्था की है जो मिलना शुरू हो गया है किसानों के खातों में चला गया है।

यह योजना सराहनीय है मैं पुनः प्रधानमंत्री जी, वित्त मंत्री जी, कृषि मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा।

मैं मंत्री जी से चाहता हूँ कि उत्तराखण्ड में जानवरों का बड़ा आतंक है जिसके कारण किसान खेती छोड़ रहे हैं, जो बोते हैं जानवर उसको नुकसान पहुंचाते हैं। विशेषकर बन्दर, सुअर,नीलगाय जिसका बड़ा आतंक है इनके बचाव के लिए कोई ठोस नीति बनाई जाए साथ ही मेरा आग्रह है कि उत्तराखण्ड सहित सभी हिमालयी प्रदेश जो कि विभिन्न भौगोलिक संरचनाओं में बसे है यहां पर मैदानी क्षेत्रों की अपेक्षा कृषि कार्य में भिन्नता एवं कठिनाइयां होती है समान कृषि नीति होने के कारण पहाड़ी क्षेत्र के किसान वह लाभ अर्जित नहीं कर पाते जो तराई का किसान कर पाता है इसलिए मेरा निवेदन है इन क्षेत्रों के लिए एक अलग कृषि नीति का निर्धारण हो साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों में मनरेगा के कार्य में कृषि कार्यों को भी जोड़ दिया जाए जिससे किसान और मजदूर लाभान्वित हो एवं कृषि और खेती की तरफ लौटें।

धन्यवाद।

**श्री रमेश चन्द्र माझी (नबरंगपुर):** धन्यवाद, सभापति महोदय। आज ग्रामीण विकास और कृषि कल्याण विभाग की डिमांड पर डिस्कशन हो रहा है। मुझे आपने बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद। मैं कुछ प्रोग्राम्स के बारे में बोल रहा हूं। एक प्रोग्राम है मनरेगा, जिसका वर्ष 2014-15 में 34 हजार करोड़ रुपये का बजट था। वर्ष 2018-19 में 61 हजार 84 करोड़ रुपये हुआ और वर्ष 2019-20 में जो प्रपोज्ड बजट एलोकेशन है, वह 60 हजार करोड़ रुपये है। इसमें 1 हजार 84 करोड़ रुपया डिक्रीज हुआ है। रूरल डेवलपमेंट का जो बजट है, वह वर्ष 2018-19 में 1 लाख 12 हजार 447 करोड़ रुपये था। अभी इसमें 5 हजार 200 करोड़ की वृद्धि होकर 1 लाख 17 हजार 647 करोड़ रुपये हुआ है। मैं रूरल डेवलपमेंट डिपार्टमेंट को धन्यवाद देता हूं, जिसने 5 हजार 200 करोड़ रुपये इन्क्रीज करके इस बजट को 1 लाख 17 हजार 647 करोड़ रुपये किया है। प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना, जिसके अंतर्गत हम अपनी कांस्टीट्यूएंसी के अंतर्गत आने वाले गांवों में घूमते हैं, वहां से आवास योजना के अंतर्गत जो एप्लिकेशन्स आती हैं उसे देते हैं। प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना, जिसमें वर्ष 2018-19 में 19 हजार 900 करोड़ रुपये का एलोकेशन था, अभी 2019-20 में 19 हजार करोड़ का एलोकेशन हुआ है, जिसमें 900 करोड़ रुपये डिक्रीज हुए हैं। फाइनेंस मिनिस्टर ने बजट में एक बात बोली थी, जो मैं यहां कोट कर रहा हूं-

> "A total of 1.54 crore rural homes have been completed in the last five years. In the second phase of PMAY-G, during 2019-20 to 2021-22, 1.95 crore houses are proposed to be provided to the eligible beneficiaries."

महोदय, ओडिशा में आप देखेंगे कि हर साल बाढ़ आती है और कुछ समय तक सूखा भी पड़ता है। 3-4 महीनों पहले ओडिशा में एक साइक्लोन स्टॉर्म आया था, जिसमें बहुत सारे हाउस डैमेज हुए थे। ओडिशा गवर्नमेंट ने फेनी साइक्लोन से हुए डैमेज के लिए 3.8 लाख हाउस बनाने

का एक प्रपोजल दिया है । अत: मेरी सेंट्रल गवर्नमेंट से यह दरख्वास्त है कि इस प्रपोजल को एक्सैप्ट करे और ओडिशा गवर्नमेंट को फेनी से जितना नुकसान हुआ है, उसके लिए ज्यादा से ज्यादा मनी दे।

महोदय, मैं प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के बारे में कुछ बोलना चाहता हूं। दिसम्बर, 2000 में प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना को तत्कालीन प्रधान मंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रारम्भ किया था। अभी फेज 1, फेज 2 और एलडब्ल्यूई में जितने इलाके हैं, उनमें 6 लाख किलोमीटर्स अभी कम्प्लीट हुआ है । ओडिशा में अगर देखें तो 55 हजार किलोमीटर्स अभी कम्प्लीट हुआ है। फेज 1 में 8 हजार किलोमीटर्स और ग्रीन टेक्नोलॉजी, जो एक नई टेक्नोलॉजी गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने बनाई है, उसमें 2 हजार 700 किलोमीटर्स कम्प्लीट हुआ है। फेज 1 में भी ओडिशा गवर्नमेंट में नवनिर्माण हुआ था और ग्रीन टेक्नोलॉजी, जो 2 हजार 700 किलोमीटर्स का रास्ता बना है, उसका भी उड़ीसा गवर्नमेंट में नवनिर्माण हुआ है । इसीलिए पांच बार के ओडिशा के यशस्वी मुख्य मंत्री श्री नवीन पटनायक जी को भी मैं धन्यवाद दूंगा, क्योंकि उनके नेतृत्व में ओडिशा में इतना काम हो रहा है। फेज 3 में कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स में माननीय प्रधान मंत्री जी की चेयरमैनशिप में एक लाख 25 हजार किलोमीटर्स की नई सड़क प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सेंट्रल गवर्नमेंट ने शुरू की है। इसके अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में, एग्रीकल्चर मार्केट, हॉस्पिटल, हायर सेकेंड्री स्कूल को लिंक किया जाएगा। यह एक अच्छा प्रस्ताव है।

इस बारे में मैं एक बात बोलना चाहूंगा कि जब स्टेट और सेन्ट्रल गवर्नमेंट के बीच में जब एमओयू होगा तो इसमें पांच साल कम्प्लीट होने के बाद मैंटेनेंस का काम राज्य सरकार को करना होगा। लेकिन राज्य सरकार के पास इतना पैसा नहीं है। मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि पांच साल के बाद मैंटेनंस का पैसा केन्द्र सरकार को देना चाहिए।

महोदय, नबरंगपुर, रायगढ़, कोरापुट और मलकानगिरि में बहुत सारे एलिजिबल हेबिटेशन्स हैं। इन इलाकों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में अगर ज्यादा से ज्यादा अनुदान मिलेगा तो इन

ट्राइबल और बैकवर्ड डिस्ट्रिक्ट्स को बहुत फायदा होगा। वर्ष 2007 में भारत सरकार ने बैकवर्ड रीजन ग्रांट फण्ड बनाया था, जिसके तहत बहुत सारे काम हुआ करते थे। इंटीग्रेटेड एक्शन प्लान भी होता था, जिसमें केबीके डिस्ट्रिक्ट्स, कोरापुट-बोलांगिरि-कालाहांडी, में ज्यादा पैसा आता था। अब वह पैसा नहीं मिल रहा है। मेरी दरख्वास्त है कि आप ज्यादा से ज्यादा ओडिशा को पैसा दीजिए, क्योंकि ओडिशा राज्य में बहुत सारे बैकवर्ड जिले हैं। मेरी केन्द्र सरकार से दरख्वास्त है कि आप ज्यादा से ज्यादा पैसा दीजिए। मैं डिमाण्ड फोर ग्रांट्स का समर्थन करता हूं। धन्यवाद।

[*]**SHRI SANJAY KAKA PATIL (SANGLI):** Hon. Chairman Sir, I support the steps the Government has taken to empower the farmers. I also welcome the vision of the Hon'ble Prime Minister and the measures taken by the Government to double the income of the farmers till 2022. Agriculture is very important for rural India and rural people are dependent mainly on agriculture. Rs. 1,42,000 crores have been allocated for the development of farm sector related subsidiary departments. And 10,000 new Farmer Produce Organisation (FPO) are to be established.

I demand to set up a National Commission for farmers. Presently, we have SC/ST Commission, OBC Commission, Minority Commission, Human Rights Commission and Consumer Forum and they all are statutory Bodies. So on the same lines, National Commission for farmers having statutory status should be set up for farmers. Farmers would get justice through this platform. A new concept of Agriculture Clinic should also be introduced. Today, there are no restrictions on the usage of fertilizers and pesticides. So, I feel some restrictions are necessary to stop the toxication of soil and farming to stop the menace of cancer and other diseases.

Government has introduced many schemes for drip irrigation and also providing subsidy for it. But companies are misusing this subsidy by increasing the prices irrationally. Hence, the Government should control and regulate the prices of drip irrigation system to stop the overpricing and misuse of subsidy

[*] English translation of the speech originally delivered in Marathi.

being given to farmers and it should be available to common farmers at reasonable prices.

Regarding skill development, dairy business is a subsidiary business to farming. But, our new generation is not ready to run dairy business. We know milk is a complete food. So, the Government should come forward to take some steps in this regard. Through the farms related companies and also by providing some kind of subsidy.

There is no standardization of cattle feed and urea is being mixed in cattle feed. So, standardization and some kind of control is needed in this regard.

A TV programme of 1 hour or 30 minutes duration is being broadcasted on Kisan TV channel. All the important activities of farming like sowing, harvesting etc should be shown in this programme according to the season.

Hon’ble Prime Minister is having a special focus on Soil Health Card. Soil Health Cards have all the details of the soil health and the necessary instructions regarding the soil. But, the instructions are not being followed, so the instructions should be followed as per the requirement.

In our country, Rs. 80,000 crore subsidy is being given on fertilizers. Imported urea has reduced the usage of fertilizers. This subsidy should be given through DBT and it should be streamlined by linking it to Aadhar. All agri inputs should be barcoded to bring transparency.

To implement all these schemes and programmes, our officers of Department of Agriculture and officials working at village level set a target to achieve the benefits. It is good to be target oriented but we should also be concerned about the need.

Indian Council for Agriculture Research (ICAR) has played an important role in the green revolution. However, now agriculture is facing new set of challanges ICAR needs to restratagise itself to meet these challanges. In the year 2002, Hon'ble then Prime Minister Atal Bihari Vajpayeeji had constituted a Committee in this regard. We have the report of this Committee and its recommendations need to be implemented. Finally, I support the Budget provisions made by this Government for farmers.

Thank You

**DR. T. R. PAARIVENDHAR (PERAMBALUR):** Hon. Chairperson, Sir, I am glad that I have been given an opportunity to speak in this august House. I basically belong to a family of agriculturists. I have spent my life mostly in village. I know the difficulties faced by village people. As Gandhi *ji* has said, "India lives in its villages". Most of the village people, as you all know, are agriculturists. The basic things necessary for agriculture are water, electricity, manure and proper price for the produce. These are the basic things. Unless village improves, India cannot become financially sound. We cannot rely only on the multinational companies, more importantly for job opportunities. Job opportunities, I think, are not going to be provided by corporations and multinational companies. They are going to be provided only through agriculture. What is required for agriculture? As I said, we require water for agriculture. Mostly, the seasonal rains are not there. There are almost drought conditions. In such conditions, how are you going to sort this out? It can be done only by interlinking the rivers.

This was one of the programmes of the NDA during the last tenure itself. But that has not taken place. So, that was a very important programme. This NDA Government should take it up at the earliest.

With regard to loans, most of the villagers go to the bank to buy their necessary things like tractors and other things. Loan is not easily available to them. More than that, if they fail to repay the loan in time, the *goondas* are sent to take back the tractors and other things. It looks awkward. A villager lives in

a village. When he is in the midst of his friends and relatives, he feels very ashamed and shy when his tractor is taken away by the bank. It leads to suicidal tendency. These are all the main things that are there in the villages.

Major produce in my particular Constituency are small onion, cotton, maize, corn and millets. These are the main produce. Now, to make profit out of it, we have to preserve the products that are being produced there. These products are perishable. They cannot be kept for a long time. They need the godowns. My demand is that at least six godowns should be given to all the six MLA Constituencies. AC godowns are also required. They can stock their produce and sell it when the price increases.

At the time of selling the produce, middlemen are mostly enjoying these benefits. The hardworking farmers toil day and night in their farms. When they bring the products outside, they are not able to sell it directly. So, the Government should come forward to see that these products are directly purchased. Unless the income of the farmers are improved, the village can never improve. Nowadays, the villages are becoming thinly populated. Cities and towns are bulging. It is because there is no income in villages. To a farmer's son, nobody is coming forward to give his daughter. Everybody wants to marry off his daughter to an employee working in multinationals companies or in corporates. To improve job opportunities, agriculture should be given importance.

During the last few years, are we getting rain regularly? We are getting periodical cyclones. There was a Gaja cyclone which has damaged the four

districts. There was a very good yield on coconut trees. One fine morning, all the trees have fallen down. A person who was a rich man previous night has become pauper the next day. The compensation given by the Government of India has not been given properly in time and was not sufficient. They are all now on the roads. So, these are all the things that are to be taken care of.

I request the Government to see that there should be enough agricultural colleges in every taluks. These colleges will produce more number of agricultural scientists. They will go and take care of the villages nearby and they will also take it as a project when they are in their colleges. With these suggestions, I think villages will definitely improve.

My demand is to see that more godowns and more bank loans should be given liberally to my Constituency people. Thank you.

**SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER (PONNANI):** Sir, in today's discussion I wish to confine my speech to certain significant and vital issues pertaining to Kerala and my constituency.

As far as the PMGSY is concerned, this time the total sanctioned road, length-wise is 1,25,000 kilometres for the whole nation. The Cabinet Committee on Economic Affairs has cleared that. That is for the third phase of the PMGSY. Out of the total 1,25,000 kilometres of road, what exactly is the share of Kerala? That figure has not yet come. I have, in my hand, the report of a prominent Malayalam daily, *Mathrubhumi.* It is really a shocking report. The report says that Kerala is again neglected. The report says that in the third phase, out of the 1,25,000 kilometres of road sanctioned for the country, Kerala is getting only 1,425 kilometres of road. The report also says that in the PMGSY's second phase, when a total 50,000 kilometres of road was sanctioned, Kerala got only 570 kilometres of road. This is an injustice. I request the hon. Minister to look into why this denial of justice for Kerala has taken place. I humbly request you to please examine the truth. If injustice is done to Kerala, kindly come forward to correct it. On behalf of my State, with all the humbleness, I appeal to you to look into this.

Coming to another issue in my constituency, there is a major agricultural project, that is, Thrissur-Ponnani Cole Development Project. It was started during the UPA period. The total outlay was Rs.300 crore. Out of which, Rs.200 crore was released. It made tremendous progress and impact in the

agricultural sector. In a way, it was a small agricultural revolution. The farmers were very much satisfied. They made very good harvest and things were progressing like anything. Unfortunately, the balance has not yet been released. I request the hon. Minister to take interest in that also and release the money without further delay.

Coming to the second phase of it, the proposal is still pending. The second phase of this Cole Development Project may kindly be expedited. That also is a very important thing.

Now I am coming to another thing. The PMGSY guidelines for the third phase have not yet been released.

**HON. CHAIRPERSON :** Hon. Minister, please listen to this. It is a very important point.

… (*Interruptions*)

**SHRI E.T. MOHAMMED BASHEER**: Perhaps, I do not know. It is not in the public domain. The PMGSY guidelines for the third phase have not yet been put in the public domain. When it came for discussion in the DISHA Committee, there was sharp criticism on the draft itself. It was not suitable for a State like Kerala. So, I request you to please discuss with everybody concerned and prepare a suitable guideline for Phase-III of PMGSY.

Another thing is, in my constituency, there is a prestigious agriculture institute that is named after Kelapji. That institution is known as Kelapji College of Agricultural Engineering and Technology. We all know that Kelapji was known as Kerala Gandhi.

Sir, the institution is named after him. It has been working for many years. B.Tech and M.Tech courses on agricultural and food engineering are available there. Beside this, M.Tech on farm engineering, soil and water conservation engineering are also available. There is a feasibility of developing this institute as a centre of excellence. I appeal to the Government to consider it as an important request from our side.

Before I conclude, I would like to say that we have to give emphasis on certain things like development of land productivity, development of irrigation systems and diversification of livelihood. If these things are not done, we may not be able to attain the real goal.

A lot of hon. Members have spoken about Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS). Unfortunately, asset creation and durability has been forgotten and no emphasis is being given on this aspect of the scheme. I appeal to the Government to lay emphasis on this aspect of the scheme to the maximum possible extent.

Sir, we have a lot of dreams to be fulfilled. The hon. Finance Minister, in her speech, has mentioned about very many good projects. We have to work hard. But, unfortunately, things are not progressing. A latest cover story in the Business Today says, ‘Finance Minister, Nirmala Sitharaman’s Budget is long on promises but short on ideas about fulfilling it.’ I request the Government to take expeditious action for making our dreams a reality.

With these few words, I conclude. Thank you.

*__श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी):__ मैं कृषि व ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन प्रस्तुत अनुदानों की माँगों का समर्थन करता हूँ तथा अपने लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश के लिए सरकार का ध्यान आकर्षित करके उक्त पर आवश्यक निर्देश देने हेतु निवेदन करता हूँ।

मेरे लोक सभा क्षेत्र में प्रस्तावित दूसरे कृषि विज्ञान केन्द्र का कार्य शीघ्र पूरा करके किसानों हेतु उपयोग किया जाये । मेरे क्षेत्र खीरी में स्थित कृषि महाविद्यालय, जमनाबाद जो चन्द्रशेखर आजाद कृषि विश्वद्यालय, कानपुर के अंतर्गत आता है, का बिल्डिंग निर्माण सहित अन्य व्यवस्थायें पूर्ण हो चुकी है, मेरा आपसे निवेदन है कि इसी सत्र से क्लासेज शुरू करायी जाये। नस्ल सुधार हेतु लगभग 800 एकड़ जमीन पर अंदेश नगर खीरी (उ0प्र0) केंद्र बनाया गया था, जो पर्याप्त देखभाल न होने के कारण अपने उद्देश्य को खो चुका है, आपसे निवेदन है कि केन्द्र सरकार संज्ञान लेकर उक्त केन्द्र को संचालित करे या अन्य कोई कार्यक्रम संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर करने की योजना बनाये। मेरा जिला लखीमपुर खीरी उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक गन्ना उत्पादन करने वाला क्षेत्र है, जहाँ कई बड़ी चीनी मिलें हैं, परंतु बजाज ग्रुप की पलिया, गोला, व खंभार खेड़ा तथा ऐरा मिल, खमरिया ऐसी 4 चीनी मिल हैं, जिनका गन्ना भुगतान लगभग पिछले पूरे सत्र का बकाया है, आपसे निवेदन है कि उक्त मिलों से गन्ना भुगतान कराया जाये। ई-मंडी की व्यवस्था को प्रभावी बनाया जाये ।सभी गाँवों में पीने के साफ पानी हेतु टंकी बनाकर नल से जल हर घर तक पहुंचाया जाये । प्रत्येक गाँव को पीएमजीएसवाई से जोड़ते हुये, जरूरत के अनुसार आवास, शौचालय, एलपीजी कनेक्शन तथा पक्की गलियों व पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाये ।

* Speech was Laid on the Table.

*__डॉ .वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):__ कृषि एव ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगो पर अपने विचार रखना चाहता हूं।

यह सरकार गांव, गरीब, मजदूर, किसान के उत्थान के लिये समर्पित सरकार है। ग्रामीण क्षेत्रों की दशा एवं दिशा बदलने के लिये बजट में पर्याप्त ध्यान दिया गया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के लिये बजट के 4.4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 1.17 लाख करोड़ रूपये आवंटित किये हैं।

प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण के लिये 2019 - 20 से 2021 - 2022 के दौरान 1.95 करोड़ घर लाभार्थियों को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है ये घर शौचालय, बिजली और एल.पी.जी. कनेक्शन जैसी सुविधाओं सहित होंगे।

राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत बजट आवंटन में वृद्धि की गई है 2019 - 20 के लिये 9024 करोड़ रूपये आवंटित किये गये है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के बजट को भी बढ़ाया गया है जिससे किसानों की आय को दुगना करने के लिये लागत को कम करने के प्रयत्नों को बढ़ाया जायेगा। यूरिया की सहजता से बिना ब्लेक के उपलब्धता देखने में आ रही है। नीम कोटेड यूरिया होने से केवल कृषि कार्य में उपयोग होगा, उद्योगों में दुरूपयोग नहीं होगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से किसान के खेत तक पानी नहरों अथवा पाइप लाइनों के माध्यम से पहुंचाया जायेगा जिससे किसान कम लागत में वर्ष में 1 से लेकर 3 फसलें तक उगा सकेगा।

---

* Speech was Laid on the Table.

नदियों को आपस में जोड़ने की योजना से बाढ़ वाली नदियों का पानी कम वर्षा वाले क्षेत्रों की नदियों में भेजा जायेगा जिससे सूखाग्रस्त क्षेत्रों में भी सिंचाई की सुविधाओं के विस्तार के साथ ही पेयजल की समस्या का भी निराकरण हो सकेगा।

मध्य प्रदेश के बुन्देलखंड में मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ छतरपुर में अक्सर सूखा पड़ता रहता है जिससे सिंचाई एवं पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो जाता है। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय नदियों को आपस में जोड़ने की योजना के अंतर्गत केन बेतवा नदी को जोड़ने का काम प्रथम चरण में लिया गया था किंतु यू.पी.ए. की सरकार द्वारा इस दिशा में कोई कार्य नहीं किया गया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा इस कार्य को गंभीरता से लिया गया है। केन बेतवा नदियों के आपस में जुड़ने से सिंचाई एवं पेयजल की समस्या का निराकरण होगा।

इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराकर टीकमगढ़ छतरपुर निवाड़ी जिले के सभी गांवो को नहरों एवं पाईप लाईन के माध्यम से जोड़ने का कार्य किया जाना चाहिये तथा मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ में एक समय चंदेल कालीन लगभग एक हजार तालाब जिसमें से अभी लगभग 450 तालाब ही बचे है। शेष पर कब्जा हो गया, खेती हो रही है अथवा उनके बंधानों को तोड़ दिया है यह तालाब बुन्देलखंड में जीवन रेखा का काम करते थे। अतिक्रमण हटाकर पुनः जीर्णोद्धार किया जाना चाहिये। धसान नदी पर लम्बे समय से की जा रही मांग पर विचार करते हुए ककरवाहा पिकअप वियर के कार्य को बढ़ावा दिये जाने से भी सिंचाई एवं पेयजल की सुविधाओं का विस्तार होगा। साथ ही मध्य प्रदेश सहित देश भर के प्राचीन झीलों,तालाबों, बावड़ियों का पुनः सर्वे कराकर उनका जीर्णोद्धार कराने की पहल होने से जमीन का जल स्तर बढेगा तथा प्रधानमंत्री जी की जल संरक्षण योजना को भी बल मिलेगा।

टीकमगढ़ कृषि आधारित क्षेत्र है यहाँ आजीविका के लिये लोग मुख्यत: कृषि पर निर्भर होते है अतः कृषि पर आधारित उद्योग लगाये जाने एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा मिलने से क्षेत्र के आर्थिक विकास के साथ ही नौजवानों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे तथा ग्रामीण विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। यहॉ पीतल की मूर्तिया एवं गिफ्ट आइटम बड़ी मात्रा में बनाये जाते है। क्षेत्र की इस विशेषता को कौशल विकास योजना के साथ जोड़कर युवाओं को प्रशिक्षण देने का कार्य बढ़ाया जाये ताकि यहाँ का नौजवान इस कार्य को सीखकर देश के अन्य भागों में जाकर आजीविका कमा सके।

ग्रामीण क्षेत्रों के परंपरागत कामों को भी बढ़ावा दिये जाने से प्राचीन कौशल को आधुनिकता का साथ मिलने से रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी।

इसी के साथ मैं ग्रामीण विकास एवं कृषि विकास की अनुदान मांगों का समर्थन करता हूं।

*__श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर (दाहोद)__: मैं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास बजट के अनुदान एवं मांग पर अपने विचार व्यक्त करता हूँ।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने कृषि क्षेत्र के उत्थान में भी काफी रुचि ली है। आज तक इस देश में खेती को एक व्यवसाय के रूप में स्वीकार नहीं किया गया था।

हमारी सरकार ने इसे और अधिक लाभदायक बनाने और अन्य व्यवसायों के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए एक पेशे के रूप में खेती का स्वागत किया हैं। यह एक बहुत ही जीवंत विचार है, जो किसान भाइयों की आर्थिक स्तर को मजबूत करने में सहयोग करेगी।

आगामी वर्ष 2022 तक वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए कृषि क्षेत्र में भी निवेश के पुण्य चक्र को शुरू करने का काम हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो की काफी सराहनीय है, जैसा कि हमने पहले देखा था, अंतरिम बजट में घोषित 75000 करोड़ की प्रधान मंत्री किसान निधि योजना के माध्यम से कृषि के लिए आवंटन में तेजी से वृद्धि इस दिशा में उठाया गया मजबूत कदम है।

SFURTI की पहल से अतिरिक्त कृषि उत्पादन को ऑक्सीजन मिलेगी जो कृषि क्षेत्र के खाली दिनों में आय का सहायक रूप है। सीएफसी में क्लस्टर आधारित दृष्टिकोण उनके उत्पादन को और अधिक लाभदायक, उत्पादक और उनके आस-पास रोजगार के अवसर पैदा करने में सक्षम बनाएगा। हमारे पास देश में बाँस, शहद और रेशम की खेती में बहुत बड़ी संभावनाएँ हैं। इस पहल ने कारीगरों और अन्य श्रमिकों को अपने स्वयं के रोजगार पैदा करने में सक्षम बनाया। यह श्रम की गंभीर आवश्यकता और खेती पर निर्भरता को कम करेगा। इस पहल में शामिल होने के लिए युवाओं में अनुकूलन क्षमता को बढ़ाने के लिए 2019-20 तक 100 इन्क्यूबेटरों की स्थापना

---

* Speech was Laid on the Table.

की जाएगी। मेरी राय में, यह रोजगार सृजन के पारंपरिक मोड के अलावा भारतीय युवाओं के लिए बड़ी बात होगी । पिछले पांच वर्षों के औसत में वृद्धि भी किसानों को अल्पकालिक ऋण के लिए ब्याज सब्सिडी के कारण है, जो पहले वित्तीय सेवाओं के विभाग के तहत शामिल थी।

लेकिन अब इसे हमारी सरकार द्वारा कृषि प्रमुखता के तहत शामिल किया गया है। 2018-19 के लिए अंतिम आंकड़े की तुलना में बजटीय सकल कर राजस्व का आंकड़ा 18% से अधिक है और इसलिए सकल कर राजस्व के एक हिस्से के रूप में राज्यों को स्थानान्तरण का एक समझे गए अनुपात की ओर जाता है।

हमारी सरकार द्वारा एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार नए किसान उत्पादक संघ बनाने की योजना बनायी गई हैं। इसके साथ ही सहकारिता के माध्यम से डेयरी के कार्यों को भी बढ़ावा देने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध हैं।

हमारी सरकार ने मत्स्य पालन की तरफ जोर देते हुए कहा कि मछली उद्योग ग्रामीण भारत के लिए अहम है. आने वाले समय में हमारी सरकार ग्रामीण किसानों को इससे जोड़कर उनकी दशा-दिशा बदलेगी. इसके लिए सरकार 'प्रधानमंत्री मत्स्य पालन' योजना की शुरूआत करने की योजना बना रही हैं।

जैसा कि हम सब जानते हैं भारत गांवों का देश है तथा इसकी आत्मा गांव में ही निवास करती है। इसलिए हमारी सरकार द्वारा ज्यादा जोर गांव, गरीब और किसानों पर दिया गया है । सरकार ये मानती है कि गांवों के विकास के बिना देश का विकास नहीं हो सकता है। साथ ही कृषि को फायदे का सौदा बनाए बिना देश में बेरोजगारी दूर नहीं की जा सकती।

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जो सपना है कि 2022 तक देश के सभी गरीब का अपना एक घर हो, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमारी सरकार ने गांवों में भी इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को

बढ़ावा देने का काम किया है। पिछले 5 वर्षों में कुल 1.54 करोड़ ग्रामीण घरों का निर्माण किया गया तथा इसके दूसरे चरण में 1.95 करोड़ आवास मुहैय्या कराने का प्रस्ताव है। अगर गांवों में बिजली आपूर्ति की बात करें तो हमारी सरकार द्वारा देश के सभी गाँवों में लगभग 100% परिवारों को बिजली प्रदान की गयी है।

अगर ग्रामीण परिवेश की बात की जाए तो बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बजट में वन नेशन वन ग्रेड प्लान की घोषणा भी की गई है तथा साथ ही बिजली के ट्रैफिक में भी बड़े सुधार किए गए हैं। गांव में डिजिटलीकरण किया जा रहा है जिसके तहत हर गाँव को इन्टरनेट के माध्यम से जोड़ा जा रहा है, और इसके माध्यम से करोड़ों लोगों को डिजिटल साक्षर भी बनाया जा रहा है, और हमारी सरकार ने आगे 2 करोड़ ग्रामीणों को डिजिटल शिक्षा (Digital Education) देने का लक्ष्य रखा है।

ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं की बात करें तो, उज्ज्वला योजना के तहत 7 करोड़ एलपीजी कनेक्शन बांटे जा चुके हैं, ताकि चूल्हे की धुए की वजह से हमारी माताओं और बहनों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

हमारी सरकार ने महिलाओं के सम्मान तथा गरिमा के लिए गांव के हरेक घर में शौचालय बनवाएं हैं ताकि हमारी माताओं और बहनों को शौच के लिए घर के बाहर नहीं जाना पड़े। 5.6 लाख गांव अबतक खुले में शौच से मुक्त हो गए हैं। हमारी सरकार का यह प्रयास है आगामी 02 अक्टूबर 2019 को भारत खुले में शौच से मुक्त हो जाए।

हम लोगों को इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ना है कि वर्ष 2022 में जब हम स्वाधीनता की 75वीं वर्षगाँठ मनाएंगे तब नए भारत की हमारी जो परिकल्पना है। किसानों की आय दोगुनी होगी, हर गरीब के पास अपना घर होगा हर गरीब के घर बिजली का कनेक्शन होगा, स्वच्छ ईंधन की सुविधा होगी, हर गरीब खुले में शौच की मज़बूरी से मुक्त होगा, सभी गरीब को मेडिकल सुविधा

मिलेगी, देश का हर गांव सड़क से जुड़ा होगा, गंगा की धारा अविरल और निर्मल होगी, किसानों की आय दोगुनी होगी, हर युवाओं के हाथ में रोजगार होगा तथा हम एक नई उर्जा और आत्मविश्वास के साथ विश्व के विकास को नेतृत्व देने के लिए कदम बढ़ाएंगे।

धन्यवाद।

**ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Thank you, Chairperson, Sir, for giving me this opportunity to speak on Demands for Grants under the control of the Ministries of Rural Development and Agriculture and Farmers Welfare for 2019-20.

Sir, around 52 per cent of the population of our country is solely dependent on agriculture for their livelihood. It is the biggest contributor to country's GDP with 17 per cent of the total. But the agriculture growth is seen slipping to 2.7% from 5% compared to last year. Taxes forgone for corporates have gone up by about Rs.1,08,785 crore and are put at 6 per cent of the GDP. It clearly shows the pro-capitalist leaning of the Government.

The present condition of agriculture in our country is alarming. Around 10 farmers commit suicide each day in India. Nearly 300,000 farmers have ended their lives in the last 20 years. The role of the Government in controlling prices of fertilizers is also losing. Self-sufficiency in fertilizer production is also lost and our farmers are depending upon the private companies. I would not go into details in this regard.

The unwise policies of the Central Government in terms of agriculture and plantation sectors in Kerala are staring at an uncertain future. Kerala is the largest producer of natural rubber in India. Currently, the fall in price of rubber has created an unprecedented economic situation in Kerala. The State Government has asked for a Minimum Support Price of Rs.200 for rubber,

which was denied by this Government. The demand for increase in import duty for rubber is a long pending demand of Kerala.

Sir, the devastating floods that have left a trail of destruction will cripple the State's agriculture production in a major way. Declaration of Minimum Support Price for cash crops is the only way out to save the farmers from committing suicides.

Moreover, in this context, the Central Government wants to take an immediate step to consider the concerns of the farmers by declaring a two-year moratorium on all agriculture loans. I request the Agriculture Minister to take an initiative for a discussion with the Finance Minister in this regard. The Kerala Agriculture Minister has submitted a memorandum to the Union Agriculture Minister and the Finance Minister in this regard.

Sir, the much-coveted Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) is providing some relief to the rural poor in the form of employment and social security. It aims to enhance livelihood security in rural areas by providing at least 100 days of wage employment in a financial year to every household. The Finance Minister has allocated an amount of Rs.61,000 crore for MGNREGS but it is less than the amount sanctioned in the last five years.

**19.00 hrs**

The Government has to allocate more funds considering that there are drought like conditions in close to 40 per cent of India's districts this year and deficit monsoon. There is a need to include more sectors like fishing,

agriculture, fish processing, coir sector, cashew sectors in MGNREGS and for doing this, the Act needs to be amended. By amending the MGNREG Act, traditional jobs in many sectors can be protected. The Government wants to make sure that 100 days of employment is provided. The arrangement of time for workers needs to be fixed according to the climatic conditions of the concerned States. The wages of workers should be revised in accordance with the minimum wages fixed by the State. A new pension scheme for MGNREGS workers also needs to be declared by the Central Government.

When we come to PMAY, of the total target, 60 per cent is reserved for SC/ST, 15 per cent for minorities and five per cent for physically challenged. As far as Kerala is concerned, the housing problem of SC/ST has been addressed by the State Government during last several years, but the number of homeless belonging to general category in Kerala is about five lakhs. As the target for general category is very low, the housing problem of general category cannot be solved by this scheme. The solution is raising the percentage of allocation to the general category.

The financial assistance for PMAY in rural areas is Rs. 1,20,000. The Central assistance is only Rs. 70,000. In Kerala, the unit cost of houses is Rs. 4,00,000 under LIFE Mission, a State Government housing project. If the Central assistance for houses is not enhanced, there will be a huge burden on the State Government as for each PMAY house, an amount of Rs. 3,30,000 will have to be given by the State Government. So, the Central share of PMAY

houses will have to be enhanced to at least Rs. 3,00,000 for Kerala. Otherwise, the dream 'Housing for All' cannot be attained.

For urban sector PMAY, the Central assistance is only Rs. 1,50,000 while in Kerala, the unit cost is Rs. 4,00,000. So, the Central assistance for PMAY Urban also needs to be enhanced.

Before I conclude my speech, I would like to draw your attention to PMGSY roads. I support all the views expressed by the hon. Member Shri E.T. Mohammed Basheer in this regard. For the construction of *grameen* roads, there are some practical problems in every State. In Kerala, the availability of land is a major concern. Considering the shortage of land and population density, there is a need for allocation of money directly to the Local Self-Government Departments.

The other issue is the need for relaxation of stringent criteria for the construction of PMGSY roads. Already the State Government of Kerala and the Central Government have come to an understanding regarding the width of PMGSY roads. The width of PMGSY roads has been reduced from eight metres to six metres at some places, but it is not possible to construct roads of that width in some coastal areas. For that region, the width of the roads needs to be fixed at four metres in consultation with the State Government. In this regard, my request is that the State Government may be authorised or permitted, wherever it deems fit, to reduce the width of the road.

Thank you.

**डॉ. संघमित्रा मौर्या (बदायूं):** माननीय सभापति जी, धन्यवाद।

मान्यवर, आज सबसे पहले तो मैं पूरे सदन को और पूरे देशवासियों को बधाई दूंगी कि आज गुरू पूर्णिमा है, आषाढ़ी पूर्णिमा है । आपकी कुर्सी के ऊपर भी लिखा हुआ है - धर्मचक्र प्रवर्तनाय। आज धर्मचक्रप्रवर्तन दिवस भी है। आज ही के दिन तथागत भगवान बुद्ध ने सारनाथ में पहली बार अपना उपदेश दिया था, तो आज सबसे पहले आप सभी लोगों को बहुत-बहुत बधाई।

**19.04 hrs** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

सभापति जी, बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने हमें ग्रामीण विकास और कृषि जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखने का मौका दिया। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। आज भी हमारे देश में 80 प्रतिशत लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, जो गांवों में ही रहते हैं। इसलिए भारत जैसे विकासशील देश के समुचित विकास और प्रगति के लिए ग्रामीण परिवेश पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आज इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ऐसे प्रधान मंत्री हैं जो आज सही मायने में ग्रामीणों पर ध्यान दे रहे हैं। यदि हमारे प्रधान मंत्री जी किसी पर सबसे ज्यादा ध्यान दे रहे हैं तो वे गांव, गरीब, मजदूर, किसान, खेत एवं खलिहान पर दे रहे हैं, जिससे हमारे कृषि क्षेत्र से जुड़े हुए लोग आगे बढ़ें।

मान्यवर, सामने बैठे हुए लोग कहते हैं कि यह सरकार कुछ नहीं कर रही है, किसानों और ग्रामीणों के हित में काम नहीं हो रहा है। मैं कहती हूं कि यदि 55 साल और 5 साल की तुलना की जाए, तो सब साफ-साफ दिख जाएगा। आज तक यहां पर सरकारें जरूर चलती रही हैं, लेकिन कभी किसी ने ग्रामीणों के बारे में चिंता करने का काम नहीं किया। आज सिर्फ मोदी जी हैं, जो ग्रामीणों की चिंता कर रहे हैं। योजनाओं के माध्यम से उनको लाभ पहुंचाने के साथ-साथ, जो सबसे बड़ी बात है, उन्होंने उनके स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया है। यदि किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा है, तो वह किसी भी कार्य को कर सकता है। माननीय मोदी जी जो भी योजनाएं लाए हैं, वे स्वास्थ्य से जुड़ी हुई हैं। चाहे वह उज्ज्वला योजना रही हो, हमारी माताओं और बहनों को आँखों

और फेफड़ों में दिक्कतें हो जाया करती थी, उससे उन्हें छुटकारा मिला है । शौचालय के लिए 'इज्जत घर' योजना आई है । हमारी माताओं और बहनों को अंधेरे का इंतजार करना पड़ता था । उनके पेट में तमाम तरह की बीमारियां हुआ करती थी । जब वे बाहर जाया करती थी, तो उनके इज्जत-आबरू के साथ भी तमाम तरह के लोग छींटाकशी किया करते थे । उससे आज उनका बचाव हो रहा है ।

मान्यवर, आज प्रधान मंत्री आवास योजना तीन करोड़ लोगों तक पहुंच चुकी है । इस योजना के माध्यम से भी गरीबों को लाभ पहुंच रहा है । लोग मिट्टी के घरों में रहते थे । बरसात के मौसम में पानी टपका करता था । लोग झुग्गी-झोपड़ी में रहते थे, पन्नी से तान कर तंबू में रहते थे । आज उन सब चीजों से उनकी सुरक्षा हो रही है । ठंडे तथा बरसात के मौसम में लोगों की असमय मृत्यु हो जाया करती थी । उससे भी आज उनकी सुरक्षा हो रही है । सौभाग्य योजना नि:शुल्क बिजली कनेक्शन तथा एल.ई.डी. के लिए है । यह योजना लगभग आठ करोड़ लोगों तक पहुंच चुकी है । जब गांवों में बच्चे पढ़ा करते थे, तो चिमनी या लालटेन जला कर पढ़ते थे । लोग खाली शीशी में कपड़ा लगाकर और किरोसीन डालकर उसकी लाइट में पढ़ा करते थे । उसके धुंए से भी आँखों का नुकसान हुआ करता था । जब वह धुंआ सांसों के माध्यम से फेफड़ों में जाता है तो उससे भी नुकसान हुआ करता था । इस योजना से उन बच्चों का भविष्य भी सुधरेगा । छोटे-छोटे बच्चे ही उसकी रोशनी में पढ़ते थे । इससे उनकी आँखों पर काफी असर होता था ।

महोदय, आयुष्मान भारत योजना करीब 10 करोड़ परिवार तक पहुंच गया है । 10 करोड़ परिवार का मतलब है कि यह योजना 50 करोड़ लोगों तक पहुंच चुकी है । आयुष्मान भारत योजना शायद गरीबों के लिए रामबाण है । जो लोग एक हजार या दो हजार रुपये के अभाव में इलाज के लिए चुपचाप बैठ जाते थे और वे इलाज नहीं करा सकते थे, वे सोचते थे कि जब तक चलेंगे, भगवान भरोसे चलेंगे । लोग उस मरीज को अस्पताल में ले जाकर छोड़ आया करते थे । मैं भी एक डॉक्टर हूं । मैंने देखा है कि ऐसे मरीजों को घर वाले अस्पताल में छोड़कर चले जाते थे । जब उनसे पूछा जाता था कि कैसे आए हैं, क्यों आए हैं, कौन छोड़ कर गया है, तो पता चलता था कि उनके

पास इतना पैसा नहीं है कि वे इलाज करा सकें, इसलिए वे मरीज को छोड़ कर चले जाते थे। ऐसे व्यक्तियों के लिए पांच लाख रुपये बहुत मायने रखते हैं। इसके लिए मैं माननीय मोदी जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं।

मान्यवर, मैं किसान सम्मान योजना के बारे में भी बोलना चाहती हूं। जो लोग कह रहे हैं कि छह हजार रुपये कोई मायने नहीं रखते हैं। हमारे और आपके लिए छह हजार रुपये जरूर मायने नहीं रखते होंगे, लेकिन जिन्हें एक रोटी या आधी रोटी मुश्किल से मिलती हो, उनसे जाकर पूछिए कि उनके लिए छह हजार रुपये क्या है। छह हजार रुपये की कीमत वे जानते हैं, जिन्हें पेट भर कर खाना नहीं मिलता है, जो आधी रोटी खाकर खुद भूखे रहते हैं और अपने बच्चों को आधी रोटी खिलाकर किसी तरह से सुला देते हैं। उनके लिए छह हजार रुपये बहुत मायने रखता है। यदि हम पूर्ववर्ती सरकारों की बातें करें, तो हमारे किसान भाई खाद के लिए लाइन लगाया करते थे। वे लाइन लगाते थे, लेकिन उनको खाद नहीं मिलती थी। लाइन में लगे-लगे उनको लाठियों से मारा जाता था। आज की जो सरकार है, उसमें न तो किसान को लाइन में लगना पड़ता है और न ही लाठियां खानी पड़ती हैं। आज उनको आसानी से खाद प्राप्त हो रही है। यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा हर व्यक्ति और हर वर्ग को ध्यान में रखा गया है।असंगठित क्षेत्र से जुड़े हुए श्रमिकों के लिए भी, यदि वे 60 साल पूरे कर रहे हैं, तो उनको 3 हजार रुपये प्रति माह पेंशन के रूप में दी जा रही है। चाहे वह ठेले वाला हो, बैलगाड़ी वाला हो, तांगे वाला हो, रिक्शे वाला हो, धोबी हो, मोची हो या घर-घर काम करने वाली महिलाएं हों, कूड़ा बीनने वाला हो या घर-घर अखबार पहुंचाने वाला हॉकर हो, आखिरी पायदान पर खड़े हुए व्यक्ति तक माननीय मोदी जी की नजर है और वे उन सबके विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। यदि ये सारे कार्य हमारी पूर्ववर्ती सरकारों ने किए होते, तो आज जब इस देश के प्रधान मंत्री माननीय मोदी जी बनते, तो निश्चित तौर पर यह देश कहीं और होता। उन सरकारों ने इस देश की और न ही देशवासियों की चिंता की, बल्कि इस देश को खोखला करने का ही काम किया है।

मोदी जी ने इसकी शुरुआत पिछले पांच सालों में कर दी है। हम इतिहास में पढ़ा करते थे कि हमारा भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। आज भारत को पुन: सोने की चिड़िया बनाने के लिए माननीय मोदी जी अग्रसर हो चुके हैं। मैं दो लाइनें इस पर कहना चाहूंगी-

"मोदी जी ने विकास के नाम पर भारत का मान बढ़ाया है

सोने की चिड़िया यह पुन: बनेगा, इस संकल्प का दीपक जलाया है।"

मान्यवर, मैं पहली बार बोल रही हूं, इसलिए थोड़ा सा समय चाहूंगी। ग्रामीण विकास के संदर्भ में यदि हम बात करें, तो 25 दिसम्बर, 2000 के तत्कालीन प्रधान मंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा जो ग्राम सड़क योजना चलाई गई थी, सही मायने में आज वह साकार होती हुई नजर आ रही है। इसी को ध्यान में रखकर दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना भी प्रारम्भ की गई है। इसमें ग्रामीण युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए उनकी न्यूनतम मजदूरी के बराबर या उससे ऊपर वेतन उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। सभी स्टेट का तो मुझे नहीं पता, लेकिन हमारे स्टेट में अगर बेरोजगारी बढ़ी है, तो वहां की पूर्ववर्ती सरकारों की वजह से वहां ज्यादा बेरोजगारी है। वहां पर सरकारें बनती थीं, तो बेरोजगारों को रोजगार देने के बजाय, एक हजार रुपये या दो हजार रुपये का उन्हें बेरोजगारी भत्ता दिया करते थे, जिसकी वजह से वहां के नौजवान काम से छुटकारा पाकर बैठ जाया करते थे, इसलिए उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी ज्यादा है। आज माननीय मोदी जी की सरकार और उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार रोजगार को बढ़ावा देने के लिए, बेरोजगारी को खत्म करने के लिए हर सम्भव प्रयास करने का काम कर रही है।

स्वर्ण जयन्ती ग्रामीण रोजगार योजना को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के रूप में पुन: डिजाइन किया गया है। इस योजना का उद्देश्य पूरे देश में महिलाओं के स्वयं सहायता मॉडल को सशक्त करने के लिए किया गया है।

मान्यवर, तमाम योजनाएं हैं, मैं उनके बारे में विस्तार में नहीं कहूंगी, केवल उनके नाम लेना चाहूंगी । ग्रामीण समुदाय के भीतर जागरूकता बढ़ाना, गरीब ग्रामीण युवाओं की पहचान करना, रोजगार के अवसर ढूंढ़ने वाले ग्रामीण युवाओं को जुटाना, ग्रामीण युवाओं एवं उनके माता-पिता की काउंसलिंग करना, योग्यता के आधार पर कुशलता विकसित करने के लिए युवाओं का चयन करना, रोजगार के अवसर के हिसाब से ज्ञान, उद्योग से जुड़े कौशल और विजन उपलब्ध कराना, ऐसी नौकरी देना जिसका सत्यापन स्वतंत्र तरीके से किया जा सके व नियुक्ति के बाद सतत आय की मदद उपलब्ध कराना, ग्रामीण इलाकों से पलायन को रोकना, अधिक से अधिक ग्रामीण लोगों की पहुंच तक रोजगार को सुनिश्चित कराना, इसी प्रकार कई कुशलतम कार्यक्रम महिलाओं के लिए, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक व दिव्यांगों के लिए भी रखे गए हैं । आज ग्रामीण विकास को अगर कृषि से न जोड़ा जाए, तो शायद बात अधूरी रह जाएगी ।

मान्यवर, मैं उत्तर प्रदेश के बदायूं लोक सभा क्षेत्र से माननीय मोदी जी और माननीय अमित शाह जी के आशीर्वाद से चुनाव जीत कर आई हूं ।

एक माननीय सदस्य थे जो लगातार वहां से पांच बार सांसद रहे, लेकिन आप वहां जाकर देखेंगे तो विकास के नाम जैसी कोई चीज वहां नहीं दिखाई देती है । मैं चाहती हूं कि बदायूं को अच्छी सड़क से जोड़ा जाए । सड़क एक ऐसी चीज है जो वहां नहीं गई । पिछले पांच साल में मोदी जी की योजनाएं घर-घर तक पहुंची है और जो नहीं पहुंची हैं या जिसमें दिक्कतें आ रही हैं, वह भी उन तक पहुंचे ।

हमारे किसान अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए लोन लेते हैं तो उस पर दस प्रतिशत ब्याज देना पड़ता है जो उनके लिए बहुत भारी पड़ता है । मैं अनुरोध करती हूं कि उस ब्याज में थोड़ी कटौती की जाए । इसके साथ-साथ हमारे क्षेत्र में जो कमियां रह गई हैं उन्हें पूरा किया जाए । लास्ट लाईन के साथ मैं अपनी बात समाप्त करूंगी ।

“गांव के गिराँव को
और उनके मनोभाव को
सत्कार करती हूं
ग्रामीणों के स्वाभिमान को,
अन्नदाता के अभिमान को
प्रणाम करती हूं,
प्रणाम करती हूं”

बहुत-बहुत धन्यवाद ।

***श्री पी. पी. चौधरी (पाली):**

"मिट्टी के घर मे रहने वाले किसान के छत से पानी रिसता है,

मगर एक किसान फिर भी बारिश की दुआ करता है"

भारत की 70 प्रतिशत जनता 6,49,481 गांवों में रहती है। कृषि मुख्य व्यवसाय है। देश में कुल रोजगार का लगभग 54.6 प्रतिशत रोजगार कृषि और कृषि से जुडे व्यवसायों पर ही निर्भर है। यही असली भारत है, जब तक यह भारत आगे नहीं बढ़ेगा देश आगे नहीं बढ़ सकता। जब तक इस भारत का विकास नहीं होता, तब तक देश विकसित नहीं हो सकता है।

कांग्रेस सरकार द्वारा अन्त समय में जो बजट पेश किया गया था उसमें किसानों के लिए 18,981 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई थी और आज सदन के माध्यम से देश देख रहा है कि यह धनराशि लगभग 8 गुणा से भी अधिक बढ़कर आज 1,51,518 करोड़ हो गया है।

मैं एक किसान का बेटा हूँ। पूरा बचपन और जवानी खेतों में काम करते हुए गुजारी है, पेड़-पौधों के बीच, गाय-बैलों को चराते हुए। उस वक्त अगर मैं किसी से कहता कि एक रोज मैं इस देश के संसद में बैठूंगा जिसके प्रांगण से कभी बाबा साहब अम्बेडकर, राम मनोहर लोहिया और श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जैसे विरलों ने भाषण दिया था तो लोग हँस देते मगर आज विधि का विधान देखिए कि उसी किसान समुदाय से आने वाला एक इंसान और एक मामूली किसान का बेटा आपके समक्ष अपने किसान भाइयों की बात रख रहा है।

आज जब माननीय प्रधानमंत्री योग को इतना बढ़ावा दे रहे हैं तो मैं कहना चाहता हूँ कि इस समाज में खेती से बड़ा कोई योग नहीं और एक किसान से बड़ा कोई योगी नहीं है। मगर इस समाज की विडंबना देखिए की शहर में रहने वाला एक वर्ग गांव में खेती करने वाली इन्हीं किसानों को देहाती बोल कर धिक्कारते हैं और केवल कल्पना कीजिये कि अगर देश के सभी किसान खेती

---

* Speech was Laid on the Table.

छोड़ दें तो क्या स्थिति होगी। लोगों की जेब में पैसे तो होंगे मगर देश में पेट भरने के लिए अनाज नहीं होगा।

मेरा ऐसा मानना है कि इस देश की रक्षा केवल सरहद पर तैनात एक सैनिक नहीं करता, बल्कि इस देश के अंदर गाँव में रहने वाला किसान भी एक सैनिक है जो भुखमरी, कुपोषण और इन जैसी तमाम आपदाओं से बचा कर देश के लोगों की रक्षा करता है।

कोयलों की खदानों से निकलने वाले खनिज और धातु मूल्यवान हैं। मगर इन सबसे मूल्यवान है अपने हाथों से इस पावन मिट्टी को सींच कर इसके गर्भ से अनाज के कोपलों को फूटते हुए देखना।

जनसंख्या में वृद्धि होनी है, सभी वस्तुओं की मांग बढ़नी है। हमें हमारे पास क्षेत्रफल बढ़ाने की सीमा है। उत्पादकता बढ़ाने की आवश्यकता है। ऊसर भूमि को कृषि योग्य बनाकर कृषि के लिए अतिरिक्त क्षेत्रफल जोड़ने का आवश्यकता है।

कृषि पर देश की जनसंख्या के 70 प्रतिशत लोग निर्भर रहते है और यू.पी. ए. सरकार द्वारा इन 70 प्रतिशत लोगों को इग्नोर किया गया, जिसके कारण कृषि का जी.डी.पी. में योगदान 60 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत रह गया। 1998-2000 तक एन.डी.ए. के शासन काल में यह हिस्सा 26 प्रतिशत था जो घटकर वर्ष 2012-13 में पुनः 13 प्रतिशत ही रह गया। इससे साफ जाहिर होता है कि यू.पी.ए. सरकार द्वारा कृषि को नजरअंदाज किया जा रहा था। लेकिन एन.डी.ए. ने पुनः कृषि को बहुत अधिक महत्व देते हुए बजट पेश किया है और गत 5 वर्षों के परिणामों के अनुसार पिछली सरकार के मुकाबले आज जी.डी.पी. में कृषि का योगदान 17 प्रतिशत है। हमारी सरकार को जानकारी है कि बजट वर्तमान की बजाय भविष्य का होना चाहिए और इन्डस्ट्रीयल व एग्रीकल्चर प्रोडेक्शन ग्रोथ के माध्यम से आज के इस वातावरण में 7 से 8 प्रतिशत तक जी.डी.पी. की ग्रोथ रेट प्राप्त की जा सकती है।

किसानों को लेकर हमारे प्रधानमंत्री जी का एक बहुत बड़ा विजन है। शत प्रतिशत एफ.डी.आई. के माध्यम से डिफेन्स उपकरणों को बाहर से खरीदा जाता था, जिसके कारण कई

सेक्टरों व देश की आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ता था। सरकार द्वारा डिफेन्स व इन्शोरेंस के सेक्टर में एफ.डी.आई. की लिमिट को 49 प्रतिशत करने से हमे डिफेन्स उपकरणों को खरीदने के लिए बाहर से पैसा नहीं लेना पड़ेगा तथा ऐसे इक्युपमेंटों को देश में बनाने में भी मदद मिलेगी इसके साथ-साथ इस से सम्बन्धित निर्णयों में भी हमारा कन्ट्रोल होगा।

जी.एस.टी. को लेकर भी माननीय प्रधानमंत्री जी का अपना एक अनपैरेलल विजन है। इसकी वजह से टैक्स ईवेजन, हरासमेंट तो कम होगा साथ-साथ जी.डी.पी. में भी बढ़ोत्तरी होगी। देश के अन्नदाता किसान पर बाजार और मौसम की मार के अनगिनत किस्से और समाचार आए दिन सुनने को आते है। इस देश की जनता के साथ-साथ संसद की इमारत ने भी पच्चासों वर्षों से किसान की हालत के बारे में चर्चा सुनी है। देश का अन्नदाता किसान दरिद्र नारायण बना हुआ है और हमारी पूर्व में बनाई योजनाएं नाकाफी साबित हुई है। वर्तमान सरकार द्वारा मौसम की मार से नुकसान फसल के मुआवजे से सम्बंधित कानून में बदलाव कर किसान को काफी राहत प्रदान की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड और कई अन्य प्रयास भी किसान की आर्थिक स्थिति सुधारने मे सहायक साबित हुए है।

हमारे देश में 60 प्रतिशत से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर रहती है। यह सर्वविदित है कि मानसून 5 वर्षों में लगभग 2 बार ही ठीक रहता है, जिसका किसान पूरा-पूरा लाभ ले पाता है। वर्षा का जल संचय करने में भी हमारा देश काफी पीछे है, हमारे देश में वर्षा के जल का 6 प्रतिशत हिस्सा ही काम में लिया जाता है बाकी 94 प्रतिशत पानी बहकर समुद्र में मिल जाता है। यदि इस 94 प्रतिशत पानी का बांधों के माध्यम से संचय किया जाता है तो इसके माध्यम से 25 मिलियन हैक्टेयर पर सिंचाई की जा सकेगी, 24000 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा तथा 10 मि.लि. हैक्टेयर क्षेत्र के ग्राउण्ड वाटर में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी। इसके साथ-साथ देश खाद्यान्न, फल, सब्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि बड़ा निर्यातक देश भी हो सकता है और हम बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकते है। देश के किसान को खेती व युवाओं को बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध होने लगेंगे तो देश को फूड सिक्योरिटी व मनरेगा जैसी योजनाएं

चलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिसके माध्यम से लाखों करोड़ों रूपये बचा कर इन्फ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किया जा सकते है, ताकि देश में शिक्षा चिकित्सा, सड़क आदि के क्षेत्र में भरपूर विकास किया जा सकेगा।

नदियों को जोड़ना, सूखा व बाढ़ की समस्या का ही हल नही बल्कि इसके माध्यम से आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध करवाने के साधन भी उपलब्ध होगें, कृषि हेतु सिंचाई के लिए भी उपयुक्त मात्रा में जल उपलब्ध करवाकर कृषि क्षेत्र का विकास किया जा सकेगा। कृषि में विकास होने पर जी.डी.पी. में कृषि का योगदान बढ़ेगा और देश तेजी से विकास मार्ग की और बढ़ेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि नदियों को जोड़कर सूखे व बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे राज्यों को राहत देने की योजना तैयार करने की कृपा करें।

केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान राज्य में चलाई जा रही एग्रीकल्चर टेक्नोलोजी मैनेजमेंट ऐजेंसी (आत्मा) को किसान प्रशिक्षण व मेलों के लिए मिलने वाले बजट में इस वर्ष कटौती की गई है। इस योजना के माध्यम से किसानों को कृषि में नई तकनीकों को अपनाने, कृषि उत्पादों के मण्डी तक पहुँचाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं, किसान मेले व प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाती है। अगर बजट में कमी की जाती रही तो निश्चित रूप से किसान की स्थिति पर विपरीत असर पड़ेगा।

अतः मेरा निवेदन है कि किसान हित में एग्रीकलचर टेक्नोलोजी मैनेजमेंट ऐजेंसी (आत्मा) योजना को अनवरत रखा जाये और इसके बजट में की गई कटौती वापस ली जाये, ताकि राज्य में खेती की नई तकनीक व किसान प्रशिक्षण, किसान मेले प्रभावित ना हो।

किसानों को खेतों में अत्यधिक उर्वरक प्रयोग पर रोक लगाना चाहिए एव जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोस्ताहित करके जलवायु में सुधार किया जा सकता है।

दुग्ध उत्पादक संघ के विशेषज्ञ उत्तरी पश्चिमी राजस्थान का पूरा सर्वेक्षण करके इस नतीजे पर पहुंचे है कि प्राकृतिक वनस्पति जिसमें घास एवं पारम्परिक खेती के साथ पशुपालक कृषकों का उत्थान होगा और इससे रोजगार के नये स्त्रोत खुलेगें, जिससे आम नागरिक को फायदा होगा।

उत्तरी पश्चिमी राजस्थान का जीवन-आधार पशुपालन एवं पारम्परिक खेती के साथ घास उत्पादन किया जाना था। स्वतन्त्रता के पश्चात् नई तकनीकी अपना कर सेवण घास, भूरट, डचाभ, गडिया, पाला इत्यादि को पूर्णतया नष्ट कर दिया गया है और पारम्परिक खेती नाममात्र की रह गई है जो बरानी बरसात होने पर की जाती है। इस क्षेत्र के किसानों का पशुओं के लिए उत्तम घास सेवण, भूरट, पाला, डचाभ इत्यादि उगाकर पशुपालन करने से किसान को अधिक लाभ होगा इसके साथ पारम्परिक खेती करने से अच्छी गुणवत्ता वाला अनाज पैदा होगा।

इन्दिरा गांधी नहर परियोजना व अन्य नहर परियोजनाओं से राजस्थान के पश्चिमी क्षेत्र में सेवण घास उगाकर पशुपालन किया जाने पर प्रति मुरबे की आय में 10 गुणा तक बढोत्तरी होना निश्चित है। मुंगफली, गेहुँ, नरमा उगाने के अनुपात में सेवण घास उगाने पर खर्चा आधे से भी कम होगा एवं पच्चीस बीघे में तीस गाय एवं 100 भेड़ बकरियों का चारा उत्पादित होगा। इसके साथ ही पारम्परिक खेती का लाभ भी वर्तमान खेती से कम नहीं होगा और तीस गाय का दुग्ध रोज 300 ली. उत्पादित होगा जिसका मूल्य 4500 रू प्रतिदिन होगा। साथ ही 450 किलो गोबर प्रतिदिन प्राप्त होगा जिसकी 2250 रू प्रतिदिन आय है। इसके अतिरिक्त भेड बकरियों की आय 100 रू प्रतिदिन होगी। इन के लिए चारा खेत से ही उगाकर दिया जायेगा एवं पानी की व्यवस्था सिंचित क्षेत्र में उपलब्ध है। मात्र चारा एवं रख- रखाव का पैसा ही व्यय होगा। पारम्परिक खेती की आय खरीफ व रबी दोनों फसलों को मिलाकर 10,000 रू प्रति बीघा निश्चित है। सेवण घास एवं परम्परिक खेती के लिए सिंचाई पानी मात्र 2 क्युसिक प्रति हैक्टेयर लगाकर उत्तम खेती प्राप्त की जा सकती है।

उत्तरी पश्चिमी राजस्थान में लाखों हेक्टेयर भूमि को नकारा करार कर छोड़ रखा है जो थोडे से ही सोना उगलेगी और लगभग 2 करोड़ गाय एवं 20 करोड़ भेड-बकरियों को आसानी से चारा उपलब्ध करवाया जा सकता है। 2 करोड़ गायों का दुग्ध 20 करोड़ लीटर प्रतिदिन होना निश्चित है, जिसकी आय 300 करोड़ रूपये प्रतिदिन होगी। साथ ही 3 लाख टन गोबर प्रतिदिन मिलेगा। जिसकी आय 150 करोड़ रूपये प्रतिदिन हागी। जिसमें बकरियों का दुग्ध, भेड़ों की ऊन व

खाद के रूप में मिगणियों को मिलाकर अनुपात निकाला गया है। इसके अतिरिक्त इनकी बढोत्तरी भी प्रतिवर्ष तीन गुणा होती है। क्योंकि भेड़ बकरी साल में दो बार ब्याहती है और इन पर खर्चा मात्र देखरेख एवं रखवाली का ही होता है।

इस क्षेत्र में बरसाती पानी को एकत्रित करने का पिछले साठ वर्षों से कोई प्रयास नहीं किया गया है, जिसके फलस्वरूप इन्दिरा गांधी नहर एवं कुओं के पानी पर ही निर्भर रहना महंगा साबित हो रहा है। मेरा इस सम्बन्ध में सुझाव है कि राजस्थान राज्य की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक किसान के लिए एक लाख लीटर क्षमता वाला वाटर टैंक बनाने की अनुमति किसान के स्वयं के खेत में दी जावें, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में पानी की उपलब्धता के लिए बेहतर आधारभूत ढाँचा विकसित हो सके एवं किसान अपने स्वयं के खेत में खेती के साथ-साथ बागवानी के लिए भी अग्रसर हो सके एवं आय के अतिरिक्त स्त्रोत भी विकसित हो सके। प्रथमतः राजस्थान के सभी 11 मरूस्थली जिलों में सभी 5 लाख लघु एवं सीमान्त कृषकों को इस कार्यकम में सम्मिलित किया जावें। इसके लिए तकनीकी दृष्टि से 15 फुट व्यास एवं 20 फुट गहरा टांका बनाना आवश्यक है, जिसके चारों ओर प्रत्येक जिले की औसत वर्षा के आधार पर कम से कम 60 से 80 फुट व्यास का जलग्रहण क्षेत्र (आगार) बनाया जाए। इस योजना के क्रियान्वयन में हमारा यह भी सुझाव है कि जलग्रहण क्षेत्र स्थानीय मुरड़ या अन्य सामग्री से कुटाई कर पक्का बनाया जाए जिससे एक ही अच्छी वर्षा से टांका पूरा भर जाए। इस माप के टांके एवं आगौर के निर्माण पर तकनीकी आकलन के आधार पर लगभग 1,00,000/- रु. का खर्चा आएगा। जिसमें लगभग 50 प्रतिशत श्रम पेटे एवं 50 प्रतिशत राशि सामग्री पेटे आवश्यक होगी। टांकों का निर्माण सभी की सहभागिता से कृषकों द्वारा स्वयं ही अपने-अपने खेत में किया जाएगा। जिससे उसके परिवार के सदस्य एवं गांव में उपलब्ध भूमिहीन श्रमिक एवं अन्य बेरोजगार श्रमिकों को भारी संख्या में श्रम रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा।

पूरे पश्चिमी राजस्थान के क्षेत्र में पशुपालन को बढ़ावा देकर प्रत्येक किसान को किसान की रूचि के अनुसार कम से कम पाँच पशु उपलब्ध करवाकर किसानों के बीच ए.पी.एल/ बी.पी.एल का

भेद मिटाकर प्रत्येक किसान के खेत में 1 लाख लीटर क्षमता का कुण्ड बनवाकर खेती के साथ-साथ पशुपालन, दुग्ध व्यवसाय, मेडिसनल प्लान्ट, होर्टिकल्चर आदि को बढ़ावा देकर कृषि का समग्र विकास किया जा सकता है एवं किसानों की माली हालत को सुधारा जा सकता है।

मैं यह भी कहना चाहूंगा कि केमिकल फर्टिलाइजर के रूप में तो सब्सिडी जारी की जाती है, लेकिन प्राकृतिक उर्वरकों पर किसी प्रकार की कोई सब्सिडी जारी नहीं की जाती है, जिसके चलते किसान जैविक खेती की और आकर्षित नहीं होते।

रसायनिक खाद्य का प्रयोग पारम्परिक प्राकृतिक खाद्य के तरीके को जड़ से खत्म करता जा रहा है। रसायनों के प्रभाव से जमीन भी धीरे-धीरे बंजर होने लगती है और कीड़ों के अधिक पनपने की संभावना बनी रहती है, जिससे बचने के लिए किसान अत्याधिक मात्रा में कीटनाशको का प्रयोग करने लगते है। कुछ कीटनाशक तो सिस्टमेटिक होते है जो पानी या खाद के साथ घोलकर प्रयोग में लिये जाते है, जिसका असर प्लान्ट के अन्दर और उपज के अन्दर तक हो जाता है, ये कीटनाशक ऊपर से स्प्रे किये जाने वाले कीटनाशकों से कहीं अधिक हानिकारक होते है। ऐसे कीटनाशक मानव शरीर के लिए अत्यन्त हानिकारक होते है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी ने इस समस्या से किसान को निजात दिलाने के लिए हाल ही मे राजस्थान से भूमि स्वास्थ्य कार्ड स्कीम जारी की है, जो कि अपने आप में पहला निर्णय है, जिससे किसानों को अपनी जमीन में रसायनिक खाद के प्रयोग की जानकारी मिल सकेगी और किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकेगा। इसके साथ-साथ आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई जा सकेगी। किसान चाहते हुए भी जैविक खाद और स्प्रे का प्रयोग नहीं कर पा रहा क्योंकि ये कैमिकल खाद व स्प्रे से अधिक महगें है। जैविक खाद पर सब्सिडी नहीं दी गई तो हम चाहते हुए भी जैविक खेती को प्रोत्साहन नहीं दे पाएंगे।

मानसून की अनिश्चितता एवं सूखे के कारण मंहगाई और बढ़ने की सभावना है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिकों को निर्देशित करें की सूखे एवं मानसून की अनश्चितता से बचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था के बारे में सुझाव दें। इनमें ऐसे कुछ सुझाव हो सकते है. जैसे

जैविक खाद का ज्यादा प्रयोग, ड्रिप एवं माईक्रो ईरिगेशन का ज्यादा प्रयोग, आर्गेनिक फार्मिंग को बढावा, चारा उत्पादन के क्षेत्र में नवीन तकनकी का प्रयोग करके हरा चारा आधिक से अधिक उगाने का प्रयास किया जाना चाहिए, जिससे पशुधन बचाया जा सके एवं वैकल्पिक व्यवस्था के जरिये अनाज का भी उत्पादन संभव हो सके।

कृषि क्षेत्र को सिंचाई हेतु जल उपलब्धता के अलावा कृषि को संरक्षण की भी आवश्यकता है। सरकार द्वारा औद्योगिक घरानों को पिछले तीन सालों में 2.5 लाख करोड़ की प्रोत्साहन राशि तथा 2.5 लाख करोड़ की विभिन्न छूटें प्रदान की गई है। कृषि क्षेत्र को भी इसी तर्ज पर प्रोत्साहन राशि व छूट देने की भी आवश्कयता है।

जिस देश की 70 प्रतिशत जनसंख्या कृषि और उसके संलग्न कार्यों में लगी हो और देश का कुल बजट का केवल 17 प्रतिशत हिस्सा देते हो तो इसी आंकड़े से कृषि की माली हालत को समझा जा सकता है।

इस स्थिति के कारणों पर गम्भीरता से विचार किया जाना चाहिए। अधिकतर किसानों को कृषि सम्बन्धी सूचनाओं, लाभदायक फसलों, वैज्ञानिक तरीके से कृषि और अपनी जमीन का उपजाऊ पन के बारे में जानकारी नहीं होती, जिसकी वजह से वह पुरानी तकनीक के आधार पर कृषि करते रहते है, जिससे उन्हें हानि ही होती है। विकसित देशों में खेती में, जिन अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जाता है, वो अभी भारतीय किसानों की पहुंच से मीलों दूर है। देश के किसान अभी भी उच्च उत्पादक बीजों विशेष प्रकार के उर्वरकों के बारे में अनभिज्ञ है। प्रतिवर्ष बारिश की कमी, सूखा और बाढ़ से हमारे देश का अधिकांश भाग प्रभावित होता रहता है, जिससे प्रभावित किसानों की कमर ही टूट जाती है।

भारत सरकार द्वारा कृषि सम्बन्धी योजनाओं में समय-समय पर काफी सुधार किया गया है, आज डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से बिचौलियों को लगभग पूर्णतयाः समाप्त कर दिया गया है, ये बिचौलिए कई दशकों से किसान का शोषण करते आ रहे थे।

मेरा एक सुझाव यह भी है कि किसानों को छोटी और महत्वपूर्ण राहत देने के लिए देश के प्रत्येक किसान को सोलर कृषि पम्प दिया जाए, ताकि वह आसानी से कृषि की लागत कम करते हुए खेती कर सके। मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि देश के छोटे किसानों के बच्चों को उच्च माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा निशुल्क दी जाए, ताकि किसान का बेटा-बेटी आत्म निर्भर बन सके।

मैं मेरे लोकसभा क्षेत्र में होने वाली मेंहदी की खेती की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि पूरे देश में मेंहदी का उत्पादन देशभर में केवल पाली जिले के सोजत क्षेत्र में ही होता है। मेंहदी की खेती और इससे जुड़े व्यवसाय इस क्षेत्र की आमदनी का मुख्य स्त्रोत है। मेंहदी की खेती में भू-जल का प्रयोग नहीं किया जा सकता, इसकी खेती पूर्णतयाः वर्षा के जल पर निर्भर करती है। इसके कामगारों का भी अत्याधिक कुशल होना अति आवश्यक है। यह फसल वर्ष में केवल एक बार ही होती है। बाकि समय खाली पड़े खेत में किसी और तरह की खेती किया जाना भी संभव नहीं है। वर्तमान जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा का समय अनिश्चित होता जा रहा है। फसल खड़ी होने के बाद वर्षा की एक बूंद भी मेंहदी के रंग को खराब व काला कर सकती है।

मैं आपको मेंहदी किसानों की समस्या की ओर अवगत कराते हुए बताना चाहूंगा कि मेंहदी की खेती को कृषि का दर्जा नहीं मिलने के कारण सरकार द्वारा कृषकों को जो लाभ दिये जा रहे है. वे उन्हें प्राप्त नहीं होते है। प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान पर भी मेंहदी किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिल पाता।

अतः मेरा अनुरोध है कि कृषि मंत्रालय द्वारा अध्ययन करवाकर मेंहदी की खेती को कृषि उत्पादों की श्रेणी में सम्मिलित कराने की कृपा करें, ताकि विश्व प्रसिद्ध भारतीय मेंहदी के किसानों को लाभ मिल सके।

अन्त में मैं माननीय प्रधानमंत्री जी और ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्री जी और इनकी पूरी टीम को इस क्रान्तिकारी बजट को प्रस्तुत करने के लिए बधाई देता हूँ और उम्मीद करता हूँ कि मेरे द्वारा दिये गए सुझावों पर शीघ्रता से ध्यान देते हुए कार्यवाही सुनिश्चित

की जाएगी और मैं वर्ष 2019-20 के लिए ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों का पुरजोर समर्थन करता हूँ।

[*] **DR. D. RAVIKUMAR (VILUPPURAM):** I lay the following views on the Demands for Grants on the Ministries of Rural Development and Agriculture and Farmers' Welfare:

Most of the rural women depend upon MGNREGAS for their livelihood. So, the work days may be increased from 100 to 150. Under PM KISAN Scheme, our Government is helping land owning farmers. But landless labourers have no means to escape from poverty. So, I candidly request the Government a scheme like Universal Minimum Income should be announced for them. Sugarcane farmers of Tamilnadu are in great distress. I request, disease resistant seeds should be distributed to them. 100% subsidy for shifting over to drip irrigation should also be extended. A sugarcane research centre should be set up at Viluppuram. Sufficient fund should be allocated to revive the century old Nandan Canal Scheme. Agro based industries should be started in Viluppuram district. Viluppuram has the highest number of temporary houses (thatched huts). I humbly request the Government to allot generously houses under PMAY. Viluppuram is the most water starved district of Tamilnadu. Now, the Government has sanctioned hydro carbon exploration licenses to Vedanta. I request the Government to withdraw the hydro carbon licenses and save the farmers of Villupuram district.

---

[*] Speech was laid on the Table.

**SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR):** Hon. Chairperson, Sir, *Vanakkam*! Thank you for giving me an opportunity to participate in the debate on the Demand for Grant relating to the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare.

At the outset, I would like to begin with a couplet from Thiruvalluvar's great '*Thirukkural*' :

*Uzhuvaar Ulakaththaarkku Aaniaq Thaatraadhu*

*Ezhuvaarai Ellaam Poruththu*

It means that 'the farmers are the linchpin of the world for they support all others who cannot till the soil'. It is time for all of us here, especially, the ruling dispensation to think as to how much we are doing for the farmers in return.

In 2017-18, the Tamil Nadu farmers were forced to protest in Delhi for more than one month for two of their legitimate demands, namely, loan waiver and remunerative prices for their agricultural produce. They wanted to meet the Prime Minister to express their feelings and pain. But, unfortunately, the hon. Prime Minister of this country, which is a great agrarian nation, did not find time to meet the farmers during his entire tenure in the last Lok Sabha while he was busy meeting celebrities and corporates. At the same time, in late 2017, farmers were shot to death in Mandsaur under the BJP regime during their fight for their rights and livelihood. Later, there were also widespread

farmer protests across the country, which were under-reported by the State-controlled media.

I would like to draw your attention to a very alarming and deeply disturbing statistics. Nearly, 21 farmers in India had committed suicide per day in 2015 and more than 12,600 farmers had committed suicide in 2015 alone, which is a rise of two per cent from the year 2014. My State of Tamil Nadu too had seen unprecedented number of farmer suicides in 2017-18. What is even more disturbing is that the Government has refused to publish any official data on farmer suicides across the country. The report on accidental deaths and suicides was last compiled in 2016 by the NCRB. Instead of giving immediate relief and taking long-term measures to prevent farmer suicides in this country, the Government, unfortunately, chose to ignore the farmer suicides by hiding this official data.

Why are the farmers forced to take such extreme steps? The farmers are left to fight it alone whether it is drought or flood. Their input costs continue to increase while their agricultural produce is not at all remunerative. They do not have any better access to timely credit, better infrastructure and markets. Indebtedness and bankruptcy have broken the backbone of the farmers. The farmers are facing immense pressure to repay loan and interest charged by banks and micro-finance institutions. Further, rubbing salt to the wounds is the fact that the banks are sending their henchmen to threaten the farmers and sending notices to them to confiscate their property while the big defaulters are allowed to flee the country.

Consequently, the fall in social reputation is the proverbial last straw for the farmers, forcing them to take extreme steps to end their lives. This is where the Government's immediate intervention like loan waiver becomes crucial. This is why the Government headed by Dr. Manmohan Singh *ji* had given Rs.75,000 crore loan waiver to farmers. I agree that this will not resolve the issue of agrarian distress. But it would definitely give them much needed hope, strength and support. They would think that the Government is firmly with them, and they are not left alone. Unfortunately, the Government is not willing to give any relief to farmers while corporates and industrialists are given Rs.3.5 lakh crore relief. I urge the Government and the hon. Prime Minister to see the situation with a compassionate heart and take steps to waive off all kinds of farm loans, including jewel loans with interest immediately.

The then DMK Government in Tamil Nadu had successfully implemented interest-free loans for farmers in cooperative societies which resulted in better loan repayments. I urge the Government to replicate the same at the national level.

Now I would like to raise a few important issues for the consideration of the hon. Minister. The total allocation of the Ministry is Rs.1,38,564 crore, out of which more than 77 per cent is proposed to be spent on just three schemes – on PM-KISAN, 54 per cent; on Interest Subsidy Scheme, 13 percent; and on Crop Insurance Scheme, 10 per cent. …(*Interruptions*) Sir, this is my maiden speech.

As per the statistics of the Standing Committee on Agriculture, these schemes have not yielded any significant result either. Sir, if 75 per cent of the allocation goes for only three schemes, where is the money for the core agricultural activities like pre and post-harvest infrastructure, value addition, and market access? How is this Government going to fulfil the promise made five years ago to provide Minimum Support Price at one and a half times of the production cost? Moreover, the Standing Committee on Agriculture, in its Report of 2016, has noted another disturbing trend. Both the Departments of the Ministry have under-spent in the past as against the budgeted allocation.

The Government has proposed to double farmers' income by 2022. A Report by a Member of the Niti Aayog itself, Prof. Ramesh Chand, says that the agricultural sector will have to grow at 10.4 per cent annually in order to achieve it. However, the growth rate is declining to just 2.9 per cent. How is the Government planning to double the farmers' income by 2022?

I would like to ask the Agriculture Minister to apprise this august House on the status of implementation of the Prof. M.S. Swaminathan Committee Report, which is crucial to revive the agricultural sector.

Very quickly I would come to the demands of the people of my constituency, Karur. Sir, 50 lakh people from seven districts of Tamil Nadu will directly benefit, if we interlink Cauveri-Kundari rivers. Nearly eight lakh acres of land would be irrigated. Hence, I urge the Central Government to take necessary action to complete this project.

India's 61 per cent of the cotton mills are in Tamil Nadu. However, Tamil Nadu has only five per cent cotton yield. Taking this into consideration, I urge the hon. Agriculture Minister, through you, Sir, to consider giving subsidies to cotton farmers which would increase the cotton productivity. This would provide relief to the cotton farmers. Kindly allocate the fund to interlink Shanmuga, Nanganchi and Kundaganaru rivers. I would like to urge the Agriculture Minister to add Karur and Tamil Nadu as textile hubs to the `Transformation of Aspirational Districts' programme under the e-NAM Scheme. Funds should be allotted to the Thathampalayam lake and control should be transferred to the State PWD from the Forest Department.

I hope the hon. Minister would address these crucial issues raised by me.

I would like to conclude with the quote of the first Prime Minister of India, Pandit Jawaharlal Nehru, who once said, and I quote: Everything else can wait but not agriculture."

Thank you, Sir.

**श्रीमती कविता सिंह (सीवान):** माननीय सभापति जी, मैं सर्वप्रथम आपका आभार व्यक्त करती हूं कि आपने आज मुझे पहली बार इस सभा में बोलने का मौका दिया। आपने मुझे वर्ष 2019-20 के लिए ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत अनुदानों की मांगों के पक्ष में बोलने का मौका दिया।

इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं । मैं आभार व्यक्त करती हूं माननीय यशस्वी प्रधान मंत्री परम आदरणीय नरेन्द्र दामोदर दास मोदी जी का, बिहार के माननीय मुख्य मंत्री परम आदरणीय श्री नीतीश कुमार जी का और सिवान जिले की सम्मानित जनता-जनार्दन का, जिनके आशीर्वाद से आज इस लोकतंत्र के मंदिर में मुझे पहली बार बोलने का मौका प्रदान किया गया है।

महोदय, मैं उस धरती से आती हूं, जहां देश के प्रथम राष्ट्रपति डा.राजेन्द्र प्रसाद जी का जन्म हुआ था। उसी धरती से प्रथम महिला सांसद होने का मुझे सौभाग्य मिला, इसके लिए मैं समस्त जनता-जनार्दन, अपने गुरुजनों और सभी के प्रति आभार व्यक्त करती हूं।

महोदय, अपनी बातों को कहने से पहले मैं सोहन लाल द्विवेदी जी की कविता को अपने शब्दों में कहना चाहूंगी। आज हम सभी महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयंती मनाने की ओर अग्रसर हैं। महात्मा गांधी जी के बारे में सोहन लाल द्विवेदी जी ने जो कहा था, उस सपने को आज माननीय प्रधान मंत्री जी एवं माननीय मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी पूरा कर रहे हैं।

"युग बढ़ा तुम्हारी हंसी देख,
युग हटा तुम्हारी भृकुटि देख।
तुम अचल मेखला बन भू की,
खींचते काल पर अमिट रेख ।
तुम मौन रहे युग मौन रहा,
तुम बोल उठे युग बोल उठा।

कुछ कर्म तुम्हारे संचित कर,
युग कर्म जगा, युग धर्म तना,
युग परिवर्तक, युग संस्थापक,
युग संचालक, हे युगाधार।
युग निर्माता, युग मूर्ति तुम्हें,
युग युग तक युग का नमस्कार।"

महोदय, आज माननीय प्रधान मंत्री जी किसानों के लिए बहुत ही हितकारी कार्य कर रहे हैं। पिछले 60 सालों में, जिन्होंने किसानों के बारे में कुछ नहीं सोचा, आज सरकार को तरह-तरह की बातें कह रहे हैं। आज किसानों के दु:ख को माननीय प्रधान मंत्री जी ने समझकर जो किसान फसल बीमा योजना की शुरुआत की है, यह योजना ऐसा ही है जैसे डूबते हुए को तिनके का सहारा। सहारा देने वाला कोई तो ऐसा व्यक्ति मिला जो किसानों की व्यथा को समझे और उनकी समस्या का निराकरण करे।

महोदय, आज मैं आपसे कहना चाहती हूं कि सरकार ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं के बजट में 4.4 प्रतिशत का इजाफा करते हुए 1.17 लाख करोड़ रुपये आबंटित किए हैं। यह बहुत ही सराहनीय कदम है। किसानों के लिए अच्छी बात यह है कि 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे। इससे किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करने में बहुत सफलता मिलेगी।

महोदय, मैं बिहार से आती हूं और बिहार एक ऐसी धरती है कि कभी वहां किसानों को बाढ़ की मार झेलनी पड़ती है तो कभी सुखाड़ की मार झेलनी पड़ती है। वह किसान भगवान की तरफ मुंह करके आसमान की तरफ देखता है कि हे भगवान ! यह कैसी विडम्बना है कि हमने तो अपनी मेहनत की। बिहारी मेहनत करने में सबसे आगे होते हैं और अपने कर्म की बदौलत अपना स्थान

प्राप्त करते हैं, लेकिन उस कर्म की बदौलत उन्हें स्थान प्राप्त नहीं होता है तो उन्हें बहुत दु:ख होता है।

आज यह स्थिति बिहार की हो गई है। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगी, कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगी कि वे किसानों की व्यथा सुनें और निदान करें। महोदय, आज ग्रामीण विकास विभाग की बात हो रही है, ग्रामीणों के लिए अनेक योजनाएं चल रही हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी ने उज्ज्वला योजना और अनेक योजनाएं चलाकर महिलाओं को जो मान-सम्मान दिया है, उसके लिए ये महिलाएं आपको साधुवाद देती हैं। मैं अपने क्षेत्र से जुड़ी कुछ समस्याएं बताना चाहती हूं।

महोदय, आज पेंशन की जो राशि है, जो आयु है कि 60 वर्ष के बाद ही उनको पेंशन प्राप्त होगी और केन्द्रीय अंश 300 रुपये से 500 रुपये तक निर्धारित है। मैं पेंशन की राशि में बढ़ोतरी करने के लिए आपसे आग्रह करूंगी ताकि उन महिलाओं को अपनी व्यवस्था संभालने में कुछ हद तक लाभ प्राप्त हो सके। महोदय, मैं आपसे आग्रह करना चाहती हूं कि जब दूसरा कृषि रोडमैप बिहार में स्टार्ट हुआ तो उसका शुभारंभ करने के लिए महामहिम राष्ट्रपति जी बिहार गए हुए थे और उन्होंने कहा था कि यदि देश में दूसरी हरित क्रांति की अगर शुरुआत होगी तो बिहार की धरती से होगी और श्वेत क्रांति की शुरुआत भी बिहार से ही होगी। मैं बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलाने और विशेष पैकेज के लिए आग्रह करना चाहूंगी ताकि बिहार के विकास में जो अवरोध की बातें हो रही है, उससे हम आगे बढ़ें और इस देश की तरक्की में अपनी भागीदारी दें…(व्यवधान)

*SHRIMATI SUPRIYA SADANAND SULE (BARAMATI):

**DISCUSSION ON DEMAND FOR GRANTS OF MINISTRY OF AGRICULTURE AND FARMERS' WELFRE AND MINISTRY OF RURAL DEVELOPMENT**

| MGNREGA outlay | 2017/18 Actual | 2018/19 Budgetary Estimates (BE) | 2018/19 Revised Estimate (RE) | 2019/20 Budgetary Estimate |
|---|---|---|---|---|
| In Rs. crore | 55,166 | 55,000 | 61,084 | 60,000 |

While the Ministry of Rural Development has been allocated a total budget of Rs. 1,19,874 crores, there has been certain reduction in the allocation to key schemes of the Ministry. For example, the MGNREGS has seen a downward revision from the Revised Estimates of 2018-19.

In the state of Maharashtra, during the year 2018-19 there has been 90.8% of the households that demanded work was able to received employment under the scheme, with only 10% of such households being able to complete 100 days of employment.

Given that the demand for employment is still higher than the supply of employment, and that only 10% of households actually being able to complete the 'guaranteed' 100 days of employment, it is essential to increase the

* Speech was laid on the Table.

amount allocated to the MGREGS in order to meet the rural employment demands.

Further, given that close to 50% of the funds allocated to the Ministry of Rural Development is solely for MGNREGS, as highlighted in the action taken report (52nd report) by the Standing Committee on Rural Development (2018-19) to devise steps for monitoring of fund utilization under MGNREGA.

There is lack of work/employment under MGNREGA in drought hit regions of Maharashtra. I urge the Centre to release sufficient funds to drought hit states, so that the State can provide more work in these areas.

| **PMAY-G** | **2017/18 Actual** | **2018/19 Budgetary Estimates (BE)** | **2018/19 Revised Estimate (RE)** | **2019/20 Budgetary Estimate** |
|---|---|---|---|---|
| In Rs. crore | 31163.6 | 27,505 | 26,405 | 258353 |

Similarly, the housing scheme Pradhan Mantri Awaas Yojana – Gramin has also seen a decrease of 4.5% in allocation. In the Hon'ble Finance Minister's speech, the aim of 'Housing for All' by 2022 was highlighted. The Finance Minister also stated that more houses are proposed to be provided to eligible beneficiaries in the years from 2019-2022, than have been completed in the last five years. It is important to understand how this aim is proposed to be achieved when budgetary allocations have been reduced, and ensure that the quality of materials used in housing construction is maintained. Further, as recommended by the Standing Committee on Rural Development (2018-19),

there needs to be expeditious inclusion of leftover homeless families from the list of beneficiaries for assistance under PMAY-G.

| **PM Gram Sadak Yojana** | **2018/19 Budgetary Estimates (BE)** | **2018/19 Revised Estimate (RE)** | **2019/20 Budgetary Estimate** |
|---|---|---|---|
| In Rs. Crore | 19,000 | 15,500 | 19,000 |

With respect to the Pradhan Mantri Grm Sadak Yojana, despite a downward revision in the revised estimates of 2018-19, the same allocation has been made for 2019-20, as the budgeted estimates for 2018-19. It needs to be clarified as to why such high allocations continue to be made when budgetary allocations from last year have proven to be under-utilized. If allocations continue to be made along the same lines as last year's budgetary estimates, existing issues with respect to under-utilization of funds, slow-moving pace of work and the continued maintenance of roads built under the PMGSY, need to be examined.

| **PM Krishi Sinchai Yojana** | **2017/18 Actual** | **2018/19 Budgetary Estimates (BE)** | **2018/19 Revised Estimate (RE)** | **2019/20 Budgetary Estimate** |
|---|---|---|---|---|
| In Rs. Crore | 6,613 | 9,429 | 8,251 | 9,682 |

In 2018/19, compared to the budgetary allocation of Rs. 9,429 crore, only Rs.8,251 crore was spent on improving irrigation under PMKSY. Despite

this under spending, 2019/20 budgetary allocation is increased to Rs.9,682 crore.

Further, in response to a question in the 16th Lok Sabha, it was informed that out of the 8214 projects sanctioned under the erstwhile Integrated Watershed Management Programme (IWMP), which has been amalgamated as the Watershed Development Component (WDC) of PMKSY, only 1284 have been completed. It is essential that efforts are made to utilize all the funds that have been allocated, and all watershed development projects that have been sanctioned be completed.

The delays in irrigation projects have debilitating effect on farmers' lives. According to the CAG, there has been an overall cost escalation of 2341 percent for major irrigation projects due to delays, making them dependent on monsoons. As the CAG pointed out, the irregularities in the Accelerated Irrigation Benefit Programme were because of financial and implementation indiscipline.

| National Rural Drinking Water Mission | 2017/18 Actual | 2018/19 Budgetary Estimates (BE) | 2018/19 Revised Estimate (RE) | 2019/20 Budgetary Estimate |
|---|---|---|---|---|
| In Rs. crore | | 7,000 | 5,500 | 10,001 |

In 2018/19, compared to the budgetary allocation of Rs. 7,000 crore, only Rs.5.500 crore was spent on improving access to drinking water in rural

areas. Despite this shortfall in spending, the 2019/20 budgetary allocation is increased to Rs. 10,001 crore.

Ministry of Agriculture and Farmers Welfare is allocated a total budget of Rs. 1,38,564 crore in 2019/20. This is an 82.9% increase from the revised estimate for 2018-19. While the Department of Agriculture, Cooperation and Farmers' Welfare has had a budgetary increase of 92% of the revised estimates of 2018-19, the Department of Agricultural Research and Education has only seen in increase of 1.58%. The budget allocated for agricultural universities and institutions in 2019/20 declined by 17.4% to Rs.565 crore, compared to Rs. 684 crore allocated in 2018/19 budget.

The Economic Survey 2017-18 had suggested that in order to address agricultural strees and doubling farmers' incomes, decisive efforts would be required to *"bring science and technology to farmers, replacing untargeted subsidies (power and fertilizer) by direct income support, and dramatically extending irrigation but via efficient drip and sprinkler technologies".*

The need of the hour is not just a resolve the immediate the pressing financial concerns of the agricultural sector, but also to ensure that the agricultural sector itself operates more effectively with the most efficient technological and scientific tools at hand. Thus the Department of Agricultural Research and Education also needs substantial focus and allocation of budgetary resources.

The high increase in budgetary allocation to the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare is due to the allocation of Rs. 75,000 crores to the PM-

KISAN Scheme. The Scheme had initially been limited solely to provide direct income support to small and marginal landholding families, with total cultivable land of up to two hectares. This has now been increased to all farmer families, irrespective of the size of their landholdings.

The National Crime Records Bureau in its 2015 report titled *Accidental Deaths and Suicides in India* had noted the gradual increase in the number of suicides in the farming sector between 2013 and 2015. The largest number of agricultural suicides, according to the Report, took place in the state of Maharashtra. Further, out of the 8007 farmer suicides, 72.6% of such suicides are attributed to farmers and cultivators having less than 2 hectares of land. While the context in which such transfers were being made to small landholding farmers can be appreciated, some metric for direct benefit transfers for all other farmer families need to be introduced, so that such transfers can take place, without resulting in any inclusion errors.

Further, DBTs under the PM-KISAN Scheme do not provide any support to landless agricultural laborers who are also a vulnerable section of the population involved in the agricultural sector. Care must be taken to ensure to prevent exclusion errors as well, when it comes to direct benefit transfers within the agricultural sector.

The MSP prices approved by the Centre are lower than those recommended by the Maharashtra state govt. in 2017/18 and 2018/19. For example, MSP for long staple cotton approved by the Centre for 2018/19 is Rs. 5450 per quintal, which is much lower than the State recommended price of

Rs. 7272 per quintal. I urge the Centre to calculate MSP using the more comprehensive C2 formula, to ensure considerable returns and income to farmers.

Under crop insurance, total number of farmers covered under crop insurance declined from 5.7 crore to 4.8 crore between 2016/17 to 2017/18. In Maharashtra the % of cropped are insured reduced from 38% to 27% between 2015/16 to 2017/18. Under PMFBY, if a loanee farmer is eligible for insurance claims, then the claim amount is deposited into their loan account. Thus many a times their claim amount goes in repayment of their loan and income loss due to crop loss remains a burden.

Also under PMFBY, the information on crop damage assessment (called Crop Cutting Experiments) to determine loss of yield is not in the public domain, and is not being carried out with due diligence. There are three important stakeholders in crop insurance the State, Centre and Farmers- all with conflicting interests. Crop insurance model followed in India is based on the model adopted in developed countries, where nearly all (100%) of the cropped area is insured. Whereas in India as on 2017/18, only 25% of the gross cropped area is insured. Hence we need in independent regulatory body to propose alternate suitable model for India and settle all crop insurance related claims.

**SHRI SUNIL KUMAR MONDAL (BARDHAMAN PURBA):** Thank you, Sir, for giving me the opportunity to speak here today.

I have prepared a speech for the people of my Constituency as well as my leader Ms. Mamata Banerjee because of whom I am able to come and stand here today. So, I request you to allow me to speak on Demands for Grants under the Ministries of Rural Development, Agriculture and Farmers' Welfare in Bengali language.

*Respected Chairman Sir, the biggest issue today is agricultural development. Agricultural development is associated with 5 departments of the Ministry. These are Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare, Agricultural Research and Education, Animal Husbandry, Dairying and Fisheries, Jal Shakti and Fertilisers. I wish to know from the Hon. Minister that how is he connected to these five departments. You are saying that you are going to double the income of the farmers. For that, you have to work in tandem with the farmers, with the five departments. Look at the fiscal situation today. There is the Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana. According to the survey of 2017-18, 52-60 percent of cultivable land is not covered by this Krishi Sinchai Yojana. But if you really intend to double up farm income, it is imperative to include all land under this scheme. Today, the Water Resources has been designated as Jal Shakti Department. What is the quantum of sweet water? It is only 2.97%. So how do you arrest sweet water? What system do you have in place for that? If not, then how can you increase farm income?

* English translation of the speech originally delivered in Bengali.

**माननीय सभापति :** मंडल जी, अपनी बात समाप्त कीजिए।

**SHRI SUNIL KUMAR MONDAL**: Moreover, the number of farmers is gradually coming down. In 2012-13, the rate of participation in agriculture was 18.2%, in 2017-18 it became 16.4%. The agricultural growth rate touched 2.1% in 2017-18. Farmers are no longer ready to pursue agriculture. They are not interested in cultivation any more. Today many Hon. Members have touched upon the fact that farmers are committing suicides. Why are they committing suicide? You must find out the reasons. You are paying them Rs.6000 but they are not asking for alms. Farmers are not beggars. They don't need the meager sum of 6000 rupees. Instead, you give them subsidized loans; give subsidies in fertilizers. Cover them under Krishi Sinchai Scheme. You must be aware that when cultivation season starts, the farmers are forced to buy fertilizes at a high rate. You can provide good quality seeds at reasonable prices. Hon. Minister is present here. They opposition is definitely weak. We are not being able to carry forward your messages to the people. This is our weakness, not yours. You will always try to reap benefits and political mileage. But we are unable to help the common people more. Surely, we are at fault. I just want to say, that Government is talking of doubling farm income and 'More crop per drop'. Why the farmers are compelled to take loans from the open market even today? You talk about Kisan Credit Card. But can you tell me which bank offers loans to the farmers? Which bank extends loan facility to the poor agriculturists? They do not get bank loans – this is the ground reality. The Government must think of these

issues. Farmers are dying due to indebtedness. Markets have not been set up for them, so that they get remunerative prices. How can you increase their income? That is why, money farmers are leaving the profession of agriculture. They don't get compensation if crop is damaged due to drought, flood and such other natural calamities. In such a situation doubling income is a brown-study, an imagination. Sir, kindly ponder over this.

**माननीय सभापति:** मंडल साहब**,** अब बैठ जाइए।

माननीय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल जी ।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंडल साहब**,** आपकी बात आ गई है। अब मैंने अगला नाम बोल दिया है। ऐसे नहीं होता है।

*__SHRI SANTOKH SINGH CHAUDHARY (JALANDHAR):__ 1947 में, आजादी के समय, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतत्व वाली भारत सरकार को बिखरी और बेजान अर्थव्यवस्था विरासत में मिली। अधिकांश आबादी अनपढ़ और गरीब थी । GDP growth rate लगभग जीरो था। 1943 के बंगाल अकाल में कम से कम तीस लाख का मौत हुई थी । विभाजन ने लाखों लोगों को शरणार्थी बना दिया था । स्वतंत्रता पूर्व पंजाब का अधिकांश नहर-सिंचित क्षेत्र पश्चिमी पंजाब में था, जो पाकिस्तान में चला गया। अन्न की बेहद कमी थी। इस समय नेहरू जी ने कहा, "everything else can wait, but not agriculture."

1952 में संसद को सम्बोधित करते हुए एक भाषण में नेहरू जी ने कहा, "We certainly attach importance to industry, but in the present context, we attach far greater importance to agriculture and food and matters pertaining to agriculture. If our agricultural foundation is not strong then the industry we seek to build will not have a strong basis either. Apart from that, if our food front cracks up, everything else will crack up too. If our agriculture becomes strongly entrenched as we hope it will, then it will be relatively easy for us to progress more rapidly on the industrial front, whereas if we concentrate only on industrial development and leave agriculture in a weak condition, We shall ultimately be weakening industry."

इस दृढ़ संकल्प और विजन के साथ नेहरू जी ने देश में कृषि के लिए अनुसंधान और वैज्ञानिक बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया । The Postgraduate school of Indian Agricultural Research Institute (Pusa Institute); Central Potato Research

---

*Speech was Laid on the Table.

Institute, Shimla; Central Food Technological Research Institute (Mysore); Govind Ballabh Pant University of Agriculture & Technology, Pantnagar (1960); Orissa University of Agriculture and Technology, Bhubaneshwar (1962): और Punjab Agricultural University, Ludhiana (1963) नेहरू जी के कार्यकाल में ही स्थापित हुए। जब वो 8 जुलाई, 1963 को Punjab Agricultural University, Ludhiana का उद्घाटन करने आये थे तब मेरे पिता मास्टर गर्बन्ता सिंह पंजाब के कृषि मंत्री थे।

Agriculture institutions और universities के साथ- साथ उन्होंने dams और irrigation system की स्थापना पर भी जोर दिया। उस समय पंजाब में भाखड़ा बांध, ओडिशा में हीराकुंड बांध, आंध्र प्रदेश में नागार्जुन सागर बांध महत्वपूर्ण major multipurpose river valley projects थे। उस समय भाखड़ा dam एशिया का एकमात्र ऐसा dam था जिसकी बिजली उत्पादन क्षमता 1500 मेगावाट (MW) थी।

नेहरू जी ने देश के विभिन्न हिस्सों में fertiliser और कीटनाशक कारखानों की स्थापना करवाई और community and cooperation projects को बढ़ावा दिया। उन्होंने गुजरात के आनंद में अमूल के एशिया में अपनी तरह के सबसे बड़े प्लांट का उद्घाटन किया। उनके लिए ये scientific institutes, dams और plants "temples of modern India" थे। पंडित नेहरू द्वारा कषि अनुसंधान, बिजली उत्पादन और सिंचाई प्रणालियों पर ध्यान और निवेश ने ही Green Revolution और White Revolution की नींव रखी।

इस नींव पर, भारत के अगले प्रधान मंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी ने Green Revolution की building का निर्माण किया। भारतीय इतिहास में पहली बार हम subsistence farming, primitive techniques, low yields and अनगनित अकालों को पीछे छोड़ very high yields, advanced scientific techniques and food surplus की तरफ गए। कांग्रेस

सरकार ने High Yielding Variety Seed Programme शुरू किया, जिसमें पांच प्रमुख foodgrains गेहूं, चावल, मक्का, ज्वार और बाजरा शामिल थे । ये बीज fertilisers के प्रति अधिक प्रतिक्रियाशील, सूखा प्रतिरोधी, जल्दी बढ़ने वाले और देसी किस्मों से दो से चार गुना अधिक पैदावार देते थे। पंजाब के लोगों ने शास्त्री जी की "जय जवान, जय किसान" की पुकार सुनी और border और खेत दोनों जगह पसीना बहाया । हम बॉर्डर और खेत दोनों जगह जीते । इससे पहले, एक किसान अपने परिवार के गुज़ारे भर के लिए अन्न का उत्पादन किया करता था। अब, उसने पूरे देश के लिए पर्याप्त उत्पादन शुरू कर दिया और हम दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी अन्न export करने लायक बने । 1966 से अनाज का उत्पादन काफी बढ़ गया और चार साल के भीतर, मैक्सिकन बीजों के कारण गेहूं का उत्पादन दोगुना हो गया । मैं पंजाब और भारत के किसानों को देश को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने के लिए धन्यवाद देता हूँ और उनका अभिनन्दन करता हूं ।

श्रीमती इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में अगले दशक में कृषि अनसंधान और शिक्षा का विस्तार हुआ। उन्होने फ़सलों की मार्केटिंग और किसानों को उनकी फसल का सही दाम दिलाने के लिए कई कदम उठाये । एक National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD) की स्थापना की गई । इन सभी कदमों के कारण गेहूं और चावल जैसी फसलों की उत्पादकता और उत्पादन में उछाल आया । कृषि मंत्री के रूप में बाबू जगजीवन राम ने मजबूत नेतृत्व, नीति मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया ।

नेहरू सरकार ने भारत में आधुनिक पंचायती राज व्यवस्था की नींव भी रखी। सरकार ने Community Development Programme and National Extension Service के कामकाज की जांच करने के लिए बलवंत राय मेहता कमेटी को नियुक्त किया और उन्होने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट की सिफारिशों के आधार पर कई राज्यों ने पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना के लिए कानून पारित किए । पीवी नरसिम्हा राव जी ने संविधान में दो व्यापक 73वें

और 74वें संशोधन पारित किए और तीन स्तरीय स्थानीय प्रशासन को एक संवैधानिक ढाँचा प्रदान किया। इन संशोधनों के जरिये महिलाओं, एससी और एसटी के लिए आरक्षण की व्यवस्था भी की गई। संविधान के भाग IX द्वारा कवर की गई पंचायती राज संस्थाओं के सभी स्तरों पर पंचायती राज संस्थाओं के 1/3rd और अध्यक्ष के 1/3rd पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार देश की सभी पंचायतों में महिलाओं के लिए आरक्षण को 50% तक बढ़ाने के लिए एक विधेयक लोकसभा में लाया। श्रीमती सोनिया गांधी जी के मार्गदर्शन में यूपीए सरकार ने National Food Security Act, 2013 भी पारित किया, जिस से देश के प्रत्येक नागरिक को भोजन का अधिकार मिला।

अब हम इस साल के बजट और Demand for Grants की तरफ आते हैं। माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में कहा कि वे जो कुछ भी करते हैं. उसके केंद्र में वे "गाँव ग़रीब और किसान" को रखते हैं। यह दावा एक सफ़ेद झूठ के अलावा और कुछ नहीं है।

सरकार के अपने document Economic Survey 2018-19 के अनुसार agriculture and allied sector में Gross Value Added (GVA) growth रेट 2016-17 में 6.3% से घटकर 2018-19 में 2.9% हो गई है। Financial Year 2018-2019 के आख़िरी quarter (January 2019 – March 2019) में GVA growth rate में न केवल गिरावट आई, बल्कि यह negative थी (- 0.1%). मतलब जो हमारे पास already था, हमने वो भी गँवा दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में कृषि की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। Total GVA में agriculture GVA का हिस्सा 2011-12 में 18.5% से गिरकर 2018-19 में 14.4% (provisional estimate) हो गया है। खेती में आमदन लगातार कम हो रही है पर अर्थव्यवस्था की हालत ऐसी है कि manufacturing और service sector में भी रोज़गार नहीं मिल रहा है। 2018-19 में खाद्य कीमतों में काफी गिरावट आई क्योंकि साल भर की average consumer food price inflation लगभग शून्य प्रतिशत थी। पांच महीनों के लिए तो यह negative थी।

फलों, सब्जियों और दालों की कीमतों में भारी गिरावट आई। उपभोक्ताओं के लिए तो कम inflation फायदेमंद है, लेकिन उत्पादकों, किसानों की आमदन, जो पहले से ही कम थी, और कम हो गई। खेती के क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर की भागीदारी लगातार कम होती जा रही है क्योंकि उनके लिए भी कृषि घाटे का सौदा साबित हो रही है। Gross capital formation निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 2013-14 में 88.1% से घटकर 2016-17 में 82.7% हो गई है। 2016 - 17 के बाद का डेटा उपलब्ध नहीं है।

जब agriculture growth rate, खेती की national economy में हिस्सेदारी, प्राइवेट सेक्टर हिस्सेदारी, किसानों की आमदन सब कम हो रहे हैं तो सच बात यह है कि गाँव, गरीब और किसान घाटे के केंद्र में हैं, सरकार के केंद्र में नहीं।

इस सरकार द्वारा एक बार-बार दोहराया गया वादा 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करना है। मैं एक आसान सवाल पूछना चाहता हूं: इस वक़्त किसानों की आय क्या है? जब यह वादा किया गया था तब किसानों की आय क्या थी? कितनी progress हुई है? क्या किसानों की आय डेढ़ गुनी हो गई है? 2015-16 में जब सरकार ने यह वादा किया तो उन्होंने किसानों की आय जानने के लिए कोई सर्वेक्षण या अध्ययन नहीं किया और केवल 2012-13 के Situation Assessment Survey of Agricultural Households NSSO 70th Round के आंकड़ों से इसका अनुमान लगाया। यह लक्ष्य सिर्फ एक जुमला है। 2015-16 से 2022 तक सात वर्षों में किसानों की आय दोगुनी होने के लिए जरूरी है कि कृषि क्षेत्र में प्रति वर्ष 10.4 प्रतिशत की दर से वृद्धि होनी चाहिए और पिछले पांच वर्षों में यह केवल 2.9% की दर से बढ़ी है। [UPA I में विकास दर 3.1% थी और UPA 2 के दौरान 4.3% थी।] एग्री एक्सपोर्ट, जो 2013-14 में 43.6 बिलियन डॉलर तक पहुँचे, वो 2018-19 आते आते 39.4 बिलियन डॉलर रह गए। जब कृषि क्षेत्र में भारी गिरावट हो रही है तो किसानों की आमदन दोगुनी कैसे होगी?

किसानों की आय को दोगुना करने का सबसे सरल तरीका है कि उनको उनकी फ़सल का सही दाम दिया जाए। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) बढ़ाया जाए। लेकिन इस सरकार द्वारा MSP में वृद्धि बहुत कम रही है। यूपीए सरकार के दौरान गेहूं के दाम की औसत वार्षिक वृद्धि 8% थी। इस सरकार के दौरान यह 5.6% है। धान के MSP की वृद्धि दर यूपीए सरकार के दौरान 9% थी और इस सरकार के दौरान वृद्धि केवल 6% है। यूपीए सरकार के समय मूंग दाल का MSP 12% की दर से बढ़ा और इस सरकार में यह वृद्धि 9% है। यूपीए के दौरान अरहर के दाम की वृद्धि दर 12% थी, जबकि इस सरकार के दौरान यह सिर्फ 5.7% है। बाजरे की वृद्धि दर तब 9%, अब 5.5%, मूंगफली की तब 10% और अब सिर्फ 4% रही है। इसमें भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस सरकार द्वारा एमएसपी में ज़्यादा वृद्धि चुनावी वर्ष 2018-19 के दौरान की गई थी। यदि हम एमएसपी में इस वृद्धि को हटा देते हैं, तो हालत और भी ख़राब हो जाती है।

फसल की कम कीमत, बढ़ती इनपुट लागत और बढ़ते क़र्ज़ के बोझ के कारण किसानों की आत्महत्याएं भी बढ़ रही हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार 2004 में 18,241 किसानों ने आत्महत्या की थी। 2013 तक यह संख्या घटकर 11,772 हो गई। लेकिन इस सरकार के कार्यकाल में किसानों की आत्महत्या फिर से बढ़ने लगी और 2015 में खेती के क्षेत्र में 12,602 आत्महत्याएँ हुई। उसके बाद से NCRB ने डेटा प्रकाशित नहीं किया है। यह भी इस सरकार की एक और विशेषता है। जब जब इस सरकार को कोई डेटा पसंद नहीं आता है, ये या तो उसे रिलीज़ करना बंद कर देते हैं या फिर उसका प्रकाशन देर से होता है। उदाहरण के लिए, इन्होंने इस साल चुनाव से पहले बेराजगारी पर NSSO का डेटा जारी नहीं किया, ताकि हमें इस सरकार की वास्तविक उपलब्धियों की जानकारी न मिल सके। किसी समय अदम गोंडवी जी ने लिखा था:

आपकी फाइलों में गाँव का मौसम गुलाबी है

लेकिन ये आंकड़े झूठे हैं, ये दावा है किताबी है

लेकिन यहाँ न तो फाइल हैं, न ही आँकड़े। आँकड़ों की जितनी हेराफेरी इस सरकार ने की है, उतनी शायद ही किसी ने की हो।

समाचार रिपोर्टों और विशेषज्ञों के अनुसार, खेती के क्षेत्र में आत्महत्याएं खतरनाक दर से बढ़ रही हैं। हर साल कम से कम 15,000 किसान आत्महत्या कर रहे हैं। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार ने देश भर के किसानों के 72,000 करोड़ रुपये के क़र्ज़ माफ किए। पंजाब में हमारी कैप्टन अमरिंदर सिंह सरकार ने लगभग 5,000 करोड़ रुपये के किसानों और मजदूरों के क़र्ज़ माफ किए हैं। राहुल गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने पिछले साल विधान सभा चुनावों से पहले वादा किया था कि यदि हमारी पार्टी चुनाव जीत जाती है तो ऋण माफ करना हमारा पहला काम होगा और हमने किया भी। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस सरकारों ने 40,000 करोड़ रुपये के क़र्ज़ माफ किए हैं। हम सिर्फ़ क़र्ज़ ही माफ़ नहीं कर रहे बल्कि किसानों को "कर्जा माफ़ी" से "कर्जा मुक्ति" की तरफ ले जा रहे हैं। यह हमारे लिए शर्म की बात है कि जो देश का अन्नदाता है, उसे और उसके परिवार को ही भूखे पेट सोना पड़ रहा है। उन्होंने मिट्टी से सोना पैदा कर लिया और इस सरकार के लिए उनकी ज़िन्दगी की कीमत मिट्टी के बराबर भी नहीं है। इसीलिए किसान कहता है:

जला कर राख़ को मैंने एक सूरज उगाया है

साँसों के लिबास में एक शमशान बसाया है

मैं इस सरकार, माननीय कृषि मंत्री जी से अपील करता हूँ कि जल्द से जल्द भारत के सारे किसानों का कर्जा माफ़ किया जाए ताकि हमारे एक भी किसान भाई बहन को आत्महत्या के रास्ते न जाना पड़े।

इस सरकार ने नोटबन्दी जैसा बेतुका और बिना सोचा समझा फ़ैसला करके भी किसानों का बहुत नुकसान किया। एक ही झटके में फ़लों, सब्जियों के दाम 20% तक गिर गए और किसानों को बड़ा घाटा उठाना पड़ा। cash की availability न होने के कारण बीज, fertilizer वगैरह खरीदने में भी बेहद दिक्कत आई। किसान खेत मज़दूरों की मज़दूरी भी नहीं दे पाए। इतना ही नहीं, दो साल बाद Agriculture Ministry ने जो Standing Committee of Finance को रिपोर्ट submit की, जिसमें खेती और किसानों पर नोटबंदी के बुरे प्रभावों को बताया गया था, उस पर भी U turn ले लिया और रिपोर्ट बदल दी। दूसरा, GST आने के बाद खेती की कई चीजों पर टैक्स रेट पहले से बढ़ा दिया गया, जो बाद में कम किया गया। इस वक़्त किसानों को हमारी सख़्त जरूरत है। मेरी मांग है कि खेती में इस्तेमाल होने वाली चीजें जैसे बीज, fertilisers, ट्रैक्टर, मशीनरी वगैरह को GST की 0% स्लैब में लाया जाए ताकि किसान इन चीजों को सस्ती दरों पर खरीद सकें और उनका खर्चा कम हो।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में कहा, “Ensuring India's water security and providing access to safe and adequate drinking water to all Indians is a priority of the Government. A major step in this direction has been the constitution of the Jal Shakti Mantralaya, integrating the Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation and Ministry of Drinking Water and Sanitation."

मेरा सवाल है, "गंगा साफ़ हो गयी है क्या?" 2014 में Ministry का नाम बदल कर Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation रखा गया। जब गंगा माँ को साफ करने का लक्ष्य पूरा नहीं हुआ तो फिर एक बार ministry का नाम

बदल दिया गया। मैं इस सरकार से कहना चाहता हूँ कि नाम बदलने से काम नहीं होते हैं। पहले UPA की schemes के नाम बदल लिए और अब खुद के रखे हुए नाम भी बदल रहे हैं।

मैं groundwater depletion की समस्या का बजट स्पीच में उल्लेख करने के लिए माननीय वित्त मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, "The Government has identified 1592 Blocks which are critical and over exploited, spread across 256 District for the Jal Shakti Abhiyan." मैं सदन और सरकार के ध्यान में यह बात लाना चाहता हूँ पंजाब में कुल 140 ब्लॉकों में से 110 ब्लॉक over-exploited हैं। मेरी अपनी constituency Jalandhar में सारे के सारे दस ब्लॉक over-exploited हैं। यह एक serious crisis है, emergency है। मेरा state रेगिस्तान बनने के कगार पर है। इस चिंताजनक स्थिति के बावजूद वित्त मंत्री ने सिर्फ इतना कहा, "Besides using funds available under various Schemes, the Government will also explore possibility of using additional funds available under the Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) for this purpose." यह वक़्त possibilites explore करने का नहीं है। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि groundwater management और rejuvenation के लिए एक dedicated स्कीम लांच की जाए और इसे ज्यादा से ज्यादा फण्ड दिए जाएँ। पंजाब अन्नदाता होने के साथ-साथ पंजाब जलदाता भी है। नदियों और कृषि के माध्यम से हम विदेश और भारत के अन्य राज्यों को पानी export कर रहे हैं। गेहूं-धान के cycle के कारण पंजाब में कृषि के लिए बहुत सारे groundwater का उपयोग किया जाता है। हमें crop diversification की आवश्यकता है। लेकिन जब किसान दूसरी फसलें, फल और सब्जियां उगाते हैं, तो उन्हें उचित मूल्य नहीं मिलता। उदाहरण के लिए कई सालों से पंजाब में आलू की बंपर पैदावार हुई है, लेकिन अच्छे दाम न मिलने के कारण किसानों को बहुत घाटा उठाना पड़ा। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सब्जियों और फलों को भी एमएसपी के तहत लाया जाए। मैं यहाँ

पर यह भी बताना चाहता हूँ कि पंजाब में एक लाख हेक्टेयर से ज़्यादा क्षेत्र में आलू उगाया जाता है और production 27 लाख टन से ज्यादा है। इसमें से ज्यादातर पैदावार दोआबा region में ही होती है। मगर पंजाब में आलू के दाम national average के आधे से भी कम रहते हैं। इसलिए मेरी इस सरकार से मांग है कि एक मेगा फूड प्रोसेसिंग प्लांट जालंधर में लगाया जाए ताकि किसानों को उनकी फ़सल का सही मूल्य मिले और युवाओं को रोज़गार भी मिल सके।

लाल बहादुर शास्त्री जी ने हमें "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया। वाजपेयी जी ने इसे बढ़ाकर "जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान" कर दिया। इसी साल के शुरू में मोदी जी Indian Science Congress को संबोधन करने के लिए मेरी constituency Jalandhar आए और उन्होंने इसमें "जय अनुसन्धान" को जोड़ा। लेकिन उनकी अपनी ही सरकार ने इस बजट में agriculture research के allocations कम कर दिए हैं। Agricultural Extension, Agricultural Engineering, Management of Natural Resources, Crop Science, Horticulture Science, Animal Science, Fisheries Science, Agricultural Universities and Institutions and Economic Statistics and Management इन सबके funds में कमी गयी है। Central Sector Schemes का total outlay Rs 2,915 crore (2018-19 BE) से Rs 2,699 (2019-20 BE) कर दिया गया है। सरकार ने Indian Council of Agricultural Research (ICAR) के बजट को भी 5,056 करोड़ रुपये (2018-19 RE) से घटाकर 4,869 (2019-20 BE) कर दिया है। ऐसे समय में जब प्राइवेट सेक्टर खेती से बाहर निकल रहा है और विकास दर गिर रही है, agriculture research और education में public investment बहुत जरूरी है। लेकिन यह सरकार न केवल उपलब्ध funds को कम कर रही है, बल्कि agricultural institutions में ख़ाली पदों को भी नहीं भर रही है। Indian Agricultural Research Institute (Pusa Institute), जिसने Green Revolution में इतना योगदान दिया, पिछले तीन सालों से अधिक समय से regular director के बिना काम कर रहा है। ICAR के

under 100 से अधिक संस्थान हैं और उनमें से आधे से अधिक regular directors के बिना काम कर रहे हैं। मैं सरकार से अनुरोध करता हूं कि सभी ख़ाली पदों को जल्द से जल्द भरें और कृषि अनुसंधान के लिए funds में बढ़ोतरी करें नहीं तो "जय अनुसन्धान" भी “अच्छे दिन” की तरह बस एक नारा बनकर ही रह जायेगा।

हालांकि Department of Rural Development के लिए total allocation में वृद्धि हुई है, इसके expenditure rate में धीरे-धीरे गिरावट आ रही है। पिछले दस वर्षों में Department of Rural Development के खर्च में औसत वृद्धि 8.7% रही है, लेकिन 2018-19 में यह वृद्धि केवल 4% रही है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम (मनरेगा) के लिए धनराशि 61,088 करोड़ रुपये से घटाकर 60,000 करोड़ रुपये कर दी गई है। पिछले पांच वर्षों में ऐसा पहली बार हुआ है कि मनरेगा के लिए आवंटन कम किया गया है। सरकार ने कहा है कि यह एक demand driven scheme है और यदि आवश्यक हो तो अधिक धनराशि प्रदान की जाएगी। लेकिन डिमांड के बावजूद कम परिवारों को मनरेगा के तहत काम दिया जा रहा है। 2012-13 में मनरेगा के तहत 97% प्रतिशत घरों को रोजगार दिया गया। 2018-19 तक घटते घटते यह 84% पर आ गया। मतलब 100 लोग माँग कर रहे हैं तो रोज़गार सिर्फ़ 84 लोगों को मिल रहा है। इसी तरह रोजगार के औसत दिन 2015-16 में 49 दिन से घटकर 2017-18 में 46 दिन रह गए हैं। इसका मतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा की भारी मांग है, लेकिन सरकार पर्याप्त धन उपलब्ध नहीं करा रही है। इसके अलावा percentage of work completed 2012-13 में 100% से घटकर 2017-18 में 72% रह गया है। सरकार इस स्कीम को चलाने में बेहद नाकाम साबित हो रही है। न तो वो इसको efficient तरीके से चला रही है और न ही रोज़गार की मांग करने वाले लोगों को रोज़गार दे रही है।

प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण के लिए allocation भी 21,000 करोड़ रुपये (2018-19 BE) से घटाकर 19,000 रुपये (2019-20 BE) कर दिया गया है। साथ ही, पिछले दो वर्षों में बजट allocation का पूरी तरह से उपयोग नहीं किया गया है। निर्माण लक्ष्य और निर्मित मकानों के बीच एक बड़ा अंतर है। 2018-19 में, लक्ष्य 25,16,481 मकान थे और निर्मित मकान सिर्फ 21,51,244 थे। पिछले पांच वर्षों में सरकार ने अपना लक्ष्य कभी हासिल नहीं किया है और फिर भी दावा है कि सरकार सबको 2022 तक मकान उपलब्ध करवा देगी।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए allocation पिछले साल जितना ही है (19000 करोड़ रुपये), लेकिन इस योजना के तहत भी धन का उपयोग 100% नहीं है। पिछले तीन वर्षों के लिए, सरकार ने बजट अनुमानों से कम खर्च किया है। Revised Estimates के अनुसार, पिछले साल 18.4% कम खर्च हुआ। यह एक चिंताजनक प्रवृत्ति है और मैं सरकार से सभी allocations का पूरा और कुशलतापूर्वक उपयोग करने का अनुरोध करता हूं ताकि देश में सभी को all-weather roads की सुविधा मिले।

राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (NSAP) के लिए आवंटन भी 9,975 रुपये (2018-19 BE) से घटाकर 9,200 रुपये (2019-20 BE) कर दिया गया है। इस कार्यक्रम में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांगता पेंशन और पारिवारिक लाभ से संबंधित विभिन्न योजनाएँ शामिल हैं। इस योजना में पिछले पांच वर्षों से निरंतर funds की Underutilisation Standing Committee on Rural Development के अनुसार इसका एक कारण धनराशि का समय पर जारी न होना है। इसी तरह, Digital India Land Records Modernisation Programme का actual expenditure भी बजट की तुलना में लगातार कम रहा है।

माननीय वित्त मंत्री जी ने अपने भाषण में ज़ीरो बजट फार्मिंग का उल्लेख किया और कहा कि "we shall go back to basics." लेकिन इस initiative के लिए कोई allocation नहीं किया गया है । न्यूज़ रिपोर्टों के अनुसार, सरकार ने Indian Council of Agriculture Research को ज़ीरो बजट फार्मिंग की efficacy study करने के लिए कहा है। NITI Aayog के सदस्य प्रोफ़ेसर रमेश चंद के अनुसार "There is no scientific evidence till now on the results of zero budget farming. We will first assess the report, which ICAR will be submitting, before reaching to any conclusion." अगर कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है और आपने इसका अध्ययन करना था, तो सरकार ने इसकी घोषणा क्यों की? यह किसानों के साथ धोखा धड़ी है, फ़रेब है । जीरो बजट फार्मिंग के नाम पर सरकार का मक़सद बस अपनी जिम्मेवारी किसानों पर थोपने का है। इस से पता चलता है कि सरकार के पास किसानों की मदद करने और उनकी आय बढ़ाने के लिए कोई रोडमैप नहीं है और यह केवल guesswork और buzzwords से ही काम चला रही है। कुल मिलाकर इस बजट में गाँव, गरीब और किसान के लिए कुछ भी नहीं है।

यह बजट गरीबों और किसानों के साथ एक मज़ाक है । महज 6000 रुपए देकर आप किसानों का मुंह बंद करना चाह रहे हैं । मैं माननीय कृषि मंत्री जी को याद दिलाना चाहता हूं कि जिस कुर्सी पर वो बैठे हैं, उस पर श्री राजेंद्र प्रसाद, श्री चिदंबरम सुब्रमण्यम, बाबू जगजीवन राम जी और शरद पवार जी जैसे नेता विराजमान रहे हैं । इसलिए उनकी बहत बडी जिम्मेदारी है । कांग्रेस सरकारों ने institutions बनाये, क़र्ज़ माफ़ किया, Green Revolution लाया और अब हम सब पर एक Evergreen Revolution लाने की जिम्मेदारी है ।

मैं अंत में अपने राज्य पंजाब के हित की बात करना चाहता हूँ। केंद्र सरकार द्वारा सेंट्रल पूल के लिए foodgrains की खरीद के लिए states को RBI की तरफ से cash credit limit (CCL) दी जाती है। राज्य की पिछली अकाली दल-भाजपा सरकार के समय procurement agencies की account books में जो foodgrain stock था और जो cash credit उन्होंने लिया था, उसमें भारी अंतर पाया गया। दस साल में ब्याज मिलाकर यह credit करीब 31000 करोड़ रुपए का हो गया। पिछली सरकार ने इस mismatch की जिम्मेवारी फिक्स करने और state government का केस centre के सामने सही तरीके से पेश करने की बजाय इस लोन को 20 साल में किश्तों में वापस करने की सहमति दे दी। हमें हर साल 3240 करोड़ रुपए चुकाने पड़ रहे हैं। हमने तब भी इसका विरोध किया था और इसकी high level जाँच की मांग की थी। यह पंजाब और पंजाबियों के साथ बहुत बड़ी नाइंसाफी है कि अकाली-भाजपा के नेताओं की ग़लती की सजा उनको मिले। Central pool में पंजाब का योगदान सबसे ज्यादा है। हर साल 250 लाख मीट्रिक टन से अधिक अनाज की खरीद पंजाब में state procuring agencies और एफसीआई के माध्यम से की जाती है। गलत नीतियों के कारण ही पंजाब पर दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का कर्जा हो गया है। अब यह legacy loan की liability आ जाने के कारण क़र्ज़ और भी बढ़ गया है और हमारे विकास कार्यों पर इसका असर पड़ रहा है। हमने पहले proxy war लड़ी, अब narco-terrorism से लड रहे हैं। माननीय मंत्री जी और सरकार से मेरा अनुरोध है कि देश के लिए हमारे बलिदान और योगदान को ध्यान में रखते हुए इस food account को माफ किया जाए। इसको लेकर हमारे मुख्य मंत्री कैप्टेन अमरिंदर सिंह जी भी खाद्य मंत्री, वित्त मंत्री और माननीय प्रधान मंत्री जी से मिल चुके हैं। मेरा इस सरकार से निवेदन है कि जल्दी से जल्दी लोन को क्लियर किया जाए।

धन्यवाद।

---

## 19.38 hrs

### BUSINESS ADVISORY COMMITTEE
### 4th Report

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, मैं आपकी अनुमति से कार्य मंत्रणा समिति का चौथा प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं।

---

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** सभापति महोदय, दूसरा विषय यह कहना है कि भोजन की व्यवस्था की गई है। कमेटी रूम नम्बर-70 में भोजन की व्यवस्था है। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** मंडल साहब, आपकी बात आ गई है।

…(व्यवधान)

**19.39 hrs**

**UNION BUDGET – (2019-2020)**
**DEMANDS FOR GRANTS**
**Ministry of Rural Development**
**and**
**Ministry of Agriculture and Farmers Welfare...Contd.**

**श्री देवजी पटेल (जालौर):** सभापति महोदय, आज आपने मुझे कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों पर बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय, मैं देश के सम्माननीय प्रधान मंत्री जी और सम्माननीय कृषि मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि देश के अन्नदाता को आपने लगभग 78 प्रतिशत बढ़ाकर बजट दिया। लोग बोलते हैं कि भारत देश में 60 से 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित है।

सभापति महोदय, 60-70 प्रतिशत जनसंख्या नहीं बल्कि 80-90 प्रतिशत जनसंख्या कहें तो भी चलेगा, क्योंकि जिस हिसाब से व्यापारी हैं और अगर उन व्यापारियों को भी गिना जाए तो वे भी कृषि से जुड़ हुए हैं। किसान के घर में कुछ आवक होगी, इनकम होगी तो वे जब अपना मकान बनाएंगे तो वे उसके लिए भी सीमेंट, चूना, सरिया, सभी सामान ले कर आएंगे, जिससे उन व्यापारियों का भी व्यापार फलेगा-फूलेगा। उनके घर में पैसे आएंगे तो वे मोटरसाइकल्स, कार या ट्रैक्टर्स खरीदेंगे तो वे पेट्रोल पंप्स भी चलेंगे, जिन पर पेट्रोल या डीजल भरा जाएगा। गाड़ियों में पेट्रोल और डीजल भरेंगे तो नेचुरल है कि गाड़ियों के टायर भी घिसेंगे और टायरवालों की दुकान भी चलेगी। टायरवालों की दुकान चलेगी तो नेचुरल है कि उनके घर में शादी-ब्याह होंगी तो कैटरिंग और टेन्ट वालों का काम चलेगा। 60-70 फीसदी नहीं बल्कि 80-90 फीसदी जनसंख्या कृषि आधारित जनसंख्या है। पहले उनके बारे में किसी ने नहीं सोचा था।

पहले एक विषय आता था कि फसल बर्बाद हुई तो बच्चे को गिरवी रख दिया। एक किसान की फसल बर्बाद हुई, उसको ट्यूबवेल लगवाना है, मोटर लगवाना है, तो दो बच्चों को गिरवी रख कर, उनके एवज में पन्द्रह हजार रुपये लेकर अपने खेत में एक मोटर लगवाई। यह बीबीसी की न्यूज है।

महोदय, उसके बाद आता है कि किसान हजामत नहीं करवा पा रहे हैं, यह दुकानदार से जुड़ा हुआ विषय है। यह भी महाराष्ट्र, लातूर का ही विषय है। वे लातूर में हजामत नहीं करवा पा रहे थे, उसका कारण था कि वहां के सभी किसानों की फसल खराब हो गई थी।...(व्यवधान) आपने शौक से रखी होगी। आज कल यह स्टाइल आ गया है – दाढ़ीवाला। ...(व्यवधान) उसका एक ही कारण था कि वहां के किसानों की फसल खराब हो गई थी और हजामत करवाने के लिए पैसे नहीं थे। हजामत वाले की दुकान भी ठंडी हो गई। इसीलिए मैंने कहा कि सभी लोग कहीं न कहीं कृषि से जुड़े हुए हैं।

महोदय, मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि पहली बार किसी देश के प्रधान मंत्री जी ने इन अन्नदाताओं के लिए सोचा है। भारत और विश्व में किसान ही सभी का पेट भर रहे है, क्योंकि पैसे से भूख नहीं मिटती है। अभी अर्जुन जी ने कहा है कि बहुत अच्छा भोजन बना है। कल भी भोजन के बारे में घोषणा की गई थी और आज भी भोजन के बारे में घोषणा की गई है। हर रोज यहां भोजन के बारे में घोषणा होती है, क्योंकि यहां के माननीय सांसद भी भूखे होते है तब वही किसान जो अन्न उगा रहे हैं, उन्हीं किसानों के अन्न से हमारा पेट भर रहा है। हम इस पर डिबेट कर रहे है, लेकिन उस डिबेट के साथ, पहले कभी नहीं सोचा गया, उसके बारे में हमारे प्रधान मंत्री जी ने सोचा है कि किसानों की हालत ठीक होनी चाहिए । उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड निकाला।

महोदय, मेरे क्षेत्र में लगभग ढाई लाख सॉइल हेल्थ कार्ड्स का वितरण हुआ है, इसके लिए मैं संपूर्ण धन्यवाद प्रधान मंत्री जी को देता हूं। मैं भी एक किसान का बेटा हूं और मैंने ये सब कुछ देखा है। मैं अपने लगातार दो टेन्योर में कृषि की कमेटी में सदस्य रहा हूं, क्योंकि मेरी इच्छा थी कि किसानों का भला हो और हमें वह भला वर्ष 2014 से देखने को मिला।

महोदय, वर्ष 2014 में हमने यह सोचा कि किसानों की फसल बर्बाद हो रही है, इसके लिए हमारे प्रधान मंत्री जी 'प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना' लाए और मुझे कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मेरे क्षेत्र में चार सौ करोड़ रुपये किसानों के खातों में डायरैक्ट ट्रांसफर हुए हैं। उसका श्रेय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। आज देश के किसानों को संभालने की जरूरत है।

व्यापारियों की जरूर चर्चा होती है कि व्यापार होगा तो रोजगार होगा, लेकिन किसान अपने बेटे को खेती में नहीं लगाना चाहते हैं। उसका एक ही कारण है। वह यह सोचता है कि अगर मेरे खेत में कुछ नुकसान हो गया तो उस नुकसान की भरपाई कहां से होगी। आज किसान देख रहे हैं कि भारत के प्रधान मंत्री हर बार किसान के बारे में चिंता कर रहे हैं। इसलिए किसानों के मुंह पर खुशी की लाली आ रही है। इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

मैं कृषि मंत्री महोदय से निवेदन करूंगा कि किसान को कुछ और चीजों की जरूरत है। मजदूरी बहुत महंगी हो गई है। पांच सौ रुपये में मजदूर नहीं मिलता है। वे खेती करते हैं, उनको खेती में समस्या है। उनको एक-दो मजदूर चाहिए, लेकिन पांच सौ रुपये में मजदूर नहीं मिलता है। रोजगार गारंटी योजना के तहत जो 'नरेगा' है, उस 'नरेगा' को कृषि से जोड़ दिया जाए। अगर किसान एक हेक्टेयर में खेती करता है और वहां पर दो लोगों को काम करने की जरूरत है तो उन दोनों को 'नरेगा' के तहत रोजगार डायरैक्ट उनके खाते में दिया जाए।

इससे उनकी फिक्स्ड इनकम शुरू हो जाएगी। किसान हमारा अन्नदाता है और हमें अन्न उगाकर दे रहा है। प्रधान मंत्री जी ने सिंचाई योजना के बारे में बात की और मेरे से पहले हमारे मित्र ने जल स्वावलम्बन की चर्चा की। मैं आज सुबह ही जयपुर के पास एक गांव के बारे में देख रहा था कि वहां के किसानों ने कैसे मिलकर जल की बचत की और उस जल से वे सिंचाई भी कर रहे हैं। आज यही सारी सुविधाएं किसान को देने की जरूरत है और ये सारी चीजें हमारी सरकार दे रही है। यह सरकार एक प्रयत्न कर रही है, लेकिन उसके अंदर हमें यह जरूर करना चाहिए कि किसान को नरेगा से जोड़ दें, ताकि हम जो न्यूनतम मूल्य की बात कह रहे हैं, उसमें भी किसान का यदि

रोजगार फिक्स होगा, तो प्रधान मंत्री जी की किसान की आय दोगुना करने की जो सोच है, वह जरूर पूरी होगी।

महोदय, हम लोग कृषि मंडी में जाते हैं। मैंने देखा कि राजस्थान में जीरा की बहुत उपज है। जीरा के साथ ईसबगोल भी हमारे यहां बहुत होता है। ईसबगोल की जरूरत रात में कई लोगों को पड़ती है। ईसबगोल की उपज मेरे क्षेत्र में बहुत ज्यादा होती है। पहले कांग्रेस ने घोषणा की कि यहां एक फैक्टरी बनाएंगे। तत्कालीन बड़े नेता श्री हुड्डा जी ने घोषणा की। घोषणा करने में क्या जाता है, घोषणा कर दी, लेकिन आज तक उस फैक्टरी को किसी ने नहीं देखा। मैं कृषि मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि मेरे क्षेत्र में टमाटर और ईसबगोल की जो आवक है, उसे देखते हुए कोई ऐसी इंडस्ट्री खोली जाए, जिससे वहां के किसानों को वहीं पर अपना माल बेचकर फायदा मिले।

महोदय, जब हमारी टमाटर की उपज बाहर आती है, उस टमाटर को जब बेचने जाते हैं, तो उसे कोई नहीं खरीदता है। हमने प्रयास भी किया कि कोल्ड स्टोरेज या किसी अन्य तरीके से टमाटर के उचित दाम हमें मिल सकें। हमें कहा गया कि टमाटर में पानी ज्यादा होता है, इसलिए कोल्ड स्टोरेज में नहीं रख सकते हैं। यदि सरकार अपनी तरफ से टमाटर के लिए सॉस, टोमैटो कैच-अप और ईसबगोल की फैक्टरी मेरे क्षेत्र में बनाए, तो जो मेरा पिछड़ा क्षेत्र है, वहां रोजगार उपलब्ध भी होगा। वह टोमैटो कैच-अप रेलवे में भी काम आ जाएगी और सैंट्रल हाल रेलवे कैंटीन में भी मैंने देखा कि बहुत काम आती है। यदि ऐसा हुआ तो मेरे किसानों का भला हो जाएगा। एक रुपये किलो में वह टमाटर बिकता है। किसान कहता है कि एक रुपये से क्या होगा? वह टमाटर अपनी भैंसों को या दूसरे जानवरों को डालता है, लेकिन भैंस और गाय भी टमाटर रोज-रोज नहीं खातीं, जैसे लोग रोज-रोज एक ही भोजन नहीं करते हैं, गाय-भैंसों को भी थोड़ा-सा चेंज चाहिए।

महोदय, आज गाय और भैंस भी अच्छा दूध देने लग गई हैं। हमारे यहां बनास डेयरी है। मैं गिरिराज सिंह जी से भी निवेदन करूंगा कि हम यहां दो लाख लीटर दूध दे रहे हैं। जैसे गुजरात में क्रांति आई थी, एक परिवार एक करोड़ रुपये का दूध महेसाणा में बेचता है। मेरे क्षेत्र के किसानों का दो लाख लीटर दूध बनास में जा रहा है। मेरा आपसे निवेदन है कि उस बनास डेयरी पर कभी-

कभी इंटरस्टेट की पाबंदी लग जाती है । मेरा निवेदन है कि इसे कृषि से जोड़ा जाए, क्योंकि पशुपालन और कृषि एक ही है । मेरा निवेदन है कि इंटरस्टेट नहीं होना चाहिए । जैसे मैं अपना धान कहीं भी बेच सकता हूं, वैसे ही मेरा दूध भी रोका न जाए और बनास में जो दूध जा रहा है, उस दूध के प्रोफिट का हिस्सा भी हमें मिले, जो बनास से हमें नहीं मिल रहा है । वह हिस्सा हमें दिलाने के लिए रूपाला साहब आपको कुछ करना पड़ेगा, क्योंकि हम कहीं न कहीं तो कृषि से जुड़े हुए हैं । …(व्यवधान) अर्जुन जी की बेटी भी वहीं ब्याही हुई है । इन्हें भी बहुत बड़ी समस्या है, इसलिए इन्हें भी यह चीज देखनी चाहिए । …(व्यवधान) महोदय, आप किसान के विषय में घंटी मत बजाइए । मेरा आपसे निवेदन है कि इसके अलावा किसानों की खेती के जो औजार हैं, जैसे 40 हार्सपॉवर का ट्रैक्टर है, वहां एक्चुअल 20 हार्सपॉवर का ट्रैक्टर लगना चाहिए । यदि 20 हार्स पॉवर में वहां काम हो सकता है, तो वहां 40 हार्स पॉवर का ट्रैक्टर क्यों देना, इस तकनीक को भी कृषि विभाग को चैक करना चाहिए और उनके औजारों को किसानों के मापदंड के अनुसार करना चाहिए, ताकि डीजल वगैरह की खपत वहां ज्यादा न हो और किसानों को भी उसका फायदा मिले ।

महोदय, मेरा एक निवेदन यह है कि अगर किसानों को ऊपर लाना है, उनकी आय को दोगुना करना है, तो कृषि से संबंधित जितने भी यंत्र हैं, जिनके बारे में कमेटी की रिपोर्ट भी है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए । उदाहरण के तौर पर, हमारे यहाँ खेजड़ी होती है । ‘हर मेड़ पर पेड़’ योजना लागू की गई है, इसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद देता हूँ। इसके तहत अनुदान देकर हम किसानों को खेजड़ी और झाल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें कि हर मेड़ पर इन पेड़ों को लगाओ । हमारे बिश्नोई समाज के 363 लोग खेजड़ी के लिए शहीद हुए थे । राजस्थान में इसे हम तुलसी के रूप में पूजते हैं । खेजड़ी की जो सांगरी होती है, उस केर-सांगरी की सब्जी को सब लोग चाव से खाते हैं । यह हन्ड्रेड पर्सेंट ऑर्गेनिक है । मैंने कमेटी में एक बार यह विषय रखा, उन्होंने कहा कि यह तो जंगली पौधा है । उसके दो दिन पहले एक सम्माननीय पूर्व प्रधान मंत्री जी ने अपने खाने में केर-सांगरी की सब्जी रखी थी और उस थाली का रेट लगभग सात हजार रुपये आया था । मैंने कहा- आप यह कैसे कह रहे हैं, जंगली सब्जी तो सब लोग खा गये । यह जंगली नहीं है, यह तुलसी

तुल्य है और हन्ड्रेड पर्सेंट ऑर्गेनिक है। झाल होता है, उसमें पीलू आते हैं, उस पीलू की कोकड़ी बनती है, जिससे लू नहीं लगती है, उसका तेल भी हेल्थ के लिए बहुत अच्छा होता है। अगर ये सारी चीजें हम करें, तो किसानों का उत्थान होगा। इसके लिए मेरा निवेदन है कि आप हमें जरूर मदद करें। कृषि मंत्री महोदय से मेरा निवेदन है कि वे किसानों के उत्थान के लिए थोड़ा और कदम उठाएँ। मनरेगा को इससे जोड़ा जाए।

मेरे क्षेत्र की एक और समस्या है। माही बैराज के पानी से संबंधित माँग बहुत पुरानी है। पहले गुजरात और राजस्थान सरकारों के बीच एक समझौता हुआ था, वह नाथूराम जी ने किया था। उस समय नर्मदा का पानी हमें देने वाले थे, लेकिन नर्मदा का पानी कम आया। जो माही का पानी है, यदि उसके एवज में आप हमें दांतीवाड़ा डैम से थोड़ा पानी देंगे, तो शायद मेरे क्षेत्र के अंतर्गत भीणमाल, जालौर और सिरोही में पानी की समस्या का समाधान हो सकेगा।

[*] **SHRI G.M. SIDDESHWAR (DAVANAGERE):** Mahatma Gandhi ji said the soul of India is in the rural parts of the country. To make the life better for our farmers, the Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi Ji has implemented several programmes. The Union Government has emphasized on private investment in infrastructure for agriculture to achieve the target of doubling the income of farmers by 2022. This budget has given priority to zero budget farming and also to investment in agro-based industries. Besides this, the Government has proposed to provide better marketing avenues, remunerative prices to agriculture produces, setting up of 10 thousand farmer organizations all over the country, all these are welcome steps.

The Union Government has also taken steps to encourage fodder production, preservation and conservation of milk, establishment of e-market, eNAM in the country. Our Hon'ble Prime Minister is taking all these pro-farmer initiatives to strengthen the hands of our *Annadata*, the food provider. As far as social security is concerned our NDA Government under the able leadership of Shri Narendra Modi ji has given a significant priority to farmers by taking measures such as Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, etc. I appreciate the government for its commitment to extend the social security cover to farmers also.

---

[*] English translation of the speech originally laid on the Table in Kannada.

I would like to mention that our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modiji introduced various pro-farmer schemes during the last five years. Achieving self sufficiency in the production of Neem -coated urea is one of them. It has helped to double the yield of agricultural crops.

Our Government has issued crores of soil health cards to farmers to enable them to maintain the fertility of their land at the desired level. Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojana has been successfully implemented and more areas have been covered under the irrigation scheme. About dozens of such programs brought new hope in the life of our farmers. I wholeheartedly congratulate our Hon'ble Prime Minister for all these achievements.

The Government may introduce as many schemes as it can be, but the responsibility of implementation of schemes is lying on the officials of the Departments.

I would like to point out that PMFBY is not effectively implemented in my District, due to negligence on the part of the officials of the Government and also the authorities of insurance companies, which are selected by the State Government. Farmers are deprived of the benefits of the PMFBY in my Davanagere Lok Sabha Constituency. There were 31176 farmers registered under the said Bima Yojana in the year 2016-17. They paid Rs.17.80 crores as premium for their crop insurance policy. The insurance companies were to distribute about Rs.52 crores to the farmers. However, only Rs.48 crores, were distributed to 27557 farmers. 1140 farmers are yet to receive Rs.4.15 crores from the insurance companies.

Similarly during the year 2017-18, about 79711 farmers were registered for Insurance cover and paid Rs.70.72 crores as premium. However, the insurance companies have paid about Rs.12.20 crores insured money to 11185 farmers. However, remaining 68526 farmers were not paid their due amount by the insurance companies. These many farmers were disqualified to receive the insurance amount due to negligence on the part of insurance companies.

For the year 2018-19 about 12285 farmers were registered for insurance cover and paid Rs.10.70 cores as premium. However, till date the insurance money is not sanctioned.

In the current year 2019-20 only 4850 farmers have been registered under PMFBY. The decline in the number shows that the scheme is not implemented successfully due to negligence of the officials of the department and also of the insurance companies.

For the last one and half year farmers have not been paid their due amount. Under these circumstances, how can farmers come forward to continue with the insurance scheme by paying the premium? For the last two years there is severe drought in Davanagere. The Government of Karnataka has officially declared it as a drought-hit district for the two consecutive years. Even though the insurance companies are not paying the beneficiary farmers their legitimate amount covered under the insurance schemes.

Another point I would like to mention that while preparing the list of crop loss at the Gram Panchayat level, the officials concerned are not conducting the survey in an appropriate manner. The wrong entries are made by them. For example in their report the name of 'Paddy' is entered in place 'Jowar'. It is due to such irregularities and wrong entries made by the officials of the department, the poor farmers are deprived of their due benefits under the insurance scheme.

So, I would like to suggest that the Government should consider to entrust the responsibility of crop insurances schemes to government sponsored insurance companies instead of involving the private insurance companies into it.

I would like to request the Union Government to issue necessary directions to the State Governments to ensure proper implementation of the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana and also to release all the arrears of the farmers under the insurance scheme to protect the interest of the farmers.

**श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील (औरंगाबाद):** माननीय सभापति जी, जब वित्त मंत्री जी ने बजट भाषण दिया, तो उसमें बहुत-से आँकड़े बताए गए थे। वे आँकड़े कुछ ऐसे आँकड़े थे, जिन्हें सुनकर सरकार ने अपनी पीठ तो थपथपा ली, लेकिन मैं आपके सामने कुछ ऐसे आँकड़े रखने वाला हूँ, जिन्हें सुनने के बाद इस सदन में मौजूद हर सदस्य, चाहे वह सत्ताधारी हो या विपक्ष का हो, हरेक का सर शर्म से झुकना चाहिए।

मेरे पास जो आँकड़े हैं, वे बताते हैं कि वर्ष 2015 से 2018 के बीच, मैं जिस राज्य से आता हूँ, उसे महाराष्ट्र कहते हैं। महाराष्ट्र में इन चार सालों में 12,021 किसानों ने आत्महत्याएँ की हैं। यानी आप हर साल का एवरेज निकालें, तो 3,008 किसान हर साल मौत को गले लगा रहे हैं। अगर आप यह कहें कि ये आँकड़े तो वर्ष 2018 तक के हैं, अब तो अच्छे दिन आ गये हैं, तो वर्ष 2019 की जनवरी से चार महीनों के भीतर ही 808 किसानों ने आत्महत्याएँ की हैं। कहीं-न-कहीं सरकार की नीतियाँ कुछ गलत हो रही हैं, जिनकी वजह से हर रोज़ किसान आत्महत्याएँ कर रहे हैं।

मैं किसान नहीं हूँ, लेकिन मैंने एक पत्रकार की हैसियत से अपने किसानों की पीड़ा को देखा है। जब किसी किसान की मौत होती थी, तो हम उसे कवर करने के लिए जाते थे। आखिरी में एक ऐसी बात हो गई थी, हमारे अंदर का ज़मीर भी मर चुका था, हर रोज जाकर हम किसानों की आत्महत्याओं को कवर करते थे। आज अगर एक किसान मरता है, तो अखबारों में उसकी खबरें नहीं आती हैं। वह इसलिए नहीं आती हैं क्योंकि यह रोज़मर्रा की बात हो गई है। कहा जाता है कि हर रोज किसान मरता है, तो यह कौन-सी बड़ी बात है। हम कौन-सी खबर छापेंगे? पहले यह होता था कि एक किसान की मौत पर पूरे देश में चर्चा होती थी। लेकिन आज महाराष्ट्र जैसे प्रगतिशील राज्य में यह हो रहा है। वहाँ किसका राज्य है, हुक़ूमत किसकी है? कहीं-न-कहीं यह नीतियों में खामियों की वजह से हो रहा है। अगर महाराष्ट्र की सरकार यह दावा कर रही है कि उसने जल

युक्त सिवाड़, जो महाराष्ट्र सरकार की वाटर कंज़र्वेशन की एक फ्लैगशिप स्कीम है, के लिए नौ हजार करोड़ रुपये खर्च किए हैं, तो उसके बावजूद किसान आत्महत्याएँ क्यों कर रहे हैं?

वर्ष 2017 में महाराष्ट्र सरकार ने कहा कि किसान आत्महत्याएँ इसलिए कर रहे हैं क्योंकि वे कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं। महाराष्ट्र सरकार को केन्द्र सरकार ने पैसे दिए और एक लोन वेवर स्कीम लाई गई।

एक लोन-वेवर स्कीम लाई गई और उसका बड़ा जश्न मनाया गया। जून, 2017 में जब यह लोन-वेवर स्कीम आई तो हमें यह अहसास दिलाया गया कि किसानों की सारी परेशानी खत्म हो गई है। महोदय, उस लोन-वेवर स्कीम के आने के बाद से लेकर आज तक साढ़े चार हज़ार किसानों ने आत्महत्या की है। आप बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। हमने सुना है कि आपने पीठ थपथपाई है।

आपने कहा था कि वर्ष 2019 तक इस राज्य को आप टैंकर मुक्त राज्य बनाएंगे। वर्ष 2019 आ गया है। पिछले साल 1,800 टैंकर्स इस्तेमाल हुए थे। इस साल सात हज़ार टैंकर्स के जरिये लोगों तक पानी पहुंचाया जा रहा है। आपने अपने भाषण में यह कहा था कि वर्ष 2022 तक हम किसानों की आमदनी दोगुनी करने वाले हैं। पूरे देश का किसान टकटकी लगाए वित्त मंत्री के भाषण को सुनता रहा, इस उम्मीद के साथ कि हमने इस सरकार को इतना बहुमत दिया है, इसलिए हम सरकार से यह पूछना चाहते हैं। वह किसान आपसे सवाल कर रहा है कि वर्ष 2022 तक आपने किसानों की आमदनी दोगुनी करने का जो वादा किया है, वह आप किस तरह पूरा करने वाले हैं। आप यह जानते हैं कि यह मुमकिन ही नहीं है, इसीलिए बजट भाषण के अंदर इसका ज़िक्र ही मत करो, लोग ख़ुद ब ख़ुद भूल जाएंगे, लेकिन हम आपको भूलने नहीं देंगे, हम आपको याद दिलाते रहेंगे, हम आपको याद दिलाते रहेंगे कि आपका यह वादा था, आप यह वादा पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

सभापति महोदय, हम जानते हैं कि किसानों की आमदनी बढ़नी चाहिए, लेकिन यह उस वक्त मुमकिन होगा, जब आप रिसर्च एंड डेवलपमेंट के ऊपर ज़्यादा खर्च करेंगे। आपकी

इकोनॉमिक सर्वे की रिपोर्ट बताती है कि भारत में एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के ऊपर हम सिर्फ 0.37 परसेंट ऑफ एग्रीकल्चरल जीडीपी खर्च करते हैं, जबकि हकीकत यह है कि जितने भी प्रगतिशील देश हैं, वे यह कहते हैं कि आपके एग्रीकल्चरल जीडीपी का कम से कम एक परसेंट आपके एग्रीकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के ऊपर खर्च होना चाहिए। अगर आप यह कर पाते हैं, अगर आप रिसर्च के अंदर नई-नई टैक्नोलॉजी इंट्रोड्यूस करते हैं तो यकीनन हम अपनी फूड सिक्योरिटी मज़बूत कर पाएंगे, प्रोडक्टिविटी को बढ़ा पाएंगे और दूसरी बात यह है कि हम किसानों की आमदनी, जो कि बहुत ज़रूरी है, उसे भी बढ़ा पाएंगे।

सभापति महोदय, आज किसान आत्महत्या कर रहा है। हम कितनी भी बड़ी-बड़ी बातें कर लें कि हम अंतरिक्ष में जा रहे हैं, हम बड़े-बड़े काम कर रहे हैं लेकिन आज हमारे राज्य का, हमारे देश का किसान आत्महत्या कर रहा है, क्योंकि हम किसानों को कुछ नहीं दे रहे हैं। दूसरी तरफ हम किसानों के साथ कैसा छल कर रहे हैं, मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा।

महाराष्ट्र के अंदर गंगाखेड़ शुगर नाम की एक कंपनी है । इस कंपनी का एक मैनेजिंग डायरेक्टर है, जिसने 20 हज़ार किसानों के नाम के ऊपर क्रॉप लोन देने के बोगस डॉक्युमेंट्स तैयार किए। एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने जब इंक्वायरी की तो पहले 100 करोड़ रुपये निकले, फिर 200 करोड़ रुपये निकले। आप लोगों ने तो आंकड़े दे दिए होंगे कि आपने महाराष्ट्र के अंदर क्रॉप लोन के इतने-सौ करोड़ रुपये दिए हैं या इतने-हज़ार करोड़ रुपये दिए हैं। महोदय, इस कंपनी का मैनेजिंग डायरेक्टर, जो अब जेल की सजा काट रहा है, उसने 578 करोड़ रुपये 20 हज़ार किसानों के नाम के ऊपर बोगस तरीके से लूटे हैं।

**माननीय सभापति :** अब आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील:** सभापति महोदय**,** आपको मालूम है कि इसके अंदर 7 बैंक्स इनवॉल्वड हैं। किसान परभणी का है**,** लेकिन उसे लोन कहां से दिया गया है? उसे नागपुर से लोन दिया गया है। आज तक एक भी बैंक के डायरेक्टर या मैनेजर को अरेस्ट नहीं किया गया है। यह पूरी सांठ**-**गांठ के साथ किया गया था। …(व्यवधान)

सभापति महोदय, आपको हैरानी होगी कि ये जो 20 हज़ार किसान हैं, जिनके नाम के ऊपर बोगस तरीके से कर्ज़ उठाया गया है, उनमें से 100 किसान ऐसे हैं, जो कई साल पहले मर चुके हैं। मरे हुए किसानों के नाम के ऊपर यह कर्ज़ उठाया जा रहा है।

**माननीय सभापति :** प्लीज़, अब आप समाप्त कीजिए।

**श्री सय्यद ईमत्याज ज़लील:** सभापति महोदय, यह हकीकत है। …(व्यवधान) हम यह आईना आपको दिखा रहे हैं। …(व्यवधान) अगर इसके ऊपर चर्चा नहीं होगी, अगर आप जो वादे कर रहे हैं, वे वादे अगर आप पूरे नहीं करेंगे और सिर्फ यही कहेंगे कि देश के अंदर अगर बारिश भी हो रही है तो मोदी साहब की वजह से हो रही है, धूप भी आ रही है तो मोदी साहब की वजह से आ रही है, इस तरह आप कब तक अपनी पीठ थपथपाएंगे? कुछ हकीकत बातों के ऊपर भी ध्यान देने की ज़रूरत है। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

[*] **DR. SUJAY VIKHE PATIL (AHMEDNAGAR):** I would like to express my views on Demands for Grants for Ministries of Agriculture and Famers' welfare as well as Rural Development. It is a matter of great pleasure and satisfaction that the budgetary estimate for the Agriculture Ministry for 2019-20 is 140 per cent higher than that for the year 2018-19 at Rs 57,600 crore. In this Budget, the government aims to invest widely in agriculture infrastructure and allied areas, and has also sought support from private entrepreneurship for value in farm sector especially in food processing industry. Against the Budget 2018-19 (revised) estimates of Rs 86,602 crore for agriculture and allied activities, the Budget 2019-20 proposed to invest 1,51,518 crore in this sector. Due to sincere effort so four Government, the agricultural and allied sectors in India have grown at an annual growth rates of nearly 2.9 per cent from 2014-15 to 2018-19. Women's participation in agriculture has also been increasing with 13.9 per cent in 2015-16 from 11.7 per cent in 2005-06.

Our Hon'ble PM has rightly said that one of the methods of boosting the economy is to see farmers as wealth creators of the nation and not merely as food producers. He further added, "We are now looking at farmers as exporters. There is tremendous potential for our farmers to grow exponentially." Keeping in view the policy of our beloved Prime Minister Shri Narendra Modi Ji, Honourable Finance Minister has focused this year's budget

[*] Speech was laid on the Table.

on *"gaon, gareeb and kisan* (villagers, poor and farmer)". While presenting the current year's Budget, she has tried to take care of every aspect of Agriculture, Farmers welfare and Rural economy. For fisherman, she announced Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana in order to plug gaps in the fisheries value chain. The Government has carved out Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying and an amount of Rs 805 crore has been allocated to Pradhan Mantri Matsya Sampada Yojana (PMMSY) to address critical gaps in the value chain, including infrastructure; modernization, traceability, production, productivity, post-harvest management and quality control.

She took steps to promote traditional industries around bamboo, honey and textiles. The finance minister pledged to "invest widely in agricultural infrastructure" and said the government will go back to the basics on one count: zero budget natural farming (ZBNF). ZBNF is a farming method which relies on a mix of cow dung, urine and jaggery as the primary soil nutrient instead of chemical fertilizers. I am sure that zero budget natural farming will help a lot to pull the farmer out of the debt trap and also improve crop productivity. The steps such as these can help in doubling our farmers' income on the occasion of 75th year of our independence.

In the Budget it has been further pledged to create 10,000 new farmer producer organizations to ensure improved bargaining power for farmers while purchasing inputs and during selling their harvest. The

Government will ensure that farmers benefit from the electronic national agricultural market, or e-NAM.

At present, the primary challenge before our government is to keep up to its target of doubling farmer incomes by 2022 and in this budget a number of important steps have been taken in this direction. In fact, the budget has tried to reduce financial stress and boost complementary income opportunities for farmers towards the goal of doubling farmers' income by 2022. The direct income support of Rs. 6,000 per year will also help it get closer to the goal. The Government is also working to provide farmers access to wider markets, cold chain and processing facilities so that they can earn better prices for their crop after harvesting season is over.

In her budget speech, Sitharaman Ji has tried to encourage farmers to adopt dairying by creating infrastructure for cattle feed manufacturing, milk procurement, processing and marketing and following this policy, our "annadata" (a reference to farmers) will turned into "urjadata" (energy provider) in the days to come.

As far as the rural development is concerned, the total allocation for rural development has been increased from Rs 1,35,109 crore in 2018-19 to 1,40,762 crore this fiscal. The Government has allocated Rs 80,250 crore for road construction in rural areas in Budget 2019-20. To give a push to rural infrastructure, Budget 2019-20 proposes to make 1.25 lakh km of roads

under Pradhan Gram Sadak Yojana under Phase III. This investment in rural areas will give necessary impetus to revive rural economy. The Budget also proposes to build 1.95 crore houses under Pradhan Mantri Awas Yojna in rural areas. Every single rural family will have electricity and LPG connection by 2022.

Under SFURTI or the Scheme of Fund for Upgradation and Regeneration of Traditional Industries, 100 new clusters will be set up in 2019-20 to enable 50,000 rural artisans to come into economic value chain.

The spirit of the 2019 Union Budget - 'Reform, Perform, and Transform' is the mantra to build a stronger economy for New India in the next few years. Transforming the lives of families in rural India through multiple 'yojanas' with higher standards of clean and healthy living is a much-needed focus. We are happy to note that focused attention has been paid for welfare of farmers, fishermen and rural artisans. Making India self- sufficient will boost rural growth and enable agriculture to regain its pride of place, besides promoting rural employment.

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme (MGNREGS) has also been allocated Rs 60,000 crore. Given the drought-like conditions in close to 40 per cent of India's districts this year and deficit monsoon (until now), allocation to MGNREGS has been kept on higher side.

All rural households will be provided with piped water supply by 2024 under the Jal Jeevan Mission. The allocation to the National Rural Drinking Water Mission has been increased by 81.8% over the revised estimate of 2018-19. The allocation for this year is Rs 10,001 crore, as compared to Rs 5,500 crore in 2018-19(revised estimate). Swachh Bharat Mission· wiil be expanded to undertake solid waste management in every village. Allocation to National Livelihood Mission has also been increased by Rs 3,481 crore (55.3%) over the revised estimates of 2018-19.

Considering the need for a strong consumption stimulus, PM Kisan Scheme could well be at the centre of the grand scheme of things in the upcoming Budget.

Despite its launch early this year, "traction of the PM Kisan scheme has been slow, with only 27 per cent of beneficiaries being identified so far. I request all the states to hasten the process of identification of farmers and disbursements under the scheme.

As our Honourable PM Modi rightly said, this budget is for a 'New India', has a roadmap to transform the agriculture sector of the country. I once again congratulate our Finance Minister Smt. Nirmala Sitharam Ji for presenting the budget which has taken care of every aspect of Agriculture, Farmers' Welfare as well as rural economy. I am sure that this budget will transform the life of all the rural people and will help in evolution of a strong 'New India'. In fact, it is a citizen friendly, development friendly and future oriented budget.

With these words, I once again support the demands for grants for the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare as well as Rural Development.

**20.00 hrs**

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** सभापति महोदय, धन्यवाद। आपने मुझे ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर हो रही चर्चा पर बोलने का मौका दिया। मैं अपनी पार्टी की तरफ से सारे विधेयकों के साथ-साथ जो बजट आया है और जो डिमाण्ड्स हैं, उनका समर्थन करता हूं। आज चर्चा गांव, किसान और ग्रामीण विकास पर हो रही है। निश्चित रूप से आजादी के 70 साल बाद प्रधान मंत्री जी ने किसान की सुध ली। मैं उस चीज का साक्षी हूं कि 7 दिसम्बर 2016 को नागौर की धरती से मैंने 5 लाख लोगों को लेकर हुंकार भरी थी। सम्पूर्ण कर्ज माफी व मुफ्त टोल के लिए मैं राजस्थान सहित पूरे देश के किसानों के लिए लड़ाई लड़ रहा था। उसके बाद मध्य प्रदेश और देश के विभिन्न हिस्सों के अंदर बड़े आंदोलन हुए। मैं प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि उन आंदोलनों के अंदर कोई भी हताहत नहीं हुआ, केवल मामूली छोटी-मोटी झड़पें हुई थीं। किसानों का भला करने के लिए एक दिन में सोच लें और सारा कर्ज माफ हो जाए, यह सम्भव नहीं है। कर्ज माफी के लिए बहुत बड़ी योजना बनाई गई और किसान सम्मान निधि में आजादी के 70 साल बाद 6 हजार रुपये प्रत्येक किसान के खाते के अंदर गये, चाहे उस किसान की 200 बीघा जमीन हो, चाहे 100 बीघ जमीन हो, चाहे 50 बीघा जमीन हो। प्रधान मंत्री जी निश्चित रूप से किसान के लिए कुछ करना चाहते हैं। एक दिन में सारी बातें नहीं हो सकती हैं, क्योंकि 70 साल के गड्ढे खुदे हुए हैं। इनको वापस भरने में टाइम लगेगा। पांच साल निकल गए हैं। इन पांच सालों में जो योजनाएं आईं, उनमें नदी-नाले जोड़कर सिंचित क्षेत्र बढ़ाकर किसानों को मुख्य धारा के अंदर जोड़ा गया है। यह प्रधान मंत्री जी की योजना है। मैं कृषि मंत्री तोमर साहब, परषोत्तम रूपाला साहब और कैलाश चौधरी जी को धन्यवाद दूंगा, जो कृषि से जुड़े हुए हैं। अभी दो-तीन दिन पहले इन्होंने एक कार्यशाला का आयोजन किया था। उसमें पूरे देश के साइंटिस्ट आए थे, जनप्रतिनिधि आए थे और किसान भी आए थे। अगर हम राजनीति से ऊपर उठकर बात करें तो आजादी की लड़ाई के अंदर सबसे ज्यादा किसी ने शहादत दी है और आज

भी देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए कोई शहीद होता है तो वह किसान का बेटा है। वह सीने पर गोली खाकर भारत माता की रक्षा करता है । हमें किसानों को बहुत कुछ देना होगा । आज ज्यादातर इलाके सूखे हुए हैं और कई इलाके बाढ़ग्रस्त हैं। हर आदमी को अपने वोट की चिंता पड़ी है, लेकिन किसान की चिंता किसी को नहीं है। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप भाषण पर ध्यान रखिए, क्योंकि समय सीमित है।

**श्री हनुमान बेनीवाल :** सभापति महोदय, अंग्रेजों के शासन काल से लेकर सामंती शासन, अकाल और बाढ़ से 70 साल की व्यवस्था के अंदर किसान अपने संघर्ष और हिम्मत से लड़ता रहा है। हर बार उसको सब्जबाग दिखाए गए, सपने दिखाए गए, लेकिन उसके सपनों को मूर्त रूप और धरातल पर लाने का काम इस सरकार ने किया है। वर्ष 2014-19 और वर्ष 2019-24 के कार्यकाल में निश्चित रूप से मोदी जी की सरकार किसानों को बहुत कुछ देने की सोच रही है। लगभग एक साल के अंदर 1 लाख 40 हजार करोड़ रुपये किसान कल्याण कोष में खर्च होंगे। यह बहुत बड़ा बजट है। मैं प्रधान मंत्री जी से चार-पांच दिन पहले मिला था। उन्होंने मुझसे कहा कि हर व्यक्ति आकर मुझे सीधा सुझाव दे सकता है। हमारे सारे मंत्री जी बैठे हैं। किसानों के महकमे भी इनके पास हैं। पशुपालन, मछलीपालन ये सारे विषय किसानों से जुड़े हुए हैं और गांवों से जुड़े महकमे हैं। सभापति महोदय, मुझे दो-चार मिनट बोलने के लिए और दीजिए। हम रात के 12 बजे तक बैठ लेंगे। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप भाषण पर कॉन्सेंट्रेट कीजिए। ये सब आपको डिस्टर्ब करना चाहते हैं। आप डिस्टर्ब मत होइए।

**श्री हनुमान बेनीवाल:** सभापति महोदय, किसानों की फसल खराब होती थी। उसमें राइडर लगा हुआ था कि 50 प्रतिशत फसल खराब होने पर ही मुआवजा मिलेगा, वह आपने 33 प्रतिशत किया। उससे किसानों को बहुत फायदा मिला है। पहले आप तहसील को इकाई मानते थे, फिर यह बात आई कि तहसील नहीं, आपने गांव और खेत को इकाई माना, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को मुआवज़ा मिल रहा है। आप फसल बीमा योजना लेकर आए हैं, इससे किसानों को बहुत फायदा

हुआ है। सभापति महोदय, उन कंपनियों पर नियंत्रण किया जाए जो फर्जी प्रीमियम लेती हैं। कई जगहों पर किसान होशियार नहीं है और जानकारी के अभाव में वह क्लेम का दावा नहीं करता है, जिससे कंपनियां उनका पैसा लेकर भाग जाती हैं। सभापति जी, किसान 31 जुलाई तक फसल बीमा योजना करा सकते हैं। हमारे राजस्थान के अंदर और देश के कई हिस्सों में बरसात नहीं हुई है तो मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि इसको 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया जाए। इसके लिए एक महीना बढ़ाया जाए, ताकि किसानों को राहत मिल सके और फसल बीमा का पैसा भी मिल सके।

जालौर से आने वाले हमारे माननीय सांसद ने कहा कि हमारे देश की 80 प्रतिशत आबादी आज कृषि कार्य से जुड़ी हुई है। गांव के लोग आज निश्चित रूप से टकटकी लगाकर देख रहे हैं कि लोक सभा चल रही है। हर किसान का बेटा पूछ रहा है कि मोदी जी हमारे लिए क्या कर रहे हैं? पहले भी सरकारें थीं, लोक सभा चलती थी, लेकिन होता यह था कि हो-हल्ला करके लोग चले जाते थे। लेकिन हमने देखा है कि आज यहां काम भी हो रहा है, बिल भी पास हो रहा है और किसानों की बात भी की जा रही है। माननीय वित्त मंत्री जी ने बजट में कहा कि तिलहन की खेती पर जोर दिया जाए। दलहन के मामले में हम आत्मनिर्भर हो गए हैं और तिलहन के मामले में अगर हम आत्मनिर्भर हो जाते हैं तो मिलावटी तेलों से हमको मुक्ति मिलेगी और जिस तरह की बीमारियां मिलावटी तेलों से फैल रही हैं, उनसे बचाव होगा। हमें तिलहन आयात नहीं करना पड़ेगा। इन पर जोर देनी की बात वित्त मंत्री जी ने कही है।

सभापति महोदय, कृषि मंत्रालय के बजट में 1 लाख 30 हजार 485 करोड़ रुपया आवंटित हुआ। प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना आजादी के बाद पहली बार हमारे यहां पहुंची। मेरा कृषि मंत्री और कृषि राज्य मंत्री जी से निवेदन है कि पिछले 5 सालों में किसानों को जिन महत्वपूर्ण योजनाओं, जैसे पीएम कृषि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना आदि की जो शुरुआत मोदी जी ने की है, उनके और अधिक बेहतर परिणाम कैसे आएं, इस संबंध में कारगर कदम उठाए जाएं। आर्थिक सर्वेक्षण, 2018 की जो रिपोर्ट थी, उसमें हमारे देश में 14.2 करोड़ हेक्टेयर भूमि

कृषि योग्य बताई गई और देश का 52 प्रतिशत हिस्सा अनियमित सिंचाई और मानसून पर निर्भर है, इसलिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को और अधिक मजबूत करें तथा सक्षम बनाएं।

सभापति महोदय, भारत की जनगणना को अगर देखें तो 2001 से 2011 के मध्य देश में 86 लाख किसान कम हो गए, इसलिए बजट में पहल की गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार बढ़ेगा। इसमें और अधिक व्यापक बदलाव करने की आवश्यकता है। राजस्थान में 63 प्रतिशत किसानों के पास औसतन 1.90 हेक्टेयर जमीन है। 2016-17 में मासिक आय औसतन 9 हजार रुपये थी, जबकि कई किसानों की आय इससे कम भी थी। मेरा मंत्री जी से यह भी निवेदन है कि देश के अंदर भण्डारण की बुनियादी व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का भी अभाव है। अत: तेजी से भण्डारण की व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं को स्वीकृत किया जाए।

सभापति महोदय, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि जो स्वामीनाथन आयोग बना था कि देश के अंदर किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उनको कैसे बचाया जाए। स्वामीनाथन आयोग की आंशिक रिपोर्ट जो पहली बार लागू हुई है, वह माननीय प्रधान मंत्री जी ने की है। जो मूंग 4 हजार रुपये में बिकता था, वह 7 हजार रुपये में बिक रहा है। अत: मेरा निवेदन है कि स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशें अगर कोई पूर्णरूप से लागू कर सकता है, तो वह माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी हैं।

**माननीय सभापति :** आपकी स्पीच पूरी हो गई। श्री एन.के. प्रेमचन्द्रन जी।

**श्री हनुमान बेनीवाल:** सभापति महोदय, मैं मात्र आधा मिनट और लूंगा। जापान और अमरीका में किसान खेती करते हैं। वह 100 रुपये खर्च करते हैं तो उनको बाजार के भाव से 300 रुपये मिलते हैं और हमारे यहां 100 रुपये खर्च करने पर किसान को 57 रुपये मिलते हैं। अगर धन्ना सेठों का 3 लाख करोड़ रुपये का कर्ज वर्ष 2014 से पहले माफ किया जा सकता है, तो देश के किसानों का भी संपूर्ण कर्ज माफ होना चाहिए, मेरी यह मांग आदरणीय प्रधान मंत्री जी से है।

**माननीय सभापति :** आदरणीय मंत्री जी। श्री बेनीवाल जी, रिकॉर्ड में अब नहीं जा रहा है।

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** डिनर की व्यवस्था का प्रॉपर्ली अनाउंसमेंट नहीं हुआ था। डिनर की व्यवस्था निम्नवत् है**:**

| | | |
|---|---|---|
| For MPs | – | Room No. 70, Parliament House, I$^{st}$ Floor |
| For Media | – | Room No. 73, Parliament House, I$^{st}$ Floor |
| For Staff | – | Room No. 74, Parliament House, I$^{st}$ Floor |
| For Security Personnel | – | PLB Canteen |

*__DR. NISHIKANT DUBEY (GODDA):__ I support the Demands for Grants 2019-20 on Agriculture. To promote the use of fertilizers by farmers, the central government provides a fertilizer subsidy to the producers of fertilizers. In 2017-18, Rs.70,000 crore has been allocated for fertilizer subsidy, which is the second biggest expenditure on subsidy after food subsidy.

Allocations for fertilizer subsidy have been increasing at an annual rate of 11.4% between 2000 and 2016. Of the subsidy allocated for 2017-18, Rs 49,768 crore has been allocated for subsidy on urea. Figure 8 shows the trend in the fertilizer subsidy 2000-01 onwards.

Currently the amount of subsidy to be given is determined based on the cost of production of the fertilizer company. Companies with a higher cost of production receive greater subsidies. This reduces the companies' incentive to reduce their cost of production. Although the consumption of urea has been increasing over the past decade, no new domestic production capacity has been added in the past 15 years.

A Committee that examined the role of Food Corporation of India recommended that cash transfers should be made to farmers to replace the current fertilizer subsidy regime. This would allow farmers to choose fertilizers in the combination best suited to their needs, and help them to fix the

---

* Speech was laid on the Table.

fertilizer imbalance in soil. In the Union Budget 2016-17, it was announced that a direct benefit transfer program for fertilizers would be launched on a pilot basis in a few districts across the country. In July 2016, the government announced that it would be conducting pilot studies of direct benefit transfers in 16 districts in 2016-17.

The consumption of chemical pesticides in the country has increased over the past few years, from 55,540 tonne in 2010-11 to 57,353 tonne in 2014-15. Over this time period, the imports of pesticides also increased from 53,996 tonne to 77,376 tonne. Issues with regard to the use of pesticides include use of low-quality pesticides, and a lack of awareness about pesticide use. The Economic Survey 2015-16 noted that the use of pesticides without proper guidelines has led to an increase in pesticide residue being found in food products in India.

While the production of pesticides is monitored by the Ministry of Chemicals and Fertilizers, their usage is administered by the Ministry of Agriculture. There is a need to review the Insecticide Act, 1968, to provide for a regulatory framework for the pesticides sector. 6 The Standing Committee on Agriculture has also recommended that a Pesticides Development and Regulation Authority be created to regulate the manufacturing import and sale of pesticides in the country. Other recommendations include developing an integrated pest-management system, which includes a mix of the mechanical and biological methods of pest control, and encourages the use of bio-

pesticides.

Quality seeds is another input necessary for agricultural productivity, and good quality seeds account for 20%-25% of increased crop productivity. 55 seeds are regulated by the Seeds *Act,* 1966. The Act regulates the quality, production, and sale of seeds. The Seeds Control Order,1983 regulates the licenses to sell, export and import seeds. Three varieties of seeds commonly used are (i) farm-saved seeds, which account for 65%-70% of the total seeds consumption, (ii) commercially produced seeds of the breeder, foundation and certified varieties, and (iii) genetically modified and hybrid seeds.

Agricultural seeds are produced by various agencies such as Indian Council of Agricultural Research and its research institutions, state agricultural universities, national and state seeds corporations. The private sector has also started playing a role in supplying some seeds such as hybrid maize, bajra, cotton and sunflower. Some of the challenges identified in the development and distribution of quality seeds are (i) access to quality seeds, and (ii) inadequate research support.

About 30%-35% of the total seeds available are produced by private and public sector companies, and farm bred seeds account for the remaining seeds.18 While farmers can develop certain varieties of seeds from the crops harvested on their land, high-yielding varieties of seeds have to be purchased from the market. The cost of these varieties is too high for marginal and small

farmers to afford, thus disincentivising them from purchasing these varieties 43. The Economic Survey 2015-16 has recommended bringing in more players into the production of seeds, to improve their availability in the market and also reduce their prices.

Genetically modified (GM) seeds are those where certain genes are modified to develop traits such as a resistance to pests and herbicide, and increased productivity. Bt cotton is currently the only approved GM technology seed in India. It was adopted in India in 2002 and as of 2014, 92% of the area covered by cotton uses Bt cotton.57 After releasing Bt cotton in the country, the crop's yield increased from 190 kg ha in 2000-01 to 461 kg/ha in 2014-15.58 Over the years, various GM crops such as Bt brinjal have been developed, but they have not received the regulatory approval to be released in Indian markets. Under the existing regulatory process, the Genetic Engineering Appraisal Committee (GEAC) under the Ministry of Environment, Forest and Climate Change, approves proposals for the commercial use of GM seeds.59 In September 2016, the GEAC invited public comments on a report authorising the environmental release of GE mustard.60,61 The Ministry of Environment is yet to provide the final approval for GE mustard to be released commercially.

देश के गांवो में कच्ची सड़क से मुक्त करने हेतु मोदी सरकार द्वारा गांव के सम्पर्क मार्गों को पक्का किया जा रहा है तथा ग्रामीण जीवन उन्नत बनाये गये हैं। इस बजट में 80 हजार करोड़ रुपये प्रधान मंत्री ग्राम सड़क के लिए आवंटित गये हैं जिससे कि 1 लाख 25 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का निर्माण आगामी 5 वर्षों में किया जायेगा। आज हम प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क के तीसरे चरण की शुरुआत करने जा रहे है। इससे जो भी बची हुई ग्रामीण सड़कें होंगी उसे पूरा

* Speech was Laid on the Table.

किया जायेगा। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध होगा कि मेरे शिवहर संसदीय क्षेत्रांतर्गत अधूरे सड़कों को भी बनवाने का काम किया जाये।

मनरेगा ने ग्रामीण लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार दिये हैं और सरकार ने मनरेगा को सफल बनाने के लिए मनरेगा को 60 हजार करोड़ रूपये आवंटित किए हैं। मैं सरकार से मांग करती हूं कि मनरेगा में जो शिकायत है और इन शिकायतों को दूर करने की प्रकिया में कोई भी व्यक्ति दोषी पाया जाता है तो उसको सख्त से सख्त सजा दिये जाने हेतु राज्य सरकार को निर्देश दिए जाएं जिससे मनरेगा के कार्यों को शत-प्रतिशत जमीन पर उतारा जा सके।

गांवो में शहरों जैसी सविधाएं देने के लिए उज्ज्वला योजना बनाई जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को भी फ्री एल.पी.जी. कनेक्शन देकर सुविधाएं प्रदान की गई हैं जिसमें धुएं की किल्लत दूर हुई तथा उन्हे दमे और सांस जैसी बीमारियों से मुक्ति मिली है।

इस बजट में सीमावर्ती इलाके के ग्रामों के विकास के लिए जो राशि आवंटित की गई है इससे सीमा क्षेत्र की लम्बित परियोजनाओं को पूर्ण कराना संभव हो सकेगा। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहती हूं कि मेरे क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण एवं सीतामढ़ी जिले के सीमावर्ती इलाके की सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराया जाये।

देश महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती मनाने जा रहा है। इस अवसर पर पूरे देश के गांवों को ओ.डी.एफ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जो विश्व में एक रिकॉर्ड है। इस सरकार ने ग्रामीण विद्युतीकरण में सुधार करने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के लिए 4 हजार 66 करोड रुपये की व्यवस्था की है जो देश के गांवो को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाएगी। मोदी सरकार में वैसे 18 हजार गांव जो आजादी के बाद से बिजली से वंचित थे वहां बिजली पहुंचाने का ऐतिहासिक काम किया गया है।

भारतीय किसान कल्याण के लिए हमारी सरकार ने कृषक कल्याण मंत्रालय का गठन किया है तथा उनको किसान सम्मान निधि से 2 एकड़ से कम भूमि वाले किसानों को हर साल 6 हजार रूपये देने के काम की शुरूआत की है। इस निधि से किसानों को अपने खेतो में बुआई से कटाई तक के लिए अब साहूकारो के दरवाजे नही जाना पडेगा और न फसल का हिस्सा इन साहूकारों को देना पड़ेगा। इस बजट में किसान सम्मान निधि को 75 हजार करोड का आवंटन किया गया है।

कृषि क्षेत्र में आय बढाने के लिए अलग से मत्स्य विभाग का गठन किया है और एक नया मत्स्य पालन विकास फंड बनाया है। इससे देश के मछुआरो की जिन्दगी बदल सकती है। भारत मछली क्षेत्र में रोजगार पैदा करने वाला कृषि के बाद दूसरा क्षेत्र है।

(1) कर्ज बोके खेतों से बालियां निकलती है।
खून रो के ज्यों दिल से, ढसरियाँ निकलती है
हाये उन गरीबों की, कोई देखें मजबूरी।

(2) खून बेचकर जिनकी रोटियों निकलती
बोलने की आजादी, संविधान देता है
बोलने पर अब मेरे रैलियां निकलती।

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** Hon. Speaker, Sir, thank you for the opportunity to speak on and support the Demands for Grants under the Ministry of Rural Development and the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare for the year 2019-20.

On behalf of my Party, the AIADMK, the Chief Minister and the Deputy-Chief Minister of Tamil Nadu, I welcome and support this Demands for Grants. I would like to express my heartfelt thanks and congratulate our hon. Prime Minister, Narendra Modi ji and the hon. Minister on ensuring this Ministry's remarkable and harmonised functioning towards the welfare of rural India.

I welcome the pronouncement of the Ministry to allocate the Gross Budgetary Support of Rs. 1,17,647 crore which is an increase of Rs. 5,244 crore over the Revised Estimates of the year 2018-19 which is appreciable.

At this juncture, I would like to register my concern on behalf of Tamil Nadu State that basic grants for the Department of Rural Development amounting to Rs. 952 crore for the year 2017-18; Rs. 1,098 crore for the year 2018-19 and Rs. 2,659 crore for the year 2019-20 are pending.

The total amount of grants is Rs.4,610 crore which is pending with the Central Government for the State of Tamil Nadu. I request the hon. Minister to release the pending grants to enable the State Government of Tamil Nadu to discharge the basic civic functions effectively.

Sir, I urge upon the Central Government to release the funds for implementing the following schemes in Tamil Nadu as early as possible:

1. Rs.9,800 crore for National Horticulture Mission for year 2019-20.
2. Rs. 16 crore for National Bamboo Mission for year 2016-17 and 2017-18 respectively.
3. Rs.5,903 crore for nodal approval for National Mission for Sustainable Agriculture Scheme for the year 2019-20.
4. Rs.60 crore for strengthening the various wings of Department of Seed Certification and Department of Organic Certification under National Mission for Agricultural Extension and Technology for the year 2019-20.

Sir, in order to avert the looming water crisis in agricultural sector prevailing in our country, I request the hon. Minister to devise a policy enabling to incentivise the farmers for adopting efficient ways of water usage in cultivation.

Sir, the State Government of Tamil Nadu has received five awards from the Central Government for effectively implementing the MGNREGA Scheme and for the initiatives under Geo-MGNREGA performance in AADHAR seeding and conversion. I request the hon. Minister for effective coordination between agriculture sector and MGNREGA, particularly in pre-sowing and post-harvest activities, further providing incentive schemes for those entrepreneurs who are setting up cold storage units meant for assisting the poor farmers.

…(*Interruptions*) Sir, I am concluding. Accordingly, I request the hon. Minister to immediately recommend for enhancement of additional 50 days to the MGNREGA workers for the State of Tamil Nadu, which is facing a severe drought due to monsoon failure.

Sir, in my Theni constituency, a lot of crops – mango, grapes, coconut etc. are grown. So, I request the Government to set up an agriculture products' market in my constituency.

Sir, finally, I am concluding by supporting the Demand for Grants of the Ministries of Rural Development and Agriculture and Farmers' Welfare. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, अभी सदन में शांति है, लेकिन कुछ माननीय सदस्य अभी भी बातचीत कर रहे हैं। मैं आप सबसे आग्रह करूंगा, मेरा अनुभव है, हम पीछे की बैंच पर बैठकर बहुत बातें करते थे। अगर हम ध्यान से सुनें तो सम्पूर्ण देश की जानकारी अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों के माध्यम से मिलती है, अनुभव प्राप्त होता है। यह अनुभव आपकी जिंदगी में नई दिशा देगा, नया अनुभव देगा।

मेरा माननीय सदस्यों और संसदीय कार्य मंत्री जी से भी आग्रह है कि आप सभी सदस्यों से आग्रह करें कि माननीय सदस्य इस संसद के लिए चुनकर आए हैं और वे अधिकतम समय बैठेंगे तो उन्हें पूरे देश की जानकारी मिलेगी। ऐसा उनका सौभाग्य है कि उनको जनता ने चुनकर भेजा है। मेरा आग्रह है कि सभी पार्टियां अपने दल के माननीय सदस्यों से पुन: आग्रह करें कि डिमांड्स फॉर ग्रांट्स पर इतनी महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है, पूरे देश की चर्चा एक साथ सुनने को मिल रही है।

मैं पुन: माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं कि संक्षिप्त में अपनी बात कहें और अपने मित्रों को बाहर जाकर टेलीफोन कर दें ताकि अधिकतम माननीय सदस्य सदन में आ जाएं।

आप सब अपने लोकसभा क्षेत्र के बारे में बता दीजिए। कुछ दिनों बाद तो स्क्रीन पर लोकसभा क्षेत्र आ जाएंगे, तब माननीय सदस्य एक-दूसरे को जानने लग जाएंगे। माननीय सदस्य, पहली बार अपना लोकसभा क्षेत्र भी बता दें।

श्रीमती अन्नपुर्णा देवी।

**श्रीमती अन्नपुर्णा देवी (कोडरमा):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं झारखंड के कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से आती हूं। मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करती हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। इसके साथ ही मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और पार्टी के माननीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त करती हूं।

आज ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की अनुदानों की मांगों पर चर्चा है, मैं माननीय वित्त मंत्री, जो पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं, उनके प्रति भी आभार व्यक्त करती हूं कि उन्होंने पहली महिला पूर्णकालिक वित्त मंत्री के रूप में सदन में पहली बार बजट पेश किया है।

**21.00 hrs**

आज बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है। देश की 80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। ग्रामीण क्षेत्र को आगे बढ़ाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने समझा कि गांवों एवं किसानों की क्या परेशानी है। उन्होंने पूरे भारतवर्ष को अपने एक परिवार के रूप में सोचा, समझा और उनको आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। पिछले पांच साल में उन्होंने लोगों के बीच में विश्वास, जो एक नारा था सबका साथ, सबका विकास और साथ में सबका विश्वास को भी जोड़ा। लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ, चूंकि देश को काम करने वाला एक ईमानदार प्रधान मंत्री मिला और लोगों ने देखा, विश्वास किया कि पिछले पांच वर्षों का जो कार्यकाल रहा, उसमें आम जनता, किसान और गरीबों के लिए इन्होंने अपना पूरा समय दिया।

साथ ही साथ मैं ग्रामीण विकास विभाग की जो योजनाएं हैं, उनकी ओर भी जाना चाहूंगी। मनरेगा योजना के तहत लोगों को रोजगार मिलता है। मैं माननीय मंत्री से आग्रह करना चाहूंगी कि मनरेगा योजना में मजदूरों की जो मजदूरी है उसे बढ़ाने की कृपा करें ताकि उनकी कुछ मजदूरी बढ़ जाए। साथ ही साथ उन्हें कृषि के साथ टैग करें। अगर मनरेगा को कृषि के साथ जोड़ेंगे तो शायद हमें ज्यादा लाभ मिलेगा। मनरेगा योजना के तहत बहुत सारा काम, चाहे वह प्लांटेशन का काम हो, तालाब का निर्माण हो या फिर मजदूर ओरिएंटेड काम होते हैं, उनमें किया जाता है। मैं आपसे एक

आग्रह करना चाहूंगी कि आज जलशक्ति मंत्रालय जिस तरह से पूरे देश में, सभी लोगों की यह चिंता है कि पानी की किल्लत है, जलस्तर नीचे जा रहा है, इसलिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने जलशक्ति मंत्रालय का गठन किया है। आज मनरेगा के तहत भी तालाब का निर्माण होता है तो मैं यह आग्रह करना चाहूंगी कि उसमें मजदूरों के द्वारा खुदाई होती है, पर जो सरकार की यह योजना है, एक महत्वाकांक्षी योजना है, अपेक्षा है कि इसमें ज्यादा से ज्यादा पानी रुके तो मजदूर के माध्यम से इसमें बहुत ज्यादा डीप नहीं हो पाता, जिसकी वजह से लागत लगती है, लेकिन हमें उस तरह का फायदा नहीं मिल पाता है। मैं माननीय मंत्री जी कहना चाहूंगी कि मजदूरों से चार-पांच फीट का काम कराकर शेष काम मशीन से कराने का प्रावधान भी रखें ताकि आज जो जल संचय की समस्या पैदा हो रही है, शायद उससे हमें फायदा मिलेगा।

इसके अलावा प्रधान मंत्री सड़क योजना, जो एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना है, आज गांव और शहर की दूरी बिल्कुल नजदीक हो गयी है। आज गांव के लोग दिन भर शहर में आकर काम करते हैं फिर शाम को अपने घर पहुंच जाते हैं। इस योजना से काफी फायदा हुआ है। खासकर, झारखंड प्रदेश में, जहां से हम लोग आते हैं। झारखंड प्रदेश पहले काफी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हुआ करता था। हमें लगता है कि कहीं न कहीं इस सड़क योजना के माध्यम से, चूंकि दूरी कम हो गयी, लोगों को आवागमन की सुविधा हो गयी है, इससे उग्रवाद प्रभावित जिले में भी प्रभाव पड़ा और वैसे क्षेत्रों में उग्रवाद काफी कम हो गया। मुझे लगता है कि शायद एक या दो जिलों में ही उग्रवाद रह गया है। इससे काफी फायदा हुआ है। इस बजट में 1.25 लाख कि.मी. सड़क बनाने की योजना है, जिससे हमें और फायदा मिलेगा। इस योजना में जो सड़कें बन रही हैं, इसके लिए जो एस्टिमेट था, उसमें कुछ कमी हुई है, एक लेयर को बिल्कुल हटा दिया गया है। मैं चाहूंगी कि जो भी टेक्निकल विषय हों, माननीय मंत्री जी उसकी ओर भी ध्यान दें।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दीनदयाल अंत्योदय योजना के तहत काफी लोगों को फायदा मिल रहा है और लोग इससे जुड़कर सेल्फ हेल्प ग्रुप के माध्यम जो कमेटियां बन रही हैं, गांव के लोगों को उससे फायदा हो रहा है। जो महिलाएं हैं, जो ग्रुप बनाकर स्वरोजगार के

लिए काम करती हैं, उन्हें भी इससे काफी फायदा मिल रहा है । सरकार की ओर से उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाता है।

यह बहुत ही अच्छी योजना है, जिसकी वजह से हम आज देख रहे हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में जो महिलाएं हैं, सर, बस एक मिनट में मैं समाप्त करती हूं । मैं जब ग्रामीण क्षेत्र में जाती हूं चूंकि अधिकतर हम लोगों का क्षेत्र ग्रामीण है, वहां पर स्वरोजगार के चलते शैक्षणिक स्थिति भी सुधरी है। वे महिलाएं अपने बच्चों को स्कूल भेज रही हैं, वे अपने बच्चों को पढ़ा रही हैं, तो ये सरकार के द्वारा ग्रामीणों को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत सी योजनाएं हैं, जिसके तहत ग्रामीणों को आगे आने का अवसर मिल रहा है।

महोदय, मैं कृषि के क्षेत्र में कुछ बोलकर अपना वक्तव्य समाप्त करना चाहूंगी। भारत देश के लोगों की आत्मा कृषि में ही है । ग्रामीणों की आत्मा खेत-खलिहानों के बीच में ही बसती है । माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों को आगे बढ़ाने व नई तकनीकों से खेती करने का अवसर दिया है। उन्होंने किसानों के लिए सोचा हैं। इस बार माननीय वित्त मंत्री जी ने जीरो बजट खेती की बात की, इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा। आज हम प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग की बात करते हैं तो उससे उनको फायदा मिलेगा। सभी लोग पेस्टिसाइड से परेशान होते हैं, हरी-हरी सब्जियां हमें मिलती है, लेकिन उनमें बहुत पेस्टिसाइड होते हैं, तो इससे भी उनको फायदा मिलेगा।

महोदय, मैं झारखण्ड से आती हूं। झारखण्ड में कई ऐसे जिले जैसे रांची, चतरा, कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह में काफी खेती होती है। कुछ सदस्यों ने कहा कि सड़कों पर टमाटर फेंक दिए जाते हैं। हमारे यहां टमाटर की खेती सड़कों पर फेंक दी जाती है, उसका कोई प्रोसेसिंग प्लांट नहीं है । मैं आपसे आग्रह करना चाहूंगी की वहां काफी सब्जियों का उत्पादन किया जाता है, लेकिन किसानों को उसका उचित मूल्य नहीं मिलता है, जिसकी वजह से उन किसानों को उन सब्जियों को सड़क पर फेंकना पड़ता है । हमारे मुख्यमंत्री जी श्री रघुबरदास जी ने अभी किसानों को आगे बढ़ाने के लिए और उनको नई तकनीक से खेती कराने के लिए इस्राइल भेजा है। इस्राइल से वे नई तकनीक की खेती सीखकर आए हैं और लोगों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। साथ ही साथ जो प्रधान मंत्री

किसान सम्मान योजना है उन्होंने भी मुख्य मंत्री किसान सम्मान योजना के तहत वहां छोटे-छोटे किसानों को, जिनकी एक एकड़ खेती हैं, उन्हें सितम्बर महीने से 5000 रुपये प्रोत्साहन राशि के रूप में देना तय किया है। हमें लगता है कि किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए जो योजनाएं बनाई जा रही हैं, वे बहुत अच्छी हैं। इससे किसान लाभान्वित होंगे, उन्हें फायदा मिलेगा और उन्हें किसी के आगे बीज और खाद के लिए हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

***SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA):** There are certain points that I would like to bring to the attention of the Ministry of Rural Development.

I would like to raise some serious concerns with relevance to funds allotted towards agriculture and rural development in the Union Budget.

As per the funds allotted to PMGSY I can't help but mention the fact that the state of Kerala has been completely ignored by the Center.

Compared to the tax provided by the state of Kerala, I believe it is completely unreasonable for the Government to ignore my state in the manner they do especially considering the fact that Kerala is a recent disaster-struck region.

Even states that have lesser population than Kerala somehow tend to receive higher packages from the government. Hence I request the government to grant special packages to the state of Kerala through PMGSY.

A major part of the population in Kerala are potential and able youth, who are unemployed. I request the Government to grant more jobs through MGNREGA. The attempts from the Government sides to tackle unemployment needs to be redesigned with MGNREGA as a tool that manufactures more jobs. Hence MGNREGA is need of desperate funding as well.

There are over 2 million small time Cow-herds or 'Sheera Karshakar' as we say in Kerala, who raise one of three cows as their source of income but

---

* Speech was laid on the Table.

unfortunately are not involved in MGNREGA. I have repeatedly asked the government to reconsider this as these are people who run their households with the income received from selling milk and raising cows. Hence, I request the government to come out with a viable reply to why they haven't yet included them or else to why they cannot do the same.

In rural areas, more funds needs to be provided for sports infrastructure for immediate refurbishment and construction in many cases.

A house to stay in is a dream for many, housing allocation in rural areas needs to prioritized before all other segments with the governments new initiative to provide houses for all.

There are plenty of Government recognized women groups in Kerala. I recommend the government to make provisions for interest free loans for all women entrepreneurs. Empowerment of Women is a clause that needs more attention from the Centre and this is something the government can consider without harm.

NRHM or 'Grameena Arogyam' has been successfully implemented all across the country but if it were to be scrutinized, we learn that its rural reach is extremely pathetic, which is why I strongly recommend that the government injects more money into this scheme that could be a game changer and help for those in need.

**श्री एम. बदरुद्दीन अजमल (धुबरी):** सर, मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं कि आपने इस महत्वपूर्ण विषय के ऊपर मुझे बोलने का मौका दिया। अगर हमारा किसान मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। किसान जितना आबाद होगा देश उतना ही आबाद होगा। हमारे एक बहुत बड़े कवि ने कहा था कि "आज 2 अक्टूबर का दिन है, आज का दिन बड़ा महान है, आज के दिन दो फूल खिले थे, जिनसे महका हिन्दुस्तान। जय जवान जय किसान " तो यह किसान का मसला है। मैं समझता हूं पूरे देश का मसला है। 80 से 85 परसेंट लोग किसान हैं और किसान के बिना यह देश कभी भी मजबूत नहीं हो सकता। इसलिए मैं समझता हूं कि यह बहुत महत्वपूर्ण विषय है। मंत्री जी से भी मैं कहूंगा कि आप भी बहुत ही पुराने हैं, बहुत ही गंभीरता से गांव, देहातों में किसानों के प्रोजेक्ट को किस तरीके से पहुंचाया जाए। मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि उनको ज्यादा से ज्यादा सहायता पहुंचे ताकि देश आबाद हो और पूरी दुनिया में इसका नाम मशहूर हो। सर, यह एग्रीकल्चर का मसला है। एग्रीकल्चर के लिए जरूरी है कि उस जमीन पर सैलाब न हो। एग्रीकल्चर के लिए जरूरी है कि उस जमीन पर बाढ़ न आए। आज आधा हिन्दुस्तान सूखे की वजह से पीड़ित है और आधा हिन्दुस्तान खासकर पूरे असम में एक किलोमीटर भी जगह नहीं है, जहां सैलाब न हो। पूरा का पूरा असम सैलाब में डूबा हुआ है, इसलिए असम में जब कृषि की बात करनी है तो उससे पहले उस जमीन को ठीक करने के लिए सैलाब की बात करनी भी जरूरी है।

**<u>21.10 hrs</u>** (Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki *in the Chair*)

असम में इस वक्त तकरीबन 45 लाख लोग सैलाब से पानी के अंदर डूबे हुए हैं। टेलीविजन में मकानात के छत नजर आते हैं, लोग नजर नहीं आते हैं। उनके जानवर बहुत परेशानी में हैं। वे इस हाल में जी रहे हैं। सर, इसलिए हमारी पार्टी ने बार-बार डिमाण्ड की है, मैं 11 साल से मुसल्सल यह डिमाण्ड करता आ रहा हूं, इस समय तीसरी मर्तबा फिर डिमाण्ड कर रहा हूं कि इसे नेशनल कैलामिटी डिक्लेयर किया जाए। जब तक ब्रह्मपुत्र को नेशनल कैलामिटी डिक्लेयर नहीं किया जाएगा, जब तक इसे काबू में नहीं लाया जाएगा, तब तक असम की उन्नति का कोई सवाल

ही पैदा नहीं होता है। इसकी वजह से असम की इकोनोमी को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंचता है। इस साल भी असम में फ्लड आ चुका है। अब तक तकरीबन 30 जिले, 43 लाख लोग मुतास्सिर हो चुके हैं और दर्जनों लोग मर चुके हैं। मेरा क्षेत्र धुबरी, ग्वालपाड़ा, बारपेटा, मोरगांव, नवगांव आदि जिले बुरी तरह मुतास्सिर हैं। मैं अभी कल-परसों वहां एक दिन के लिए गया था, जब मैं बीएसफ की नाव लेकर गया तो बहुत मुश्किल से कुछ इलाके देख पाया, लेकिन आंखों से देखा जाए, ऐसी हालत वहां नहीं है। लोगों की बहुत बुरी हालत है। गांव के गांव डूब गए हैं, पीने का पानी नहीं है, खाने के लिए खाना नहीं मिल रहा है। जानवरों की भी जान जा रही है, उनके लिए भी खाने का इंतजाम करना जरूरी हो गया है। सरकार से मैं बार-बार मांग करता आ रहा हूं कि इसे नेशनल कैलामिटी डिक्लेयर किया जाए, मगर अब तक इस पर कुछ भी नहीं हुआ है। असम के सैलाब की रोकथाम के लिए ब्रह्मपुत्र बोर्ड पूरी तरह नाकाम रहा है। असम के सैलाब का डिजास्टर मैनेजमेंट भी फेल हो चुका है। इसलिए सरकार को इस पर एक नई स्टडी करानी चाहिए और जिस तरीके से दामोदर नदी को कंट्रोल किया गया, उसी तरीके से ब्रह्मपुत्र में भी कुछ काम किया जाए। …(व्यवधान) सर, वक्त की कमी है, इसलिए असम में आए फ्लड की वजह से जो तबाही हुई है, मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी और गृह मंत्री जी से रिक्वेस्ट करता हूं कि जितना जल्दी हो सके एक हेलीकॉप्टर से या हवाई जहाज वहां की स्थिति का एरियल व्यू लें और कम से कम 5,000 करोड़ रुपये का एक पैकेज असम को दिया जाए, यह हमारी पार्टी की डिमाण्ड है।

सर, असम में खेती के लिए सिंचाई का इंतजाम 10 प्रतिशत जमीन के लिए भी नहीं है। कुदरती पानी और बरसात के भरोसे किसान खेती करते हैं, जिसकी वजह से या ता वक्त पर पानी न होने की वजह से या सैलाब आने की वजह से खेती तबाह और बर्बाद हो जाती है। यह बहुत महत्वपूर्ण इश्यू है। इसकी वजह से किसानों को उनके अनाज की सही कीमत नहीं मिल पा रही है। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude. We have a very long list of Members. आपके तीन मिनट हो गए हैं।

**श्री एम. बदरुद्दीन अजमल (धुबरी):** इसलिए असम जैसे इलाकों में खास तौर से एमएसपी के बदले धान और जूट पर ...(व्यवधान) सर, बहुत से लोग अपनी खेती को खुद जला देते हैं, ऐसा वाकया हुआ हमारे यहां बैसीमारी में। जब उन लोगों ने मिसिल निकाला तो उनको गोलियों से भून दिया गया। पांच-छ: लोग उसमें मर गए। ...(व्यवधान)

सर, बहुत-बहुत शुक्रिया देता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया। मुझे मंत्री जी से यह उम्मीद है कि वह असम की तरफ जरूर ध्यान देंगे, प्रधान मंत्री को वहां जरूर भेजेंगे, ताकि वे असम को देखें और उसकी हालत पर उनको रहम आए।

**جناب بدرالدین اجمل (دھبری): اسپیکر صاحب، میں آپ کا شکر گزار ہوں کہ آپ نے مجھے اتنے اہم موضوع پر بولنے کا موقع دیا۔ اگر ہمارا کسان مضبوط ہوگا تو ملک بھی مضبوط ہوگا۔ کسان جتنا آباد ہوگا، ملک اُتنا ہی آباد ہوگا۔ ہمارے ایک بہت بڑے کوی نے کہا تھا کہ**

**آج ہے 2 اکتوبر کا دن، آج کا دن ہے بڑا مہان**
**آج کے دن دو پھول کھلے، جن سے مہکا ہندوستان**
**جے جوان ، جے کسان**

**تو یہ کسان کا مسئلہ ہے، میں سمجھتا ہوں پورے ملک کا مسئلہ ہے۔ 80 سے 85 فیصد لوگ کسان ہیں اور کسان کے بنا یہ ملک کبھی بھی مضبوط نہیں ہو سکتا۔ اس لئے میں سمجھتا ہوں کہ یہ بہت اہم موضوع ہے۔ منتری جی سے بھی میں کہوں گا کہ آپ بھی بہت پرانے ہیں، بہت ہی سنجیدگی کے ساتھ، گاؤں، دیہاتوں میں کسانوں کے پروجیکٹ کو کس طرح سے پہنچایا جائے۔ میں آپ کے ذریعہ سے کہنا چاہوں گا کہ ان کو زیادہ سے زیادہ مدد پہنچے تاکہ ملک آباد ہو اور پوری دنیا میں اس کا نام روشن ہو۔ سر، یہ ایگریکلچر کا مسئلہ ہے۔ ایگریکلچر کے لئے ضروری ہے کہ اس ذمین پر سیلاب نہ ہو۔**

ایگریکلچر کے لئے ضروری ہے کہ اس ذمین پر باڑھ نہ آئے۔ آج آدھا ہندوستان سوکھے کی وجہ سے متاثر ہے، اور آدھا ہندوستان خاص کر پورے آسام میں ایک کلو میٹر بھی جگہ نہیں ہے جہاں سیلاب نہ ہو۔ پورے کا پورا آسام سیلاب میں ڈوبا ہوا ہے۔ اس لئے آسام میں جب کھیتی کی بات کرنی ہے تو اس سے پہلے اس ذمین کو ٹھیک کرنے کے لئے سیلاب کی بات بھی کرنا ضروری ہے۔

آسام میں اس وقت تقریباً45 لاکھ لوگ سیلاب سے پانی کے اندر ڈوبے ہوئے ہیں۔ ٹیلی ویزن میں مکانات کی چھت نظر آتی ہے، لوگ نظر نہیں آتے ہیں۔ ان کے جانور بہت ہی پریشانی میں ہیں۔ وہ اس حال میں جی رہے ہیں۔ سر اس لئے ہماری پارٹی نے بار بار ڈیمانڈ کی ہے۔ میں 11 سال سے مسلسل یہ مانگ کرتا آ رہا ہوں، اس وقت تیسری بار پھر ڈیمانڈ کر رہا ہوں کہ اسے نیشنل کیلیمٹی ڈیکلئر کیا جائے۔ جب تک برہمپتر کو نیشنل کیلیمٹی ڈیکلئر نہیں کیا جائے گا، تب تک اسے قابو میں نہیں کیا جائے گا، تب تک آسام کی ترقی کا کوئی سوال ہی پیدا نہیں ہوتا ہے۔ اس کی وجہ سے آسام کی ایکونومی کہ بہت زیادہ نقصان پہنچتا ہے۔ اس سال بھی آسام میں فلڈ آچکا ہے۔ اب تک تقریباً 30 ضلعوں میں 43 لاکھ لوگ متاثر ہو چکے ہیں، اور درجنوں لوگ مر چکے ہیں۔ میرا علاقہ دھُبری، گوالپاڑہ، بار پیٹا، مورگائوں، نوگائوں وغیرہ ضلعے بری طرح متاثر ہیں۔ میں ابھی کل پرسوں وہاں ایک دن کے لئے گیا تھا، جب میں بی۔ایس۔ایف۔ کی ناؤں لے کر تو بہت مشکل سے کچھ علاقے دیک پایا۔ لیکن آنکھوں سے دیکھا جائے ایسی حالت وہاں نہیں ہے۔ لوگوں کی بہت بری حالت ہے۔ گاؤں کے گاؤں ڈوب گئے ہیں، پینے کا پانی نہیں ہے، کھانے کے لئے کھانا نہیں ہے۔ جانوروں کی بھی جان جا رہی ہے، ان کے لئے

بھی کھانے کا انتظام کرنا ضروری ہو گیا ہے۔ سرکار سے میں بار بار مانگ کرتا آ رہا ہوں کہ اسے نیشنل کیلیمٹی ڈیکلئر کیا جائے، مگر اب تک اس پر کچھ بھی نہیں ہوا ہے۔ آسام کے سیلاب کی روکتھام کے لئے برہمپتر بورڈ بری طرح ناکام رہا ہے۔ آسام کے سیلاب کا ڈائیزیسٹر مینجمینٹ بھی فیل ہو چکا ہے۔ اس لئے سرکار کو اس پر ایک نئی اسٹڈی کرانی چاہئے اور جس طریقے سے دامودر ندی کو کنٹرول کیا گیا، اسی طریقے سے برہمپتر میں بھی کام کیا جائے۔ (مداخلت)۔۔ سر وقت کی کمی ہے، اس لئے آسام میں آئے فلڈ کی وجہ سے جو تباہی ہوئی ہے، میں آپ کے ذریعہ سے وزیرِ اعظم صاحب اور وزیرِ داخلہ صاحب س درخواست کرتا ہوں کہ جتنا جلدی ہو سکے ایک ہیلی کوپٹر یا ہوائی جہاز سے وہاں کے حالات کا ایریل ویو لیں اور کم سے کم 5000 کروڑ روپئے کا ایک پیکیج آسام کو دیا جائے، یہ ہماری پارٹی کی ڈیمانڈ ہے۔

سر، آسام میں کھیتی کے لئے سینچائی کا انتظام 10 فیصد زمین کے لئے بھی نہیں ہے۔ قدرتی پانی اور برسات کے بھروسے کسان کھیتی کرتے ہیں، جس کی وجہ سے یا تو وقت پر پانی نہ ہونے کی وجہ سے یا سیلاب آنے کی وجہ سے کھیتی تباہ و برباد ہو جاتی ہے۔ یہ بہت اہم ایشیو ہے۔ اس کی وجہ سے کسانوں کو ان کے اناج کی سہی قیمت نہیں مل پا رہی ہے۔۔ (مداخلت)۔۔

اس لئے آسام جیسے علاقوں میں خاص طور سے ایم۔ایس۔پی۔ کے بدلے دھان اور جوٹ پر (مداخلت)۔۔۔ سر بہت سے لوگ اپنی کھیتی کو خود جلا دیتے ہیں۔ ایسا واقع ہوا ہمارے یہاں بیماری میں۔ جب ان لوگوں نے مثل نکالا تو ان کو گولیوں سے بھون دیا گیا، پانچ، چھہ لوگ اس میں مارے گئے (مداخلت)۔۔۔

سر، بہت ہت شکریہ ادا کرتا ہوں کہ آپ نے مجھے بولنے کا موقع دیا۔ مجھے منتری جی سے یہ امید ہے کہ وہ آسام کی طرف ضرور دھیان دیں گے،

پردھان منتری جی کہ ضرور وہاں بھیجیں گے، تا کہ وہ آسام کو دیکھیں اور اس کی حالت پر ان کو رحم آئے۔ شکریہ

**(ختم شد)**

**श्री जनार्दन मिश्र (रीवा):** सभापति महोदय, मैंने केवल सुझाव के रूप में अपनी बात कहने का निश्चय किया है। कृषि से संबंधित मुद्दों को मैंने लिखित वक्तव्य में दिया है। जो लोग विरोध कर रहे हैं, उन्हें मैं कहना चाहूंगा कि माननीय कृषि मंत्री आदरणीय नरेन्द्र सिंह जी ने पिछले वर्ष जो एक लेख लिखा था, उनके दो-तीन लेख हैं, अगर उनको पढ़ लेंगे तो निश्चित रूप से उनके सारे शक-शुबहा दूर हो जाएंगे।

मैं कुछ सुझाव देना चाहूंगा कि किसान दिन-रात मेहनत कर रहा है और मोदी जी की नीतियों की वजह से निश्चित रूप से 2022 तक उसकी आमदनी होगी, इसमें कहीं कोई शुबहा नहीं है, लेकिन आवारा पशुओं से किसान परेशान हैं। मध्य प्रदेश में विधान सभा चुनाव के समय कांग्रेस पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि वे गांव-गांव में गौशाला बनाएंगे, लेकिन उनका जो बजट आया है, उसमें इसका कहीं कोई उल्लेख नहीं है। जिस तरह से उन्होंने कर्ज माफी के मामले में किसानों को धोखा दिया, उसी तरह गौशाला निर्माण के मामले में मध्य प्रदेश सरकार धोखा दे रही है।

मेरा इस मामले में केन्द्र सरकार एवं आदरणीय मंत्री जी से निवेदन है कि 'मनरेगा' के तहत तार बाउंड्री का प्रावधान है। इसलिए किसानों के साथ एग्रीमेंट करके कँटीले तारों की बाउंड्री बना दी जाए। जहां शासकीय जमीन मिले, वहां शासकीय जमीन पर और अगर शासकीय जमीन नहीं है तो किसी भी किसान से तीन साल और पांच सालों के लिए अनुबंध किया जा सकता है कि वे मवेशियों का गोबर ले लें और जमीन दे दें और पांच सालों के बाद वह तारबाड़ी भी उसकी हो जाए।

महोदय, इसके साथ ही उसकी देख-रेख के लिए एक या दो आदमी लगेंगे, उन्हें भी 'मनरेगा' के तहत मजदूरी दी जा सकती है और मजदूरी के आधार पर वे देख-रेख करने वाले, चारा-पानी देने वाले नियुक्त हो सकते हैं। पानी की समस्या आएगी। मैं सदन के माध्यम से अपने क्षेत्र के लोगों को आश्वस्त करना चाहूंगा कि पेय जल के लिए जितना भी पैसा लगेगा, मैं अपने

निर्वाचन क्षेत्र में हैंड पंप की व्यवस्था सांसद निधि से करूंगा। इसलिए इस पर विचार हो। किसानों की फसल वन्य प्राणियों द्वारा नुकसान की जाती है। इस सदन में आज हमारे स्वर्गीय नेता अनिल दवे जी नहीं हैं, लेकिन जब वह मंत्री थे तो उन्होंने प्रयास करके वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम में संशोधन कराया था। राज्य सरकार गांवों को नोटिफाई कर सकती है। जो गांव नोटिफाई हो जाएंगे, उसमें किसान जिस तरह से चाहे, जंगली पशुओं से किसान अपनी फसल की रक्षा कर सकते हैं। इसलिए मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे सुझाव पर विचार हो और आवारा पशुओं से किसानों की फसल की सुरक्षा की जाए। इन्हीं शब्दों के साथ, मैं बजट प्रावधानों का समर्थन करते हुए, अपनी बात को समाप्त करता हूं। जय हिंद, जय भारत।

**माननीय सभापति:** सभी आदरणीय सांसदों से मेरी अपील है**,** मेरा निवेदन है कि ढाई से तीन मिनट में अपनी बात को समाप्त कीजिए।

कुमारी अगाथा के. संगमा जी।

**KUMARI AGATHA K. SANGMA (TURA):** Thank you Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on these Demands for Grants. Sir, I have very few points to make.

I come from the State of Meghalaya which is predominantly agrarian. Twenty-two per cent of our GDP is from agriculture and 80 per cent of our population depends on agriculture for their livelihood one way or the other. Currently in my State we have two agricultural colleges both of them being in Shillong in Khasi Hills. One is the postgraduate college in agriculture and the second one is an agricultural college.

Given the fact that our State depends so much on agriculture, it is really not enough that we have only two colleges there. In fact, in 2009 there was a proposal for a Central agricultural university and the Central Government had made a point that if land be provided free of cost, a Central agricultural university will be set up.

Sir, it has been a very long process. To cut it short I would like to say that in 2014 free land was provided by our State Government to establish the Central university. But instead, in 2015, the agricultural college was given to my State. Sir, my humble appeal, through you, to our hon. Minister is to help us establish this Central agricultural university. The land has been offered by the State Government. It was a commitment that the Central Government had given us back then. I urge the Government to look into this matter. For something like this to happen, for a Central university to come about, an Act of Parliament has to be passed and it would be introduced under Entry-64 of List-

1, which is the Union List, and it has to be considered as a matter of national importance. So, I urge upon the hon. Minister, through you, to help us establish this.

Secondly, we have in my State a practice called *Jhum* cultivation which is slash and burn cultivation where lands and mountains are burnt to practice agriculture. At one point this was a very sustainable practice. But in today's world it is no longer a sustainable practice. There is a lot of smoke, pollution, carbon dioxide that comes out because of this practice. Earlier, land was allowed to be fallow for 20 to 25 years. But now only in a year's time the land is again burnt down.

So, I request the Government to find a solution to help our State Government and to help our farmers to find a way to transform from Jhum cultivation into a proper sustainable form of agriculture. I urge the hon. Minister through you to help us find a solution for this practice which is no longer sustainable.

Thirdly, my State, as you know, Sir, is called Meghalaya. It is known as 'the abode of clouds' because it rains a lot. In terms of rice production, 60 per cent of our land which is cultivated is under rice cultivation. So, I urge the Central Government to help us practice or find a solution for rice and fish farming, at the same time. It is a practice which is being done in many countries like Vietnam. I believe, these forms of farming will be lucrative to Meghalaya and also to other States that have similar forms of farming.

**HON. CHAIRPERSON:** Kindly conclude.

**KUMARI AGATHA K. SANGMA:** Lastly, I have a very small point regarding value addition. I would like to request the hon. Minister to help us set up more food processing units. Even though, we have good agricultural produce, but if we are not able to have good food processing units and market it, then it will not be of any use. We need to market it and we need to find sustainable and eco-friendly forms of packaging as my hon. colleague has just now mentioned. I too would like to request the Government to help us in eco-friendly packaging.

Sir, with these few words, I would like to thank you for giving me this opportunity.

**श्री राहुल कस्वां (चुरू):** महोदय, मेरा निवेदन रहेगा कि आप साढ़े तीन मिनट का समय बढ़ाकर सात मिनट का कर दीजिए।

**माननीय सभापति:** नहीं, आप ढाई से तीन मिनट में अपनी बात समाप्त कीजिए। Please do not waste the time. अभी बहुत से माननीय सदस्यों ने अपनी बात कहनी है।

**श्री राहुल कस्वां:** महोदय, इस चर्चा में बहुत से माननीय सदस्यों ने अनेक बातें कही हैं, लेकिन मैं केवल उन मुद्दों पर बात करना चाहूंगा जो माननीय प्रधान मंत्री जी का सपना है। किसान की आय को वर्ष 2022 तक डबल करने की बात थी। उसके लिए जो स्टैप्स लिए गए, वे ऐतिहासिक हैं। आज तक हिंदुस्तान की आजादी के पश्चात् किसी प्रधान मंत्री ने इस रूप में कार्य नहीं किया। एक युवा सांसद होने के नाते मैं यह मानता हूं कि ये स्टैप्स धरती पर सही मायने में काम कर रहे हैं चाहे एमएसपी का बढ़ाना हो या प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना हो, हर योजना से देशवासियों को लाभ मिल रहा है।

महोदय, मैं उस क्षेत्र से आता हूं, जहां गर्मी में टेम्प्रेचर 50.3 डिग्री टच किया और सर्दियों में टेम्प्रेचर माइनस में चला जाता है। प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना बहुत ऐतिहासिक है और हमारे

क्षेत्र के लोगों को इसका बहुत लाभ मिला है। ऐसी अनेक योजनाएं और भी हैं। मेरा मानना है कि जब लागत से डेढ़ गुना एमएसपी देने की बात कही गई, उसमें 23 नोटिफाइड फसलें हैं। राजस्थान का चुरु जिला और नार्थ राजस्थान की यदि मैं बात करूं, वहां ग्वार पैदा होता है, जिससे ग्वारगम बनता है। इसमें ग्वार की फसल को नहीं लिया गया है। जब डेढ़ सौ डॉलर के करीब ऑयल चला गया था, तब इसकी बहुत जबरदस्त डिमांड हुई और लोगों ने इसकी खेती को अपनाया। बीते सालों में इसकी डिमांड घटी, क्योंकि क्रूड ऑयल के दाम घटे। मेरा मानना है कि 23 फसलें जो नोटिफाइड हैं, उसमें ग्वार को भी शामिल किया जाए। चुरु जिले के साथ बीकानेर है और पूरे शेखावटी बेल्ट को इससे फायदा मिले।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि एमएसपी पर जो खरीद होती है, उसमें पारदर्शिता की बहुत ज्यादा जरूरत है। जब भी खरीद शुरू होती है, हमारे पास सांसद के रूप में बहुत शिकायतें आती हैं। जो टोकन इश्यु किया जाता है, वह नेफेड राजफेड को खरीदने के लिए देता है और राजस्थान में पारदर्शिता बिलकुल नजर नहीं आती है। किसान की फर्द की कॉपी ब्रोकर्स पहले ही ले जाते हैं और अपने नाम पर टोकन इश्यु कर लेते हैं। सैंटर्स में उन्हीं के नाम पर बिक्री हो जाती है। यह बहुत प्राब्लम की बात है और मैं समझता हूं कि ट्रांपेरेंसी जरूर होनी चाहिए। यदि बुआई से पहले यह तय हो जाए कि कौन-सी फसल की क्या एमएसपी रहेगी, चाहे टीवी के मार्फत या अखबार के मार्फत हो तो किसान को फसल बोने में बहुत फायदा मिलेगा। मेरा निवेदन है कि एमएसपी एक बहुत ही शानदार प्रोग्राम है और मेरे क्षेत्र में काफी खरीद भी हुई है, लेकिन किसान को समय पर पैसा नहीं मिलता है। इस वजह से किसान ब्रोकर को अपनी फसल बेच देता है और इसका नुकसान किसान को होता है। मैं चाहता हूं कि मंत्री जी इस विषय पर जरूर ध्यान दें।

महोदय, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना बहुत ऐतिहासिक योजना है। मेरा क्षेत्र हनुमानगढ़ के पश्चात् केनाल सिस्टम बंद हो जाता है। इंडिया में 49 परसेंट लैंड आज इरीगेटेड हो रही है, जिसमें से 24 परसेंट केनाल द्वारा हो रही है। हमारा एग्रीमेंट पंजाब और हरियाणा के साथ है,

जिसके हिस्से का पानी हमें आज तक नहीं मिल रहा है। हमारे पंजाब के सांसद ने कुछ दिन पहले संसद में कहा कि राजस्थान को किस बात का पानी दिया जाए।

कुछ दिन पहले पंजाब के एक सदस्य महोदय ने इसी संसद में कहा कि राजस्थान को किस बात के लिए पानी दिया जाए। सर, वह हमारे हक़ का पानी है, आज भी लोग उस पानी के लिए तरस रहे हैं। आज की तारीख में इरीगेशन के नाम पर दुनिया में इतनी एडवांस टेक्नोलॉजी है, लोगों ने स्प्रिंकलर इरीगेशन और ड्रिप इरीगेशन और सेंसर बेस्ड इरीगेशन की बात की।

**माननीय सभापति:** अब आपका समय समाप्त हो गया है, आप अपने प्रमुख मुद्दे रखिए।

**श्री राहुल कस्वां:** आज की तारीख में भी जहाँ पर कैनाल सिस्टम है, वहाँ पर फ्लड इरीगेशन होती है। मेरा सरकार से निवेदन है कि फ्लड इरीगेशन एक क्राइम है। सौ किलोमीटर्स के बाद लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता है और हम फ्लड इरीगेशन आज भी इस देश में कर रहे हैं। मुझे उम्मीद है कि सरकार इस पर पूरी तरह से फोकस करेगी।

मेरे क्षेत्र में एक सिधमुख कैनाल है, वर्ष 1991 में उसके नाम पर नहर बनी, उसमें आज तक एक बूंद भी पानी नहीं आया। हमारे हक़ का मिलने वाला पानी हमें हरियाणा और पंजाब से दिलायी जाए। राजस्थान इसके लिए बहुत वर्षों से लड़ रहा है। हमने पैसे तक जमा करवाए हैं, लेकिन हरियाणा और पंजाब सरकार हमारे हक़ का पानी नहीं दे रही है।

मेरा निवेदन है कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के लिए बैंकिंग स्ट्रक्चर में किसान की केसीसी के समय पर फसल दिखा दी जाती है, बैंक उसी का प्रीमियम काटता है। इसको चेंज करना चाहिए और किसान का एक लिखित में एग्रीमेंट होना चाहिए।

अंत में, मैं परम्परागत खेती की बात कहना चाहूँगा। चुरू जिले में 85 पर्सेंट रेन फेड खेती होती है। वहाँ पर आईसीएआर की जो फैसिलिटीज हैं, मैं आपसे निवेदन करता हूँ और मंत्री जी आपसे से भी निवेदन करना चाहूँगा कि एक कमेटी का गठन करें ताकि सांसद के रूप में उसकी मॉनिटरिंग की जा सके, जिससे पता चल सके कि आईसीएआर ने हमारे संसदीय क्षेत्र में क्या काम किया है।

**श्री जसबीर सिंह गिल (खडूर साहिब):** माननीय सभापति महोदय, मैं किसान का बेटा हूँ और खेती से प्यार करता हूँ। जब हमारे माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों की आय दोगुनी करने की बात कही, तो मिट्टी से प्यार करने वाले हर आदमी को, किसान को खुशी हुई। जब इस बजट में इनके काम करने के तरीके को देखते हैं, तो इसमें यह नहीं दिखता है कि कहीं भी सुहृदयता के साथ सरकार इस तरफ बढ़ी है।

पंजाब लगभग 60 पर्सेंट पैडी सेन्ट्रल पूल में देता है। उसकी लागत कई गुना ज्यादा बढ़ गई है। लेकिन सरकार ने सिर्फ 3.6 पर्सेंट ही पैडी का एमएसपी बढ़ाया है, जो 65 रुपये बनता है। उधर ज़ख्मों पर नमक छिड़कते हुए डीजल के दाम दो रुपये तीस पैसे बढ़ा दिए गए। किसान कैसे गुजारा करेगा? हम तो चाहते थे कि किसान अपने गले में फंदा न डाले, वह सरकार के गले में हार डाले, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि बजट में जो देखा गया है, उससे यही लगता है कि बेचारे किसानों के हाथ में इन्होंने फंदा पकड़ा दिया है।

अभी राजस्थान के सांसद, मेरे भाई पंजाब से पानी लेने की बात कह रहे थे। मैं बताना चाहता हूँ, ऐसा नहीं है कि हमें पानी नहीं देना है, राजस्थान, पंजाब आदि हिन्दुस्तान के सभी स्टेट्स भाई हैं, लेकिन हमारे पास देने के लिए पानी है ही नहीं। उसका कारण यह है कि पंजाब की जो रिवर्स हैं, they are basically glacier fed, rain fed. अगर आप ग्लेशियर के संबंध में पिछले 20-25 साल का डेटा उठाएँ, तो बारिश कम हो गई है। हमारे यहाँ की अपनी जमीन और खेत पानी के लिए तरस रहे हैं।

सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरी सरकार से यह गुज़ारिश है कि यह जो एमएसपी है, इसे 500 रुपये बढ़ाया जाए और स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू किया जाए। महोदय, मेरा एक और पॉइंट है। यह पॉइंट मेरे स्टेट के लिए नहीं, बल्कि सारे देश के लिए है। आज सांसद यहां अपने क्षेत्र की बात बोल रहे हैं कि किसी ने जूट को जलाया, किसी ने कहा कि हमने टमाटर गिराए। सरकार को इसका ऑडिट करना चाहिए। स्टेट्स में एक रेंज फिक्स करनी चाहिए कि

इतने एकड़ में टमाटर लगाया जाए, इतने एकड़ में गन्ना या अन्य कोई सब्जी लगाई जाए, ताकि कोई भी सब्जी खराब न हो। धन्यवाद।

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी) :** सभापति महोदय, धन्यवाद।

मैं सबसे पहले हमारे देश के प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा। देश के इतिहास में पहली बार कृषि के ऊपर इतने बड़े पैमाने पर बजट में आबंटन किया गया है। मुझे मेरे स्कूल का वक्त याद आ रहा है। हमें ज्योग्राफी की किताब में यह पढ़ाया जाता था, किसानी को उत्तम बताया जाता था, नौकरी को मध्यम बताया जाता था और व्यापार को कनिष्ठ बताया जाता था। अब सब उल्टा हो गया है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने फिर से किसानी को उत्तम बनाने के लिए बजट में यह प्रावधान किया है, इसलिए मैं उनको धन्यवाद देता हूं।

सभापति महोदय, हमारे देश की आबादी, जब हमें आज़ादी मिली, उस वक्त 35 करोड़ थी और हमारा एग्रीकल्चर का जीडीपी 70 परसेंट था। अब हमारा एग्रीकल्चर का जीडीपी 18 परसेंट है। कांग्रेस ने इतने सालों तक इस देश पर राज किया, इनकी सत्ता थी। एग्रीकल्चर की जीडीपी 70 परसेंट से 18 परसेंट पर आ गई। ये लोग अब हमें बता रहे हैं कि इतने किसानों ने आत्महत्या कर ली, उनके साथ ये-ये हुआ। इसकी सारी जिम्मेदारी तो इनकी ही है। इनको यह बात समझ में नहीं आती है। हमारे प्रधान मंत्री जी ने किसानों की आय दोगुनी करने के लिए वर्ष 2014 से लेकर अब तक जो योजनाएं लाई हैं, उन योजनाओं का लाभ उठाकर हमारा किसान आने वाले दिनों में सक्षम होने वाला है। इसमें प्रधान मंत्री सिंचाई योजना है, अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने की स्कीम है, कोऑपरेटिव के जरिए डेयरी उद्योग को बढ़ावा देने का प्रस्ताव है, दलहन में किसानों को क्रांति करने के लिए योजना है, अगले पांच वर्षों में दस हज़ार नए किसान उत्पादक संगठन बनाने की योजना है, ज़ीरो फार्मिंग की योजना है। 14 तारीख के महाराष्ट्र के पेपर मुंबई सकाल में एक न्यूज़ छपी थी। उसमें सुभाष पालेकर की बहुचर्चित किसान पद्धति का ज़िक्र है, जिसका हमारे नीति आयोग ने भी प्रेज़ेंटेशन देखकर कुछ सुझाव उनके माध्यम से लिए है।

इसी तरह हमारे यहां बारामती का एक किसान है, जिसका नाम मिलिंद सावंत है। मिलिंद सावंत ने चार सालों से ज़ीरो बजट खेती करने का काम किया है। उनका दावा है - मैं नहीं बोल रहा

हूं, पेपर में न्यूज़ छपी है - कि इससे किसान का उत्पादन डेढ़ गुना हो गया है और आने वाले दिनों में वह दोगुना हो जाएगा। ये सारी स्कीम्ज़ जो हमारे प्रधान मंत्री जी लाए हैं, इनकी स्कीम्ज़ की वजह से हमारा किसान आने वाले दिनों में सक्षम होने वाला है। इसलिए किसानों को बढ़ावा देने के लिए हमारे मुख्य मंत्री सम्माननीय देवेन्द्र फडनवीस जी ने भी छत्रपति शिवाजी महाराज के नाम से किसान सम्मान योजना चलाई। उसमें 30 हज़ार करोड़ रुपये का हमारे किसानों का ऋण माफ कर दिया गया।

**माननीय सभापति :** अब आप एक या दो वाक्यों में अपना भाषण समाप्त कीजिए।

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील :** सभापति महोदय, मैं समाप्ति की ओर ही जा रहा हूं। मेरे क्षेत्र में 35 साल पहले भात्सा डैम बना था। उस डैम में इरीगेशन के लिए पानी का रिज़र्व कोटा रखा गया था, लेकिन हमारे राज्य में कांग्रेस की सरकार थी। उन्होंने कैनाल को ही पूरा नहीं किया, जिससे किसानों के खेतों में पानी नहीं जा सका।

मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से विनती करूंगा कि इस कैनाल के लिए प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना में आप प्रावधान करें और इस कैनाल को बनाकर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का काम करें।

दूसरी बात मैं यहां पर कहूंगा कि जब ये सारी योजनाएं कार्यान्वित होंगी तो हमारा किसान कहां जाएगा, उसके लिए मैं आपको एक वाकया बताता हूं। हमारे प्रधान मंत्री जी इतनी सारी योजनाएं लाए हैं। आने वाले 5 सालों में हमारे प्रधान मंत्री जी के मन में एक सवाल उठेगा कि हमारा किसान कहां पहुंचा है, उसे जाकर देखा जाना चाहिए। हमारे प्रधान मंत्री जी एक किसान के पास गए और उसके कंधे पर हाथ रखकर प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम दोनों में से ताकतवार कौन है? हमारे किसान ने कहा कि मैं ताकतवर हूं। प्रधान मंत्री जी को आश्चर्य हुआ कि मैं प्रधान मंत्री हूं, लेकिन हमारा किसान बोलता है कि मैं ताकतवर हूं। प्रधान मंत्री जी उस किसान के पास से थोड़ा आगे चले गए और पीछे मुड़कर पूछा कि अब बताओ हम दोनों में ताकतवर कौन है? किसान ने कहा कि आप ताकतवर हो। उन्होंने कहा कि पहले तो आपने कहा कि मैं ताकतवर हूं।

यह कैसे आपने बताया है। उस वक्त आपने कहा कि मैं खुद ताकतवर हूं। किसान ने बहुत अच्छी तरह से जवाब दिया कि आपकी योजनाओं का हाथ मेरे कंधे पर था, इसलिए मैं ताकतवर था। आने वाले दिनों में हमारे किसान के कंधे पर प्रधान मंत्री जी का हाथ रहेगा, इसलिए हमारे देश का किसान ताकतवर बनने वाला है। कांग्रेस सरकार के समय में हमारे किसान के कंधे पर हाथ नहीं रखा गया था। उसके सिर को दबाकर काम करने का काम कांग्रेस सरकार करती थी।

*DR.THOL THIRUMAAVALAVAN (CHIDAMBARAM) :** I do not think that the Government has given importance to agriculture. There is a wrong perception that industrial growth will lead to the growth of our country. That's why our Government is encouraging the corporate companies and multi-national companies. This Government is so serious in implementing several schemes which are not only against agriculture but also leading it to destruction. Particularly in the delta districts of Tamil Nadu including my Chidambaram constituency, it is a matter of grave concern that Government is so serious in implementing hydrocarbon project. Even though the people have held continuous agitations on a daily basis in Neduvaasal and Kathiraamangalam areas of Tamil Nadu against hydrocarbon projects, Union Government has granted permission to Vedanta Limited to dig 254 wells for exploration of hydro carbon. Union Government has granted permission to dig 158 hydrocarbon wells in areas of Cuddalore and Nagappattinam and for digging 116 hydrocarbon wells in Villupuram and Puduchcherry. Due to digging of wells at a depth of 2500 feet, the ground water table will go down and ground water will be polluted. The chemicals will lead to contamination of ground water as well. Farming activities will be very much affected. The permission granted to exploration of hydrocarbon in Tamil Nadu should be immediately cancelled. I urge upon the Union Government to declare the Delta districts of Tamil Nadu as Agriculture Protected districts. The Scheme of providing financial support to

* English translation of the speech originally delivered in Tamil.

framers PM-Kisan Scheme, is a welcome step. I appreciate. But I do not think that this Government is concerned about the welfare of Crores of farm labourers of this country. I therefore urge that this financial assistance Scheme for farmers should be extended to benefit the farm labourers of our country. Union Government has announced the implementation of 8 lane highway between Chennai and Salem. Even after a case was filed in the Hon Court and the Court has quashed the land acquisition proceedings for the highway project, it is a matter of concern that the Union Government is so firm in implementing this 8 lane highway project between Chennai and Salem. This will affect around 1000 acres of fertile land. I urge upon the Union Government that the 8-lane highway project between Chennai and Salem should be given up. Along with the welfare of farmers, the Union Government should also give importance to the welfare of farm labourers through social security schemes. Thank you for this opportunity. Vanakkam.

**श्री देवुसिंह चौहान (खेड़ा):** धन्यवाद माननीय सभापति महोदय। ग्रामीण विकास की डिमांड फॉर ग्रांट्स के समर्थन में मैं यहां उपस्थित हुआ हूं। पूज्य महात्मा गांधी जी कहा करते थे कि भारत की आत्मा गांव में बसती है और जब तक गांव का विकास नहीं होगा, देश का विकास नहीं होगा। हम सबके श्रद्धेय प्रधान मंत्री, देश के विकास पुरुष माननीय नरेन्द्र मोदी भाई जी के नेतृत्व में देश आज नवभारत के निर्माण की ओर चल पड़ा है। आज भारतीय पटल पर कार्य आधारित सुशासन एवं विकास की राजनीति का उदय हो गया है। आज भारत पूरे विश्व में फास्टेस्ट ग्रोइंग इकोनॉमी में छठे स्थान पर है, जिसका हम सबको गर्व है।

महोदय, विश्व के सम्माननीय नेता श्रद्धेय मोदी जी ने अपने जीवन में समर्पित भाव के साथ मां भारती की सेवा का यज्ञ शुरू किया है और ग्रामीण विकास के रूप में अंत्योदय की अवधारणा की जो हमारी विचारधारा है, उनके प्रति अपना जीवन समर्पित करने का कार्य प्रारम्भ किया है। हमारे देश में करीब 2 लाख 53 हजार पंचायतें हैं और करीब 6 लाख से ज्यादा गांव हैं। भारत के विकास के लिए जब हम इस गांव का विकास करना चाह रहे थे, तब वर्ष 2014 में देश की जनता ने गांव के गरीब बेटे को, जिनका बचपन, जिनका जीवन गांव की गलियों में गुजरा है, उन श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी को आशीर्वाद दिया और मोदी जी ने प्रधान मंत्री होते ही अपना संकल्प और अपनी संकल्पना के तहत अपनी सभा में बताया कि – 'मेरी सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूर के कल्याण के लिए कार्यरत रहेगी' और हम देख रहे हैं भारतवर्ष के इतिहास के कालखंड में पहली बार एक ऐसे प्रधान मंत्री आए, जिनके पास करीब तेरह साल से ज्यादा मुख्य मंत्री का दायित्व वहन करने का और एक अच्छे सुशासन का अनुभव रहा है। एक ऐसे प्रधान मंत्री आए जिन्होंने इस देश के 400 से ज्यादा जिलों में रातें गुजारी हों। उन्होंने इस देश की परम्परा को जाना है। उन्होंने यह भी जाना है कि देश की समस्याओं का समाधान कैसे निकालना है, चाहे वह किसी भी तबके की समस्या हो। इसलिए उन्होंने आते ही सबका साथ, सबका विकास का एक मूलमंत्र देकर इस देश में विकास का कार्य प्रारंभ किया और आज उसी दिशा में, देश में एक होड़ लगी है। राज्यों के बीच भी एक होड़ लगी है। मोदी जी हमेशा कहते हैं कि गरीबी को हटाना है तो विकास करना पड़ेगा,

अशिक्षा को दूर करना है तो है तो विकास करना पड़ेगा, बेरोजगारी को दूर करना है तो विकास करना पड़ेगा। मतलब विकास ही एक ऐसा मंत्र है जो इन सारी समस्याओं का समाधान है।

**माननीय सभापति:** श्री देवुसिंह चौहान जी, कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री देवुसिंह चौहान:** महोदय, यह तो केवल भूमिका है।

**माननीय सभापति:** बहुत सारे वक्ता हैं, कृपया समाप्त कीजिए।

**श्री देवुसिंह चौहान :** माननीय सभापति महोदय, मैंने ग्रामीण विकास की योजनाओं पर तो एक वाक्य भी नहीं बोला। यह देश बहुत भाग्यशाली है और उनके समर्पित भाव, सेवाभाव और कठिन परिश्रम के कारण सत्ता की परिभाषा बदल गई है।

**माननीय सभापति:** आप केवल अपनी बात रखिए।

**श्री देवुसिंह चौहान:** बात यह है कि देश की जनता डेवलपमेंट सेंट्रिक पॉलिटिक्स, पॉलिटिक्स ऑफ परफॉर्मेंस और सिटिजन सेंट्रिक पॉलिटिक्स को समझ रही है। गांव की जनता का ईज ऑफ लिविंग कैसे हो, इसके लिए हमारे प्रधान मंत्री जी ने इकोनॉमिक सर्वे में बताया कि जो योजनाएं सबसे ज्यादा गांवों में और जमीन तक पहुंची हैं, उसमें उज्ज्वला योजना, उजाला योजना, प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना और प्रधान मंत्री आवास योजना का प्रथम दृष्टि में उल्लेख किया गया है। चूंकि समय की मर्यादा है।

**माननीय सभापति :** आप कनक्लूड कीजिए।

**श्री देवुसिंह चौहान :** सभापति महोदय, मैं चाहता हूं कि जो राशि दी गई है, पहली बार इतिहास में गांव के गरीब, किसानों और मजदूरों को मद्देनजर रखते हुए इस राशि का आबंटन किया गया है, मैं उसका समर्थन करता हूं।

*श्री रतनसिंह मगनसिंह राठौड़ (पंचमहल): मैं लोक सभा में होने वाले केन्द्रीय बजट 2019-2020 के लिए ग्रामीण विकास, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदानो की मांगों पर चर्चा के अधीन विवरण सभा पटल पर रखता हां। इस केन्द्रीय बजट में सरकार के द्वारा किसानों के प्रति काफी सुविधाएं दी गई हैं जिसमें किसानों की दोगुनी आय की पहल काफी सराहनीय है एवं पहले देश के किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे वही आज खुशहाली से अपना जीवन यापन कर रहे है। इसके लिए मैं माननीय नरेन्द्रभाई मोदी जी की सरकार को बधाई देता हूं एवं आगे इसी प्रकार से आप आने वाले कल के लिए भी प्रयास करते रहें इसके लिए मैं सरकार को शुभकामनाएं देता हूं। मैं माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र पंचमहल, गुजरात में स्थिति तालुका कपड़वंज एवं कठलाल की तरफ दिलाना चाहता हूं जहां पर खेतों की सिंचाई के लिए पानी की व्यवस्था नही है जब कि गुजरात सरकार की सुजलाम सुफलाम योजना के तहत नर्मदा नदी से नहर निकलने के बावजूद भी उपरोक्त तालुकों के किसानों को सिंचाई के लिए उचित व्यवस्था न होने से करीब 60,000 (साठ हजार) किसान प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से मांग करना चाहता हूं कि जनहित में उपरोक्त तालुकों में सिचाई के लिए उचित व्यवस्था करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

---

* Speech was Laid on the Table.

**श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर) :** माननीय सभापति जी, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। मौजूदा केन्द्र सरकार ने वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का वादा किया था, जो कि एक अच्छी बात है। मैं इसी के संबंध में यह कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार सीएसीपी द्वारा किसानों की फसलों की कीमतें तय करती है, जैसे गेहूं, चावल, दाल, बाजरा, आलू, प्याज आदि। इनकी कीमतें केन्द्र सरकार तय करती है और इनको खरीदती भी है। इनकी कीमत केन्द्र सरकार चेक द्वारा फौरन अदा कर देती है। इसके उलट गन्ने की कीमत केन्द्र तथा राज्यों की सरकारें तय करती हैं। किसानों के 100 प्रतिशत गन्ने को गन्ना मिल मालिक खरीदते हैं और गन्ने का भुगतान करने में एक साल की देरी तक हो जाती है, जिसका सूद भी किसानों को नहीं मिल पाता है।

मान्यवर, मैं पश्चिम उत्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के बारे में और विशेष रूप से सहारनपुर मंडल के किसानों के बारे में बताना चाहता हूं कि पिछले साल उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने सहारनपुर में गन्ने का भुगतान 14 दिनों के अंदर करने का वादा किया था। यही आदेश वर्ष 1966 में केन्द्र सरकार द्वारा जारी किया गया था। लेकिन अफसोस की बात यह है कि किसानों को गन्ने का भुगतान एक साल से भी ज्यादा की देरी में किया जाता है, जो कि एक आम बात है। किसानों को देरी से किए गए भुगतान पर सूद भी नहीं मिलता है। जबकि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने भी 14 दिनों के बाद गन्ने का भुगतान करने पर किसानों को उनकी असल रकम के साथ सूद देने के लिए भी कहा था। लेकिन इस पर अमल नहीं किया जाता है। जबकि पिछले 50 वर्षों में केवल एक बार एक साल के लिए बसपा की सरकार ने उत्तर प्रदेश में किसानों को सूद देने का काम किया है।

मान्यवर, जब किसान खेती के लिए कर्ज़ लेता है, तो उसको सरकार, बैंक और साहूकार को सूद अदा करना पड़ता है। लेकिन उसको सूद नहीं मिल पाता है। यही कारण है कि किसान आत्महत्या करने पर मजबूर हो जाते हैं। मैं मेरठ, मुजफ्फरनगर और बिजनौर के बारे में कहना चाहूंगा कि वहां पर किसानों ने इस तरह की आत्महत्या की है।...(व्यवधान)

आज पहली बार इस देश में मोदी जी के नेतृत्व में, जब उन्होंने अपने देशवासियों के लिए आह्वान किया कि गरीबों के घर में जो धुंआ निकलता है, वह बंद होना चाहिए, इससे माताओं,

बहनों को जो बीमारी होती है, उसमें कमी आनी चाहिए। उज्ज्वला योजना के तहत इनको भी गैस सिलेण्डर मिले। यह उनकी धारणा थी। लोगों ने उनके आह्वान को स्वीकार किया। एक करोड़ से ज्यादा लोगों ने सब्सिडी छोड़ी, जिसमें राजस्थान के लगभग साढ़े छ: लाख लोग हैं। आज फिर से उस कीर्तिमान को, उस सम्मान को स्थापित करने का काम यदि किसी ने किया है तो वह नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। आज एक लाख चालीस हजार करोड़ रुपये कृषि में देना बहुत बड़ी बात है। वास्तव में कृषि संस्कृति हमारी थी, चाहे कितने ही बड़े राजा का बेटा क्यों न हो, जब वे ऋषि के यहां जाते थे, सन्यासी के यहां जाते थे, तो वे शिष्य बनकर कृषि का काम किया करते थे, परीक्षाएं होती थी। वह श्रेष्ठ काम था, यानी कृषि से ऋषि और ऋषि रिसर्च किया करते थे। आज यहां मेरे मित्रों ने भी कहा कि 'उत्तम खेती मध्यम बाण, अधम नौकरी भीख निदान' मतलब 'खेती' नौकरी होती थी। आज जब हमारी बेटी या बहन की शादी की बात होती है तो पहले कहते थे कि कितनी बीघा जमीन है या कितनी एकड़ जमीन है। अब कहते है कि किस नौकरी में है, नौकरी किस प्रकार की है, फर्स्ट क्लास की है या सेकण्ड क्लास की है। आज फिर से मोदी जी ने खेती को महत्व दिया है। वास्तव में आज स्वतंत्र भारत में यह पहली सरकार है।

महोदया, किसानों के लिए 10 हजार नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे, इससे किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती मिलेगी। इस बार कृषि और संरचना में व्यापक निवेश करेगी। आने वाले समय में किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरेगी। मुझे सिर्फ इतना ही कहना है कि आज जब रूरल डेवलपमेंट की बात हमारी सरकार कर रही है तो छत्तीसगढ़ के अन्दर जिस तरह से चल रहा है, यहां महाराष्ट्र के कई मित्र बात कर रहे थे, तो मैं बताना उचित समझता हूं और इसलिए भी कि हमारे राजनंद गांव के जिले में प्रधान मंत्री आवास योजना के अन्तर्गत हितग्राहियों को भुगतान में बहुत कठिनाई हो रही है, वहां बिचौलिए सभी प्रकार से काम कर रहे हैं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता हूं कि ले आउट देने के बाद, दो किश्त देने के बाद भी उनके घर तोड़ दिए गए हैं। मैं आज यहां सदन से चाहूंगा कि इस पर कार्यवाही हो। …(व्यवधान) महोदया, मैं केवल एक मिनट में

समाप्त कर रहा हूं। महोदया, मैं समाप्त कर रहा हूं। आज गुरु पूर्णिमा का अवसर है। मैं समाप्त कर रहा हूं। गुरु पूर्णिमा का अवसर है...(व्यवधान)

**SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD):** Respected Madam, thank you for this opportunity.

First, I would like to begin my submission by stating about the effect of climate change that our nation and our farmers are facing. Fair relief and compensation should be given to our farmers in cases of crop loss due to natural calamities. The farmers want a fair and remunerative price which is 50 per cent above the cost of cultivation based on the recommendation of the M.S. Swaminathan Committee Report. Farmers are also demanding waiver of loans. The agricultural loan of the farmers to the tune of at least Rs. 5 lakh should be waived off urgently so that we can prevent farmers from committing suicide.

I urge upon the Government to fix the Minimum Support Price for all agricultural products.

Now, I come to some points which are concerned with my parliamentary constituency, Palakkad in Kerala. Almost forty per cent of the demand of rice of Kerala is met by the District of Palakkad as this District is having more than 65,000 hectares of agricultural land cultivating mainly rice. Thus, this District is known as the Rice Bowl of Kerala. About 80 per cent of them are farmers with small holdings and there are more than three lakh people who depend on farming activities in Palakkad.

However, due to floods during the last year, thousands of hectares of agricultural land had been damaged and became uncultivable. Therefore, the cultivation activity has come down drastically. The farmers who took loan could

not repay it. The agricultural labourers have become jobless creating social imbalance there.

Therefore, I urge upon the Government to provide a special agricultural package for the farmers of Palakkad District urgently.

With these words I conclude my speech. Thank you.

**श्री सुरेश कश्यप (शिमला):** मैडम, मैं पहली बार सांसद बना हूं और इस सदन में मुझे बोलने का मौका मिला है। आज मुझे कृषि मंत्रालय और ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों पर बोलने का अवसर मिला है, इसके लिए मैं आपके प्रति आभारी हूं।

इस बार जो बजट इस सदन में प्रस्तुत किया गया है, निश्चित रूप से ग्रामीण क्षेत्र की दशा को बदलने का लक्ष्य रखा गया है। मैं बधाई देना चाहूंगा माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को, कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर जी को, जिन्होंने एक बेहतरीन बजट इस बार प्रस्तुत किया है। इस बजट में गांव, गरीब और किसानों का विशेष ध्यान रखा गया है।

यह बात सत्य है कि कृषि का किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान होता है। अगर हम अपने देश की बात करें, यहां पर भी देश की लगभग 70 प्रतिशत आबादी ऐसी है, जो या तो कृषि पर या कृषि से जुड़े कारोबार पर निर्भर है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार हुआ कि हमारे देश में कृषि के ऊपर विशेष ध्यान दिया गया है। इससे पहले भी कृषि के विकास के लिए कई बार प्रयास किए गए हैं, लेकिन आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में जिस प्रकार का प्रयास हुआ है, निश्चित रूप से एक गंभीर प्रयास हुआ है और उसके नतीजे बहुत ही सकारात्मक और उत्साहवर्धक रहे हैं। इस देश में अगर किसी ने किसानों के बारे में पहली बार सोचा कि किसानों का सम्मान हो, किसानों के खाते में सीधे प्रतिवर्ष 6,000 रुपये किसान सम्मान निधि योजना के तहत खाद, बीज और दवाइयां खरीदने के लिए जाएं, ताकि वे किसान अपनी जरूरत के हिसाब से उस पैसे का प्रयोग कर सकें। बिना किसी भ्रष्टाचार के किसानों के खातों में यह पैसा डालने का निर्णय अगर किसी ने लिया तो हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी ने लिया। बहुत सारे मित्र कह रहे थे कि 6,000 रुपये कम हैं, लेकिन जिन्होंने 60 वर्ष तक इस देश में राज किया, उन्होंने कभी किसानों को 60 पैसे भी नहीं दिए, वे लोग इस प्रकार की बातें करते हैं। चुनाव के समय बहुत सी बातें हुई थीं, कोई कहता था कि 72,000 रुपये देंगे, 72,000 करोड़ रुपये देंगे, लेकिन इससे पहले जब उनकी

सरकार थी, एक भी पैसा किसानों नहीं मिला। यह मोदी जी हैं, जिन्होंने किसानों के बारे में सोचा और देश के लगभग 14.5 करोड़ किसानों को करीब 75,000 करोड़ रुपये देने का लक्ष्य रखा।

इतना ही नहीं, इस देश में पहली बार ऐसा हुआ कि किसानों को भी पेंशन मिलेगी। सरकारी कर्मचारी-अधिकारी को पेंशन मिलती है, लेकिन जब किसान बूढ़ा हो जाता है, 60 वर्ष की आयु के बाद जब किसान कमाने लायक नहीं रहता है, उस समय अपना जीवनयापन करने के लिए, वह भी अपना जीवन सम्मान के साथ जी सके, उसके लिए उनको 3,000 रुपये प्रतिमाह देने का निर्णय अगर किसी ने लिया तो वह हमारे देश के प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी जी ने लिया।

वर्ष 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने के लिए बहुत से कदम उठाए गए हैं, जैसे ज़ीरो बजट खेती को बढ़ावा देना, जैविक खाद और परम्परागत बीजों का उपयोग करना आदि। हमारा देश दलहन की खेती में आत्मनिर्भर हो गया है। तिलहन की खेती को बढ़ावा देना, फूड प्रोसेसिंग यूनिट्स लगाना, मत्स्य पालन को बढ़ावा देना, सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन करना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत हर खेत को पानी देना, एक-एक बूंद पानी का सदुपयोग हो और इसी प्रकार से किसान किस प्रकार की जमीन पर किस प्रकार की खेती करे, उसके लिए सॉइल हेल्थ कार्ड बनाना आदि बहुत सारे निर्णय हैं जो किसानों की आय को दोगुना करने के लिए सार्थक सिद्ध हो रहे हैं।

निश्चित रूप से इस बजट में किसानों की आर्थिकी को बढ़ावा देने और उनकी दशा को सुधारने के लिए बहुत ही सार्थक प्रयास किए गए हैं।

माननीय सभापति जी, जिस प्रकार से लक्ष्य रखे गए हैं कि अगले कुछ वर्षों में हर व्यक्ति को घर, घर में नल, नल में जल, घर में 'उज्ज्वला योजना' के तहत कनेक्शन, हर घर में शौचालय और बिजली का कनेक्शन हो, ये हमारे देश के किसानों और ग्रामीण विकास के लिए बहुत सार्थक सिद्ध हो रहे हैं।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। आपकी पार्टी के और भी लोग बोलने वाले हैं।

**श्री सुरेश कश्यप (शिमला):** सभापति महोदया, मैं अपने क्षेत्र की थोड़ी-सी बात सदन मे रखना चाहता हूं। मैं हिमाचल प्रदेश, पहाड़ी राज्य से चुन कर आया हूं। यहां पर बहुत-सी छोटी-छोटी नदियां और नाले हैं, जहां जल संरक्षण के लिए साधन उपलब्ध हैं, लेकिन अभी भी यहां की 80 प्रतिशत भूमि असिंचित है। जल शक्ति मंत्रालय बना है, इसके लिए मैं पहले प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगा और आग्रह करना चाहूंगा कि यहां पर जल संरक्षण के लिए बहुत स्कोप है। हिमाचल प्रदेश में बहुत सारी योजनाएं आई हैं। जैसे, कांडी प्रोजेक्ट, मीड हिमालयन प्रोजैक्ट । अभी इंटीग्रेटेड वाटर डेवलपमेंट प्रोजैक्ट चल रहा है, इसके तहत पहले कुछ काम हुए हैं।

मैं माननीय कृषि मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश के लिए इस प्रकार का एक स्पेशल प्रोजेक्ट बनाया जाए, ताकि केवल डैम बना कर इन नदियों के जल का संरक्षण किया जाए। इससे न केवल हिमाचल प्रदेश के लिए सिंचाई की सुविधा होगी बल्कि हमारे जो दूसरे राज्य पंजाब, हरियाणा या राजस्थान में जो वाटर लेवल डाउन हो रहा है, तो जल संरक्षण से वाटर रिचार्ज होगा, हमारे सोर्सेज रिचार्ज होंगे और वाटर लेवल हाई होगा।

इसके साथ-साथ, मैं यह भी कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार से जीरो बजट खेती को बढ़ावा देने की बात कही गई है। इसके लिए किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी तो किसान जीरो बजट खेती को अपनाएंगे…(व्यवधान) मेरे क्षेत्र में सेब का बहुत ज्यादा उत्पादन होता है। मैं चाहूंगा कि अभी वहां इम्पोर्ट ड्यूटी 50 प्रतिशत है, उसे 75 प्रतिशत किया जाए। इसके साथ-साथ वहां लहसून की खेती होती है। चीन से लहसून स्मगल हो कर आता है। उसके आयात पर प्रतिबंध लगाया जाए, ऐसा भी मैं आग्रह करना चाहूंगा। मैं इस अनुदान मांग का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

*[*]* **DR. A. CHELLAKUMAR (KRISHNAGIRI):** Recollecting the history of India, when India became independence in 1947, India was resource less in all essential services and need. Lakhs of people died due to starvation.

The Prime Minister Pandit Nehruji started his work towards self sufficient India. He constructed dams, initiated industries and saw success. He described them as temples, Mosques, Churches and Gurudwaras of India. In continuation, the Iron Lady of India then Prime Minister Smt. Indira Gandhi focused on Indian agriculture and registered Green Revolution movement. We became self sufficient and resourceful with the above project.

In times of crisis and natural calamities to the farmers community, the UPA had extended support and relief by waiving over Rs. 70,000 crore of loans of the farmers across the country. The similar situation has raised now. Lot of farmers is committing suicide. So I request the Government to waive the farmers loan. The Government has the precedent of the UPA Government should waive the loans of the farmers across the country.

Government has not even bothered to take the survey of how many farmers in the country has committed suicide due to loss and debt in agriculture after 2015.

The same situation to the farmers living below poverty line. Then UPA Government conducted a large sample survey through National Sample Survey Office (NSSO) in 2011-12.

---

[*] Speech was laid on the Table.

In Tamil Nadu at the footsteps of Pandit Nehru, the revolutionary leader Shri K. Kamraj constructed many dams including Krishnagiri dam in Krishnagiri. Now that has become a lifeline of my constituency.

Coconut tree is like a child to every farmers. Like how a child takes 20 hard years to mature, the coconut tree also take 20 years to yield. Yielding coconut tree dies because of water starvation and draught. Prevalence of the acute water scarcity in my constituency has forced the farmers to buy water and feed the coconut trees. This leads to huge loss for the farmer community. In spite of this, many trees die. The produce of the coconut tree is the only life source for the coconut growers. The day when he is unable to make produce in any form, his life will be a full stop. I request the Government to compensate their loss and implement measures for their survival.

Sugarcane growers are under distress and tears as their hard earned income are struck with sugar mills as pending payment after supply of sugarcane. I urge the Government to take immediate steps to release pending payment from the sugar mills to the rightful poor farmers at the earliest.

Ground nut growers are in sizeable numbers in my constituency. All these years it was revenue generating crop. Presently the marketing of this crop does not yield profit because of central Government 's tax structure.

In Krishnagiri, Mango cultivation taking place in 2 lakhs hectares of land. Nearly 10 lakh tons of mangoes are cultivated per year. Huge quantum of tamarind yield is also there. Krishnagir tamarind market fixes the price of India tamarind price. 6000 acres of tomato cultivation with 30 tons of tomato/acre

produced per year by the farmers. Similarly Mint, Coriander, cabbage, cauliflower, Banana, Button Roses, Capsicum, English cucumber cultivation taking place at large quantum. I request the Government to establish cold storages in Krishnagiri, Shoolagiri, Thally and rayakottah areas of Krishnagiri District.

In Krishnagiri around 2000 acres of Polyhouses (protected cultivation) and around 1000 acres of shade houses are there. The main crop in this house is Roses, Gerberas flower and capsicum. Daily 20 lakhs stems of roses and 4 lakhs Gerberas flowers are produced. In addition Jasmine cultivation is also at large quantum. I request the Government to establish a perfume manufacturing industry in Krishnagiri so that the farmers will get a good price for their produce.

Congress Government in centre had brought Kissan Credit Card scheme in which any farmer can avail Rs. 1 lakh loan without collateral security. The present Government has extended it to Rs. 1.6 lakh. I request the Government to increase it to Rs. 2.5 lakh as per today's money value. This has been linked to insurance. It gives lot of hardship to the farmers. If there is any failure of crops due to selective diseases to selective farmers, the insurance companies refuse to give compensation to the farmers.

MNREGA Scheme is the unique flagship programme of Congress Government. It is empowering crores of village women. It has become the livelihood for them. The Government has reduced the allocation of funds to the programme. I request the Government to increase the allocation and

provide them job from 100 days to 200 days and also increase their wages to Rs.500/- per day.

**श्री परबतभाई सवाभाई पटेल (बनासकांठा):** सभापति महोदया, आपने मुझे कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास बजट के अनुदान एवं मांग पर चर्चा में भाग लेने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं।

महोदया, किसानों की आय दोगुना करने के लिए हमारी सरकार ने कृषि क्षेत्र के उत्थान के लिए अगले पांच वर्षों में 10 हजार नए किसान उत्पादक संघ बनाने का लक्ष्य रखा है। आज तक देश में कृषि को एक व्यवसाय के रूप में स्वीकार नहीं किया गया था। इसे और अधिक लाभदायक बनाने और अन्य व्यवसायों के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए एक व्यवसाय के रूप में खेती का हम स्वागत करते हैं।

महोदया, आज देश में दुग्ध की जितनी मात्रा है, उसकी मांग के अनुसार दुग्ध की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके लिए सरकार डेयरी उद्योग को सहकारिता के माध्यम से बढ़ावा दिया जाए।

महोदय, प्रधान मंत्री जी ने हमारे देश के किसानों की आय को 2022 तक दोगुना करने का संकल्प लिया है, उसका प्रतिबिंब इस बजट में दिख रहा है। किसान भाइयों के लिए 'प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के तहत सालाना छः हजार रुपए उनके बैंक खाते में ट्रांसफर किए जाएंगे।

प्रधान मंत्री किसान पेंशन योजना में 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले किसान भाइयों को पेंशन के रूप में आर्थिक सहयोग दिया गया है। आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने किसानों की आय को दोगुना करने के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना और न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना बनायी है, यह भी बहुत लाभकारी हैं। जैसा कि हम जानते हैं कि भारत गांवों का देश है तथा इसकी आत्मा गांवों में ही निवास करती है। प्रधान मंत्री जी ने गांव, गरीब, किसान और मजदूरों के लिए काम किया है, इसके लिए मैं यशस्वी प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं। प्रधान मंत्री जी ने जैसे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़कों का निर्माण किया है, उसकी वजह से माल को इधर से उधर ले जाने के लिए बहुत आसानी हुई है। अगर ग्रामीण परिवेश की बात की जाए, तो बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित कर

दी है। जिन्होंने 60 सालों तक शासन किया है, मैं इन लोगों से भी पूछना चाहता हूं कि उन्होंने देश के लिए क्या किया? जब अकाल पड़ता था, तब उन्होंने कुछ नहीं किया, सूखे में उन्होंने कुछ नहीं किया। बाढ़ के समय भी कुछ नहीं किया। साइक्लोन के समय भी उन्होंने देश के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। मोदी जी ने सूखे, बाढ़ और साइक्लोन के समय देश के लोगों के लिए बहुत कुछ किया है। ये लोग चुनाव के समय कुछ-कुछ बातें देशवासियों के हित की करते हैं, लेकिन बाद में इन्होंने कभी कुछ नहीं किया।

महोदय, मैं सुझाव देना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान को इंश्योरेंस नहीं मिलता है, क्योंकि किसान फसल के लिए ऋण लेता है। मैं यह भी बताना चाहता हूं कि एमएसपी में सरकार ने बहुत अच्छा काम किया है। मैं अपने क्षेत्र की बात बताना चाहता हूं कि किसानों की फसल की केवल 40 परसेंट खरीदी हुई है और 60 परसेंट फसल की खरीदी बाकी है। यह खरीदी भी जल्द होनी चाहिए। मैं एक बात और बताना चाहता हूं कि रण क्षेत्र की जमीन खारी है। डेजर्ट आगे न बढ़े, इसके लिए भी कृषि मंत्रालय को कुछ करना चाहिए। खारी जमीन को मीठी जमीन बनाने के लिए भी कुछ करना चाहिए। कृषि क्षेत्र में नरेगा योजना किसानों के साथ जोड़नी चाहिए।

महोदया, प्रधान मंत्री आवास योजना में वर्ष 2011 के आधार पर मकान मिले हैं। यदि किसी के तीन बेटे हैं, तो उनका क्या होगा? उन्हें प्लॉट भी नहीं मिलता है, मकान भी नहीं मिलता है, इसलिए सरकार को सोचना चाहिए कि उन्हें भी मकान मिले।

**श्रीमती संगीता आजाद (लालगंज):** सभापति महोदया, आज हमारे देश में कृषि से जुड़े किसानों की हालत बहुत खराब है। कभी सूखे के कारण और कभी बेमौसम बरसात के कारण किसान को सहारा देने वाली फसल नष्ट हो जाती है। इसी कारण किसान भारी कर्जे में डूब जाता है और पूरे देश में किसानों की आत्महत्या का प्रकरण चल रहा है। सरकार को इस तरफ गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। किसानों की आमदनी दोगुना करने का सरकार का जो विचार है, इस बारे में मैं सिर्फ यही कहना चाहती हूं कि किसानों के कृषि यंत्र डीजल और पेट्रोल के सहारे चलते हैं, लेकिन डीजल, पेट्रोल के मूल्यों में भारी वृद्धि हुई है। हमारी सरकार से मांग है कि डीजल, पेट्रोल को जीएसटी के अंतर्गत लाया जाए।

किसानों के कृषि यंत्र, कीट नाशक, खर-पतवार नाशक, जैव उत्प्रेरक सरकारी गोदामों से पूरी कीमत देकर खरीदनी पड़ती है। सरकार डेबिट के माध्यम से किसानों का ही जमा धन उसे वापस करती है, जिससे समय व बैंक की कमी के कारण सरकार का मुख देखना पड़ता है। हमारी माँग है कि सरकार उक्त सभी चीजों पर अनुदानों को काटकर सीधे किसानों को इसकी बिक्री करे। पूर्वांचल में विगत् कई वर्षों से सरकारी गोदामों में केवल डाईअमोनियम फॉस्फेट की सप्लाई होती है, जिसमें पोटाश की मात्रा शून्य होती है। इसलिए सरकार से हमारी माँग है कि सरकारी गोदामों में समुचित एनपीके खादों का प्रबंध करे। सरकार उर्वरक बनाने वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियों को लाभ पहुँचाने के लिए सीधे अनुदान प्रदान करती है। हमारी माँग है कि सरकार उक्त अनुदानों को सीधे किसानों को प्रदान करे।

किसानों के सारे कृषि उत्पादों को खरीदने के लिए क्रय-मण्डियों की व्यवस्था की जाए अन्यथा बिचौलिए किसानों से औने-पौने दामों पर फल-सब्जियाँ आदि खरीद लेते हैं। हमारी माँग है कि इस क्रय हेतु सीधे किसानों के घर से खरीद की जाए ताकि किसानों को मण्डियों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनका सही मूल्य किसानों को मिल सके।

सरकार ने बीमा क्षेत्रों को प्राइवेट सेक्टर में डाल दिया है, जिससे तमाम प्राइवेट कंपनियों की मिली-भगत से फसल बीमा का पैसा किसानों तक नहीं पहुँच पाता है। इसलिए हमारी माँग है कि फसल बीमा का प्रीमियम सरकार स्वयं ग्रहण करे ताकि किसानों को सीधा लाभ मिल सके।

किसानों को माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा किसान सम्मान निधि के तहत जो व्यवस्था की गई है, उसमें विभिन्न कार्यवाहियों से गुजरना पड़ता है। मेरी माँग है कि जिन किसानों के नाम खतौनी में हैं, उन्हीं किसानों के खाते में सरकार धनराशि ट्रांसफर करे।

मेरे संसदीय क्षेत्र में अब तक केवल 30 प्रतिशत ही भुगतान हो पाया है, शेष भुगतान अभी तक नहीं किया गया है। सरकार इसकी जाँच कराकर जल्द-से-जल्द भुगतान कराने का प्रबंध करे।

मेरे क्षेत्र में तमाम गरीब किसान और मजदूर हैं, जो कृषि कार्य में निपुण हैं और बंटाई खेती का काम करते हैं। सरकार उनकी जाँच कराकर किसान सम्मान निधि से सम्मानित करने का काम करे।

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) (एटा):** माननीय सभापति महोदया, आपने इस हाउस में एक चस्का लगा दिया कि जो बैठेगा, उसको बोलने का मौका जरूर मिलेगा। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप चेयर को अड्रेस कीजिए।

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :** मैडम, मैं माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीया वित्त मंत्री जी और माननीय कृषि मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूँ। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आपस में बात मत कीजिए।

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या):** मैं बधाई देना चाहता हूँ क्योंकि इन्होंने इतना अच्छा बजट इस सदन में प्रस्तुत किया है। यह देश किसानों का है। यह कृषि प्रधान देश है। जब तक किसान सम्पन्न नहीं होगा, तब तक इस देश की कल्पना करना व्यर्थ है। बहुत-से लोगों ने किसानों के बारे में बात की। हम सब तो किसान हैं, गरीब हैं, लेकिन इधर सभी किसानों की बात कर रहे थे, लेकिन इनमें से एक भी व्यक्ति किसान नहीं था। **…(**व्यवधान)

**माननीय सभापति:** आप लोग बहस न करें। आप चेयर को अड्रेस कीजिए।

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :** मैडम, हमारी तीन पीढ़ियों ने खेती की है और हम आज भी खेती करते हैं। मैं एक छोटा-सा उदाहरण दूँगा। मेरे बाबाजी खेती करते थे, बहुत कम खेती थी। मेरे पिता माननीय कल्याण सिंह जी भी इस हाउस के सदस्य रहे हैं। मेरे बाबा के पास दो बैल थे, जिनमें से एक बैल मर गया। उससे पहले मेरे पिताजी के भाई मरे थे।

मैडम, मेरे बाबा अपने बेटे के मरने पर उतना नहीं रोए थे, जितना उस बैल के मरने पर रोए थे। उन्होंने यह कहा था कि आज मेरा असली बेटा मरा है। बैल के मरने के अभाव में मेरे पिताजी, माननीय कल्याण सिंह जी की पढ़ाई छूट गई। वे न खेती कर पाए, न दूसरों की मज़दूरी कर पाए। मैं उस परिवार से आता हूं। इस सरकार ने किसानों के लिए बहुत किया है। मैंने 40 साल की एज में टॉप टू बॉटम देखा है। गरीबी क्या होती है, किसान क्या होता है, ‘जाके पैर न फटी बिवाई, वह

क्या जाने पीर पराई' । मैं उस परिवार से आता हूं । किसानों के लिए जितना हुआ, इस बारे में जितनी भी बात की जाए, उतनी कम है ।

**22.56 hrs** (Hon. Speaker *in the Chair*)

किसान अन्नदाता है । वह दुनिया का पेट भरता है, लेकिन अपना पेट खाली रखता है ।

**माननीय अध्यक्ष :** अब आप समाप्त कीजिए ।

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :** अध्यक्ष जी**,** मैंने तो कुछ कहा ही नहीं **।** …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने एक बात कह दी कि किसान अन्नदाता है । इसमें सब बातें आ गई हैं ।

…(व्यवधान)

**श्री राजवीर सिंह (राजू भैय्या) :** ठीक है महोदय**,** धन्यवाद ।

**श्री रोड़मल नागर (राजगढ़) :** अध्यक्ष महोदय, देश की आज़ादी के बाद हमारे यहां गांव छोटे, छोटे और छोटे होते गए और शहर लगातार बड़े, बड़े और बड़े होते गए । इस समस्या का निदान अगर किसी ने किया, इस समस्या को अगर किसी ने समझा तो हमारे प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने समझा । उन्होंने गांवों के लिए सड़कें, बिजली, पानी, गरीबों के लिए मकान, उनके लिए गैस का कनेक्शन, बिजली का कनेक्शन, उज्जवला योजना और यहां तक की उनके इलाज की व्यवस्था की ।

किसान को उसके पैरों पर खड़ा करने के लिए छ: हज़ार रुपये का पुरस्कार दिया । ये सारी की सारी योजनाएं गांव, गरीब और मज़दूर को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए की गईं । जो ये सारे के सारे काम किए गए हैं, ये आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने किए हैं । इसके लिए मैं उन्हें बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं । इसके साथ ही उन्होंने और भी कई नवाचार किए हैं, जैसे मिट्टी का परीक्षण ।

देश में पहली बार हर किसान के बारे में विचार हुआ । हर किसान अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण करवाए, लेकिन इसमें कुछ विसंगतियां हैं, जिनका हम थोड़ा ध्यान रखें । सरकार उस पर थोड़ा और विचार करे कि मिट्टी का जो परीक्षण होता है, दरअसल इसका सत्यापन करने की

व्यवस्था भी होनी चाहिए, नहीं तो यह जो नवाचार हो रहा है, इसके प्रति किसानों का आकर्षण भंग होगा, जिससे यह जो लोच है, व्यवस्था है, यह कहीं अधर में न रह जाए। इसलिए कहीं न कहीं इसका पुनर्सत्यापन होना चाहिए।

अगर हमें किसान की आय को दोगुना करना है, जो प्रधान मंत्री जी का सपना भी है, सरकार की योजना भी है, हम उस दिशा में बढ़ भी रहे हैं, लेकिन किसान के पास जिन चीज़ों की उपलब्धता है, उसका पूरा का पूरा उपयोग कैसे हो, इस पर ध्यान दिया जाए। किसान अनाज पैदा कर लेता है, लेकिन अनाज पैदा करने के बाद जो कृषि अवशिष्ट बचता है, उसका भी उपयोग होना चाहिए। उससे जैविक खाद कैसे बने, इसकी व्यवस्था विशेष सहयोग देकर, अनुदान देकर हर किसान को जैविक खाद बनाने के लिए कहीं न कहीं प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इसी के साथ गोबर गैस पर भी सब्सिडी, विशेष अनुदान देने की आवश्यकता है। इसी के साथ-साथ किसान आज भी परंपरागत बीज बो रहा है, लेकिन जितनी बीज उत्पादन कंपनियां हैं, वे किसान को उतना बीज उपलब्ध नहीं करवा पाती हैं, जिस कारण किसान अपने घर का बीज ही बोता है। उसको अच्छे बीज कैसे मिलें, इसकी भी व्यवस्था हमको करनी चाहिए।

**<u>23.00 hrs</u>**

इसी के साथ-साथ गाय के गोबर, गोमूत्र और नीम की निमोली आदि के द्वारा के.वी.के. के माध्यम से कीट नियंत्रक दवाइयां कैसे बनें, इसका प्रशिक्षण भी किसानों को दिया जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण अगर सभा की सहमति हो तो 12 बजे तक सभा की कार्यवाही बढ़ा दी जाए।

**अनेक माननीय सदस्य:** जी हाँ, ठीक है।

**माननीय अध्यक्ष:** सदन का समय 12 बजे तक बढ़ाया जाता है।

माननीय सदस्यों से मेरा इतना आग्रह है कि सारगर्भित भाषण तो आप सभी ने सुन लिया है। अगर आपके इलाके की कोई प्रॉब्लम हो तो बता दीजिए।

[*] **SHRI GURJEET SINGH AUJLA (AMRITSAR) :** I thank you, Hon. Speaker Sir, for giving me the opportunity to speak on this important subject. The House is functioning late in the night and all credit goes to you. You are allowing all the members to speak on this issue. I thank you for this gesture.

Sir, 80% population of the country resides in rural areas and our economy is dependant on agriculture. There are 12,278 villages in Punjab, and the area under agriculture is only 1.5% of the total area. However, we contribute lion's share of food-grains in the central granary pool for the entire country. Sadly, sir, since agriculture is no longer considered remunerative, the youth of Punjab has been forced to migrate to foreign countries in search of employment. The young men of Punjab are ploughing the fields of white men in foreign countries. Irony is that we had expelled these white people from our country to attain independence.

Sir, the farmers are illiterate but no one is concerned about it, Sir, a provision should be made in the budget and money allocated so that children of farmers become educated. Only then will they know something regarding remunerative farming. More research and development centres should be opened in Punjab at the district level so that it can give a fillip to the agriculture in the state. Tractors and other implements should be made easily available to the farmers and G.S.T. should be waived off on these items.

---

[*] English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

Sir, a lot of cultivable land lies beyond the barbed wire fence on the Indo-Pak border in Punjab. Farmers face a lot of hardship and get very little time to cultivate this area. So, the government should especially look into this matter and bail out such farmers.

Sir, Punjab is burdened under a lot of debt that goes back to militancy years and beyond. I urge upon the government to waive off this accumulated loan and grant relief to Punjab.

Sir, modern laboratories should be opened at the district level in Punjab. It is necessary to test spurious medicines and fertilizers. The ground-water level has gone donw drastically in Punjab. 15 lakh tubewells are churning out water for irrigation purpose. This water is needed to grow foodgrains for the entire country. The groundwater in Punjab is not getting recharged. We have a long-standing dispute of river water with Haryana. This too, needs to be sorted out at the earliest. When agreements had been signed. The situation was different from the present situation.

Sir, Amritsar has an international airport. Markets should be provided by the government. With the help and encouragement of Hon. Chief Minister of Punjab, fruits and vegetables are being grown. These are perishable items that should be exported soon. So, cold storage chain should also be provided in Punjab for such items.

Sir, the Kartarpur Sahib corridor is in the news these days. During his later years, Guru Nanka Dev ji had also turned a farmer. An agriculture university should be established between Ramdas and Dera Baba Nanak in his name. This centre should be dedicated to Shri Guru Nanak Dev ji.

Thank you.

**डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट):** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य पहली बार चुनकर आए हैं, जो बंगाल से हैं।

**डॉ. सुकान्त मजूमदार:** अध्यक्ष महोदय, मैं पहली बार चुनकर आया हूं और यह मेरी जिन्दगी का पहला चुनाव था। मुझे जिन्दगी में कभी चुनाव लड़ने का मौका ही नहीं मिला। आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए धन्यवाद। हम भूखे बैठे रहे हैं और सोच रहे थे कि सदन में बोलकर ही खाना खायेंगे। मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और माननीय अर्थ मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को धन्यवाद देना चाहता हूं। हमारी उनको शुभकानमाएं है कि उन्होंने फुल टाइम फाइनेंस मिनिस्टर होकर बजट पेश किया है। अभी तक सारी बातें हो चुकी हैं। मैं जानना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री कृषि सम्मान निधि स्कीम जो इस बजट में आई और इसके बहुत पहले से वह चालू भी हो चुकी है। माननीय अध्यक्ष महोदय, आपको पता है कि इस देश में सब कुछ स्मूथली चलता है, लेकिन जब योजना पश्चिम बंगाल में जाती है तो वहां स्पीड ब्रेकर में जाकर अटक जाती है।

इस सम्मान निधि की जो बात है, उसमें पैसा किसानों को अभी तक नहीं मिला है, क्योंकि वहां जो लिस्ट आनी थी, वह लिस्ट नहीं आई है। यही प्रॉब्लम है। पश्चिम बंगाल में जो किसान हैं वह बहुत दुखी हैं। हमारे दोस्त जो कभी उधर बैठते हैं, कभी नहीं बैठते हैं, उनकी सहायता अगर इनको मिल जाए, उनको अगर थोड़ी सी दया कृषकों पर आ जाए तो कृषकों की जिंदगी में थोड़ी आसानी होगी।

अध्यक्ष महोदय, दूसरी बात जो मैं बोलना चाहता हूं, वह है प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना। अगर कोई बंगाल की बात करें और मछली यानी फिश के बारे में बात नहीं करे तो वह बंगाली नहीं है। प्रधान मंत्री जी वैसे तो वेजीटेरियन हैं, वह मछली नहीं खाते। हम तो खाते हैं, लेकिन अच्छा लगा कि उन्होंने 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा' यहां पर इम्प्लाई नहीं किया। यह विभाग, जो उन्होंने बनाया है, इसमें 805 करोड़ रुपये उन्होंने दिए हैं।

मैं बताना चाहता हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र बालूरघाट है, जो उत्तर बंगाल क्षेत्र में आता है। यह फिश के लिए बहुत ही फेमस है। गंगारामपुर नाम की एक जगह है, जहां की फिश थ्रू आउट नॉर्थ बंगाल में मिलती हैं। आप सिलीगुड़ी में जाएंगे, कभी मैं वहां पर पढ़ाता था, तो वहां पर जो मछली मिलेगी उसे बोलेंगे कि गंगारामपुर की मछली है। अगर वहां पर एक रिसर्च कम प्रोडक्शन सेंटर खुलवा दिया जाए तो वहां के जो फिशरीज़ के लोग हैं, उनको बहुत सुविधा होगी।

तीसरी बात, जो मैं बोलना चाहता हूं, वह यह है कि मेरा जो एरिया है, यह एग्रीकल्चर बेस्ड एरिया है। यहां पर कोई भी इंडस्ट्री नहीं है। लोगों की जो इन्कम होती है, वह पूरी इन्कम वेजीटेबल्स, फ्रूट्स से आती है। अत: वे इन वेजिटेबल्स को कुछ समय के सुरक्षित लिए रख पाएं तो इसके लिए कोल्ड स्टोरेज की बहुत जरूरत है। अगर कोल्ड स्टोरेज का इंतजाम वहां किया जाए तो वहां पर जो किसान हैं, उनको अपने काम में बहुत सुविधा होगी।

महोदय, इसके पश्चात मैं बोलना चाहता हूं कि जो 10 हजार से ज्यादा फामर्स न्यू प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन बनाई गई है, उसके लिए मैं सरकार को धन्यवाद बोलना चाहता हूं। अंत में जो रूरल डेवलपमेंट के लिए बनाया गया है और जो बहुत इम्पॉर्टेंट है, वह है स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय शुरू हुई प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना। मैं अपने घर के पास एक स्कूल में नौकरी करता था। मेरी जिंदगी की शुरुआत उस स्कूल की नौकरी से हुई थी। अभी मैं यूनिवर्सिटी में पढ़ाता हूं। मैं जब बारिश के समय स्कूल आता था, तो उस स्कूल के जो सीनियर टीचर्स थे, वे हफ्ते में दो दिन आते थे, बाकी समय स्कूल नहीं आ पाते थे, क्योंकि आने और जाने के लिए कोई रोड नहीं थी। प्रधान मंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने जब वर्ष 2004 में प्रधान मंत्री ग्राम

सड़क योजना शुरू की तो उसके बाद उस स्कूल तक रास्ता पहुंचा और टीचर्स स्कूल जाने लगे। इससे रूरल डेवलपमेंट में तेजी आई। रूरल डेवलपमेंट की जो बात है, हमारा जो क्षेत्र है, उसके बारे में अगर बात करें, तो वहां पर पैसा अलॉट होता है, आप सबको पता है कि लॉकेट जी ने कट मनी कर दिया है। कट मनी इशू होने के कारण जो रोड बनती हैं, वे बारिश के कारण कुछ दिन बाद ही नष्ट हो जाती हैं। अगर रूरल डेवलपमेंट मिनिस्ट्री से वहां के लिए ज्यादा फंडिंग की बात होती है, तो काफी आसानी हो जाएगी। इसके साथ ही आप सबको धन्यवाद देकर अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं।

**श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय। आज हम जिस किसान की बात करते हैं, असल में जो फार्म हाउस का मालिक है, वह किसान है, बाकी जो खेती करने वाला है वह सारा मजदूर है और मजदूर खुद भूखा रहकर न केवल देश का पेट भरता है, बल्कि देश की सुरक्षा करने वाला सैनिक भी उसी के परिवार में पैदा होता है। आजादी से पहले खेत में काम करने वाले लोगों की पोजीशन बहुत बढ़िया थी। बीच के 50-60 सालों के दौरान, जब सरकार दूसरी पार्टी की थी, खेती करने वाले मजदूर की हालत और ज्यादा पतली हो गई। इसलिए अब जो नया बजट दिया गया है, खासकर खेती-बाड़ी के बारे में, ग्रामीण विकास के बारे में, सिंचाई के बारे में, तो इसकी अनुदान मांगों के बारे में हम बोलना चाहते हैं।

महोदय, मेरी प्रार्थना है कि जिस प्रकार से एमएसपी बढ़ाया गया है, खासकर हमारे इलाके में, सरसों, बाजरा ज्यादा पैदा होता है और दोगुने से ज्यादा इसका भाव दिया गया, लेकिन इसके साथ-साथ इसके दाने-दाने की खरीद का प्रबंध भी हो। केवल 25-30 प्रतिशत ही सरसों और बाजरा खरीदा जाता है। यह मेरी अनुदान मांगों में एक छोटी सी डिमांड है। इसके अलावा, चूंकि आजकल कहीं पर सूखा ज्यादा है और कहीं बाढ़ ज्यादा है, इसलिए जब तक नदियों का राष्ट्रीयकरण नहीं होगा, तब तक सारे प्रदेश आपस में लड़ते रहेंगे।

मेरा हाउस से भी, आपसे भी और मंत्री जी से भी प्रार्थना है कि देश की नदियों का राष्ट्रीयकरण किया जाए। इसके अलावा बहुत-सी ऐसी चीजें हैं कि जो मजदूर है, जब वह मजदूरी करता है, इसके बाद वैल्यू एडिशन के लिए फूड प्रोसेसिंग का एग्रीकल्चर के माध्यम से एक अलग डिपार्टमेंट है। हमारे इलाके में बहुत-सा प्याज और टमाटर एक रुपये किलो के भाव से बिकता है। हम दिल्ली के बिल्कुल नजदीक हैं। अगर हरियाणा प्रदेश को भी, जैसे गुजरात और आन्ध्र प्रदेश को टमाटर और प्याज का फूड पार्क दिया है, कोल्ड चेन दी गई है। इसी प्रकार से हर प्रदेश को जिलेवार छोटे फूड पार्क मिल जाएं। इस प्रकार की चेन हो जिसमें कोल्ड स्टोरेज भी हों, खासकर

टमाटर और प्याज के प्रोसेसिंग के लिए हरियाणा प्रदेश को जरूर मिलना चाहिए, ऐसी मेरी प्रार्थना है।

इसी प्रकार से कुछ स्कीमें ऐसी हैं, जैसे 6,000 रुपये जो दिए गए हैं, बहुत से राज्यों ने अपना भी फंड दिया है। मैं आपके माध्यम से उन राज्यों से भी प्रार्थना करता हूं कि इसमें वे भी अपना कुछ न कुछ अनुदान दें, क्योंकि यह जो 6,000 रुपये वाला है, इसमें सारे बड़े-छोटे किसान और मजदूर ले लिए गए हैं, परंतु कई पोर्टल बंद होने की वजह से अभी-भी बहुत बड़ी संख्या उसमें शामिल नहीं है। उनको दोबारा से आदेश दिया जाए। इसी प्रकार से आयुष्मान भारत की जो पॉलिसी है, वह अभी बहुत धीरे चल रही है। इसको सरल भाषा में किया जाए, ताकि गांव का मजदूर और किसान इसके अंदर है, उसको भी इसमें शामिल किया जाए।

तीसरे, यह जो यूरिया, डीएपी और इस प्रकार की जो कीटनाशक दवाइयां हैं, इनकी वजह से आज हर आदमी जहर खाता है। हम जब गाय और भैंस का दूध पीते हैं, तो उसमें भी कहीं न कहीं जहर की मात्रा अपने आप शामिल हो जाती है। कृषि मंत्रालय के माध्यम से यह कोशिश की जाए कि डीएपी की सब्सिडी, यूरिया की सब्सिडी और कीटनाशक दवाइयों की सब्सिडी का पैसा सभी किसानों को सीधे दिया जाए। उसमें हम आर्गेनिक फसल पैदा करें, उसके बाद इन दवाइयों के ऊपर खर्च होने वाला पैसा, जो बीमारियों पर खर्च होता है, उससे बचने वाला पैसा, यह देश दोबारा से एक अच्छा इंसान पैदा करे। आज हकीकत यह है कि कई बार कुत्ते भी हमारी गिरी हुई रोटी को नहीं खाते हैं। वे भी सूंघकर चले जाते हैं। उनको पता है कि इसमें जहर है। लेकिन इंसान बेचारा क्या करे? हमें उसी जहर को खाना पड़ता है। इसलिए यह मेरी आपसे प्रार्थना है।

महोदय, वाटर रिचार्ज के लिए मेरी एक छोटी-सी प्रार्थना है कि मनरेगा के अंदर जो 60-40 का अनुपात है, किसी प्रकार से जब तक आप वहां पर मशीनरी को इजाजत नहीं देंगे, वे तालाब एक रबड़ का रूप ले चुके हैं, उनको खोदा नहीं जा सकता है। जब तक उनकी खुदाई नहीं होगी, तो पानी का रिचार्ज नहीं किया जा सकता है। इसलिए, आप कोशिश करें कि उसमें किसी प्रकार से जेसीबी से भी खुदाई का प्रावधान हो सके।

**श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी) :** माननीय स्पीकर महोदय, मैं पहली बार सांसद बनकर आया हूं और मेरा प्रदेश ओडिशा है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप सदन में कई बार बोल चुके हैं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** इस सदन में जो पहली बार सदस्य बनकर आए हैं, कई सदस्य 15 दिनों के अंदर पांच से सात बार बोल चुके हैं।

…(व्यवधान)

**श्री बसंत कुमार पांडा :** माननीय अध्यक्ष जी, मैंने बोला है कि मैं पहली बार जीतकर आया हूं। आपके आशीर्वाद से बोल भी चुका हूं। मैं ग्रामीण विकास तथा कृषि और किसान कल्याण मंत्रालयों के नियंत्रणाधीन अनुदानों की मांगों पर पहली बार बोल रहा हूं। मैं जिस प्रदेश से आया हूं, वहां कभी बाढ़ आती है, कभी सुखाड़ होता है और कभी चक्रवात आता है। इस साल भी फेनी चक्रवात से हमारे प्रदेश के पांच जिले बहुत बुरे ढंग से प्रभावित हुए हैं। लेकिन हमारे संवेदनशील यशस्वी प्रधान मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा कि फेनी चक्रवात आने के पहले और उससे समाज को बचाने के लिए पैसा अलॉट किया था। वह खुद फेनी चक्रवात आने के बाद वहां पर देखने के लिए गए थे और फिर पैसे दिए थे। अभी-अभी घोषणा हुई है कि जितने भी मकान टूट गए हैं, प्रधान मंत्री आवास योजना में उनको जोड़ दिया जाएगा। इसलिए, मैं पहले धन्यवाद देता हूं। मैं माननीय प्रधान मंत्री के प्रति कृतज्ञ हूं। चाहे वह प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना हो, चाहे वह प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना हो, उसमें बहुत सारे लोग नहीं हैं।

कैसे किसान की इनकम दोगुनी की जाती है। वह सब बहुत सारे लोग बोल चुके हैं। उसमें प्रधान मंत्री आवास भी आता है, सौभाग्य योजना में बिजली भी आती है। आयुष्मान योजना में दवाई भी आती है। दीन दयाल ज्योति योजना में लाइट की बात की भी आती है। उज्जवला योजना में एलईडी बल्ब की भी बात आती है। उज्जवला योजना में गैस सिलेंडर की भी बात आती

है। हर तरीके से किसान का खर्चा कैसे कम हो और आसानी से हंसी-खुशी से साधन-संपन्नता के साथ जिंदगी जिए, यह कोशिश हमारी सरकार कर रही है। उद्यम, बुद्धि, शक्ति, पराक्रम और पुरुषार्थ लगाते हुए, जो देश बहुत सालों से साधु, नेता, दादा, बाबू, लाला, झोला, टाउटर एवं दलालों के चंगुल में कराह रहा था, उसको बचाते हुए गांव, गरीब, किसान और मजदूर का भला कैसे हो, शिक्षा, शस्त्र, सम्मान से कैसे जनता वंचित न हो, कैसे गांवों से पलायन न हो, कैसे गांव फिर से आबाद हों, मैं एक लाइन बोल कर अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। मेरे क्षेत्र की यह बात है। आज 16 जुलाई है और मंडी में अनाज पड़ा हुआ है। ओडिशा सरकार खरीद ही नहीं है। आज यहां पर हम 16 जुलाई और 17 जुलाई के बीच में बैठे हैं। अभी भी धान मंडी में है क्योंकि ओडिशा सरकार मिल मालिकों के चंगुल में फंसी हुई है। धान खरीदी नहीं की है। आरोप लगा रहे हैं, आज मेरे पास फोन आया था कि केन्द्र सरकार अनुमति नहीं दे रही है, इसीलिए हम धान खरीद नहीं पा रहे हैं। इसका क्लैरिफिकेशन माननीय कृषि मंत्री जी को देना चाहिए। मेरा यह निवेदन है। मेरा एक और निवेदन है कि हमारे उडिया में बोलते हैं कि खेत के मुड़ा, घर के बूढ़ा। इसका मतलब यह होता है कि घर में बुजुर्ग और जमीन में एक तालाब। मैं निवेदन करूंगा कि मनरेगा के माध्यम से देश के हर किसान के खेत में एक तालाब अगर खुदवाया जाए तो जल संचय की जो भावना मन की बात के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी ने की है, वह बहुत जल्दी सफल होगी। मैं ग्रामीण विकास मंत्री जी को धन्यवाद दूंगा, जिन्होंने एक करोड़ 95 लाख रुपये प्रधान मंत्री आवास आने वाले दिनों में लोगों को दे कर के सन् 2022 तक हर घर पक्का घर बनाने जा रहे हैं। मैं आपको भी धन्यवाद दूंगा। और ज्यादा समय मिलता तो और भी बहुत कुछ बोलता। लेकिन मैं आखिर में धन्यवाद दूंगा कि फार्मर प्रोड्युसर सोसाइटी ऑर्गेनाइजेशन जो बनाने जा रहे हैं, इसके प्रति भी जयादा ध्यान दिया जाए और अच्छे तरीके से इसमें महिलाओं भी भागीदारी हो, महिला शक्ति का मूल्यांकन करते हुए इतना निवेदन कर के मैं आपको धन्यवाद दे कर कृतज्ञता के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूँ।

**श्री गुहाराम अजगल्ले (जांजगीर-चांपा):** माननीय अध्यक्ष महोदय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान मांगों पर चर्चा में भाग लेते हुए मैं अपने विचार सदन के समक्ष प्रस्तुत करता हूं। हमारी वित्त मंत्री महोदया ने बजट भाषण में स्पष्ट रूप से कहा कि सरकार की कोई भी योजना है, नीति है, उसका केन्द्र बिंदु गांव, गरीब और किसान है। महात्मा गांधी का सपना था कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक राष्ट्र का विकास नहीं हो सकता है।

महोदय, गांवों में अधिकांश रहने वाले लोग किसान होते हैं। उनके रोजमर्रा के कामकाज और जीवन-यापन खेती-किसानी पर आधारित होते हैं।

महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती वर्ष मनाने वाले हैं। श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने इस महात्मा गांधी जी के जयंती वर्ष में किसानों की आय दोगुनी हो, इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल प्रारम्भ की है। मैं कुछ बिन्दुओं पर अपने विचार इस सदन में निश्चित रूप से रखना चाहता हूँ। मैं किसानों को दो श्रेणी में देखता हूँ- साधारण किसान और उन्नत किसान। उन्नत किसान कौन हैं, इस पर मैं अपना विचार एक उदाहरण के रूप में आपके सामक्ष रखना चाहूँगा। मैं छत्तीसगढ़ से आता हूँ। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक किसान के पास मात्र आधा एकड़ जमीन है। वह प्रतिवर्ष उस आधे एकड़ जमीन में पाँच लाख रुपये की आमदनी करता है, फूलों की खेती करता है। जिन किसानों के पास सुविधा है, वे उन्नत हैं, सम्पन्न हैं। जिन किसानों के पास सुविधा नहीं है, वे आज दीन-दु:खी ज़िन्दगी जी रहे हैं।

महोदय, मैं कम समय में अपने विचार इस सदन में रखना चाहता हूँ। जिस प्रकार किसी शहर और नगर की प्लानिंग की जाती है और उस नगर और शहर की प्लानिंग में यह देखा जाता है कि पानी कहाँ से आएगा, पानी कहाँ जाएगा, कहाँ पर स्कूल रहेगा, कहाँ पर खेल का मैदान रहेगा, आज खेतों की स्थिति को देखिए, किसानों की स्थिति को देखिए, एक किसान आज अपने खेत में काम करने के लिए नहीं पहुँच सकता। उसे 15 अन्य किसानों के खेतों से गुजरते हुए अपने खेत में

जाना पड़ता है। किसानों के लिए कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। आज नहीं तो दस साल के बाद सरकार को प्लानिंग बनानी पड़ेगी और व्यवस्थित खेती के लिए किसानों को सुविधा मुहैया करानी पड़ेगी। आज किसान सरकार के ऊपर पूर्णत: आश्रित है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, अच्छा बोल रहे हैं।

**श्री गुहाराम अजगल्ले:** महोदय, मैं एक बात बोलना चाहता हूँ। आप किसानों को बेहतर सुविधा मुहैया करा दीजिए। मैं दावे के साथ कहना चाहता हूँ कि किसान खुश होकर अधिक लाभ कमाते हुए सरकार को टैक्स के रूप में अपना सहयोग देगा, उसी पर सरकार चल सकती है। एक न एक दिन किसानों के हित के लिए उनको अधिक लाभ दिलाने के लिए देश में प्लान बनाने की नितान्त आवश्यकता है।**…(**व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज।

**श्री गुहाराम अजगल्ले:** बहुत सारे मैटर्स, बिन्दु हैं।**…(**व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपनी बात अन्य किसी मौके पर उठा लीजिएगा।

…(व्यवधान)

**श्री गुहाराम अजगल्ले:** महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री राजीव प्रताप रूडी।

मैं चाहूँगा कि आप संक्षेप में अपनी बात कह दें। मुझे घंटी नहीं बजानी पड़े। आप वरिष्ठ सदस्य हैं।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण):** अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद। आपने कहा था कि भाषण से पहले परिचय दे दें। मैं सारण जिला, बिहार, छपरा से जीत कार आता हूँ। चौथी बार लोक सभा में और बाकी समय राज्य सभा में रहा हूँ। महोदय, आज अपना परिचय देना भी, मैं इसलिए प्रासंगिक महसूस करता हूँ कि इसके पहले मैं जब-जब लोक सभा में जीत कर आता था, या तो मैं ज़्यादा समय दिल्ली में रहता था, कुछ उससे ज़्यादा आगे निकला तो पटना तक पहुँच गया। लेकिन आज का मेरा जो पता है, वह मेरे गाँव का पता है। माननीय मंत्री जी बैठै हैं, बाकी जो हमारे बिहार के मित्र हैं, अगर आज इस देश में किसी को मुझसे मिलने आना है तो उसको गाँव में आना पड़ता है।

इसके पीछे कारण यह है कि 5 साल में मेरा गाँव बहुत साधन, सम्पन्न हो गया है। आप उदाहरण देख लें, महोदय, आपके आगमन का भी एक बार मौका मिला था।

**श्री अर्जुन राम मेघवाल:** मुझे भी मिला है।

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** आपको भी मिला है। आज मैं अपने गाँव में क्यों न रहूँ, आज यह देश प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी को इसीलिए याद करता है और मेरे जैसा गाँव आज भारतवर्ष में हजारों की संख्या में हैं। जहाँ 24 घंटे बिजली हो, जहाँ इंटरनेट की सुविधा हो, जहाँ चमचमाती हुई सड़क हो, जहाँ एम्बुलेंस की सेवा हो, जहाँ नहर में पानी हो और जहाँ पूरा वातावरण वृक्षों से भरा हो, तो आखिर ऐसे गाँव में इस देश में लोग जाना क्यों नहीं चाहेंगे? हमने पिछले 5 वर्षों में साबित कर दिया कि आज शहर के लोग देहात की तरफ चलें। यह देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की देन है और यह सच्चाई है। मेरे जैसा आदमी, मैं पेशे से प्रोफेसर हूँ, मैं टीचर हूँ, मैं हवाई जहाज उड़ाता हूँ, लेकिन आज मैं वापस लौटकर अपने गाँव जाता हूँ और अगर मुझे सबसे ज्यादा सुकून कहीं

मिलता है, तो वह अपने गाँव में मिलता है। अगर इसके लिए कोई जिम्मेदार है, तो वह देश के प्रधान मंत्री जी हैं। मैं आपके और सदन के सामने 2-3 छोटे-छोटे तथ्य और रखूँगा।

महोदय, बिहार में प्रधान मंत्री सड़क योजना बहुत एंबिशियस है। किसी कारण से पुरानी सरकारों ने हमारी सड़कों का निर्माण लंबित रखा। पूरे भारतवर्ष में फेज वन खत्म हो गया, फेज टू खत्म हो गया और इस बार तोमर साहब, आप लोगों ने घोषणा की कि फेज थ्री शुरू हो गया है। दुर्भाग्य से जो भी कारण हो, बिहार में केवल फेज वन समाप्त हुआ है, अभी फेज टू की सिर्फ शुरुआत ही हुई है और हमें फेज थ्री तक पहुँचना है।

माननीय मंत्री जी, आज पूरे भारतवर्ष में बिहार में सबसे ज्यादा जीडीपी ग्रोथ है। पहले महाराष्ट्र की बात करते थे, पंजाब की बात करते थे, गुजरात की बात करते थे, आज हाईएस्ट जीडीपी अगर पूरे भारत में किसी प्रान्त की है, अब वह प्रान्त पंजाब नहीं है, अब वह प्रान्त बिहार है। कृपया, हमारे रोड्स की जो संख्या है, उसके अनुसार वह राशि दे दीजिए। फेज टू और फेज थ्री की योजना को साथ जोड़कर काम करा दें, तो हमें उसका लाभ मिल सकेगा और बिहार में हम उसका लाभ उठा सकेंगे। सड़कों की गुणवत्ता में आपने थ्री टियर मैकेनिज्म बनाया है, बहुत अच्छा मैकेनिज्म है, लेकिन ग्रामीण सड़क योजना में जो सड़कों का निर्माण होता है, भारत में कहीं भी सड़क निर्माण के लिए सरकार कम पैसा नहीं देती है, लेकिन अगर निम्न कोटि का निर्माण होता है, तो बड़ा दुख होता है, क्योंकि फिर दोबारा 5 साल तक वह सड़क नहीं बनती है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूँ।

महोदय, आपको और सदन को यह जानकर सदमा लग जाएगा और इस पर आपको लॉक लगाना होगा। हमारे यहाँ एक परम्परा है, अगर कहीं 1 या 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण होना है, उसका 3 करोड़ का टेंडर होना है, तो वहाँ के 10 लोग एकत्रित होकर टेंडर करते हैं और उसको 10 परसेंट ज्यादा डालते हैं। वे सब लोग टेंडर में एक ही दाम देते हैं। जब सबका टेंडर एक हो जाता है, तो फिर वहॉ लॉटरी होती है। बिहार में ग्रामीण सड़क निर्माण में 95-98 और 100 फीसदी तक सभी टेंडर लॉटरी पर डिसाइड होते हैं। यह खतरनाक चीज है। इससे देश के राजस्व का भी

नुकसान होता है। मुझे पता नहीं है कि इसके बारे में किसी ने पता लगाया या नहीं, हमारे यहाँ 95 परसेंट टेंडर लॉटरी के द्वारा निर्धारित होते हैं। सब ठेकेदार मिलकर टेंडर डालते हैं और उसमें बढ़ी हुई राशि की जो आमदनी होती है, उसे वे लोग आपस में बाँट लेते हैं।

महोदय, इसकी जाँच कराई जाए। मैंने यह मामला माननीय मुख्यमंत्री जी के संज्ञान में दिया है और माननीय मंत्री जी मैं इस मामले को आपके संज्ञान में भी देता हूँ। सारण, सिवान, गोपालगंज, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय आदि तमाम जिलों में ऐसा हो रहा है। इन जिलों में 8-10 ठेकेदार हैं, वे सभी सड़कों के लिए टेंडर डालते हैं। वे टेंडर में एक ही दाम डालते हैं और फिर वे उस बढ़ी हुई राशि का बँटवारा करते हैं। संजय जायसवाल जी हमारे चीफ व्हिप साहब हैं, आप उनसे भी इस बारे में पूछिए। उस टेंडर के लिए लॉटरी होती है। भारत में ऐसा नहीं होना चाहिए। इस पर एक बार जाँच की जरूरत है।

महोदय, मैं अपना अंतिम विषय कहकर अपनी बात समाप्त करता हूँ। मनरेगा के लिए हमारी सरकार ने इस बार 60 हजार करोड़ रुपये दिए हैं। मनरेगा में वृक्षारोपण का कार्य हो रहा है और देश के प्रधान मंत्री जी ने इस कार्य को आगे बढ़ाने के लिए कहा है। वृक्षारोपण के कार्य में हम सब लोगों को एक नीतिगत परिवर्तन लाना होगा। अभी हम जितना कुछ भी पैसा देते हैं, वह वृक्ष लगाने के लिए देते हैं, उसकी देखरेख के लिए देते हैं। अगर इस योजना में यह मूलभूत परिवर्तन किया जाए कि अगर किसान की 1 एकड़ जमीन है, वह उसमें 1 हजार पेड़ लगाना चाहता है, 3 साल की आयु तक उन 1 हजार पेड़ों का क्या खर्च आता है, मैं उसके खेत में पेड़ लगाने दूँगा, 3 वर्षों का उसके एकाउन्ट के सामने डेबिट करूँगा और अगर 3 वर्ष के बाद कर्मचारी, सीओ जाकर 1 हजार पेड़ों की गिनती कर लेगा, तो उस अनुपातिक राशि से मैं उसके खाते में इतने पैसे जमा कर दूँगा और वह 10-20 साल के बाद उसकी सम्पत्ति होगी। अगर इसमें यह मूलभूत परिवर्तन किया जाए, तो भारत में वृक्षारोपण का कार्य, जो मनरेगा से हो रहा है, उसमें एक बड़ा परिवर्तन हो सकता है और देश में एक बड़ी क्रान्ति हो सकती है। मैं इस बारे में विस्तार से माननीय मंत्री जी और सदन को बताना चाहूँगा।

महोदय, 'दिशा' समिति एक अचूक व्यवस्था है। 'दिशा' की बैठकों को माननीय मंत्री जी और मजबूत करें। अगर अधिकारी 'दिशा' के निर्णयों की सुनवाई नहीं करते हैं या उसकी बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं तो यह अच्छा नहीं है। इसलिए अगर आप 'दिशा' के समन्वय की कार्रवाई को जितना मजबूत करेंगे, उतनी ही हम सांसदों को ताकत मिल सकेगी, उतनी ही मजबूती से हम काम कर सकेंगे। यदि हम लिखित रूप से उसके एजेंडा के अनुपालन के बारे में जानकारी देते हैं तो भारत सरकार अगर उस पर अपना निर्देशन देगी, उस पर कार्रवाई करेगी तो हम सभी सांसदों को ताकत मिलेगा और क्षेत्र की जनता को लाभ होगा।

महोदय, इतना ही कह कर, बस ये तीन-चार विषय हैं, इस मंत्रालय के बजट को मेरा समर्थन है।

महोदय, माननीय तोमर जी सभी विषयों को बड़े सब्र के साथ सुनते और समझते हैं। इस देश के निर्माण में ग्रामीण विकास की एक बड़ी भूमिका है। हम सब आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं, सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

महोदय, अपने इतिहास का स्मरण करना अच्छा होता है। ग्रामीण सड़कों की योजना अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार में प्रारम्भ हुई, लेकिन इस योजना का रंग-रूप तैयार करने वाले वेंकैया नायडू जी थे, जो आज दूसरे सदन में हैं। मैं उनका भी आभार व्यक्त करना चाहूंगा कि इस बड़ी योजना से देश को बड़ा लाभ हुआ।

बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी।

रीता बहुगुणा जी उत्तर प्रदेश में मंत्री थीं और मंत्रिपद को छोड़ कर संसद में आई हैं। इससे संसद का सम्मान बढ़ा है।

**प्रो. रीता बहुगुणा जोशी (इलाहाबाद):** आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदान माँगों पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूं।

महोदय, कुछ वर्ष पूर्व और अभी कुछ समय तक, इस सदन का लोगों के मन में जो एक चित्र था, वह यह था कि यह एक राजनीतिक दंगल है । पर, जब से आपने कुर्सी संभाली, तब से मैं समझती हूं कि जिस सौहार्द के साथ यह सदन चल रहा है, यह बिल्कुल अच्छी अनुभूति दे रहा है। हमारे सदन के बारे में परसेप्शन बदल रहा है। इसके लिए हम आपके प्रशंसक हैं।

महोदय, हम जब इतिहास पढ़ते हैं तो जो पहला पाठ हम सबको पढ़ाया गया होगा, वह यह है कि 'भारत एक सोने की चिड़िया थी।' जब हम गीत सुनते हैं तो बहुत सुन्दर-सुन्दर गीत हैं कि 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे-मोती' । साथ ही साथ, जब हमारे देश को दुनिया में दिखाया जाता है तो हरे-भरे खेतों के बीच खड़ा हुआ किसान दिखाया जाता है। हम यह भूल जाते हैं, अक्सर लोगों ने चिंताएं व्यक्त की हैं कि हम वर्ष 1947 में 33 करोड़ थे और आज हम 133 करोड़ पहुंच रहे हैं। अगर उस समय हमारी 70 प्रतिशत आबादी कृषि पर आधारित थी और तब यह 25 करोड़ थी तो आज यह 80 करोड़ के लगभग पहुंच गयी है। आप जरा एरिया के मैग्नीट्यूड को देखिए, जिसे हमें एड्रेस करना है। सब लोग कहते हैं कि प्रधान मंत्री जी की योजना कैसी होगी, भारत 'सोने की चिड़िया' कैसे बनेगा? अगर प्रधान मंत्री जी भारत की अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नम्बर से छठे नम्बर पर लाए हैं तो भारत फिर से 'सोने की चिड़िया' बनेगा क्योंकि शीघ्र ही हम पहले और दूसरे पायदान पर आने की क्षमता रखते हैं। हम यह क्षमता इसलिए रखते हैं क्योंकि ये प्रधान मंत्री वह प्रधान मंत्री हैं, जिन्होंने तीन दशकों से देश के हर कोने को देखा है। उन्होंने पहाड़

से लेकर रेगिस्तान तक, रेगिस्तान से लेकर समुद्र तक देखा है। गांवों में क्या समस्याएं हैं, उन्हें समझा है।

महोदय, हम लोग जब भी बात करते हैं, हम 'ईज़-ऑफ-डूइंग-बिजनेस' की बात करते हैं, लेकिन प्रधान मंत्री जी ने 'ईज़-ऑफ-लिविंग इन रूरल इंडिया ' का नारा देकर पूरा कॉन्सेप्ट ही बदल दिया है। उनकी जो योजनाएं हैं, इनमें 18 प्रमुख योजनाएं हैं। उन्हें लागू करते जा रहे हैं। बहुत से प्रदेश इसे अच्छे से लागू कर रहे हैं। मुझे बंगाल पर बहुत ही अफसोस होता है। लेकिन, अभी कुछ लोगों ने उत्तर प्रदेश की बात की। मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपको यह देखना है कि किसानों को कैसे संरक्षण और प्रोत्साहन मिल रहा है तो उत्तर प्रदेश को देखिए। विगत ढाई वर्षों में उत्तर प्रदेश ने इतिहास रचा है। हमने 86 लाख किसानों की ऋण माफी ही नहीं की, बल्कि केन्द्र सरकार ने जो न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया, उसमें हम लगभग 8,000 करोड़ रुपये किसानों को डी.बी.टी. के माध्यम से दे चुके हैं। हमारी पूर्ववर्ती सरकार ने कुल 8 मिलियन टन गेहूं की खरीद की थी और हमारी योगी सरकार ने वर्ष 2018-19 में, एक साल में, 56 लाख मीट्रिक टन का प्रोक्योरमेंट किया। यही स्थिति धान की थी। आप सोचिए कि पहले आलू सड़ जाते थे, लेकिन हमने आलू के लिए भी एम.एस.पी. निर्धारित किया। यह प्रधान मंत्री जी की प्रेरणा से हुआ। वे गन्ने की बात कर रहे थे। अगर गन्ने का सबसे ज्यादा भुगतान कभी हुआ तो वह 16,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का नहीं हुआ और उत्तर प्रदेश की हमारी सरकार ने 40,000 करोड़ रुपये दिए।

गन्ने के उत्पादन में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। …(व्यवधान) महोदय, मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगी। मैं सिर्फ अपने क्षेत्र की बात करूंगी। अभी जो बातें यहां कही गई हैं, उनसे संबद्ध करते हुए, मैं एक और बात करूंगी। जिन योजनाओं की यहां प्रशंसा हुई हैं, मैं कहूंगी कि ASPIRE योजना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होने वाली है। हर ग्राम पंचायत में सुविधा केन्द्र बनाया गया है और ई-मार्केटिंग की व्यवस्था भी की गई है। आप देख लीजिए कि इन सभी सुविधाओं के माध्यम से किसानों को आगे बढ़ाने की बात की गई है।

अध्यक्ष महोदय, मैं अपने क्षेत्र की तीन महत्वपूर्ण बातें कहना चाहती हूं। मैं प्रयाग नगरी से आती हूं। उसको गंगा-यमुना की नगरी तथा संगम नगरी भी कहा जाता है। अभी प्रधान मंत्री जी के आशीर्वाद से माननीय मुख्य मंत्री जी ने एक अभूतपूर्व महाकुंभ का आयोजन किया था। मेरा क्षेत्र करीब-करीब बुंदेलखंड की तर्ज़ पर है। वह विंध्याचल की पहाड़ियों से सटा हुआ है। इसके दूसरी तरफ बुंदेलखंड के बांदा तथा चित्रकूट से जुड़ता है और यह क्षेत्र मिर्जापुर से लेकर सोनभद्र तक जाता है। इस इलाके में पत्थर ही पत्थर हैं। अगर वहां कुछ वेजिटेशन हैं, तो ज्यादातर क्षेत्रों में कंटीली झाड़ियां हैं। यहां गरीबी बहुत है। यहां बड़ी संख्या में गरीब कोल एवं दलित हैं। ये ऐसे लोग हैं, जिन्होंने अभी तक विकास की रोशनी नहीं देखी है। वहां करीब 60 प्रतिशत लोगों को पीने के लिए साफ जल उपलब्ध नहीं है।

इसके अलावा, मेरा क्षेत्र तीन नदियों को छूता है। ये नदियां गंगा, यमुना और टोस हैं, फिर भी वहां जल की कमी है। वहां तीन बड़ी परियोजनाएं 70 से 80 के दशक में डाली गई थी, लेकिन आज वे सभी परियोजनाएं दम तोड़ रही हैं। मेरी मांग है कि उन परियोजनाओं को थोड़ा-सा गतिमान कर दिया जाए। ये परियोजनाएं बागला पम्प कैनाल, बाणसागर पम्प कैनाल और टोस पम्प कैनाल हैं। मेरे पिता जी हेमन्ती नन्दन बहुगुणा जब मुख्य मंत्री थे, तो उन्होंने बहुत ही ऐम्बिशस प्रोजेक्ट शुरू किये थे, लेकिन 50 सालों के बाद आज उनके नवीनीकरण की आवश्यकता है। साथ ही साथ आपसे मेरा यह भी निवेदन है कि वहां की सड़कों को भी ठीक किया जाए। प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत मेरी नौ सड़कें हैं। 9 सड़कों के संबंध में अध्यक्ष महोदय से मैंने कहा था कि यदि पढ़ा मान लें तो मैं जमा कर दूं। उन्होंने अनुमति भी दी थी। मैंने जमा भी किया। कृपया मेरी सड़कें जोड़ दें। अगर आप उनकी लिस्ट मांगेंगे, तो मैं उसे दे दूंगी। इनको बनाना बहुत ही आवश्यक है। हमारे यहां के मेजा, मांडा, कोरांव और शंकरगढ़ का क्षेत्र बहुत ही पिछड़ा हुआ है। इनका विकास करने की आवश्यकता है

क्षेत्र की प्रथम मांग है कि इसे बुंदेलखण्ड जैसी सुविधाएं प्रदान की जायें ताकि बिजली, पानी, आवास, सड़क, अस्पताल, कृषि, वैकल्पिक व्यवसायों आदि की सुविधा बुंदेलखण्ड के तर्ज पर यहां की गरीब जनता को मिल सके ।

मेरा क्षेत्र जिसे जमुनापार पुकारते है इसमें औषधियुक्त पौधों को उगाने की अपार संभावनाएं हैं । प्रयागराज में लगभग 500 हैक्टेयर में किसान तुलसी, सफेद मूसली, एलोविरा, सतावर आदि औषधियुक्त पौधें उगा रहे है परन्तु सबसे बड़ी समस्या है कि इनके लिए बाजार उपलब्ध नहीं है । मेरी मांग है कि इस प्रकार के किसानों के लिए 'मार्केट लिंकेज' की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

सरकार द्वारा 'किसान समूहों का गठन' किया जा रहा है । इसके अंतर्गत प्रयागराज जनपद को केवल 8 किसान समूह उपलब्ध कराये गये हैं जिनमें से 4 जमुनापार में गठित हैं । इनकी संख्या बढ़ाई जानी चाहिए ताकि 'सहकारी कृषि' को बढ़ावा मिल सके । मेरे क्षेत्र में वर्तमान में गठित समूहों ने अच्छा काम शुरू किया है ।

किसान 'कृषि यंत्र बैंकों' की संख्या भी बढ़ायी जानी चाहिए । वर्तमान में प्रयागराज जिले में मात्र 3 बैंक स्वीकृत हैं । मेरा सुझाव है कि इनका विस्तार करते हुए प्रत्येक ब्लॉक में 2 से 4 किसान कृषि यंत्र बैंक बनाए जाना उपयुक्त होगा ।

मेरे क्षेत्र के सभी 'सीड बैंक' जर्जर हालत में है, उनका नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण किसानों के लिए अत्यंत आवश्यक है ।

ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा छोटे तालाबों में जल संरक्षण का भी कार्य चलता है, इसका बजट बढ़ाते हुए योजना को गतिमान करने से ग्रामीणों को विशेष लाभ मिलेगा ।

अंत में, मेरी पुनः मांग है कि इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र में स्थित चार विधानसभाओं को बुंदेलखण्ड जैसा विशेष दर्जा प्रदान किया जाये ।

प्रधानमंत्री ग्राम्य सड़क योजना अपने ग्रामीण क्षेत्र जमुनापार में निम्न सड़कों की नितांत आवश्यकता है ताकि विभिन्न ग्रामों को जोड़ते हुए क्षेत्र का विकास तेजी से संभव हो सके ।

1. करमा से बेलसारा तक 06 कि.मी.

2. ऊंचडीह मदरा मुकुन्दपुर मार्ग 10 कि.मी.
3. चैनपुरवा आम्बा से पिपरहटा जारी कौंधियारी देवरा होते हुए राम का पुरा बाजार से कौआ बाजार तक 15 कि.मी.
4. रीवा रोड ग्राम कांटी खटिकान बस्ती से भींवा नहर की पटरी से नउवा का पुरवा बेलवा वड़ी नहर एवं गिरगिटा होते हुए बकरावां बेलसारा तक 10 कि.मी.
5. भीरपुर से भगनपुर तक सड़क चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए 20 कि.मी.
6. मोहब्बतपुर से पालपुर बसवार तक मार्ग 20 कि.मी.
7. रिगवा से लालापुर तक लगभग 11 कि.मी.
8. गौहनिया से बेलसारा एकौनी, आम्बा, दीवान का पुरा होते हुए धधुआ घाट तक लगभग 20 कि.मी.
9. सड़वा से बरइयवा लम्बाई 12 कि.मी.

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण मांग सरकार से करना चाहती हूं। आदरणीय तोमर जी से करना चाहती हूं। तोमर जी, मेरा क्षेत्र हर मायने में बुंदेलखंड के समकक्ष है। कभी-कभी जब वहां अकाल तथा सूखा पड़ता है, तो हमारे क्षेत्र को भी बुंदेलखंड की तर्ज़ पर सहयोग मिलता है। मैं चाहती हूं कि बुंदेलखंड की तर्ज़ पर उसकी स्वीकृति देते हुए, जिस प्रकार की योजनाएं और सुविधाएं बुंदेलखंड को मिलती हैं, वही सुविधाएं मेरे क्षेत्र को भी दी जाएं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपका आभार व्यक्त करती हूं।

**SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANNIYAKUMARI):** Hon. Speaker, Sir, I rise to speak on the Demands for Grants in respect of the Ministry of Agriculture and Rural Development. Agriculture is the basic occupation of majority of our people. About 60-70 per cent people are farmers.

The crop insurance money should be paid on time. That is important for our people. At the same time, Minimum Support Price should be enhanced. In Kanyakumari Constituency, the Centre of Excellence College of Organic should be opened. There is a need for allocation of special fund for lift irrigation in my Constituency especially in Vilathurai of Vilavancode Taluk. Honey is available in plenty in Kanyakumari. So, I request the Minister to establish a Honey Bee Development Board, Coconut Development Board and Banana Development Board.

The Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme provides 100 days of employment. Our Government should increase it to 150 days in a year. The wages should also be increased to Rs. 300 per day. This scheme should be extended to the town panchayat people who are living below the poverty line. Rural connectivity road should be developed. There is a need for allocation of special funds for handicrafts in Kanyakumari district.

In Kanyakumari district, a number of people are doing handicraft works. So, you have to invest more money in that. Then, there is one AVM channel. Previously, it was used for public transport and for transporting goods. Now, it is not up to the mark. So, the Government should allocate funds and clear that

AVM channel. Then, the people will utilize it. Also, the Government will save a lot of petrol and diesel because of that.

Thank you very much for giving me the time.

**माननीय अध्यक्ष :**श्री राम कृपाल यादव।

श्री राम कृपाल यादव जी इस विभाग के मंत्री रहे हैं। आप एक घंटा बोलना चाहें, तो शायद वह भी कम है। आज दो मिनट में आप कैसे खत्म करेंगे?

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र):** महोदय, मैं सबसे पहले आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने विशेष कृपा की है।

**माननीय अध्यक्ष :** मैंने कोई कृपा नहीं की है । यह आपका सदन है । यहां बोलना आपका अधिकार है, लेकिन 12 बजने वाले हैं।

**श्री राम कृपाल यादव:** महोदय, मैं कोशिश करूंगा कि थोड़े शब्दों में अपनी बात रखूं। मैं माननीय लोकप्रिय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। आपने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्री थे । मैं बताना चाहूंगा कि मैंने राजनीतिक जीवन का लंबा अवसर निकाला है । मैं पांच बार लोक सभा का सदस्य रहा, एक बार राज्य सभा का सदस्य रहा, कुल छ: बार सदस्य रहा, दो बार काउंसिल का मेंबर भी रहा, लेकिन मंत्री कभी नहीं बना । मैं एक छोटे किसान परिवार से संबंध रखता हूं। चूंकि गांव, गरीब और किसान की बात हो रही है, तो मुझे स्मरण हो गया कि मेरे पिता जी छोटे किसान थे और हमारे यहां दूध का व्यापार होता था । हमने गरीबी को देखा है, फटेहाली को देखा है और किसानों की जिंदगी को भी देखा है। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं जिस दल में था, वहां कभी मंत्री नहीं बना, लेकिन जब इस दल में आया, तो भारतीय जनता पार्टी में मोदी जी का आशीर्वाद मिला । एक चाय बेचने वाले का बेटा जब देश का प्रधान मंत्री बनता है, दूध बेचने वाले किसान का, एक गरीब परिवार का बेटा देश का मंत्री बनता है, यही तो परिवर्तन है।

महोदय, आपने ग्रामीण विकास की बात कही, इसलिए मुझे यह चर्चा करनी पड़ी । मुझे यह सौभाग्य प्राप्त नहीं होता । मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उन्होंने गरीबी को देखा है, बदहाली को देखा है, इसलिए वे गांव, गरीब और किसान की बात करते हैं। चाय बेचने वाले का बेटा देश का प्रधान मंत्री होता है। स्वाभाविक है, उन्होंने गरीबी को स्कूल में जाकर

नहीं पढ़ा नहीं है, हमारे प्रधान मंत्री जी नाटक करने वाले नहीं हैं। कुछ लोग गरीबी का मजाक उड़ाते हैं। उन्होंने इसका एहसास किया है, भोगा है, इसलिए उन्हें गरीबों की चिंता है, किसानों की चिंता है। जब वे वर्ष 2014 में प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता होगी - गांव, गरीब और किसान। अपने बजट में उन्होंने इनके लिए प्रावधान रखा।

महोदय, आपने मुझे समय के लिए हिंट कर दिया है। मैं आभार व्यक्त करना चाहता हूं, क्योंकि माननीय प्रधान मंत्री जी ने एक बड़ी जिम्मेदारी मुझे दी। हमारे मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में मैंने अपनी पूरी टीम के साथ निष्ठापूर्वक पिछले पांच सालों में काम किया। प्रधान मंत्री जी ने टास्क दिया कि गरीबी से गांवों को मुक्त करो। गरीबी से गांवों को मुक्त करने के लिए सिर्फ कहा ही नहीं, धनराशि भी दी।

मैं एक छोटा सा उदाहरण पेश करना चाहता हूं। यूपीए सरकार, कांग्रेस पार्टी के नेता लोग यहां बैठे हुए हैं, किसान भी यहां बैठे हुए हैं। यूपीए सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 2013-14 में 58,623 करोड़ रुपये की राशि आबंटित करती है, वहीं एनडीए सरकार वर्ष 2019-20 में 1,17,674 रुपये आबंटित करती है। यही है परिवर्तन।

सर, कृषि को इसमें क्लब किया हुआ है। किसान, कृषि, ग्रामीण विकास सब एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यूपीए गवर्नमेंट कृषि विभाग में, वर्ष 2009 से वर्ष 2014 में 1,21,000 करोड़ रुपये खर्च करती है, तो हमारी सरकार, जब मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनती है, जिनको किसानों के लिए चिंता है, वर्ष 2014 से 2019 तक 2,11,694 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने के लिए सरकार आबंटित करती है।

सर, मैं काम की बात कर रहा हूं कोई अनाप-शनाप बात नहीं कर रहा हूं। वर्ष 2019-20 में कृषि मंत्रालय को 1,30,484 करोड़ रुपये का आबंटन हुआ है, इतना बड़ा परिवर्तन हुआ है।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री महोदय ऐसे सदस्य ओपनिंग कराया कीजिए।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदय, मुझे पता है कि समय का अभाव है, इसलिए ज्यादा नहीं बोलूंगा। प्लीज आप मेरी मदद कीजिए, आपसे अनुरोध कर रहा हूं। तेरहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में था, यूपीए सरकार ने 65,000 करोड़ रुपये दिए, और हमने चौदहवें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में 2,002,92 करोड़ रुपये देने का काम किया है, हिंदुस्तान का आजादी के बाद पहली दफा पंचायतों को सीधा पैसा दिया गया। इतनी बड़ी राशि दी है। मैं दो मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा, घंटों भर नहीं बोलूंगा।

महोदय, मैं दो-तीन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की चर्चा करके अपनी बात समाप्त कर दूंगा। ग्रामीण विकास मंत्रालय, प्रधान मंत्री आवास योजना भारत सरकार और प्रधान मंत्री जी का क्लासिक प्रोग्राम है। मनरेगा योजना, दीन दयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जिसकी चर्चा रूडी जी कर रहे थे, इन सभी में अद्भुत काम हुआ है। मैं प्रधान मंत्री आवास योजना का जिक्र करना चाहता हूं। गरीबों के जीवन में कितना बदलाव हुआ है, पहले 70 हजार रुपये मिलते थे, प्रधान मंत्री जी ने कहा 70 हजार रुपये में काम नहीं चलेगा, पहले 20 वर्गमीटर में मकान बनता था, हम लोगों ने इसे 25 वर्गमीटर करने का काम किया है। इतना ही नहीं, हमने कहा कि उसमें शौचालय बनाएंगे, प्रधान मंत्री के निर्देश पर हम उसमें बिजली देंगे, रसोई घर बनाएंगे, प्रति मकान 1,50,000 रुपये की राशि का आबंटन करने का काम किया है। प्रधान मंत्री जी ने कहा है, हम लोग उस काम को पूरा कर रहे हैं, हमारी सरकार पूरा कर रही है। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के निर्देश पर मंत्री जी पूरी टीम के साथ काम कर रहे हैं। पांच सालों 1,54,00,000 मकान बन गए हैं। वर्ष 2022 तक मोदी जी का कमिटमेंट है, एक भी गरीब आदमी नहीं होगा जिसे मकान से अछूता रखने का काम करेंगे। इससे जीवन में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। मैं कह सकता हूं कि हमारे अधिकारीगण बहुत इफिशिएंट हैं। …(व्यवधान)

**श्री अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं।

**श्री राम कृपाल यादव:** महोदय, माननीय मंत्री जी यहां बैठे हैं, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का थर्ड फेज देने जा रहे हैं, बजट में एनाउनस भी कर दिया है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का एक मानक है कि एक तरफ से गांव को जोड़ेंगे और अंदर इंटरनल गांव को जोड़ने का काम नहीं करेंगे। मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा, अब हल-बैल समाप्त हो गया है, अब ट्रैक्टर भी जा रहा है, हारवेस्टर भी जा रहा है, सारे उपकरण जा रहे हैं। जब कच्ची रोड है उसमें जाने में अव्यवस्था है और लोगों को एक रोड से दूसरी रोड पर बहुत घूम कर जाना पड़ता है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत अंदर इंटरनल रोड की प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना में व्यवस्था नहीं है, उसको भी जोड़ने का काम करें, उसे भी पक्कीकरण करने का काम करें, सरकार की जो प्रतिबद्धता है, गांव गरीबी को दूर करने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। गरीबी को दूर करने के लिए हर संभव प्रयास किया है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** आपका समय समाप्त हो गया है।

**श्री अजय भट्ट :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मान्यवार, मैं उत्तराखंड के नैनीताल, उधमसिंह नगर …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य आपका समय समाप्त होने वाला है।

…(व्यवधान)

**श्री अजय भट्ट:** मैं अपनी बात पर आ रहा हूं। चूंकि रात के 12 बजने वाले हैं और इसके बाद ग्रहण भी प्रारंभ हो जाएगा। इसलिए मैं अधिक नहीं बोलूंगा। मंत्री जी ने पूरी बात बोल दी है। मैं किसी भी विषय पर नहीं, मैं सिर्फ आपका, प्रधान मंत्री जी, माननीय नरेन्द्र सिंह तोमर, कृषि मंत्री जी का तथा वित्त मंत्री जी का धन्यवाद अदा करते हुए सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। …(व्यवधान) उत्तराखंड राज्य बहुत नवोदित राज्य है। यह 17-18 साल का राज्य है। यहां पर लोगों की कुछ परेशानियां हैं। हमारे राज्य में वर्ष 2013 की जो त्रासदी थी, केदानाथ में जो घटना घटी, वह किसी से छिपी हुई नहीं है। अगर उस समय हमारे यहां सड़क, पुल, पुलिया बनी होती तो बड़ी संख्या में जो लोग हताहत हुए थे, वे बच सकते थे। इसलिए मेरा आपसे निवेदन है कि माननीय मंत्री जी जो फेज-3 चलाने वाले हैं, उसमें पहाड़ की अंतरवेदना को जरूर मद्देनजर रखा जाना चाहिए क्योंकि पर्वतीय क्षेत्र में दस मकान इस पहाड़ पर, दस मकान उस पहाड़ पर होते हैं। 30 घरों तक जाने में पूरा एक दिन निकल जाता है। इसलिए जहां दस-दस परिवार भी हैं, वहां पर भी पीएमजेएसवाई की सड़कें बननी चाहिए। हमने जो त्रासदी झेली है, वह रास्ते और सड़कों की वजह से ही झेली है। समय का अभाव है। मैं एक बात और आपके सामने कहना चाहता हूं कि हमारे पर्वतीय क्षेत्र में राष्ट्रीय कृषि विभाग योजना, जिसमें डेयरी, पशुपालन, मछली पालन, मंडी परिषद्, रेशम विकास, जड़ी-बूटी एवं एरोमैटिक प्लांट आदि आते हैं, इस योजना के बजट को बढ़ाया जाना चाहिए क्योंकि पलायन हमारी बहुत बड़ी समस्या है। पलायन को रोकने के लिए ये सारी चीजें को करना बहुत आवश्यक है। मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं क्योंकि मुझे 12 बजे का ध्यान है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** माननीय अध्यक्ष जी, ग्रामीण विकास और कृषि कल्याण मंत्रालय के अनुदान की मांगों पर चर्चा में भाग लेने की अनुमति देने के लिए आपका ध्यान करते हुए मैं बिना भूमिका के टू दी प्वाइंट बात करूंगा और विषय पर ही बात करूंगा।

**माननीय अध्यक्ष:** मैं एक मिनट से ज्यादा किसी माननीय सदस्य को समय नहीं दे रहा हूं। एक मिनट के अंदर जो बोलना चाहते हैं, वे खड़े हो जाएं।

**श्री सुशील कुमार सिंह:** महोदय, मेरा एक मिनट तो खत्म हो गया, मैं भूमिका नहीं दे रहा हूं। मैं बिहार के औरंगाबाद से चुनकर आता हूं। औरंगाबाद और गया जिला सूखा प्रभावित इलाका है और पानी की कमी वाला क्षेत्र है। मनरेगा के तहत जो योजनाएं चलती हैं, मैं सरकार को आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगा कि मनरेगा के तहत जो जल संरक्षण की योजनाएं हैं, जैसे तालाबों की खुदाई है, इस कार्य को अनिवार्य किया जाए और प्राथमिकता के आधार पर इस योजना को लिया जाए। साथ-साथ सरकार इसमें पोकलेन मशीन या अन्य किसी मशीन के उपयोग का प्रावधान करे। यह मेरा एक सुझाव है, क्योंकि यह जरूरी है।

दूसरा, मनरेगा योजना के तहत स्थायी सम्पत्तियों का निर्माण हो, जिससे इन योजनाओं में भ्रष्टाचार की जो शिकायतें आती हैं, वे भी कम होंगी और ड्यूरेबल और परमानेंट एसेट्स भी क्रिएट होंगे। महोदय, मैं हमेशा अपने क्षेत्र के गांव में घूमता रहता हूं। गांव में गरीब लोग जो वृद्ध, दिव्यांग और विधवा हैं, उनके लिए पेंशन की योजना है।

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने एक-एक मिनट के समय के लिए पहले ही आग्रह किया था। जो माननीय सदस्य एक मिनट में बोलना चाहें, वही बोलें।

**श्री सुशील कुमार सिंह:** महोदय, मैं खत्म कर रहा हूं। पहले बीपीएल सूची होती थी, आजकल एसईसीसी की सूची होती है। बहुत सारे ऐसे लोगों को हमने स्वयं देखा है, जो गरीब हैं, इनके घर की दीवार मिट्टी की और फूस की छत है।

लेकिन उनका नाम एसईसीसी की सूची में नहीं है, जिससे उनको प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलता। जो सरकारी कर्मी हैं, जो तंत्र है, जिसने ऐसे लोगों का नाम छोड़ा है, उनकी जिम्मेवारी तय होनी चाहिए कि ऐसे लोगों का नाम क्यों छोड़ा और धनी लोगों का नाम सूची में जोड़ दिया मैं अपनी बात जल्दी ही खत्म कर रहा हूं।

**श्री रवनीत सिंह (लुधियाना):** स्पीकर सर, पहले तो आपका धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:** धन्यवाद रहने दीजिए आप तो बोलिए।

**श्री रवनीत सिंह :** दूसरी बात यह कि लोग हमें देख रहे हैं। लोग चाहते थे कि सेशन चले, क्योंकि यह सुनने में आता था कि लाखों रुपये खर्च हो गए और सेशन चला नहीं, तो आज यह मील का पत्थर आपने साबित किया है। यह सेशन दिन-रात चल रहा है, 12 बजे के बाद भी यह रिकॉर्ड रहेगा।

स्पीकर सर, आपने हाउस चलाया इसलिए यह कहना मेरा फर्ज है, मेरी ड्यूटी बनती थी। उसके बाद मैं पंजाब की बात आपके सामने रखना चाहता हूं। 15 मिनट बढ़ जाएगा, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ेगा। यह आपकी ताकत है सर।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, तकनीकी कारण से सदन आगे नहीं बढ़ पा रहा है, नहीं तो रात के 3 बजे तक सदन चलाया जाता। चूंकि 12 बजे समाप्त करना है, इसलिए आपसे आग्रह कर रहा हूं कि कृपया जल्दी समाप्त करें।

**श्री रवनीत सिंह:** स्पीकर सर, 15 मिनट और आगे चला दीजिए।

**माननीय अध्यक्ष:** नहीं, और आगे नहीं बढ़ सकता।

**श्री रवनीत सिंह:** सर, मैं पंजाब से आता हूं और पंजाब की बात करूंगा। पंजाब एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी, पंजाब में बनी। जब देश तकलीफ में था, देश को जरूरत थी और विदेशों ने भी मदद के लिए मना कर दिया था, उस समय पंजाब में सिर्फ हमारे पास मल्टी क्रॉप सिस्टम था। सब्जियां, गेहूं सब कुछ पैदा होता था, मल्टी क्रॉप सिस्टम था। लेकिन देश के लिए पंजाब ने टू क्रॉप सिस्टम शुरू किया। उसका मतलब गेहूं और चावल था। सर, पंजाब के पास क्या था, पंजाब का मतलब 5

दरिया और 5 नदियां। दूसरा, हमारी जो उपजाऊ जमीन थी, दोनों चीजें हमने देश के लिए गंवा दीं। आज न हमारे पास पानी रहा और न हमारे पास जमीन रही, जो इतनी ताकतवर थी। आज पंजाब को क्या मिला? क्या आप सोच सकते थे कि पंजाब का किसान खुदकुशी करेगा और कर्जमाफी की बात करेगा? इसका मतलब कितना परेशान और तंग होगा वह किसान, जिसने सारे देश की सेवा की। तो क्या सरकार का अब फर्ज अब नहीं बनता कि किसानों का कर्ज माफ कर दिया जाए?

**माननीय अध्यक्ष :** श्री उन्मेश बी पाटिल।

**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव):** अध्यक्ष महोदय, अभी मेरे भाई बोल रहे थे….(व्यवधान)

**श्री रवनीत सिंह:** सर, मैं अपनी यूनिवर्सिटी के लिए फण्ड चाहता हूं, क्योंकि जिसने ग्रीन रेग्यूलेशन लेकर आया, वहां के साइंटिस्ट तरस रहे हैं कि हमें अगर पैसा मिले। सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा और पंजाब को आदेश किया कि अपना फैसला कीजिए। सर, हमारे पास देने के लिए पानी नहीं है, क्योंकि एक समय वहां पर 72 लाख एकड़ पानी था। यह फैसला हुआ कि 35-35 लाख हेक्टेयर पानी हरियाणा और पंजाब को देना है और 2 लाख हेक्टेयर दिल्ली को देना है। लेकिन, सर आज पानी नहीं है। अगर हमारा पानी चला गया तो पंजाब की पीढ़ियों को काफी नुकसान हो जाएगा। अत: सरकार इस बारे में सोचे और इंटरवीन करे।

*__SHRI S. MUNISWAMY (KOLAR):__ I wish to bring to the kind notice of the Government that Kolar has the second biggest APMC market in the country. It is known for production of milk, silk and vegetables. Kolar is of course the Land of Gold Mines.

It is one of the driest lands in the country and faces severe drought for about nearly two decades. The water level has gone down drastically and the efforts from farmers to find a solace by digging deep bore wells has not yielded any results.

I believe the Government should come out with some specific schemes for districts like Kolar so as to find a long term solution for the problems of the farmers.

Almost all agricultural products are heavily dependent on water. Around 130 talukas in 26 districts of Karnataka have been suffering from severe drought this year including Kolar. So farmers are unable to grow anything, as there is no irrigation scheme in these areas. Hence farmer leaders are demanding that government pay drought compensation.

Kolar and Chikkaballapur districts receive 748 mm of rain per annum on an average, while Bengaluru gets 867 mm rains. Farmers managed seasonal crops like vegetables using groundwater, as well as rainfed crop like millets

---

* Speech was laid on the Table.

earlier. With water tables now down to 1600 feet, farming is becoming unviable.

In addition, even the available groundwater is not potable due to excess fluoride content. People in rural areas too are demanding clean and safe drinking water. The state government is thinking of providing a permanent solution for the water problems of Kolar and Chikkaballapur, through the Ettinahole project. The plan is to get 24 TMC water from Ettinahole in Western Ghats, by pumping it from the tributaries of the river Netravati. Of this, 7 TMCs of water will reach Kolar and Chikballapur.

However, this has been termed as unscientific and unachievable by the protesters in South Canara district, who are dependent on Netravati river for agriculture and irrigation purposes.

The Government should intervene and try finding a permanent solution for the farmers of Kolar District.

The Kolar District is located in the southern plains region of the Karnataka State, India. It lies between 770 21’ to 780 35’ east longitude and 120 46’ to 130 58’ north latitude and extends over and area of 8,225 Sq. km. The population was 22.17 lakhs in 1991 (as per census report). For administrative purposes the District has been divided into 11 taluks. There are 15 towns and 3,325 inhabited villages in the District.

Kolar belongs to the semi arid zone of Karnataka. In the semi arid zone apart from the year to year fluctuations in the total seasonal rainfall, there are also large variations in the time of commencement of rainfall adequate for

sowing as well as in the distribution of drought periods within the crop-growing season. Kolar district depends upon the distribution of rainfall during the southwest and northeast monsoon seasons. Out of about 280 thousand hectares of land under cultivation 35% is I under well and tank irrigation. There are about 951 big tanks and 2934 small tanks in the district, which made agricultural prosperity possible in many areas.

The average population density of the district is 2.09 persons/hect (rural) and 2.69 persons/hect (rural+urban). The population density ranges from 1.44 (Bagepalli) to the maximum of 2.55 (Kolar). The population density for Chickaballapur taluk is 1.92.

Current trends in natural resource scarcity, limited energy supply are the major constraints in development of the region. Many times water becomes limited factor to agricultural output, energy shortage limits agricultural as well as industrial output (in fact region is poorly developed in industrial sector and its growth is restricted mainly due to erratic and intermittent power supply). Environmental problems in the region are linked and related directly or indirectly to each other. For instance, energy scarcity leads to forest degradation, which causes soil erosion, which further causes siltation of tanks and lakes in lowland areas, which ultimately results in reduced storage capacity of the tanks. Forest degradation, on the other hand, causes reduction in carbon sinking capacity of the planet earth and disturbs ecological soundness. These local problems contributes to global problems like- ozone depletion, global warming, etc.

Kolar district is chosen to develop Integrated Regional Energy Plan considering the resource availability and consumption pattern. Energy became scarce resource in this region mainly because large-scale dependency on single type of energy source i.e. Firewood and very low thermal efficiency in burning fuel. Other factors such as exponential population growth, easy and free availability of fuel, made this resource to degrade to a threatening level. In this regard, National Project on Biogas Development of the MNES (Ministry of Non-Conventional Energy Sources) Government of India has initiated biogas dissemination programme to solve energy crisis in the region. Household survey data reveal that many households in the district are operating biogas plants successfully and the success rate of this program is of the order of 70-80%.

Bioresource assessment based on the IRS-1C LISS-III satellite imagery of the two taluks – namely Kolar and Chickballapur has shown that the region is bioresouce scarce 13. The estimates shows that, bioresource (from forest, agriculture and plantations) potential for Kolar taluk is about 768.83 lakh kWh and that for Chickballapur taluk is about 1675.45 lakh kWh. Whereas the estimated demand for respective taluk was 6891.82 and 4105.63, which clearly shows that the region is scarce in bioresource. Biogas potential of the area (based on present livestock population) can meet an estimated 30-40% of the domestic energy need.

If the world's poor has to achieve decent standard of living, the basic human needs like food, shelter, health, education and employment are to be satisfied. This is a very important criterion of sustainability because it promises survival of human being on planet earth by satisfying his basic needs. Clusters of villages were chosen in two ecologically distinct regions to identify sustainability criteria and then to explore indicators to the identified criteria.

Anthragange, a cluster of six villages is a hilly region in the outskirts of Kolar town is currently an environmentally degraded region and forms part of Anthragange state forest. All the six villages are economically poor, lacks any transportation facility and rely on agricultural economy. In some households sericulture is adopted as a secondary occupation. Anthragange state forest serves as the only source of fuel to 120 families residing there and to the surrounding localities leading to exploitation of forest resources to core extent as a result region lost its ecological balance. Unfortunately, still there is no improvement in energy sector in this region. There is an urgent need to look for alternatives: non-conventional energy technologies in order to improve the standard of living and ecological balance. Energy surveys conducted in these households show high level of dependence on fuelwood. Domestic firewood requirement is about 2.5 kg per person per day, which is much higher than the state average of 1.7 kg/person/day. This high level of consumption is mainly due to inefficient traditional cookstoves. Kerosene and electricity use is restricted due economic and availability constraints and need is 0.72 litre/person/month and 1.16 kWh/person/month respectively. Thus share of

non-commercial energy is about 96% and commercial energy contribute only 4% of the total energy use in domestic activities .15

Andarhalli, a village in Chickballapur taluk, situated 6 km away from Chickballapur with 200 households was chosen for comparative analyses. Development of sericulture as a blooming activity made agriculture residue available as an alternative to firewood. The energy consumption pattern in the area reveals that the area is rich in bioresources like agriculture wastes (Mulberry, coconut, grape, etc) and animal dung. Though the forest in the area is degraded, the stress on the forest is much lesser than that on Anthragange forest. Of the total domestic energy needs, 55 % need is met by firewood, 20% by agricultural residue, 20% by biogas and remaining 5% by commercial energy sources like kerosene, electricity and LPG. Survey results show that education has played a pivotal role in the acceptance of energy efficient devices. Apart from this, decentralized planning machinery – Panchayat raj system is instrumental in successful dissemination of biogas systems.

Per capita daily calorie intake is the indicators of food prosperity and food production rely on energy available for agriculture use. Therefore, if the food prosperity is to be achieved one requires enough grain production, which can be achieved only with proper energy supply.

Anthragange area depend on traditional type of energy, mainly animate energy, for agriculture purpose which provided energy only for subsistence, while in Andarhalli, there is rapid transition from animate to machine energy in agricultural activities like tilling, threshing and winnowing. This is a very

important as far progress towards commercial energy is concerned. Though the use of commercial energy in agriculture has not made significant contribution to agriculture output, the “opportunity cost” involved in the form of time saved, which is being used for economically productive activities like silk rearing are of immense help to upliftment of people.

Shelter is another important need to be fulfilled for sustainable survival, which demands for enough per capita dwelling area. Though the matter is not of much serious concern in rural Kolar and Chickkaballapur, the rate at which urbanization is taking place still demands attention to this factor. Anthragange is more prone to land conversion because of its proximity to Kolar town and its natural beauty which has attracted many business projects like holiday resorts, hotel, etc. Andarhalli is safe in this regard as there is no such natural factors which influence land conversion in big scale.

Another important sustainability criteria for development of rural areas, is to provide minimum medical facilities to the people, but unfortunately both the region are devoid of this facility and people have to travel 6-8 km to reach to nearest medical center. The prevalence of respiratory tract infections and conjunctivitis are lower in households using improved cook stoves with chimney than in households using the tradition stoves.

Education plays a crucial role in the development of area. Survey conducted in these households show that educated women are more receptive to adoption of energy efficient device and contribute significantly in the prudent use of resources. The can be visualized from Andarhalli, where more than

50% of the people have at least basic and more education, but in case of Anthragange literacy level just 30%. This is the reason for successful dissemination and management of non-conventional energy technologies like biogas in Andarhalli, while in Anthragange not even a single family has biogas plant or any other newer energy technology in use.

Employment has always been a matter of serious concern to a nation and role of employment in development is of immense consideration. Introduction of non-conventional energy technologies have contributed towards providing the employment in the region – dissemination, service units (to maintain these devices). Apart from these, Andarhalli has good employment opportunities in agriculture as well as business field mainly because of transport accessibility to town. Educated youth have shifted to sericulture, which have contributed to economic improvement. Contrary to this, Anthragange area lacks transportation network and level of literacy, which blocked chances of employment in business fields. Employment in agriculture is seasonal and influenced mainly by economic status – lack of finance. Road network for Anthragange is under progress, which is expected to improve employment opportunities in the area.

Improvement in the efficiencies of endues devices leads to conservation of energy resources (bio resources etc.). Therefore if energy is used efficiently it automatically leads to conservation, which acts as a catalyst for sustainable development. Shift from firewood based energy system to biogas based energy system brought out substantial amount of energy saving in

Andarhalli. This attributes mainly to the increased efficiency in energy use. Firewood is highly inefficient in its use with an efficiency as low as 8-10%, whereas biogas has an efficiency of approx. 60%, which contributes to substantial amount of energy saving in the form of firewood? Estimated 0.7 tones of firewood can be saved per head per year if use of biogas is practiced in rural areas. On the other hand use of biogas only adds to the advantages in the energy sector in the form of non-polluting, easily available energy source and makes energy rich biomanure available for agricultural use. Switching off from conventional energy sources to the non-conventional energy sources is very important indicator of sustainability.

Awareness is the key for spread of any technology or program. People in the region are aware of energy technologies like solar, biogas etc. What makes people aware of the newer energy technologies is a kind of education, which people acquires from source like news and print media. It has been seen that, because the education was limited to 'awareness' level there is no further progress in use of these energy technologies as in the case of Anthragange. The basic elements of environmental education such as awareness, knowledge, attitude and skills collectively can bring about the real change in any kind of environmental problem. A wave of such change in the form of 'awareness' is already seen. Once people are aware of any technology they try to know more about such technologies, where comes an element of 'knowledge'. Knowledge brings change in attitude and thinking of people which many times demands skilled personals to promote newer

technology. Attitude and skills are two very important components of this system, which plays key role in success of any new technology. Moreover success of any new technology depends on how it is introduced to the people. Andarhalli has shown the indicator of sustainability by acquiring knowledge, attitude and skills to use and promote biogas program. And solar energy technology is in awareness level in both the areas. People are seen to enthusiastic about use of solar technologies but they are handicapped by financial and accessibility constraints. In such case if Government take initiatives to promote such technologies with subsidized price and assured supply and service backup, solar energy can be the energy for future.

**श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव):** अध्यक्ष महोदय, मैं अपनी बात मराठी में कहना चाहता हूं। माननीय प्रधान मंत्री जी की, किसानों की और पूरे देश की इच्छा है कि हमें सुसाइड फ्री कंट्री करनी है। इसके लिए नरेगा में जो सेफ मजदूरी है, वह लानी चाहिए। मैं दो बातें मराठी में कहूंगा। मैं सरकार का अभिनन्दन करता हूं। वहां कमीशन बहुत हो गया है, सबमिशन भी बहुत हो गया है। There is no implementation of the recommendations of the Commission. मैं सरकार का अभिनंदन करता हूं कि उन्होंने स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश की। Instead of doing relief and rehabilitation, मेरी सरकार ससटेनेबल डवलपमेंट कर रही है। यह मेरे लिए और किसानों के लिए बहुत अच्छी बात है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा मंत्री महोदय को यह सुझाव देना चाहता हूं कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं वहां पर टेक्नोलॉजी डवलप हो रही है, लेकिन लैब से लैंड तक नहीं आ रही है। दूसरी बात मैं यह रखना चाहता हूं कि स्पेस में, डिफेंस में और रोड में टेक्नोलॉजी चाहिए, लेकिन एग्रीकल्चर में क्यों नहीं? सर, जी.एम टेक्नोलॉजी को अडाप्ट करना है या नहीं करना यह क्लीयर होना चाहिए।

*__DR. UMESH G. JADHAV (GULBARGA):__ First of all I would like to congratulate our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Bhai Modiji for PM Kisan Samman Nidhi Yojana. I would also like to congratulate Hon'ble Prime Minister for introducing Direct Benefit Transfer (DBT) system for fertilizer subsidy payments. Under the fertilizer DBT system, 100% subsidy on various fertilizer grades shall be released to the fertilizer companies, on the basis of actual sales made by the retailers to the beneficiaries. I would also like to congratulate for Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, through this new Crop Insurance Scheme is in line with One Nation – One Scheme theme. It incorporates the best features of all previous schemes and at the same time, all previous shortcomings/weaknesses have been removed.

I would like to bring it to the kind notice of the Government that we have to give more scope to the Dry Land Farming along with the help of Micro Irrigation. So then only Dry Land Farming will sustain in the country. Providing the quality seed to the farmers as many seed companies were selling very poor quality seeds which effecting the overall production. Therefore I would like to urge the Hon'ble Minister to regulate the seeds production industry and also to introduce the incentive for the quality seeds producing farmer in the country. River water is getting dry day by day due to the obstruction of water flowing due to various reasons. So I would like to urge the government to make a River Protection Authority.

---

* Speech was laid on the Table.

Government of India is giving 100 of Crore rupees as subsidy to the Power Companies in lieu of power supply to the agriculture purpose but there is huge misuse of this subsidy amount by the power companies. So I would like to urge the Hon'ble Minister to prepare a mechanism where the DBT to farmers for the power supply.

I will come to the demand particular to my parliamentary constituency as Gulbarga is famous for the production for Toor Daal/Red Gram, Kalaburagi also known as the "Dal Bowl of India", about 70% of the farmers undertake the cultivation of this crop in this region. It is the home of more than 400 Dal Mills in Kalaburagi itself. But due to the price hike of Red Gram and Black Gram in 2015. In order to maintain the supply of Red Grams these Dal Mills have took huge loan to procure raw Dal. But later the prices were slashed to Rs. 140/- KG to Rs. 70/- KG which results in a huge loss to the Dal Mills due to which they were unable to pay back the loan amount to banks and became NPA Industries leading to their closure. Thus out of 400 Dal mills more than 300 are closed down.

In view of the above fact and against the backdrop there is need to strengthen Dal mill industry in the country. I would like to suggest the following measures to strengthen the Dal Mill Industry:

Classification of Dal Mill MSME industry to Agro Based Industry as one of the major problem in the Dal Industry is to give Credit Facility to the farmer. The same need to be made available at the rate of 4% interest to this industry,

therefore I request to kindly honor to classify this industry as AGRO BASED INDUSTRY.

Introduction of Government of India scheme of price deficiency payment scheme (Bhavantar Bhugtan Yojana) for pulses as the continued policy of MSP based direct procurement of pulses from farmers by the Government. Therefore there is need to introduce Government of India scheme of price deficiency payment scheme (Bhavantar Bhugtan Yojana) for pulses, wherein the difference between the MSP and average market price in the APMC (Agricultural Produce Market Committee) yards is directly paid to farmers' bank accounts, which as very successfully implemented by Shri Shivaraj Singh Chouhan government in Madhya Pradesh.

Abolition of APMC Cess, as the Government of Haryana has abolished APMC Cess which has gone a long way in strengthening the APMC Trade and Dal mill industry. It is therefore requested to advice all the State Governments. to abolish APMC Cess likewise, in order to boost industrialization, employment generation, improvement of state economy aimed at the benefit of farmers in term of better procurement price of their produce.

Exemption of GST for agricultural inputs like fertilizers, pesticides as the NDA-I under the leadership of our Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modiji has announced in earlier union budget an ambitious proposal of doubling the income of the farmers. In order to double the income of the farmers it is necessary to offer a bouquet of incentives and concessions to the farmers. The much needed fertilizers and pesticides need to incentivized and they are

kept outside the ambit of GST so that the farmer gets them on competitive rates. At present the GST for all agricultural inputs needed by the farmers is in the range of 5% to 28%. So we request the Government to make it completely exempt from GST. We therefore request the Government to exempt agricultural inputs like fertilizers and pesticides and also agricultural machines and tools from payment of GST.

Making production of fertilizer by the waste of Toor plant/tree as after the harvesting of toor plant it is s common practice to burn the waste of the plant which will cause a huge pollution. Whereas the government can setup an industry in this region where the waste can be crushed and powdered which will converted into fertilizer to save the environment.

Provision of Central assistance to Hyderabad Karnataka Region Development Board (HKRBD) as the Hon'ble Prime Minister has announced an increase of 21% in the Central assistance to North Eastern region. Our Hyderabad Karnataka region is far lagging behind North Eastern State in the matter of development and in order to meet the ends of justice it is advisable to sanction Central assistance to Hyderabad Karnataka Region Development Board (HKRDB) in order to supplement the efforts of the State Government to develop Hyderabad Karnataka region and to address the development issue in right earnestness. I request the Government to announce Central assistance to HKRDB.

Establishment of National Investment and Manufacturing Zone (NIMZ) in the district of Kalaburgi as the Government of India in the Ministry of Commerce and Industry has in principle sanctioned NIMZ to be established at Kalaburagi and Tumukuru in Karnataka state. This was in the year 2013. The Government of Karnataka has undertaken a Techno- Economic Feasibility survey of the project for Kalaburagi and the survey conducted by ILFS has favourably recommended the same. The project at a cost of Rs.25000 crores on an area of 12500 acres will go a long way in industrialization of the region and generate employment opportunities to the youths of the region aimed at removal of poverty of the region and also removal of regional imbalance as recommended by Dr. Nanjundappa Committee appointed by the State Govt.

Sanction of Special Economic Zones for Hyderabad Karnataka region as the Hyderabad Karnataka region is lagging behind in industrialization without which the unemployment problem and elimination of poverty of the region cannot be solved. Hence I therefore request the Government to announce certain SEZs for Hyderabad Karnataka region which will go a long way in the industrial development of this region.

Facility of drinking water for Kalaburagi city from Almatti Dam as the city of Kalaburagi which is home to the regional administration has a population of 10 lakh people and facing the problem of drinking water. The Almatti Dam is in the vicinity of Kalaburagi city and many of its canals pass through the district of Kalaburagi. In order to find permanent solution to the drinking water problem forever it is feasible to augment water from the nearby Almatti dam.

I would like to also urge the Government for Establishment of Skill Development University at Kalaburagi. In order to address the problem of industrial development, start-ups and skill development in Hyderabad Karnataka region there is need to establish a skill development in our city at Kalaburagi. I request your honour to announce a skill development university for Kalaburagi city.

Onion and Tomatoes grown in large scale in our region, but due to non availability of Cold Storage in our area due to which most of the onion production rotten off due to the climatic condition of this area is extreme hot. So, I would also like to request for Construction of Cold storage at the block level.

For the people of Schedule Caste and Schedule Tribe work shed to be constructed to stop the migration of the Daily wages worker to the nearby state. For these government should constitute some scheme like Dairy Farming, Pollutery farming which will help them to find their job during the non farming season.

I would like to urge the Hon'ble Minister that still there is huge irregularity in MGNREGA Scheme. It should be properly implemented and wages to be paid to the labours on weekly basis.

With this I would like to conclude my request to the Hon'ble Minister.

*[*] **श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती):** मैं कृषि और किसान कल्याण के अनुदान मांगों पर अपने विचार व्यक्त करना चाहता हूं।

यह बजट देश के किसानों के लिए अनोखा है। सभ्यता का सारा बोझ किसानों के सिर पर डाल दिया गया है। पर्यावरण सुधार का काम, भूमि सुधार का, सब किसान करेंगे। कहा जा रहा है कि जीरो बजट फार्मिंग की स्थिति लाने की कोशिश की जाएगी, जिससे हम उस स्थिति में वापस आ जाएंगे। जब किसानों के लिए बजट आवंटित करने की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार को बताना चाहिए कि क्या हकीकत की जमीन पर ऐसी स्थिति संभव है? जैविक खेती के बाजार कहां है। आर्गेनिक खेती में फिर प्रमाणीकरण की समस्या आएगी, उसे दूर कैसे करेंगे?

यह सच्चाई है कि सरकार को खेतिहर किसानों को कुछ देना नहीं है, केवल लेना है। यह अजीब सी बात है सरकार जब अन्य क्षेत्रों को सुविधाएं देती है तो कहती है कि प्रोत्साहन दे रहे है. लेकिन जब कृषि क्षेत्र को यह सहयोग दिया जाता है तो कहा जाता है कि सब्सिडी दी जा रही है। इस बजट में कृषि क्षेत्र में कोई सब्सिडी देने की बात नहीं है। जरूरत इस बात की थी कि खेती किसानों को बढ़ावा देने के लिए सरकार रोड मैप बनाए, फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मानवीय किया जाए, लेकिन कुछ न हुआ। किसान जानता है कि उत्पादन कैसे बढ़ानी है, सरकार को केवल मदद करनी चाहिए।

बजट किसानों के लिए कुछ नहीं है। किसानों की आय दोगुनी करने, फसल बीमा की विसंगतियां दूर करने, सूखे से राहत देने के उपाय, किसान केडिट कार्ड पर एक साल तक ब्याज मुक्त करने जैसी किसी भी बात को नहीं कहा गया। गाँव, गरीब व किसानों की बात करने वाली सरकार के आम बजट में हकीकत में किसानों को ठगा गया है। एक दर्जन से अधिक राज्यों में सूखा रहा, हमारे लोक सभा क्षेत्र श्रावस्ती में बाढ़ से हजारों लोग बेघर हो गये और सड़क पर सोने के

[*] Speech was Laid on the Table.

लिए मजबूर है । पशुओं को खाने के लिए चारे की व्यवस्था नहीं है। क्षेत्र की स्थिति अत्यन्त भयानक है, परन्तु बजट में इसका जिक्र तक नहीं हुआ है ।

धन्यवाद,

**माननीय अध्यक्ष:** सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 17 जुलाई, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**23.59 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till eleven of the Clock on Wednesday, July 17, 2019/Ashadha 26, (Saka)*